

परम पूज्य तपश्चर्या–चक्रवर्ती पट्टाधीशाचार्यश्री

# सुविधिसागर जी महाराज

के

50 वें जन्मदिवस के पावन अवसर पर

सुविधि–परिवार के द्वारा आयोजित

## जिनवाणी-महोत्सव

# सहस्रग्रन्थसंग्रह

* जन्मदिवस 19–03–1971 * मुनिदीक्षा–11–05–1989 * आचार्यपद– 20–06–2004

पट्टाधीशपद– 24–12–2010 (20–06–2004 को की गई उद्घोषणा के अनुसार)

परम पूज्य आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज के द्वारा की गई उद्घोषणाः–

हमारी समाधि के पश्चात् आपको इस संघ के संचालकपद पर नियुक्त करते हैं।

(अंकलीकर वाणी–जुलाई 2004) (अक्षयज्योति–अक्तूबर 2004)

# समाधितन्त्र और इष्टोपदेश

ग्रन्थकर्त्ता : परम पूज्य आचार्यश्री पूज्यपाद जी महाराज

सम्पादक : जुगलकिशोर मुख्तार

प्रकाशक : वीर सेवा मन्दिर, सरसावा (उत्तरप्रदेश)

(परम्परानायक)



परम पूज्य चारित्र–चक्रवर्ती,
आचार्यश्री आदिसागर जी महाराज
(अंकलीकर)

(द्वितीय पट्टाधीश)



परम पूज्य तीर्थभक्त–शिरोमणि,
आचार्यश्री महावीरकीर्ति जी महाराज

(तृतीय पट्टाधीश)



परम पूज्य सिद्धान्त–चक्रवर्ती,
आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज

(चतुर्थ पट्टाधीश)



परम पूज्य तपश्चर्या–चक्रवर्ती, आचार्यश्री सुविधिसागर जी महाराज

दिगम्बर साधु निरन्तर पगविहार करते रहते हैं। ग्रन्थभण्डार को साथ में रख कर विहार करना अशक्यप्राय: होता है। फलत: उनको ग्रन्थों के सन्दर्भ देखने में असुविधा होती है। उनकी सुविधा के लिये इस कोश का निर्माण किया गया है। इस कोश के निर्माण में किसी भी प्रकार का व्यापारिक हेतु नहीं है।

आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न श्रावकबन्धुओं से निवेदन है कि वे ग्रन्थ का विक्रय कर अध्ययन करने की परम्परा को कायम रखें।

मुखपृष्ठ पर हमने ग्रन्थकर्त्ता, अनुवादक, सम्पादक, प्रकाशक आदि के नाम दिये हैं। किसी संस्थान का कर्तुत्व हमने लुप्त नहीं किया है।

इस कोश के लिये आवश्यक ग्रन्थ हमें अनेक स्रोतों से प्राप्त हुये हैं। हम उन सभी का आभार मानते हैं।

सुविधि–परिवार

वीरसेवामन्दिर-ग्रन्थमाला ग्रन्थाङ्क ११

श्रीमद्देवनन्द्यपरनाम-पूज्यपादाचार्य-विरचित

# समाधितंत्र और इष्टोपदेश

## टीकाद्वय-संयुक्त

अर्थात्

प्रथम ग्रन्थ श्रीप्रभाचन्द्राचार्यकृत संस्कृत टीकासे,
द्वितीय ग्रन्थ पं० आशाधरकृत संस्कृत टीकासे
और दोनों पं० परमानन्दजैन-शास्त्रिकृत
हिन्दी टीकासे अलंकृत

सम्पादक
जुगलकिशोर मुख्तार 'युगवीर'
अधिष्ठाता 'वीर-सेवा-मन्दिर'

प्रकाशक
वीर-सेवा-मन्दिर
दरियागंज, दिल्ली

नया संस्करण १००० प्रति | भाद्रपद, वीर सं० २४८०, वि० सं० २०११ सितम्बर १९५४ | मूल्य तीन रुपये

प्रकाशक
**वीर-सेवा-मन्दिर**
दरियागंज, दिल्ली.

## प्रकाशन-व्यय

७३६) छपाई २३ फार्म
५२०) कागज २६ रिम
३७५) जिल्द बंधाई
३००) अनुवादादि
१६१) प्रूफ संशोधन
२३०) कार्यालय व्यवस्था
३००) भेंट-समालोचना १०० प्रति
६००) भेंट दातारों को २०० प्रति
५२५) कमीशन ७०० प्रति
१००) विज्ञापन
५०) पोस्टेज

३८८७)
८५१) सहायता प्राप्त

३०४६)

प्रति छपी १०००, लागत एक प्रति ३) से ऊपर।
मूल्य ३) रुपया।

---

मुद्रक
**रूपवाणी प्रिंटिंग हाउस**
२३, दरियागंज, दिल्ली.

# धन्यवाद

इस ग्रन्थके प्रकाशनमें श्रीमान् सेठ मानमलजी काशलीवाल इन्दौरने अपने स्वर्गीय पूज्यपिता श्री जीवनलालजी की स्मृतिमें ६००) रु० प्रदान कर प्रथम प्रोत्साहनका कार्य किया और बादको ला० जिनेश्वरप्रसादजी सहारनपुरने अपने दिवंगत पिता श्रीउदयरामजीको स्मृतिमें २५१)रु० प्रदान किये हैं। इस तरह ८५१)रु० का आर्थिक सहयोग प्राप्त हुआ है, जिसके लिये दोनों ही सज्जन धन्यवादके पात्र हैं। संस्थाकी ओरसे ग्रन्थकी२०० कापी ऐसी तय्यार कराकर दातार महानुभावोंको भेंटस्वरूप दी गई हैं जिनमें उनकी इच्छानुसार उनके पिताकी सचित्र जीवनी अलगसे अंकित है।

—प्रकाशक

# प्रकाशकके दो शब्द

पन्द्रह वर्ष हुए 'समाधितंत्र' को वीरसेवा-मन्दिर-ग्रन्थमालाके प्रथम ग्रंथरूपमें संस्कृत और हिन्दी टीकाके साथ प्रकाशित किया गया था। यह ग्रन्थ सबको रुचिकर तथा प्रिय रहा और इसके उस संस्करणकी सब कापियां अर्सा हुआ समाप्त हो चुकी हैं। बहुत समयसे इस ग्रन्थकी माँग चल रही थी और यह भी इच्छा व्यक्त की जा रही थी कि इसके साथमें पूज्यपादाचार्यका दूसरा ग्रन्थ 'इष्टोपदेश' भी रहना चाहिये, जो इसके समकक्ष ही महत्वपूर्ण है। तदनुसार पं० परमानन्दजी शास्त्रीने उसकी भी हिन्दी टीका प्रस्तुत की और पं० आशाधरजीकी एक संस्कृत टीकाकी भी साथमें योजना हो गई। इस तरह एक ही माननीय आचार्यके दो अध्यात्म ग्रन्थोंका संस्कृत-हिन्दी टीकाओंके साथ यह अच्छा संग्रह हो गया। इस बार ग्रन्थके आकारमें कुछ परिवर्तन किया गया है और उसे अधिक लोकरुचिके अनुसार कुछ छोटा किया गया है। साथ ही मूल के साथ संस्कृत-टीका विभाग अलग और हिन्दी-टीका-विभागको अलग कर दिया है, इससे जो जिस टीकाको पढ़ना चाहेगा उसे उसमें सुविधा एवं एकरसता रहेगी। इससे मूल श्लोकोंको दो बार छापना पड़ा है—एक हिन्दी टीकाके साथ और दूसरी बार संस्कृत टीकाके साथ। आशा है यह क्रम पाठकोंको विशेष रुचिकर होगा और सभी सज्जन इससे यथेष्ट लाभ उठाएँगे।

दरियागंज, दिल्ली
भाद्रपद कृष्ण १४, सं० २०११

जुगलकिशोर मुख्तार
अधिष्ठाता 'वीरसेवा-मन्दिर'

स्वर्गीया श्रीमती इन्दुकुमारी जैन,
हिन्दी-रत्न, विशारद
धर्मपत्नी पं० परमानन्द जैन शास्त्री



जन्म १२ जून सन १९२४, मृत्यु ३ अगस्त सन् १९२१

आपकी स्मृतिमें 'समाधितन्त्र इष्टोपदेश' की
१०० प्रतियाँ मन्दिरों और विद्वानों को सादर भेंट।

—परमानन्द

# प्रस्तावना

## श्रीपूज्यपाद और उनकी रचनाएँ

जैनसमाजमें 'पूज्यपाद' नामके एक सुप्रसिद्ध आचार्य विक्रमकी छठी (ईसाकी पाँचवीं) शताब्दीमें हो गये हैं, जिनका पहला अथवा दीक्षानाम 'देवनन्दी' था और जो बादको 'जिनेन्द्रबुद्धि' नामसे भी लोकमें प्रसिद्धिको प्राप्त हुए हैं। आपके इन नामोंका परिचय अनेक शिलालेखों तथा ग्रन्थों आदि परसे भले प्रकार उपलब्ध होता है। नीचेके कुछ अवतरण इसके लिये पर्याप्त हैं :—

यो देवनन्दिप्रथमाभिधानो बुद्ध्या महत्या स जिनेन्द्रबुद्धिः।
श्रीपूज्यपादोऽजनि देवताभिर्यत्पूजितं पादयुगं यदीयम् ॥

—श्रवणबेल्गोल शि० नं० ४० (६४)

प्रागभ्यधायि गुरुणा किल देवनन्दी
बुद्ध्या पुनर्विपुलया स जिनेन्द्रबुद्धिः।
श्रीपूज्यपाद इति चैष बुधैः प्रचख्ये,
यत्पूजितः पदयुगे वनदेवताभिः ॥

—श्र० शि० नं० १०५ (२५४)

श्रवणबेल्गोलके इन दोनों शिला-वाक्यों परसे, जिनका लेखनकाल क्रमशः शक सं० १०८५ व १३२० है यह साफ़ जाना जाता है कि आचार्यमहोदयका प्राथमिक नाम 'देवनन्दी था, जिसे उनके गुरुने रक्खा था और इसलिये वह उनका दीक्षानाम है, 'जिनेन्द्रबुद्धि'-नाम बुद्धिकी प्रकर्षकता एवं विपुलताके कारण

उन्हें बादको प्राप्त हुआ था; और जबसे उनके चरण-युगल देवताओंसे पूजे गये थे तबसे वे बुधजनों द्वारा 'पूज्यपाद' नामसे विभूषित हुए हैं।

श्रीपूज्यपादोद्धृतधर्मराज्यस्ततः सुराधीश्वरपूज्यपादः ।
यशीयवैदुष्यगुणानिदानीं वदन्ति शास्त्राणि तदुद्धृतानि ॥
धृतविश्वबुद्धिरयमत्र योगिभिः कृतकृत्यभावमनुविभ्रदुच्चकैः ।
जिनवद्बभूव यदनङ्गचापहृत्स जिनेन्द्रबुद्धिरिति साधुवर्णितः ॥
—श्र० शि० नं० १०८ (२५८)

शक सम्वत् १३५५में उत्कीर्ण हुए इन शिलावाक्योंसे स्पष्ट है कि श्री पूज्यपादने धर्मराज्यका उद्धार किया था—लोकमें धर्मकी पुनः प्रतिष्ठा की थी—इसीसे आप देवताओंके अधिपति-द्वारा पूजे गये और 'पूज्यपाद' कहलाये। आपके विद्या-विशिष्ट गुणोंको आज भी आपके द्वारा उद्धार पाये हुए—रचे हुए—शास्त्र बतला रहे हैं—उनका खुला गान कर रहे हैं। आप जिनेन्द्रकी तरह विश्वबुद्धिके धारक—समस्त शास्त्र-विषयोंके पारंगत—थे और कामदेवको जीतनेवाले थे, इसीसे आपमें ऊँचे दर्जेके कृतकृत्य-भावको धारण करनेवाले योगियोंने आपको ठीक ही 'जिनेन्द्र-बुद्धि' कहा है।' इसी शिलालेखमें पूज्यपाद-विषयक एक वाक्य और भी पाया जाता है, जो इस प्रकार है :—'

श्रीपूज्यपादमुनिरप्रतिमौषधर्द्धिर्जीयाद्विदेहजिनदर्शनपूतगात्रः ।
यत्पादधौतजलसंस्पर्शप्रभावात् कालायसं किल तदा कनकीचकार ॥

इसमें पूज्यपाद मुनिका जयघोष करते हुए उन्हें अद्वितीय औषध-ऋद्धिके धारक बतलाया है। साथ ही, यह भी प्रकट किया है कि विदेहक्षेत्र-स्थित जिनेन्द्र-भगवानके दर्शनसे उनका गात्र पवित्र हो गया था और उनके चरण-धोए जलके स्पर्शसे एक समय लोहा भी सोना बन गया था।

इस तरह आपके इन पवित्र नामोंके साथ कितना ही इतिहास लगा हुआ है और वह सब आपकी महती कीर्ति, अपार विद्वत्ता एवं सातिशय प्रतिष्ठाका द्योतक है। इसमें सन्देह नहीं कि श्री पूज्यपाद स्वामी एक बहुत ही प्रतिभाशाली आचार्य माननीय विद्वान्, युगप्रधान और अच्छे योगीन्द्र हुए हैं। आपके उपलब्ध ग्रन्थ निश्चय ही आपकी असाधारण योग्यताके जीते-जागते प्रमाण हैं। भट्टाकलंकदेव

और श्रीविद्यानन्द–जैसे बड़े बड़े प्रतिष्ठित आचार्योंने अपने राजवार्तिकादि ग्रन्थोंमें आपके वाक्योंका–सर्वार्थसिद्धि आदिके पदोंका–खुला अनुसरण करते हुए बड़ी श्रद्धाके साथ उन्हें स्थान ही नहीं दिया बल्कि अपने ग्रन्थोंका अंग तक बनाया है।

## जैनेन्द्र–व्याकरण

शब्द–शास्त्रमें आप बहुत ही निष्णात थे। आपका 'जैनेन्द्र' व्याकरण लोकमें अच्छी ख्याति एवं प्रतिष्ठा प्राप्त कर चुका है—निपुण वैयाकरणोंकी दृष्टिमें सूत्रोंके लाघवादिके कारण उसका बड़ा ही महत्व है और इसीसे भारतके आठ प्रमुख शाब्दिकोंमें आपकी भी गणना है*। कितने ही विद्वानोंने किसी आचार्यादिकी प्रशंसामें उसके व्याकरण–शास्त्रकी निपुणताको आपकी उपमा दी है; जैसा कि श्रवणबेल्गोलके निम्न दो शिलावाक्योंसे प्रकट है:—

'सर्वव्याकरणे विपश्चिदधिपः श्रीपूज्यपादः स्वयम्।'

—शि० नं० ४७, ५०

'जैनेन्द्रे पूज्यपादः।'

—शि० नं० ५५

पहला वाक्य मेघचन्द्र त्रैविद्यदेवकी और दूसरा जिनचन्द्राचार्यकी प्रशंसामें कहा गया है। पहलेमें, मेघचन्द्रको व्याकरण-विषयमें स्वयं 'पूज्यपाद' बतलाते हुए पूज्यपादको 'अखिल-व्याकरण–पण्डितशिरोमणी' सूचित किया है और दूसरे में जिनचन्द्रके 'जैनेन्द्र' व्याकरण–विषयक ज्ञानको स्वयं पूज्यपादका ज्ञान बतलाया है, और इस तरह 'जैनेन्द्र' व्याकरणके अभ्यासमें उसकी दक्षताको घोषित किया है।

पूज्यपादके इस व्याकरणशास्त्रकी प्रशंसामें अथवा इस व्याकरणको लेकर पूज्यपादकी प्रशंसामें विद्वानोंके ढेरके ढेर वाक्य पाये जाते हैं। नमूनेके तौर पर यहाँ उनमेंसे दो-चार वाक्य उद्धृत किये जाते हैं:—

कवीनां तीर्थकृद्देवः किंतरां तत्र वर्ण्यते।
विदुषां वाङ्मलध्वंसि तीर्थं यस्य वचोमयम्॥

—आदिपुराणे, जिनसेनः।

---

* इन्द्रश्चन्द्रः काशकृत्स्नपिशलीशाकटायनाः।
पाणिन्यमरजैनेन्द्रा जयन्त्यष्टौ च शाब्दिकाः॥ —धातुपाठः।

पूज्यपादः सदा पूज्यपादः पूज्यैः पुनातु माम् ।
व्याकरणार्णवो येन तीर्णो विस्तीर्णसद्गुणः ॥

—पाण्डवपुराणे, शुभचन्द्रः ।

शब्दाब्धीन्दुं पूज्यपादं च वन्दे ।

—नियमसारटीकायां, पद्मप्रभः ।

प्रमाणमकलंकस्य पूज्यपादस्य लक्षणम् ।
द्विसन्धानकवेः काव्यं रत्नत्रयमपश्चिमम् ॥

—नाममालायां, धनञ्जयः ।

नमः श्रीपूज्यपादाय लक्षणं यदुपक्रमम् ।
यदेवात्र तदन्यत्र यन्नात्रास्ति न तत्क्वचित् ॥

—जैनेन्द्रप्रक्रियायां, गुणनन्दी ।

अपाकुर्वन्ति यद्वाचः कायवाक्चित्तसंभवम् ।
कलंकमंगिनां सोऽयं देवनन्दी नमस्यते ॥

—ज्ञानार्णवे, शुभचन्द्रः ।

इनमेंसे प्रथम वाक्यमें पूज्यपादका 'देव' नामसे उल्लेख किया गया है, जो कि आपके 'देवनन्दी' नामका संक्षिप्त रूप है । इसमें श्रीजिनसेनाचार्य लिखते हैं 'जिनका वाङ्मय—शब्दशास्त्ररूपी व्याकरणतीर्थ—विद्वज्जनोंके वचनमलको नष्ट करनेवाला है वे देवनन्दी कवियोंके तीर्थंकर हैं, उनके विषयमें और अधिक क्या कहा जाय ? दूसरे वाक्यमें, शुभचन्द्र भट्टारकने, पूज्यपादको पूज्योंके द्वारा भी पूज्यपाद तथा विस्तृत सद्गुणोंके धारक प्रकट करते हुये उन्हें व्याकरण समुद्रको तिरजानेवाले लिखा है और साथ ही यह प्रार्थना की है कि वे मुझे पवित्र करें । तीसरेमें मलधारी पद्मप्रभदेवने पूज्यपादको 'शब्दसागरका चन्द्रमा' बतलाते हुये उनकी वन्दना की है । चौथेमें, पूज्यपादके लक्षण (व्याकरण) शास्त्रको अपूर्व रत्न बतलाया गया है । पाँचवेमें पूज्यपादको नमस्कार करते हुए उनके लक्षणशास्त्र (जैनेन्द्र) के विषयमें यह घोषणा की गई है कि जो बात इस व्याकरणमें है वह तो दूसरे व्याकरणोंमें पाई जाती है परन्तु जो इसमें नहीं है वह अन्यत्र कहीं भी उपलब्ध नहीं होती, और इस तरह आपके 'जैनेन्द्र' व्याकरणको सर्वाङ्गपूर्ण

बतलाया गया है। अब रहा छठा वाक्य, उसमें श्रीशुभचन्द्राचार्यने लिखा है कि 'जिनके वचन प्राणियोंके काय, वाक्य और मन-सम्बन्धी दोषोंको दूर कर देते हैं उन देवनन्दीको नमस्कार है।' इसमें पूज्यपादके अनेक ग्रन्थोंका उल्लेख संनिहित है— वाग्दोषोंको दूर करने वाला तो आपका वही प्रसिद्ध 'जैनेन्द्र' व्याकरण है, जिसे जिनसेनने भी 'विदुषां वाङ्मलध्वंसि' लिखा है, और जिसके कई संस्करण अपनी जुदी-जुदी वृत्तियों सहित प्रकाशित हो चुके हैं। चित्तदोषोंको दूरकरनेवाला आपका मुख्य ग्रन्थ 'समाधितन्त्र' है, जिसे 'समाधिशतक' भी कहते हैं, और जिसका कुछ विशेष परिचय इस प्रस्तावनामें आगे दिया जायगा। रहा कायदोषको दूर करनेवाला ग्रन्थ, वह कोई वैद्यकशास्त्र होना चाहिए, जो इस समय अनुपलब्ध है ※।

## वैद्यक शास्त्र

विक्रमकी १५ वीं शताब्दीके विद्वान् कवि मंगराजने कनडी भाषामें 'खगेन्द्र-मणिदर्पण' नामका एक चिकित्साग्रन्थ लिखा है और उसमें पूज्यपादके वैद्यकग्रन्थ-का भी आधाररूपसे उल्लेख किया है, जिससे मंगराजके समय तक उस वैद्यकग्रन्थ के अस्तित्वका पता चलता है; परन्तु सुहृद्वर पं० नाथूराम जी प्रेमी उसे किसी दूसरे ही पूज्यपादका ग्रन्थ बतलाते हैं और इस नतीजे तक पहुँचे हैं कि 'जैनेन्द्र' के कर्ता पूज्यपादने वैद्यकका कोई शास्त्र बनाया ही नहीं—यों ही उनके नाम मँढा है; जैसा कि उनके 'जैनेन्द्रव्याकरण और आचार्य देवनन्दी' नामक लेखके निम्न वाक्यसे प्रकट होता है :—

'इस ( खगेन्द्रमणिदर्पण ) में वह ( मंगराज ) अपने आपको पूज्यपादका

※ पूज्यपादकी कृतिरूपसे 'वैद्यसार' नामक जो ग्रन्थ 'जैन-सिद्धान्तभास्कर' ( त्रैमासिक ) में प्रकाशित हुआ है वह इन श्री पूज्यापादाचार्यकी रचना नहीं है। हो सकता है कि यह मंगलाचरणादिविहीन ग्रन्थ पूज्यापादके किसी ग्रन्थ परसे ही कुछ सार लेकर लिखा गया हो; परन्तु स्वयं पूज्यपादकृत नहीं है। और यह बात ग्रन्थके साहित्य, रचनाशैली और जगह-जगह नुसखोंके अन्तमें 'पूज्यपादेन भाषितः-निर्मितः' जैसे शब्दोंके प्रयोगसे भी जानी जाती है।'

शिष्य बतलाता है और यह भी लिखता है कि यह ग्रन्थ पूज्यपादके वैद्यक-ग्रन्थसे संगृहीत है। इससे मालूम होता है कि पूज्यपाद नामके एक विद्वान् विक्रमकी तेरहवीं ( १४ वीं ? ) शताब्दीमें भी हो गये हैं और लोग भ्रमवश उन्हींके वैद्यकग्रन्थको जैनेन्द्रके कर्ताका ही बनाया हुआ समझ कर उल्लेख कर दिया करते हैं ×।'

इस निर्णयमें प्रेमीजीका मुख्य हेतु 'मंगराजका अपनेको पूज्यपादका शिष्य बतलाना है', जो ठीक नहीं है। क्योंकि प्रथम तो ग्रन्थ परसे यह स्पष्ट नहीं कि मंगराजने उसमें अपनेको किसी दूसरे पूज्यपादका शिष्य बतलाया है—वह तो पूज्यपादके विदेहगमनकी घटना तकका उल्लेख करता है, जिसका सम्बन्ध किसी दूसरे पूज्यपादके साथ नहीं बतलाया जाता है; साथ ही, अपने इष्ट पूज्यपाद मुनीन्द्रको जिनेन्द्रोक्त सम्पूर्ण सिद्धान्तसागरका पारगामी बतलाता है और अपनेको उनके चरणकमलके गन्धगुणोंसे आनन्दित-चित्त प्रकट करता है; जैसा कि उसके निम्न अन्तिम वाक्योंसे प्रकट है :—

"इदु सकल-आदिम-जिनेन्द्रोक्त-सिद्धान्तपयःपयोधिपारगश्रीपूज्यपाद-मुनीन्द्रचारु-चरणारविंदगन्ध-गुणनंदितमानस-श्रीमदखिलकलागमोत्तुङ्ग-मंगबिभुरचितमप्प खगेन्द्रमणिदर्पणदोलु षोडशाधिकारं समाप्तम् ॥"

—(आरा-जैन सि० भ० प्रति)

इससे मंगराजका पूज्यपादके साथ साक्षात् गुरुशिष्यका कोई सम्बन्ध व्यक्त नहीं होता और न यही मालूम होता है कि मंगराजके समयमें कोई दूसरे 'पूज्यपाद' हुए हैं—यह तो अलंकृत भाषामें एक भक्तका शिष्य-परम्पराके रूपमें उल्लेख जान पड़ता है। शिष्यपरम्पराके रूपमें ऐसे बहुतसे उल्लेख देखनेमें आते हैं। उदाहरणके तौर पर 'नीतिसार' के निम्न प्रशस्तिवाक्यको लीजिये, जिसमें इन्द्रनन्दीने हजार वर्षसे भी अधिक पहलेके आचार्य कुन्दकुन्दस्वामीका अपनेको (विनेय) सूचित किया है :—

---

× देखो, 'जैनसाहित्यसंशोधक' भाग १, अङ्क २, पृष्ठ ८३ और 'जैनहितैषी' भाग १५, अङ्क १-२ पृष्ठ ५७।

"—स श्रीमानिन्द्रनन्दी जगति विजयतां भूरिभावानुभावी
दैवज्ञः कुन्दकुन्दप्रभुपदविनयः स्वागमाचारचंचुः ॥"

ऐसे वाक्योंमें पदों अथवा चरणोंकी भक्ति आदिका अर्थ शरीरके अङ्गरूप पैरों-की पूजादिका नहीं, किन्तु उनके पदोंकी—वाक्योंकी—सेवा-उपासनादिका होता है, जिससे ज्ञानविशेषकी प्राप्ति होती है।

दूसरे, यदि यह मान लिया जाय कि मंगराजके साक्षात् गुरु दूसरे पूज्यपाद थे और उन्होंने वैद्यकका कोई ग्रन्थ भी बनाया है, तो भी उससे यह लाज़िमी नतीजा नहीं निकाला जा सकता कि उन्हींके उस वैद्यकग्रन्थके भ्रममें पड़कर लोग 'जैनेन्द्र'के कर्ता पूज्यपादको वैद्यकशास्त्रका कर्ता कहने लगे हैं। क्योंकि ऐसी हालतमें वह भ्रम मंगराजके उत्तरवर्ती लेखकोंमें ही होना सम्भव था—पूर्ववर्तीमें नहीं। परन्तु पूर्ववर्ती लेखकोंने भी पूज्यपादके वैद्यकग्रन्थका उल्लेख तथा संकेत किया है। संकेतके लिये तो शुभचन्द्राचार्यका उपर्युक्त श्लोक ही पर्याप्त है, जिसके विषयमें प्रेमीजीने भी अपने उक्त लेखमें यह स्वीकार किया है कि "श्लोकके 'काय' शब्दसे भी यह बात ध्वनित होती है कि पूज्यपादस्वामीका कोई चिकित्सा-ग्रन्थ मंगराजके साक्षात् गुरुकी कृति नहीं हो सकता; क्योंकि उसके संकेतकर्ता शुभचन्द्राचार्य मंगराजके गुरुसे कई शताब्दी पहले हुए हैं। रही पूर्ववर्ती उल्लेख-की बात, उसके लिये उग्रादित्य आचार्यके 'कल्याणकारक' वैद्यकग्रन्थका उदाहरण पर्याप्त है, जिसमें पूज्यपादके वैद्यक-ग्रन्थका "पूज्यपादेन भाषितः" जैसे शब्दोंके द्वारा बहुत कुछ उल्लेख किया गया है और एक स्थान पर तो अपने ग्रन्थाधारको व्यक्त करते हुए "शालाक्यं पूज्यपादप्रकटितमधिकं" इस वाक्यके द्वारा पूज्यपादके एक चिकित्सा ग्रन्थका स्पष्ट नाम भी दिया है और वह है 'शालाक्य' ग्रन्थ, जो कि कर्ण, नेत्र, नासिका, मुख और शिरोरोगकी चिकित्सासे सम्बन्ध रखता है। अतः प्रेमीजीने जो कल्पना की है वह निर्दोष मालूम नहीं होती।

यहां पर मैं इतना और भी प्रकट कर देना चाहता हूँ कि चित्रकवि सोमने एक 'कल्याणकारक' वैद्यग्रन्थ कनड़ी भाषामें लिखा है, जो कि मद्य-मांस-मधुके व्यवहारसे वर्जित है और जिसमें अनेक स्थानोंपर गद्य-पद्यरूपसे संस्कृत वाक्य भी उद्धृत किये गये हैं। यह ग्रन्थ पूज्यपादमुनिके 'कल्याणकारकबाहडसिद्धान्तक'

नामक ग्रन्थके आधारपर रचा गया है; जैसाकि उसके "पूज्यपादमुनिगलु' पेल्द कल्याणकारकबाहडसिद्धान्तकदिष्टं" विशेषणसे प्रकट है । इससे पूज्यपादके एक दूसरे वैद्यकग्रन्थका नाम उपलब्ध होता है । मालूम नहीं चित्रकवि सोम कब हुए हैं । उनका यह ग्रन्थ आराके जैनसिद्धान्त-भवनमें मौजूद है ।

इसके सिवाय, शिमोगा ज़िलान्तर्गत 'नगर' ताल्लुकके ४६ वें शिलालेखमें, जो कि पद्मावती-मन्दिरके एक पत्थरपर खुदा हुआ है, पूज्यपाद-विषयक जो हक़ीकत दी है वह कुछ कम महत्वकी नहीं है और इसलिये उसे भी यहां पर उद्धृत कर देना उचित जान पड़ता है । उसमें जैनेन्द्रकर्ता पूज्यपाद द्वारा 'वैद्यक-शास्त्र' के रचे जानेका बहुत ही स्पष्ट उल्लेख मिलता है । यथाः—

"न्यासं जैनेन्द्रसंज्ञं सकलबुधनुतं पाणिनीयस्य भूयो—
न्यासं शब्दावतारं मनुजततिहितं वैद्यशास्त्रं च कृत्वा ।
यस्तत्त्वार्थस्य टीकां व्यरचयदिह तां भात्यसौ पूज्यपाद-
स्वामी भूपालवंद्यः स्व-पर-हितवचः पूर्णदृग्बोधवृत्तः ॥"

## शब्दावतार और सर्वार्थसिद्धि

'नगर' ताल्लुकके उक्त शिलावाक्यमें पूज्यपादके चार ग्रन्थोंका क्रमनिर्देशपूर्वक उल्लेख किया गया है, जिनमेंसे पहला ग्रन्थ है 'जैनेन्द्र' नामक न्यास ( व्याकरण ), जिसे सम्पूर्ण बुधजनोंसे स्तुत लिखा है; दूसरा पाणिनीय व्याकरणके ऊपर लिखा हुआ 'शब्दावतार' नामका न्यास है; तीसरा मानव-समाजके लिये हितरूप 'वैद्यशास्त्र' और चौथा है तत्त्वार्थसूत्रकी टीका 'सर्वार्थसिद्धि' । यह टीका पहले तीन ग्रन्थोंके निर्माणके बाद लिखी गई है ऐसी स्पष्ट सूचना भी इस शिलालेखमें की गई है । साथही, पूज्यपादस्वामीके विषयमें लिखा है कि वे राजासे* वंदनीय थे, स्वपरहितकारी वचनों ( ग्रन्थों ) के प्रणेता थे और दर्शन-ज्ञान-चारित्रसे परिपूर्ण थे ।

इस अवतरणसे पूज्यपादके 'शब्दावतार' नामक एक और अनुपलब्ध ग्रन्थका पता चलता है, जो पाणिनीय-व्याकरणका न्यास है और 'जैनेन्द्र' व्याकरणके बाद

---

* यह गंगाराजा 'दुर्विनीत' जान पड़ता है, जिसके पूज्यपाद शिक्षागुरु थे ।

लिखा गया है। विक्रमकी १२वीं शताब्दीके विद्वान् कवि वृत्तविलासने भी अपने 'धर्मपरीक्षे' नामक कनडी ग्रन्थमें, जो कि अमितगतिकी 'धर्मपरीक्षा' को लेकर लिखा गया है, पाणिनीय-व्याकरणपर, पूज्यपादके एक टीका ग्रन्थका उल्लेख किया है, जो उक्त 'शब्दावतार' नामक न्यास ही जान पड़ता है। साथ ही पूज्यपादके द्वारा भूरक्षणार्थ (लोकोपकारके लिए) यंत्र-मंत्रादि-विषयक शास्त्रोंके रचे जानेको भी सूचित किया है जिसके 'आदि' शब्दसे वैद्यशास्त्रका भी सहज ही में ग्रहण हो सकता है—और पूज्यपादको 'विश्वविद्या भरण' जैसे महत्त्वपूर्ण विशेषणोंके साथ स्मरण किया है। यथा—

"भरदिं जैनेन्द्रं भासुरं एनल् ओरेदं पाणिणीयक्के टीकुं ब-
रेदं तत्त्वार्थमं टिप्पणदिम् आरपिदं यंत्रमंत्रादिशास्त्रोक्तकरनं।
भूरक्षणार्थं विरचिसि जसमुं तालिदर्दं विश्वविद्याभरणं,
भव्यालियाराधितपदकमलं पूज्यपादं व्रतीन्द्रम् ॥"

पाणिनीयकी काशिका वृत्ति पर 'जिनेन्द्रबुद्धि' का एक न्यास है। पं० नाथूरामजी प्रेमीने अपने उक्त लेखमें प्रकट किया है कि 'इस न्यासकार जिनेन्द्रबुद्धिके नामके साथ 'बोधिसत्त्वदेशीयाचार्य' नामकी बौद्ध पदवी लगी हुई है, इससे यह ग्रन्थ बौद्धभिक्षुका बनाया हुआ है। आश्चर्य नहीं जो वृत्तविलास कविको पूज्यपाद-के 'जिनेन्द्रबुद्धि' इस नाम-साम्यके कारण भ्रम हुआ हो और इसीसे उसने उसे पूज्यपादका समझकर उल्लेख कर दिया हो।' परन्तु ऊपरके शिलालेखमें न्यासका स्पष्ट नाम 'शब्दावतार' दिया है और उसे काशिकावृत्तिका नहीं बल्कि पाणिनीय-का न्यास बतलाया है, ऐसी हालतमें जब तक यह सिद्ध न हो कि काशिका पर लिखे हुए न्यासका नाम 'शब्दावतार' है और उसके कर्ताके नामके साथ यदि उक्त बौद्ध-विशेषण लगा हुआ है तो वह किसीकी बादकी कृति नहीं है * तब तक

* देहलीके नये मन्दिरमें 'काशिका-न्यास' की जो हस्तलिखित प्रति है उसमें उसके कर्ता 'जिनेन्द्रबुद्धि' के नामके साथ 'बोधिसत्वदेशीयाचार्य' नामकी कोई उपाधि लगी हुई नहीं है—ग्रन्थकी संधियोंमें 'इत्याचार्यस्थविरजिनेन्द्रबुद्धयुपरचितायां न्यास (तथा 'काशिकाविवरणन्यास') -पंचिकायां' इत्यादि रूपसे उल्लेख पाया जाता है।

धमपरीक्षाके कर्ता वृत्तविलासको भ्रमका होना नहीं कहा जा सकता; क्योंकि पूज्यपादस्वामी गंगराजा दुर्विनीतके शिक्षागुरु ( Preceptor ) थे, जिनका राज्यकाल ई० सन् ४८२ से ५२२ तक पाया जाता है और उन्हें हेब्बुर आदिके अनेक शिलालेखों ( ताम्रपत्रादिकों ) में 'शब्दावतार' के कर्तारूपसे दुर्विनीत राजाका गुरु उल्लेखित किया है ×।

## इष्टोपदेश आदि दूसरे ग्रन्थ

इन सब ग्रन्थोंके अतिरिक्त पूज्यपादने और कितने तथा किन किन ग्रन्थोंकी रचना की है इसका अनुमान लगाना कठिन है—'इष्टोपदेश' और 'सिद्धभक्ति'-:- जैसे प्रकरण-ग्रन्थ तो शिलालेखों आदिमें स्थान पाये बिना ही अपने अस्तित्व एवं महत्वको स्वतः ख्यापित कर रहे हैं। इष्टोपदेश' ५१ पद्योंका एक छोटा सा यथानाम तथागुणसे युक्त सुन्दर आध्यात्मिक ग्रन्थ है जो पहले पं० आशाधरजीकी संस्कृतटीकाके साथ माणिकचन्द्र-ग्रन्थमालामें प्रकाशित हुआ है और अब हिन्दी टीकाके साथ भी यहाँ प्रकाशित किया जा रहा है।

'सिद्धभक्ति' ६ पद्योंका एक बड़ा ही महत्त्वपूर्ण 'गम्भीरार्थक' प्रकरण है इसमें सूत्ररूपसे सिद्धिका, सिद्धिके मार्गका, सिद्धिको प्राप्त होने वाले आत्माका, आत्मविषयक जैनसिद्धान्तका' सिद्धिके क्रमका, सिद्धिको प्राप्त हुए सिद्धान्तोंका

---

× देखो 'कुर्गइन्स्क्रिपशन्स' भू० ३; 'मैसूर एण्ड कुर्ग' जिल्द १, पृ० ३७३; 'कर्णाटकभाषाभूषणम्' भू० पृ० १२; हिस्टरी आफ़ कनडीज लिटरेचर' पृ० २५ और 'कर्णाटककविचरिते'।

-:- सिद्धभक्तिके साथ श्रुतभक्ति, चरित्रभक्ति, योगिभक्ति, आचार्यभक्ति निर्वाणभक्ति तथा नन्दीश्वरभक्ति नामके संस्कृत प्रकरण भी पूज्यपादके प्रसिद्ध हैं। क्रियाकलापके टीकाकार प्रभाचन्द्रने अपनी सिद्धभक्ति-टीकामें "संस्कृताः सर्वाभक्तयः पूज्यपादस्वामिकृताः प्राकृतास्तु कुन्दकुन्दाचार्यकृताः" इस वाक्यके द्वारा उन्हें पूज्य-पाद-कृत बतलाया है। ये सब भक्तिपाठ "दशभक्ति" आदिमें मुद्रित होकर प्रकाशित होचुके हैं।

और सिद्धोंके सुखादिका अच्छा स्वरूप बतलाया गया है। 'सिद्धिसोपान' * में यह अपने विकासके साथ प्रकाशित हुआ है।

हाँ, लुप्तप्राय ग्रन्थोंमें छन्द और काव्यशास्त्र-विषयक आपके दो ग्रन्थोंका पता और भी श्रवणबेलगोलके शिलालेख नं० ४० के निम्न वाक्यसे चलता है :—

'जैनेन्द्रं निजशब्दभागमतुलं सर्वार्थसिद्धिः परा
सिद्धान्ते निपुणत्वमुद्घकवितां जैनाभिषेकः स्वकः ।
छन्दः सूक्ष्मधियं समाधिशतकं स्वास्थ्यं यदीयं विदा-
माख्यातीह स पूज्यपादमुनिपः पूज्यो मुनीनां गणैः ॥ ४ ॥

इस वाक्यमें, ऊँचे दर्जेकी कुछ रचनाओंका उल्लेख करते हुए, बड़े ही अच्छे ढंगसे यह प्रतिपादित किया है कि 'जिनका जैनेन्द्र' शब्दशास्त्रमें अपने अतुलित भागको, सर्वार्थसिद्धि' ( तत्त्वार्थटीका ) सिद्धान्तमें परमनिपुणताको, 'जैनाभिषेक' ऊँचे दर्जेकी कविताको, 'छन्दशास्त्र' बुद्धिकी सूक्ष्मता ( रचनाचातुर्य ) को और 'समाधिशतक' जिनकी स्वात्मस्थिति ( स्थितप्रज्ञता ) को संसारमें विद्वानों पर प्रकट करता है वे 'पूज्यपाद' मुनीन्द्र मुनियोंके गणोंसे पूजनीय हैं।

'एकान्तखण्डन' ग्रन्थमें लक्ष्मीधरने, श्रीपूज्यपादस्वामीका 'षड्दर्शनरहस्य-संवेदन-सम्पादित-निस्सीमपाण्डित्य-मण्डिताः' विशेषणके साथ स्मरण करते हुए, उनके विषयमें एक खास प्रसिद्धिका उल्लेख किया है—अर्थात् यह प्रकट किया है कि उन्होंने नित्यादि सर्वथा एकान्त पक्षकी सिद्धिमें प्रयुक्त हुए साधनोंको दूषित करनेके लिये उन्हें 'विरुद्ध' हेत्वाभास बतलाया है' जब कि सिद्धसेनाचार्यने 'असिद्ध' हेत्वाभास प्रतिपादन करनेमें ही सन्तोष धारण किया है और स्वामी समन्तभद्रने 'असिद्ध-विरुद्ध' दोनों ही रूपसे उन्हें दूषित किया है। साथ ही, इसकी पुष्टिमें निम्न वाक्य 'तदुक्तं' रूपसे दिया है :—

असिद्धं सिद्धसेनस्य विरुद्धं देवनन्दिनः ।
द्वयं समन्तभद्रस्य सर्वथैकान्तसाधनमिति ॥

*प्रस्तावना-लेखक-द्वारा लिखी हुई यह ४८ पृष्ठकी 'सिद्धिसोपान' पुस्तक वीरसेवामन्दिर, सरसावासे बिना मूल्य मिलती है।

एकांत-साधनको दूषित करनेमें तीन विद्वानोंकी प्रसिद्धिका यह श्लोक सिद्धि-विनिश्चय-टीका और न्याय-विनश्चय-विवरणमें निम्न प्रकारसे पाया जाता है—

असिद्धः सिद्धसेनस्य विरुद्धो देवनन्दिनः ।
द्वेधा समंतभद्रस्य हेतुरेकांतसाधने ॥

न्यायविनिश्चय-विवरणमें वादिराजने इसे 'तदुक्तं' पदके साथ दिया है और सिद्धिविनिश्चय-टीकामें अनन्तवीर्यने इस श्लोकको एक बार पांचवें प्रस्तावमें 'यद्वक्ष्यन्यसिद्धः सिद्धसेनस्य' इत्यादि रूपसे उद्धृत किया है, फिर छठे प्रस्तावमें इसे पुनः पूरा दिया है और वहां पर इसके पदोंकी व्याख्या भी की है। इससे यह श्लोक अकलंकदेव जैसे प्राचीन—विक्रमी सातवीं शताब्दी के—महान् आचार्यों तकने पूज्यपादकी ऐसी प्रसिद्धिका उल्लेख किया है तब यह बिल्कुल स्पष्ट है कि पूज्यपाद एक बहुत बड़े तार्किक विद्वान् ही नहीं थे बल्कि उन्होंने स्वतन्त्ररूपसे किसी न्याय-शास्त्रकी रचना भी की है, जिसमें नित्यादि-एकान्तवादोंको दूषित ठहराया गया है और जो इस समय अनुपलब्ध है अथवा जिसे हम अपने प्रमाद एवं अनोखी श्रुतभक्तिके वश खो चुके हैं !!

## सारसंग्रह

श्री 'धवल' सिद्धान्तके एक उल्लेखसे यह भी पता चलता है कि पूज्यपादने 'सारसंग्रह' नामका भी कोई ग्रंथ रचा है, जो नय-प्रमाण-जैसे कथनोंको भी लिये हुए है। आश्चर्य नहीं जो उनके इसी ग्रन्थमें न्याय-शास्त्रका विशद विवेचन हो और उसके द्वारा नित्यादि-एकान्तवादियोंको दूषित ठहराया गया हो। नयके लक्षण-को लिए हुए उल्लेख इस प्रकार है:—

'तथा सारसंग्रहेऽप्युक्तं पूज्यपादैरनन्तपर्यात्मकस्य वस्तुनोऽन्यतमपर्याधिगमे कर्त्तव्ये जात्यहेत्वपेक्षो निरवद्यप्रयोगो नय इति ।'

—'वेदना' खण्ड ४

ऊपरके सब अवतरणों एवं उपलब्ध ग्रन्थोंपरसे पूज्यपादस्वामीकी चतुर्मुखी प्रतिभाका स्पष्ट पता चलता है और इस विषयमें कोई संदेह नहीं रहता कि आपने उस समयके प्रायः सभी महत्वके विषयोंमें ग्रन्थोंकी रचना की है। आप असाधा-

रण विद्वत्ताके धनी थे, सेवा-परायणोंमें अग्रगण्य थे, महान् दार्शनिक थे, अद्वितीय वैयाकरण थे, अपूर्व वैद्य थे, धुरंधर कवि थे, बहुत बड़े तपस्वी थे, सातिशय योगी थे और पूज्य महात्मा थे। इसीसे कर्णाटकके प्रायः सभी प्राचीन कवियोंने—ईसाकी ८वीं, ९वीं, १०वीं शताब्दियोंके विद्वानोंने—अपने-अपने ग्रंथोंमें बड़ी श्रद्धा-भक्तिके साथ आपका स्मरण किया है और आपकी मुक्तकंठसे खूब प्रशंसा की है।

## जीवन-घटनाएँ

आपके जीवनकी अनेक घटनाएं हैं—जैसे कि १ विदेहगमन, २ घोरतपश्चर्यादिके कारण आंखोंकी ज्योतिका नष्ट हो जाना तथा 'शान्त्यष्टक' ※के एकनिष्ठा एवं एकाग्रतापूर्वक पाठसे उसकी पुनः सम्प्राप्ति, ३ देवताओंसे चरणोंका पूजा जाना ४ औषधि-ऋद्धिकी उपलब्धि ५ और पादस्पृष्ट जलके प्रभावसे लोहेका सुवर्णमें परिणत हो जाना (अथवा उस लोहेसे सुवर्णका विशेष लाभ प्राप्त होना) इनपर विशेष विचार करने तथा ऐतिहासिक प्रकाश डालनेका इस समय अवसर नहीं है। ये सब विशेष ऊहापोहके लिये यथेष्ट समय और सामग्रीकी अपेक्षा रखती हैं। परन्तु इनमें असंभवता कुछ भी नहीं है—महायोगियोंके लिए ये सब कुछ शक्य हैं। जब तक कोई स्पष्ट बाधक प्रमाण उपस्थित न हो तबतक—'सर्वत्र बाधकाभावाद्वस्तुव्यवस्थितः' की नीतिके अनुसार इन्हें माना जासकता है।

## पितृकुल और गुरुकुल

पितृकुल और गुरुकुलके विचारोंको भी इस समय छोड़ा जाता है। हाँ, इतना ज़रूर कहदेना होगा कि आप मूल-संघान्तर्गत नन्दिसंघके प्रधान आचार्य थे, स्वामी समन्तभद्रके बाद हुए हैं—श्रवणबेल्गोलके शिलालेखों (नं० ४०,१०८) में समन्तभद्रके उल्लेखानन्तर "ततः" पद देकर आपका उल्लेख किया गया है और

---

※ यह शान्त्यष्टक "न स्नेहाच्छरणं प्रयान्ति भगवन्" इत्यादि पद्यसे प्रारम्भ होता है और 'दशभक्ति' आदिके साथ प्रकाशित भी हो चुका है। इसके अन्तिम आठवें पद्यमें "मम भाक्तिकस्य च विभो दृष्टिं प्रसन्नां कुरु" ऐसा द्वयर्थक वाक्य भी पाया जाता है, जो दृष्टि-प्रसन्नताकी प्रार्थनाको लिये हुए है।

स्वयं पूज्यपादने भी अपने 'जैनेन्द्र' में "चतुष्टयं समन्तभद्रस्य" इस सूत्र (५-४-१६८) के द्वारा समन्तभद्रके मतका उल्लेख किया है। इससे आपका समन्तभद्रके बाद होना सुनिश्चत है। आपके एक शिष्य वज्रनन्दीने विक्रम सं० ५२६ में द्राविड़संघकी स्थापना की थी, जिसका उल्लेख देवसेनके 'दर्शनसार' ग्रन्थमें पाया जाता है×। आप कर्णाटक देशके निवासी थे। कन्नड भाषामें लिखे हुए 'पूज्यपाद-चरिते' तथा 'राजावलीकथे' नामक ग्रन्थोंमें आपके पिताका नाम 'माधवभट्ट' तथा माताका 'श्रीदेवी' दिया है और आपको ब्राह्मणकुलोद्भव लिखा है। इसके सिवाय प्रसिद्ध व्याकरणकार 'पाणिनि' ऋषिको आपका मातुल (मामा) भी बतलाया है, जो समयादिककी दृष्टि से विश्वास किये जानेके योग्य नहीं है।

## समाधितंत्र-परिचय

अब मैं पूज्यपादके ग्रन्थोंमेंसे 'समाधितंत्र' ग्रन्थका कुछ विशेष परिचय अपने पाठकोंको देना चाहता हूँ। यह ग्रन्थ आध्यात्मिक है और जहाँ तक मैंने अनुभव किया है ग्रन्थकार-महोदयके अन्तिम जीवनकी कृति है—उस समयके करीबकी रचना है जब कि आचार्यमहोदयकी प्रवृत्ति बाह्य-विषयोंसे हटकर बहुत ज्यादा अन्तर्मुखी हो गई थी और आप स्थितप्रज्ञ-जैसी स्थितिको पहुंच गये थे। यद्यपि जैनसमाजमें अध्यात्म-विषयके कितने ही ग्रन्थ उपलब्ध हैं और प्राकृतभाषाके 'समयसार' जैसे महान् एवं गूढ़ ग्रन्थ भी मौजूद हैं परन्तु यह छोटा-सा संस्कृत ग्रन्थ अपनी खास विशेषता रखता है। इसमें थोड़े ही शब्दों द्वारा सूत्ररूपसे अपने विषयका अच्छा प्रतिपादन किया गया है; प्रतिपादन शैली बड़ी ही सरल, सुन्दर एवं हृदय-ग्राहिणी है; भाषा-सौष्ठव देखते ही बनता है और पद्य-रचना प्रसादादि गुणोंसे विशिष्ट है। इसीसे पढ़ना प्रारम्भ करके छोड़ने को मन नहीं होता—ऐसा

---

×जैसा कि दर्शनसारकी निम्न दो गाथाओंसे प्रकट है :—

सिरिपुज्जपादसीसो दाविडसंघस्स कारगो दुट्ठो ।
णामेण वज्जणंदी पाहुडवेदी महासत्तो ॥२४॥
पंचसए छव्वीसे विक्कमरायस्स मरणपत्तस्स
दक्खिणमहुराजादो दाविडसंघो महामोहो ॥२८॥

मालूम होता है कि समस्त अध्यात्मवाणीका दोहन करके अथवा शास्त्र-समुद्रका मन्थन करके जो नवनीताऽमृत (मक्खन) निकाला गया है वह सब इसमें भरा हुआ है और अपनी सुगन्धसे पाठक-हृदयको मोहित कर रहा है। इस ग्रन्थके पढ़ने से चित्त बड़ा ही प्रफुल्लित होता है, पद-पद पर अपनी भूलका बोध होता चला जाता है। अज्ञानादि मल छँटता रहता है और दुःखशोकादि आत्माको सन्तप्त करनेमें समर्थ नहीं होते।

इस ग्रन्थमें शुद्धात्माके वर्णनकी मुख्यता है और वह वर्णन पूज्यपादने आगम, युक्ति तथा अपने अन्तःकरणकी एकाग्रता-द्वारा सम्पन्न स्वानुभवके बलपर भले प्रकार जाँच पड़तालके बाद किया है; जैसा कि ग्रन्थके निम्न प्रतिज्ञा-वाक्यसे प्रकट है:—

श्रुतेन लिङ्गेन यथात्मशक्ति समाहितान्तःकरणेन सम्यक्।
समीक्ष्य कैवल्यसुखस्पृहाणां विविक्तमात्मानमथाभिधास्ये ॥३॥

ग्रन्थका तुलानात्मक अध्ययन करनेसे भी यह मालूम होता है कि इसमें श्री कुन्दकुन्द–जैसे प्राचीन आचार्योंके आगम-वाक्योंका बहुत कुछ अनुसरण किया गया है। कुन्दकुन्दका—

'एगो मे सस्सदो अप्पा णाणदंसणलक्खणो।
सेसा मे बाहिरा भावा सव्वे संजोगलक्खणा'* ॥

यह वाक्य तो इस ग्रन्थका प्राण जान पड़ता है। ग्रन्थके कितने ही पद्य कुन्दकुन्दके 'मोक्ष प्राभृत' की गाथाओंको सामने रखकर रचे गये हैं—ऐसी कुछ गथाएँ पद्य नं० ४, ५, ७, १०, ११, १२, १८, ७८, १०२ के नीचे फुट-नोटोंमें उद्धृत भी करदी गई हैं, उन परसे इस विषय की सत्यताका हरएक पाठक

* यह गाथा नियमसारमें नं० १०२ पर और मोक्षप्राभृतमें नं० ५९ पर पाई जाती है। इसमें यह बतलाया है कि—'मेरा आत्मा एक है—खालिस है, उसमें किसी दूसरे का मिश्रण नहीं—शाश्वत है—, कभी नष्ट होने वाला नहीं—और ज्ञानदर्शन-लक्षणवाला (ज्ञाता-द्रष्टा) है; शेष संयोग-लक्षणवाले समस्त पदार्थ मेरे आत्मासे बाह्य हैं—वे मेरे नहीं हैं और न मैं उनका हूँ।

सहज ही में अनुभवकर सकता है। यहां पर उनमेंसे दो गाथाएँ और एक गाथा नियमसारकी भी इस ग्रंथके पद्यों सहित नमूनेके तौर पर उद्धृत की जाती है :—

जं मया दिस्सदे रूवं तएण जाणादि सव्वहा ।
जाणगं दिस्सदे णं तं तम्हा जंपेमि केण हं ।।२६।।

—मोक्षप्राभृत

यन्मया दृश्यते रूपं तन्न जानाति सर्वथा ।
जानन्न दृश्यते रूपं ततः केन ब्रवीम्यहम् ।।१८।।

—समाधितंत्र

जो सुत्तो ववहारे सो जोई जग्गए सकज्जम्मि ।
जो जग्गदि ववहारे सो सुत्तो अप्पणे कज्जे ।।३१।।

—मोक्षप्राभृत

व्यवहारे सुषुप्तो यः स जागर्त्यात्मगोचरे ।
जागर्ति व्यवहारेऽस्मिन्सुषुप्तश्चात्मगोचरे ।।७८।।

—समाधितंत्र

णियभावं ण वि मुच्चइ परभावं णेव गेण्हए केइं ।
जाणदि पस्सदि सव्वं सोहं इदि चिंतए णाणी ।।६७।।

—नियमसार

यद्ग्राह्यं न गृह्णाति गृहीतं नापि मुञ्चति ।
जानाति सर्वथा सर्वं तत्स्वसंवेद्यमस्म्यहम् ।।२०।।

—समाधितंत्र

इससे उक्त पद्य नं० ३ में प्रयुक्त हुआ 'श्रुतेन' पद बहुत ही सार्थक जान पड़ता है। 'लिङ्गेन' तथा 'समाहितान्तःकरणेन' पद भी ऐसे ही सार्थक हैं। यदि श्रीकुन्दकुन्दके समयसारकी गाथा नं० ४३८ से ४४४ तक के कथनकी इस ग्रंथके पद्य नं० ८७,८८ के साथ तुलना की जाय तो पूज्यपादकी विशेषताके साथ उनके युक्तिपुरस्सर तथा स्वानुभवपूर्वक कथनका कितना ही सुन्दर आभास मिल सकता है। वस्तुतः इस ग्रन्थमें ऐसी कोई भी बात कही गई मालूम नहीं होती जो

युक्ति, आगम तथा स्वानुभवके विरुद्ध हो। और इसलिये यह ग्रन्थ बहुत ही प्रामाणिक है। इसीसे उत्तरवर्ती आचार्योंने इसे खूब अपनाया है—परमात्मप्रकाश और ज्ञानार्णव—जैसे ग्रन्थोंमें इसका खुला अनुसरण किया गया है, जिसके कुछ नमूने इस ग्रन्थके फुटनोटोंमें दिखाये गये हैं।

चूँकि ग्रन्थमें शुद्धात्माके कथनकी प्रधानता है और शुद्धात्माको समझानेके लिये अशुद्धात्माको जाननेकी भी ज़रूरत होती है, इसीसे ग्रन्थमें आत्माके बहिरात्मा अन्तरात्मा और परमात्मा ऐसे तीन भेद करके उनका स्वरूप समझाया है। साथ ही, परमात्माको उपादेय (आराध्य) अन्तरात्माको उपायरूप आराधक और बहिरात्माको हेय (त्याज्य) ठहराया है। इन तीनों आत्म-भेदोंका स्वरूप समझानेके लिये ग्रन्थमें जो कलापूर्ण तरीक़ा अख़्तियार किया गया है वह बड़ा ही सुन्दर एवं स्तुत्य है और उसके लिये ग्रन्थको देखते ही बनता है। यहाँ पर मैं अपने पाठकोंको सिर्फ उन पदोंका ही परिचय करा देना चाहता हूँ जो बहिरात्मादिका नामोल्लेख अथवा निर्देश करनेके लिये ग्रन्थमें प्रयुक्त किये गये हैं और जिनसे विभिन्न आत्माओंके स्वरूप पर अच्छा प्रकाश पड़ता है और वह नयविवक्षाके साथ अर्थपर दृष्टि रखने हुए उनका पाठ करनेसे सहज ही में अवगत हो जाता है। इन पदोंमेंसे कुछ पद ऐसे भी हैं जिनका मूलप्रयोग द्वितीयादि विभक्तियों तथा बहुवचनादिके रूपमें हुआ है परन्तु अर्थावबोधकी सुविधा एवं एकरूपताकी दृष्टिसे उन्हें यहां प्रथमाके एकवचनमें ही रख दिया गया है। अस्तु; बहिरात्मादि-निदर्शक वे पद्य क्रमशः निम्न प्रकार हैं। उनके स्थान-सूचक-पद्याङ्क भी साथ में दिये जाते हैं :—

## (१) बहिरात्म-निदर्शक पद—

बहिः ४; बहिरात्मा ५, ७, २७; शरीरादौ जातात्मभ्रान्तिः ५; आत्मज्ञान-पराङ्मुखः ७; अविद्वान् ८; मूढः १०, ४४, ४७; अविदितात्मा ११; देहे स्वबुद्धिः १३; मूढात्मा २९,५६,५८,६०; उत्पन्नात्ममतिर्देहे ४२; परत्राहम्मतिः ४३; देहात्मदृष्टिः ४९, ६४; अविद्यामयरूपः ५३; वाक्शरीरयोः भ्रान्तः ५४; बालः ५५; पिहितज्योतिः ६०; अबुद्धिः ६१,६६; शरीरकंचुकेन संवृतज्ञानविग्रहः ६८;

अनात्मदर्शी ७३, ६३; इष्टात्मबुद्धिर्देहादौ ७६; आत्मगोचरे सुषुप्तः ७८; मोही ९०; अनन्तरज्ञः ६१, अक्षीणदोषः-सर्वावस्थाऽऽत्मदर्शी ९३; जडः १०४ ।

## (२) अन्तरात्म-निर्देशक पद—

अन्तः ४, १२, ६०; आन्तरः ५; चित्तदोषाऽऽत्मविभ्रान्तिः ५; स्वात्मन्येवात्मधीः १३; बहिरव्यापृतेन्द्रियः १५; देहादौ विनिवृत्तात्मविभ्रमः २२; अन्तरात्मा २७, ३०; तत्त्वज्ञानी ४२; स्वस्मिन्नहम्मतिः ४३; बुधः ४३, ६३-६६; आत्मदेहान्तरज्ञानजनिताल्हादनिर्वृतः ३४; अवबुद्धः ४४; आत्मवित् ४७; स्वात्मन्येवात्मदृष्टिः ४६, नियतेन्द्रियः ५१; आरब्धयोगः-भावितात्मा ५२; वाक्शरीरयोरभ्रान्तः ५४; आत्मतत्त्वे व्यवस्थितः ५७; प्रबुद्धात्मा ६०; बहिर्व्यावृत्तकौतुकः ६०; दृष्टात्मा ७३, ९२; आत्मन्येवात्मधीः ७७; व्यवहारे सुषुप्तः ७८; दृष्टात्मतत्त्वः—स्वभ्यस्तात्मधीः ८०; मोक्षार्थी ८३, योगी ८६, १००; दृष्टभेदः ९२; आत्मदर्शी ९३; ज्ञातात्मा ९४; मुनिः १०२; विद्वान् १०४; परात्मनिष्ठः १०५ ।

## (३) परमात्म-निदर्शक पद—

अक्षयानन्तबोधः १, सिद्धात्मा १; अनीहिता-तीर्थकृत् २; शिवः-धाता-सुगतः-विष्णुः २; जिनः २, ६; विविक्तात्मा ३, ७३; परः ४, ८६, ९७; परमः ४, ३१, ९८; परमात्मा ५, ६, १७, २७, ३०; अतिनिर्मलः ५; निर्मलः-केवलः-शुद्धः-विविक्तः-प्रभुः-परमेष्ठी-परात्मा-ईश्वरः ६; अव्ययः ६, ३३; अनन्तानन्तधीशक्तिः-अचलस्थितिः ६, स्वसंवेद्यः ६, २०, २४; निर्विकल्पकः १६; अतीन्द्रियः-अनिर्देश्यः २२; बोधात्मा २५, ३२; सर्वसंकल्पवर्जितः २७; परमानन्दनिर्वृतः ३२; स्वस्थात्मा ३६; उत्तमः कायः ४०; निष्ठितात्मा ४७; सानंदज्योतिरुत्तमः ५१; विद्यामयरूपः ५३; केवलज्ञप्तिविग्रहः ७०; अच्युतः ७६; परमं पदमात्मनः ८४, ८६, १०४; परं पदं ८५; परात्मज्ञानसम्पन्नः ८६; अवाचां गोचरं पदं ६६ ।

यह त्रिधात्मक—पदावली त्रिधात्माके स्वरूपको व्यक्त करनेके लिये कितनी सुन्दर एवं भावपूर्ण है उसे बतलानेकी ज़रूरत नहीं—सहृदय पाठक सहज ही में उसका अनुभव कर सकते हैं। हाँ, इतना जरूर कहना होगा कि एक छोटेसे ग्रन्थमें एक ही आत्मविषयको स्पष्ट करनेके लिये इतने अधिक विभिन्न शब्दोंका

ऐसे अच्छे ढंगसे प्रयोग किया जाना, निःसंदेह, साहित्यकी दृष्टिसे भी कुछ कम महत्वकी चीज़ नहीं है। इससे ग्रन्थकार महोदयके रचना-चातुर्य अथवा शब्द-प्रयोग-कौशल्यका भी कितना ही पता चल जाता है।

समाधितंत्रमें और क्या कुछ विशेष वर्णन है उस सबका संक्षिप्त परिचय ग्रंथके साथमें दी हुई विषयानुक्रमणिकाको देखनेसे सहजमें ही मालूम हो सकता है। वहीं पर कोष्ठकमें मूल श्लोकोंके नम्बर भी दे दिये हैं। यहाँ पर उसकी पुनरावृत्ति करके प्रस्तावनाके कलेवरको बढ़ानेकी जरूरत मालूम नहीं होती और न ग्रन्थविषयका दूसरे तत्सम ग्रन्थोंके साथ तुलनाका अपनेको यथेष्ट अवकाश ही प्राप्त है, अतः जो तुलना ऊपर की जा चुकी है उसी पर सन्तोष रखते हुए शेषको छोड़ा जाता है।

## ग्रन्थनाम और पद्यसंख्या

यह ग्रन्थ १०५ पद्योंका है, जिनमेंसे दूसरा पद्य 'वंशस्थ' वृत्तमें, तीसरा 'उपेन्द्रवज्रा' में, अन्तिम पद्य 'वसंततिलका' छन्दमें और शेष सब 'अनुष्टुप' छंदमें है। अन्तिम पद्यमें ग्रंथका उपसंहार करते हुए, ग्रंथका नाम 'समाधितंत्र' दिया है और उसे उस ज्योतिर्मय कैवल्य सुखकी प्राप्तिका उपायभूत-मार्ग बतलाया है जिसके अभिलाषियोंको लक्ष्य करके ही यह ग्रंथ लिखा गया है और जिसकी सूचना प्रतिज्ञावाक्य (पद्य नं० ३) में प्रयुक्त हुए 'कैवल्यसुखस्पृहाणाम्' पदके द्वारा की गई है। साथ ही, ग्रन्थ-प्रतिपादित उपायका संक्षिप्त-रूपमें दिग्दर्शन कराते हुए ग्रंथके अध्ययन एवं अनुकूल वर्तनका फल भी प्रकट किया गया है। वह अंतिम सूत्र-वाक्य इस प्रकार है :—

मक्त्वा परत्र परबुद्धिमहं धियं च संसारदुःखजननीं जननाद्विमक्तः
ज्योतिर्मयं सुखमुपैति परात्मनिष्ठस्तन्मार्गमेतदधिगम्य समाधितंत्रम् ॥१०॥

प्रायः १०० श्लोकोंका होनेके कारण टीकाकार प्रभाचंद्रने इस ग्रंथको अपनी टीकामें 'समाधिशतक' नाम दिया है और तबसे यह 'समाधिशतक' नामसे भी अधिकतर उल्लेखित किया जाता है अथवा लोकपरिचयमें आ रहा है।

मेरे इस कथनको 'जैनसिद्धांत भास्कर' में—'श्री पूज्यपाद और उनका

समाधितंत्र※' शीर्षकके नीचे—देखकर डाक्टर परशुराम लक्ष्मण ( बी० एल० ) वैद्य, एम० ए० प्रोफेसर वाडियाकालिज पूनाने, हालमें प्रकाशित 'समाधिशतक' के मराठी संस्करणकी अपनी प्रस्तावनामें, उस पर कुछ आपत्ति की है। आपकी रायमें ग्रन्थका असली नाम 'समाधिशतक' और उसकी पद्यसंख्या १०० या ज्यादासे ज्यादा १०१ है। आप पद्य नं० २, ३, १०३, १०४ को तो 'निश्चितरूपसे (खात्रीनें) प्रक्षिप्त' बतलाते हैं और १०५ को 'बहुधा प्रक्षिप्त' समझनेका अभिप्राय है उसकी प्रक्षिप्ततामें संदेहका होना—अर्थात् वह प्रक्षिप्त नहीं भी हो सकता है। जब पद्य नं० १०५ का प्रक्षिप्त होना संदिग्ध है तब ग्रन्थका नाम 'समाधिशतक' होना भी संदिग्ध हो जाता है; क्योंकि उक्त पद्यपरसे ग्रन्थका नाम 'समाधितंत्र ही पाया जाता है, इसे डाक्टर साहबने स्वयं स्वीकार किया है। अस्तु।

जिन्हें निश्चितरूपसे प्रक्षिप्त बतलाया गया है उनमेंसे पद्य नं० २, ३ की प्रक्षिप्तताके निश्चयका कारण है उनका छन्दभेद; ये दोनों पद्य ग्रन्थके साधारण वृत्त अनुष्टुप् छन्दमें न लिखे जाकर क्रमशः 'वंशस्थ' तथा 'उपेन्द्रवज्रा' छन्दोंमें लिखे गये हैं +। डाक्टर साहबका ख़याल है कि अनुष्टुप् छन्दमें अपने ग्रन्थको प्रारम्भ करने वाला और आगे प्रायः सारा ग्रन्थ उसी छन्दमें लिखने वाला कोई ग्रंथकार बीचमें और ख़ासकर प्रारम्भिक पद्यके बाद ही दूसर छन्दकी योजना करके 'प्रकमभग' नहीं करेगा। परन्तु ऐसा कोई नियम अथवा रूल नहीं है जिससे ग्रन्थकार की इच्छापर इस प्रकारका कोई नियंत्रण लगाया जासके। अनेक ग्रन्थ इसके अपवाद-स्वरूप भी देखनेमें आते हैं। उदाहरणके लिये महान् ग्रंथकार भट्टाकलंकदेवके 'लघीयस्त्रय' और 'न्यायविनिश्चय' जैसे कुछ ग्रन्थोंको प्रमाणमें पेश किया जा सकता है जिनका पहला पद्य अनुष्टुप् छन्द में है और जो प्रायः अनुष्टुप् छन्दमें ही लिखे गये हैं परन्तु उनमें से प्रत्येकका दूसरा पद्य 'शार्दूलविक्रीडित' छन्दमें है

※ यह लेख 'जैनसिद्धांतभास्कर' के पाँचवें भागकी प्रथम किरणमें प्रकाशित हुआ है।

+ डाक्टर साहबने द्वितीय पद्यको 'उपेन्द्रवज्रा' में और तृतीयको 'वंशस्थ' वृत्तमें लिखा है, यह लिखना आपका छन्दशास्त्रकी दृष्टिसे गलत है और किसी भूलका परिणाम जान पड़ता है।

और वह करण्टकशुद्धिको लिए हुए ग्रन्थका खास अंगस्वरूप है। 'सिद्धिविनिश्चय' ग्रन्थमें भी इसी पद्धतिका अनुसरण पाया जाता है। ऐसी हालतमें छन्दभेदके कारण उक्त दोनों पद्योंको प्रक्षिप्त नहीं कहा जा सकता।

ग्रन्थके प्रथम पद्यमें निष्कलात्मरूप सिद्धपरमात्माको और दूसरे पद्यमें सकलात्मरूप अर्हत्परमात्माको नमस्काररूप मंगलाचरण किया गया है—परमात्माके ये दो दो मुख्य अवस्थाभेद हैं, जिन्हें इष्ट समझकर स्मरण करते हुए यहां थोड़ासा व्यक्त भी किया गया है। इन दोनों पद्योंमें ग्रन्थ-रचना-सम्बन्धी कोई प्रतिज्ञा वाक्य नहीं है—ग्रन्थके अभिधेय-सम्बन्ध-प्रयोजनादिको व्यक्त करता हुआ वह प्रतिज्ञा-वाक्य पद्य नं० ३ में दिया है; जैसाकि ऊपर उसके उल्लेखसे स्पष्ट है। और इस लिए शुरूके ये तीनों पद्य परस्परमें बहुत ही सुसम्बद्ध हैं—उनमेंसे दो के प्रक्षिप्त होनेकी कल्पना करना, उन्हें टीकाकार प्रभाचन्द्रके पद्य बतलाना और उनकी व्यवस्थित टीकाको किसीका टिप्पण कहकर यों ही ग्रन्थमें घुसड़ जानेकी बात करना बिल्कुल ही निराधार जान पड़ता है। डा० साहब प्रथम पद्यमें प्रयुक्त हुए 'अक्षया नन्तबोधाय तस्मै सिद्धात्मने नमः' (उस अक्षय-अनन्तबोधस्वरूप परमात्माको नमस्कार) इस वाक्यकी मौजूदगीमें, तीसरे पद्यमें निर्दिष्ट हुए ग्रन्थके प्रयोजनको अप्रस्तुत-स्थलका (बेमौका) बतलाते हुए उसे अनावश्यक तथा पुनरुक्त तक प्रकट करते हैं; जबकि अप्रस्तुत-स्थलता और पुनरुक्तताकी वहां कोई गंध भी मालूम नहीं होती; परन्तु टीकाके मंगलाचरण-पद्यमें प्रयुक्त हुए 'वक्ष्ये समाधिशतकं' (मैं समाधिशतककी व्याख्या करता हूं) इस प्रतिज्ञावाक्यकी मौजूदगीमें, तीसरे पद्यको टीकाकारका बतलाकर उसमें प्रयुक्त हुए प्रतिज्ञावाक्यको प्रस्तुत-स्थलका, आवश्यक और अपुनरुक्त समझते हैं, तथा दूसरे पद्यको भी टीकाकारका बतलाकर प्रतिज्ञाके अनन्तर पुनः मंगलाचरणको उपयुक्त समझते हैं, यह सब अजीब-सी ही बात जान पड़ती है! मालूम होता है आपने इन प्रभाचन्द्र-के किसी दूसरे टीकाग्रन्थके साथ इस टीकाकी तुलना नहीं की, यदि रत्नकरण्ड-श्रावकाचारकी टीकाके साथ ही इस टीका की तुलना की होती तो आपको टीका-कारके मंगलाचरणादि-विषयक टाइपका—लेखनशैलीका—कितना ही पता चल गया होता और यह मालूम हो गया होता कि यह टीकाकार अपनी ऐसी टीकाके

प्रारम्भमें मंगलाचरण तथा प्रतिज्ञाका एक ही पद्य देते हैं, और इसी तरह टीकाके अन्तमें उपसंहार आदिका भी प्रायः एक ही पद्य रखते हैं, और तब आपको मूल-ग्रन्थके उक्त दोनों पद्यों (नं० २, ३, ) को बलात् टीकाकारका बतलानेकी नौबत ही न आती।

हां, एक यहां और भी प्रकट करदेने की है और वह यह कि डा० साहब जब यह लिखते हैं कि 'पूज्यपादानीं हा विषय आगम, युक्ति, आणि अंतःकरणाची एकाग्रता करून त्यायोगें स्वानुभवसंपन्न होऊन त्याचा आधारें स्पष्ट आणि सुलभ-रीतीनें प्रतिपादला आहे' तब इस बातको भुलादेते हैं कि यह आगम, युक्ति और अन्तःकरणकी एकाग्रता-द्वारा सम्पन्न स्वानुभवके आधारपर ग्रन्थ रचनेकी बात पूज्यपादने ग्रंथके तीसरे पद्यमें ही तो प्रकट की है—वहींसे तो वह उपलब्ध होता है—'फिर उस पद्यको मूलग्रन्थका माननेसे क्यों इनकार किया जाता है ?' और यदि यह बात उनकी खुदकी जांच-पड़ताल तथा अनुसंधानसे सम्बन्ध रखती हुई होती तो वे आगे चलकर कुछ तत्सम ग्रन्थोंकी सामन्य तुलनाका उल्लेख करते हुए, यह न लिखते कि 'उपनिषद् ग्रन्थके कथनको यदि छोड़ दिया जाय तो परमात्म-स्वरूपका तीन पद रूप वर्णन पूज्यपादने ही प्रथम किया है ऐसा कहनेमें कोई हर-कत नहीं, । क्योंकि पूज्यपादसे पहलेके प्रसिद्ध आचार्य कुन्दकुन्दके मोक्षप्राभृत ( मोक्खपाहुड ) ग्रंथमें त्रिधात्माका बहुत स्पष्टरूपसे वर्णन पाया जाता है । और पूज्यपादने उसे प्रायः उसी ग्रंथपरसे लिया है; जैसाकि नमूनेके तौरपर ग्रंथोंके निम्न दो पद्योंकी तुलनासे प्रकट है और जिससे यह स्पष्ट जाना जाता है कि समाधितंत्रका पद्य मोक्षप्राभृतकी गाथाका प्रायः अनुवाद है:—

तिपयारो सो अप्पा परमंतरबाहिरो हु देहीणं।
तत्थ परो झाइज्जइ अंतोवाएण चयहि बहिरप्पा ॥—मोक्षप्रा०
बहिरन्तः परश्चेति त्रिधात्मा सर्वदेहिषु।
उपेयात्तत्र परमं मध्योपायाद्बहिस्त्यजेत् ॥—समाधितंत्रम्

मालूम होता है मैंने अपने उक्त लेखमें ग्रंथाधारकी जिस बातका उल्लेख करके प्रमाणमें ग्रंथके पद्य नं० ३ को उद्धृत किया था और जो ऊपर इस प्रस्तावनामें भी पद्य नं० ३ के साथ ज्योंकी त्यों दी हुई है उसे डाक्टर

माहबने अनुवादरूपमें अपना तो लिया परन्तु उन्हें यह खयाल नहीं आया कि ऐसा करनेसे उनके उस मन्तव्यका स्वयं विरोध हो जाता है जिसके अनुसार पद्य नं० ३ को निश्चिन्तरूपसे प्रक्षिप्त कहा गया है। अस्तु।

अब रही पद्य नं० १०३, १०४ की बात, इनकी प्रक्षिप्तताका कारण डा० माहब ग्रन्थके विषय और पूर्वपद्योंके साथ इनके प्रतिपाद्य-विषयकी असम्बद्धता बतलाते हैं—लिखते हैं 'या दोन श्लोकाच्या प्रतिपाद्य विषयांशीं व पूर्व श्लोकांशीं काहीं च संबंध दिसत नाहीं'। साथ ही यह भी प्रकट करते हैं कि ये दोनों श्लोक कब, क्यों और कैसे इस ग्रन्थमें प्रविष्ट ( प्रक्षिप्त ) हुए हैं उसे बतलानेके लिये वे असमर्थ हैं। पिछली बातके अभावमें इन पद्योंकी प्रक्षिप्तताका दावा बहुत कमजोर हो जाता है; क्योंकि असम्बद्धताकी ऐसी कोई भी बात इनमें देखनेको नहीं मिलती। टीकाकार प्रभाचन्द्रने अपने प्रस्तावना-वाक्योंके द्वारा ग्रन्थके विषय तथा पूर्व पद्योंके साथ इनके सम्बन्धको भले प्रकार घोषित किया है। वे प्रस्तावनावाक्य अपने-अपने पद्यके साथ इस प्रकार हैं—

'ननु यद्यात्मा शरीरात्सर्वथा भिन्नस्तदा कथमात्मनि चलति नियमेन तच्चलेत् तिष्ठति तिष्ठेदिति वदन्तं प्रत्याह—

प्रयत्नादात्मनो वायुरिच्छाद्वेषप्रवर्तितात् ।
वायोः शरीरयन्त्राणि वर्तन्ते स्वेषु कर्मसु ॥ १०३ ॥

'तेषां शरीरयन्त्राणामात्मन्यारोपाऽनारोपौ कृत्वा जडविवेकिनौ किं कुरुत इत्याह—'

तान्यात्मनि समारोप्य साक्षाण्यास्ते सुखं जडः ।
त्यक्त्वाऽऽरोपं पुनर्विद्वान् प्राप्नोति परमं पदम् ॥१०४॥

इन प्रस्तावना-वाक्योंके साथ प्रस्तावित पद्योंके अर्थको साथमें देखकर कोई भी सावधान विद्वान यह नहीं कह सकता कि इनका ग्रन्थके विषय तथा पूर्वपद्योंके साथ कोई सम्बन्ध नहीं हैं—जिस मूल विषयको ग्रन्थमें अनेक प्रकारसे पुनः पुनः स्पष्ट किया गया है उसीको इन पद्योंमें भी प्रकारान्तरसे और भी अधिक स्पष्ट किया गया है और उसमें पुनरुक्तता-जैसी भी कोई बात नहीं है। इसके सिवाय, उपसंहारपद्यके पूर्व ग्रन्थके विषयकी समाप्ति भी 'अदुःखभावितं' नामके भावनात्मक

पद्य नं० १०२ की अपेक्षा पद्य नं० १०४ के साथ ठीक जान पड़ती है, जिसके अन्तमें साध्यकी सिद्धिके उल्लेखरूप 'प्राप्नोति परमं पदम्' वाक्य पड़ा हुआ है और जो इस ग्रन्थके मुख्य प्रयोजन अथवा आत्माके अन्तिम ध्येयको स्पष्ट करता हुआ विषयको समाप्त करता है।

अब मैं पद्य नं० १०५ को भी लेता हूँ, जिसे डाक्टर साहबने सन्देह-कोटिमें रक्खा है। यह पद्य संदिग्ध नहीं है; बल्कि मूलग्रन्थका अन्तिम उपसंहार-पद्य है; जैसा कि मैंने इस प्रकरणके शुरूमें प्रकट किया है। पूज्यपादके दूसरे ग्रन्थोंमें भी जिनका प्रारम्भ अनुष्टुप् छन्दके पद्यों-द्वारा होता है, ऐसे ही उपसंहार-पद्य पाये जाते हैं जिनमें ग्रन्थ-कथित विषयका संक्षेपमें उल्लेख करते हुए ग्रन्थका नामादिक भी दिया हुआ है। नमूनेके तौर पर 'इष्टोपदेश' और 'सर्वार्थसिद्धि' ग्रन्थोंके दो उपसंहार-पद्योंको नीचे उद्धृत किया जाता है:—

इष्टोपदेशमिति सम्यगधीत्य धीमान्
मानाऽपमानसमतां स्वमताद्वितन्य ।
मुक्ताग्रहो विनिवसन्सजने वने वा
मुक्तिश्रियं निरुपमामुपयाति भव्यः ॥—इष्टोपदेशः।
स्वर्गाऽपवर्गसुखमाप्तुमनोभिरार्यै—
जैनेन्द्रशासनवरामृतसारभूता ।
सर्वार्थसिद्धिरिति सद्भिरुपात्तनामा
तत्त्वार्थवृत्तिरनिशं मनसा प्रधार्या—सर्वार्थसिद्धिः।

इन पद्यों परसे पाठकोंको यह जानकर आश्चर्य होगा कि ये दोनों पद्य भी उसी वसन्ततिलका' छन्दमें लिखे गये हैं जिसमें कि समाधितन्त्रका उक्त उपसंहारपद्य पाया जाता है। तीनों ग्रन्थोंके ये तीनों पद्य एक ही टाइपके हैं और वे अपने एक ही आचार्य-द्वारा रचे जानेकी स्पष्ट घोषणा करते हैं। इसलिए समाधितन्त्रका पद्य नं० १०५ पूज्यपादकृत ही है, इसमें सन्देहको जरा भी स्थान नहीं है।

जब पद्य नं० १०५ असन्दिग्धरूपसे पूज्यपादकृत है तब ग्रन्थका असली मूल नाम भी समाधितन्त्र ही है; क्योंकि इसी नामका उक्त पद्यमें निर्देश है, जिसे

डा० साहबने भी स्वयं स्वीकार किया है। और इसलिये 'समाधिशतक' नामकी कल्पना बाद की है—उसका अधिक प्रचार टीकाकार प्रभाचन्द्रके बाद ही हुआ है। श्रवणबेल्गोलके जिस शिलालेख नं० ४० में इस नामका उल्लेख आया है वह विक्रमकी १३ वीं शताब्दीका है और टीकाकार प्रभाचन्द्र उससे पहले हो गये हैं।

इस तरह इस ग्रन्थका मूलनाम 'समाधितन्त्र' उत्तरनाम या उपनाम 'समाधिशतक' है और इसकी पद्य संख्या १०५ है—उसमें पाँच पद्योंके प्रक्षिप्त होनेकी जो कल्पना की जाती है वह निरी निर्मूल और निराधार है। ग्रन्थकी हस्तलिखित मूल प्रतियोंमें भी यही १०५ पद्यसंख्या पाई जाती है। देहली आदिके अनेक भण्डारोंमें मुझे इस मूलग्रन्थकी हस्तलिखित प्रतियोंके देखनेका अवसर मिला है—देहली सेठके कूचेके मन्दिरमें तो एक जीर्ण-शीर्ण प्रति कई सौ वर्षकी पुरानी लिखी हुई जान पड़ती है। जैनसिद्धान्त भवन आराके अध्यक्ष पं० के० भुजवलीजी शास्त्री से दर्याफ्त करने पर भी यही मालूम हुआ कि वहां ताड़पत्रादि पर जितनी भी मूलप्रतियाँ हैं उन सबमें इस ग्रंथकी पद्य संख्या १०५ ही दी है। और इसलिये डा० साहबका यह लिखना उचित प्रतीत नहीं होता कि 'इस टीकासे रहित मूल ग्रन्थकी हस्तलिखित प्रतियां उपलब्ध नहीं हैं।'

ऐसा मालूम होता है कि 'शतक' नाम परसे डा० साहबको ग्रन्थमें १०० पद्योंके होनेकी कल्पना उत्पन्न हुई है और उसी परसे उन्होंने उक्त पाँच पद्योंको प्रक्षिप्त करार देनेके लिए अपनी बुद्धिका व्यापार किया है, जो ठीक नहीं जान पड़ता; क्योंकि शतक ग्रन्थके लिये ऐसा नियम नहीं है कि उसमें पूरे १०० ही पद्य हों, प्रायः १०० पद्य होने चाहियें—दो, चार, दस पद्य ऊपर भी हो सकते हैं। उदाहरणके लिये भर्तृहरि-नीतिशतकमें ११०, वैराग्यशतकमें ११३, भूधर-जैनशतकमें १०७, ध्यानशतकमें १०५, और श्रीसमन्तभद्रके जिनशतकमें ११६ पद्य पाये जाते हैं। अतः ग्रन्थका उत्तर नाम या उपनाम 'समाधिशतक' होते हुए भी उसमें १०५ पद्योंका होना कोई आपत्तिकी बात नहीं है।

## समाधितंत्रके टीकाकार प्रभाचन्द्र

इस ग्रन्थके साथ जो संस्कृत टीका प्रकाशित हो रही है, उसके रचयिता

'प्रभाचन्द्र' हैं। अन्तिम पुष्पिकामें प्रभाचन्द्रको 'पण्डित प्रभाचन्द्र' लिखा है; परन्तु इससे उन्हें कोई गृहस्थ पण्डित न समझ लेना चाहिये। टीका-प्रशस्तिमें 'प्रभेन्दु' के लिये प्रयुक्त हुए 'प्रभुः' आदि विशेषणोंसे यह साफ जाना जाता है कि वे कोई आचार्य अथवा भट्टारक थे। अविद्वान् भट्टारकोंसे व्यावृत्ति करानेके लिये बादको अच्छे पढ़े-लिखे विद्वान् भट्टारकोंके नामके साथ 'पण्डित' विशेषण लगाया जाने लगा था; जैसाकि आजकल स्थानकवासी समाजमें जो मुनि अच्छे पढ़े-लिखे विद्वान् मिलते हैं उन्हें 'पण्डितमुनि' लिखा जाने लगा है। टीकाप्रशस्ति अथवा टीकाके उपसंहार-पद्यमें टीकाकार प्रभाचन्द्रका न तो कोई विशेष परिचय है और न टीकाके बननेका समय ही दिया है। टीकाकारने कहीं पर अपने गुरुका नामोल्लेख तक भी नहीं किया है और जैनसमाजमें 'प्रभाचन्द्र' नामके बीसियों मुनि, आचार्य तथा भट्टारक हो गये हैं, जिनमें से बहुतोंका संक्षिप्त परिचय मैंने रत्नकरण्ड-श्रावकाचारकी अपनी उस प्रस्तावनामें दिया है जो माणिकचन्द्र-ग्रन्थमालामें प्रकट होनेवाली सटीक रत्नकरण्डश्रावकाचारके साथ प्रकाशित हुई है। ऐसी हालतमें यह टीका कौनसे प्रभाचन्द्रकी बनाई हुई है और कब बनी है, इस प्रश्नका उत्पन्न होना स्वाभाविक है।

जहां तक मैंने इस प्रश्नपर विचार किया है मुझे इस विषयमें कोई सन्देह मालूम नहीं होता कि यह टीका उन्हीं प्रभाचन्द्राचार्यकी बनाई हुई है जो रत्न-करण्डश्रावकाचारकी टीकाके कर्ता हैं। उस टीकाके साथ जब इस टीकाका मिलान किया जाता है तब दोनोंमें बहुत बड़ा सादृश्य पाया जाता है। दोनोंकी प्रतिपादन-शैली, कथन करनेका ढंग और साहित्यकी दशा एक-जैसी मालूम होती है। वह भी इस टीकाकी तरह प्रायः शब्दानुवादको ही लिए हुए है। दोनोंके आदि-अन्तमें एक एक ही पद्य है और उनकी लेखन पद्धति भी अपने-अपने प्रतिपाद्य विषयकी दृष्टिसे समान पाई जाती है। नीचे इस सादृश्यका अनुभव कराने के लिये कुछ उदाहरण नमूनेके तौर पर दिये जाते हैं :—

(१) दोनों टीकाओंके आदि मंगलाचरणके पद्य इस प्रकार हैं :—

समन्तभद्रं निखिलात्मबोधनं जिनं प्रणम्याखिलकर्मशोधनम्।

निबन्धनं रत्नकरण्डकं परं करोमि भव्यप्रतिबोधनाकरम् ॥१॥

—रत्नकरण्डकटीका

सिद्धं जिनेन्द्रमलमप्रतिमप्रबोधं निर्वाणमार्गममलं विबुधेन्द्रवंद्यम् ।
संसारसागरसमुत्तरणप्रपोतं वक्ष्ये समाधिशतकं प्रणिपत्य वीरम् ॥१॥

—समाधितंत्रटीका

ये दोनों पद्य इष्टदेवको नमस्कारपूर्वक टीका करनेकी प्रतिज्ञाको लिये हुए हैं, दोनोंमें प्रकारान्तरसे ग्रन्थकर्ता* और मूलग्रन्थको भी स्तुतिका विषय बनाया गया है और उनके अप्रतिमप्रबोधं-निखिलात्मबोधनं तथा निर्वाणमार्गं-अखिलकर्मशोधनं, इत्यादि कुछ विशेषण भी, अर्थकी दृष्टिसे परस्पर मिलते जुलते हैं।

(२) *मंगलाचरणके बाद दोनों टीकाओंके प्रस्तावनावाक्य इस प्रकार हैं—*

श्रीसमन्तभद्रस्वामी रत्नानां रक्षणोपायभूतरत्नकरण्डकप्रख्यं सम्यग्दर्शनादिरत्नानां पालनोपायभूतं रत्नकरण्डकाख्यं शास्त्रं कर्तुकामो निर्विघ्नतः शास्त्रपरिसमाप्त्यादिकं फलमभिलषन्निष्टदेवताविशेषं नमस्कुर्वन्नाह ।

—रत्नकरण्डकटीका

श्रीपूज्यपादस्वामी मुमुक्षुणां मोक्षोपायं मोक्षस्वरूपं चोपदर्शयितुकामो निर्विघ्नतः शास्त्रपरिसमाप्त्यादिकं फलमभिलषन्निष्टदेवताविशेषं नमस्कुर्वाणो येनात्मेत्याह । —समाधितंत्रटीका

(३) *दोनों टीकाओंमें अपने ग्रन्थके प्रथम पद्यका सारांश इस प्रकार दिया है—*

'अत्र पूर्वार्द्धेन भगवतः सर्वज्ञतोपायः, उत्तरार्द्धेन च सर्वज्ञतोक्ता ।'

—रत्नकरण्डकटीका

'अत्र पूर्वार्द्धेन मोक्षोपायः, उत्तरार्द्धेन च मोक्षस्वरूपमुपदर्शितम् ।'

—समाधितंत्रटीका

इससे स्पष्ट है कि दोनों टीकाओंके कथनकाढंग और शब्दविन्यास एक-जैसा है।

---

*पहले पद्यमें 'जिनेन्द्र' पदके द्वारा ग्रन्थकर्ताका नामोल्लेख किया गया है; क्योंकि पूज्यपादका 'जिनेन्द्र' अथवा 'जिनेन्द्रबुद्धि' भी नामान्तर है और 'विबुधेन्द्रवंद्य' पद पूज्यपाद नामका भी द्योतक है।

(४) दोनों टीकाओंमें 'परमेष्ठी' पदकी जो व्याख्या की गई है वह एक ही जैसी है। यथा—

परमे इन्द्रादीनां वंद्ये पदे तिष्ठतीति परमेष्ठी। —रत्नाकरण्डकटीका

परमे इंद्रादिवंद्ये पदे तिष्ठतीति परमेष्ठी स्थानशीलः। —समाधितंत्रटीका

(५) दोनों टीकाओंके अन्तिम पद्य इस प्रकार हैं—

येनाज्ञानतमो विनाश्य निखिलं भव्यात्मचेतो गतं
सम्यग्ज्ञानमहांशुभिः प्रकटितः सागारमार्गोऽखिलः।
स श्रीरत्नकरण्डकामलरविः संसृत्सरिच्छोषको
जीयादेष समन्तभद्रमुनिपः श्रीमत्प्रभेन्दुर्जिनः॥
—रत्नकरण्डकटीका

येनात्मा बहिरन्तरुत्तमभिधा त्रेधा विवृत्योदितो
मोक्षोऽनन्तचतुष्टयामलवपुः सद्ध्यानतः कीर्तितः।
जीयात्सोऽत्र जिनः समस्तविषयः श्रीपादपूज्योऽमलो
भव्यानन्दकरः समाधिशतकः श्रीमत्प्रभेन्दुः प्रभुः॥
—समाधितन्त्रटीका

इन दोनों पद्योंमें, अपने अपने ग्रन्थके प्रतिपाद्य विषयका सारांश देते हुए, जिस युक्तिसे जिनदेव, ग्रन्थकार ( श्रीपादपूज्य, समन्तभद्रमुनि ), ग्रन्थ (समाधिशतक, रत्नकरण्डक) और टीकाकार (प्रभेन्दु=प्रभाचन्द्र) को आशीर्वाद दिया गया है वह दोनोंमें बिल्कुल एक ही है, दोनों की प्रतिपादन-शैली अथवा लेखन-पद्धति में जरा भी भेद नहीं है, छंद भी दोनोंका एक ही है और दोनोंमें 'येन, जिनः, श्रीमान् , प्रभेन्दुः, सः, जीयात' पदोंकी जो एकता और 'कीर्तितः, प्रकटितः' आदि पदोंके प्रयोगकी जो समानता पाई जाती है वह मूल पदोंपरसे प्रकट ही है, उसे और स्पष्ट करके बतलानेकी कोई जरूरत नहीं है।

रत्नकरण्डश्रावकाचारकी इस टीकाका स्पष्ट उल्लेख पं० आशाधरजीने अपने अनगारधर्मामृतकी स्वोपज्ञटीकामें किया है ※ ? जो कि वि० सं० १३००में बनकर

※ यथाहुस्तत्र भगवन्तः श्री प्रभेन्दुपादाः रत्नकरण्डटीकायां 'चतुरावर्तत्रितय' इत्यादि सूत्रे 'द्विनिषद्य' इत्यस्य व्याख्याने 'देववन्दनां कुर्वता हि प्रारम्भे

समाप्त हुई, और इसलिये प्रभाचन्द्रकी रत्नकरण्ड टीका सं० १३०० से पूर्वकी रचना है इसमें विवादके लिए कोई स्थान नहीं है। रत्नकरण्ड टीकामें प्रभाचन्द्रने प्रमयेकमलमार्तण्ड' और 'न्यायकुमुचन्द्र' नामके ग्रंथोंका स्पष्ट उल्लेख किया है ×, जिनमें पहला ग्रंथ नामके भोजदेव और दूसरा भोजके उत्तराधिकारी जयसिंह देवके राज्यकालकी रचना है, यह बात अब अनेक प्रमाणों एवं उल्लेखवाक्यों द्वारा स्पष्ट हो चुकी है। जयसिंह देवका राज्यकाल प्रायः वि० सं० १११० से १११६ तक पाया जाता है। ऐसी हालतमें रत्नकरण्ड टीकाकी पूर्वावधि सं० १११० तक पहुँचती है—अर्थात् सं० १११०से १३०० तक मध्यवर्ती किसी समयमें इसकी रचना हुई, इतना भी स्पष्ट है। इस विषयमें कुछ विद्वानोंका मत है कि जो प्रभाचन्द्र प्रमेयकमलमार्तण्ड और न्यायकुमुदचन्द्रके कर्ता हैं वे ही रत्नकरण्ड टीकाके भी कर्ता हैं और उसका मुख्य आधार रत्नकरण्ड टीकाका वह वाक्य है जिसमें विस्तारके लिये उक्त दोनों ग्रंथोंको देखनेका उल्लेख है। ऐसे उल्लेख यद्यपि अपने ही ग्रंथोंके नहीं किन्तु दूसरोंके ग्रंथोंके भी किए जाते हैं जिसके दो एक नमूने इस प्रकार हैं:—

"तथाप्तमीमांसायां व्यासतः समर्थितत्वात् ।"

"यथाचाऽभावैकान्तादिपक्षा न्यक्षेण प्रतिक्षिप्ता देवागमाप्तमीमांसायां तथेह प्रतिपत्तव्या इत्यलमिह विस्तरेण ।"

—युक्त्यनुशासन टीका

"इत्यादिरूपेण कृष्णादि षडलेश्यालक्षणं गोम्मट (सार) शास्त्रादौ विस्तरेण भणितमास्ते तदत्रनोच्यते ।"

—पंचास्तिकाय टीका जयसेनीया

ऐसी स्थितिमें बिना किसी प्रबल प्रमाणकी उपलब्धिके रत्नकरण्डकी टीकाके उक्त वाक्य मात्रसे, जिसे पीछे फुटनोटमें दिया गया है, यह लाजमी नतीजा नहीं निकाला जा सकता कि वह टीका और उक्त दोनों ग्रंथ एकही प्रभाचन्द्रकी कृतियाँ हैं। इसके लिये कुछ और अधिक स्पष्ट प्रमाणोंके सामने आनेकी जरूरत है।

---

समाप्तौ चोपविश्य प्रणामः कर्तव्यः' इति ।

× तदलमतिप्रसंगेन प्रमेयकमलमार्तण्डे न्यायकुमुदचन्द्रे प्रपंचतः प्ररूपणात् ।

हालमें समाधितन्त्र-टीकाकी मूडबिद्रीके जैनमठमें मौजूद एकताडपत्रीय प्रतिका अन्तिम पुष्पिका वाक्य प्रकाशमें आया है, जो इस प्रकार है :—

"इति' श्री जयसिंहदेवराज्ये श्रीमद्धारा निवासिना परापरपरमेष्ठि' प्रणामोपार्जितामलपुण्यनिराकृताखिलमलकलंकेन श्रीमत्प्रभाचन्द्रपंडितेन समधिशतकः टीका कृतेति।"

इस वाक्यमें 'श्रीजयसिंह देवराज्ये' पदके साथ प्रभाचन्द्रके लिये जिन विशेषण-पदोंका प्रयोग किया गया है वे सब वे ही है जो कि न्यायकुमुदचन्द्रके अन्तमें दिये हुये पुष्पिका वाक्यमें पाये जाते हैं। ये सब पद यदि मूल टीकाकारके पद हैं और न्यायकुमुदचन्द्रका अनुसरण करके बादको किसी दूसरेके द्वारा बढ़ाये हुए नहीं है तो कहना होगा कि समाधितन्त्र टीका उन्हीं प्रभाचन्द्रकी कृति है जो कि प्रमेयकमलमार्तण्ड तथा न्यायकुमुदचन्द्रके कर्ता हैं। और तदनुसार रत्नकरण्ड टीकाको भी उन्हीं प्रभाचन्द्रकी कृति कहना होगा। ऐसी हालतमें इस टीकाका रचनाकाल विक्रमकी १२वीं शताब्दीका प्रथमचरण ठहरता है।

## इष्टोपदेशके टीकाकार पं० आशाधर

पं० आशाधरजी जैनसमाजमें एक सुप्रसिद्ध बहुश्रुत विद्वान हो गये हैं, जिनके बनाये हुए सागारधर्मामृत और अनगारधर्मामृत जैसे ग्रन्थ स्वोपज्ञटीकाओंके साथ लोकमें खूब प्रचलित है। आप बघेरवालजातिमें उत्पन्न हुए थे। आपके पिताका नाम सल्लक्षण, माताका श्रीरत्नी, पत्नीका सरस्वती और पुत्रका नाम छाहड था। वे पहले मांडलगढ़ (मेवाड़) के निवासी थे, शहाबुद्दीन गौरीके हमलोंसे संत्रस्त होकर सं० १२४९ के लगभग मालवाकी राजधानी धारा में आ बसे थे और बादको उसे भी त्यागकर जैनधर्मके प्रचारकी दृष्टिसे नलकच्छपुर (नालछा) में रहने लगे थे। यहीं रहकर आपने अपने अधिकांश ग्रन्थोंकी रचना की है। आपका जिनयज्ञकल्प (प्रतिष्ठासारोद्वार) नामका ग्रंथ वि० सं० १२८५ में बनकर समाप्त हुआ है, जिसकी प्रशस्तिमें उन बहुतसे ग्रन्थोंकी सूची दी गई है जा उससे पहले रचे जा चुके थे और जिनमें १ प्रमेयरत्नाकर, २ भरतेश्वराभ्युदय काव्य, ३ धर्मामृत (दो भागोंमें अनगार सागारके भेदसे), ४ ज्ञानदीपिका,

५ अष्टाङ्गहृदयोद्योत (वैद्यक), ६ मूलाराधनादर्पण, ७ अमरकोष-टीका, ८ क्रिया-कलाप, ९ काव्यालंकार टीका, १० सहस्रनामस्तवन सटीकके नाम खास तौरसे उल्लेखनीय हैं। इसी सूची में इष्टोपदेशटीकाका भी नाम दिया है। और इससे प्रस्तुत टीका सं० १२८५ से पूर्वकी रचना है यह सुनिश्चित है। पं० आशाधरजीने सं० १२९२में त्रिषष्टिस्मृतिशास्त्रकी रचना की, जिसमें श्रीजिनसेनके महापुराणके आधारपर चौबीसतीर्थंकरोंका चरित्र संक्षेपमें दिया गया है; सं० १२९६ में सागार-धर्मामृतकी टीकाकी रचना समाप्त की। इस बीचमें आप नित्यमहोद्योत ( जिनाभिषेक शास्त्र ), राजीमती विप्रलम्भ ( खण्ड काव्य ) और अध्यात्मरहस्य जैसे कुछ और भी महत्वके ग्रन्थोंकी रचना कर चुके थे, जिन सबका उल्लेख अनगार-धर्मामृतकी टीका प्रशस्तिमें पाया जाता है। इस टीकाके बाद आपकी किसी दूसरी कृतिका पता अभीतक नहीं चला। आपकी जो मुख्य कृतियाँ अभीतक भी अनुपलब्ध चली जाती है उनके नाम हैं—१ प्रमेयरत्नाकर, २ भरतेश्वराभ्युदयकाव्य, ३ ज्ञानदीपिका, ४ अष्टाङ्गहृदयोद्योत, ५ अमरकोष-टीका ६ रुद्रटकृतकाव्यालंकार-टीका, ७ राजीमती विप्रलम्भ, ८ अध्यात्मरहस्य। इन सब ग्रन्थोंकी प्रयत्नपूर्वक शीघ्र खोज होनी चाहिये। इष्टोपदेशकी प्रस्तुतटीका सागरचन्दके शिष्य विनयचन्द्र-के अनुरोधसे लिखी गई है और विषय-विवेचनकी दृष्टिसे अच्छी महत्वपूर्ण है।

वीरसेवामन्दिर, सरसावा<br>५-५-१९३९

—जुगलकिशोर मुख्तार

# समाधितंत्रकी विषयानुक्रमणिका


| विषय | पृष्ठ |
|---|---|
| सिद्धात्मा और सकलात्माको नमस्कार-रूप मंगलाचरण (१, २) | १ |
| विषय तथा आधारको स्पष्ट करते हुए ग्रन्थ रचनेकी प्रतिज्ञा (३) | ७ |
| आत्माके बहिरात्मा, अन्तरात्मा और परमात्मा ऐसे तीन भेद और उनकी हेयोपादेयता (४) ... | ८ |
| बहिरात्मादिका जुदा-जुदा लक्षण (५) | १० |
| परमात्माके वाचक कुछ नाम (६) | १२ |
| बहिरात्माके शरीरमें आत्मत्वबुद्धि होनेका कारण (७) ... | १३ |
| चतुर्गति-सम्बंधी शरीरभेदसे जीवभेदकी मान्यता (८, ९) ... | १५ |
| बहिरात्माकी अन्यशरीर-विषयक मान्यता (१०) ... | १७ |
| शरीरमें आत्मत्व-बुद्धिका परिणाम (११,१२) ... | १८ |
| बहिरात्मा और अन्तरात्माका कर्तव्यभेद (१३) ... | २० |
| शरीरमें आत्मत्वबुद्धिपर खेद (१४) | २१ |
| शरीरसे आत्मत्वबुद्धि छोड़ने और अन्तरात्मा होनेकी प्रेरणा (१५) | २२ |
| अन्तरात्माका अपनी पूर्व अवस्थापर खेदप्रकाश (१६) ... | २४ |
| आत्मज्ञानका उपाय (१७) | २५ |
| अन्तरंग और बाह्य वचन-प्रवृत्तिके त्याग-का उपाय (१८) ... | २६ |
| अन्तर्विकल्पोंके त्यागका प्रकार (१९) | २७ |
| आत्माका निर्विकल्पक स्वरूप (२०) | २८ |
| आत्मज्ञानसे पूर्वकी और बादकी चेष्टाका विचार (२१,२२) ... | ३० |
| लिंग-संख्यादि विषयक भ्रमनिवारणात्मक विचार (२३) ... | ३१ |
| आत्मस्वरूप-विचार (२४) | ३२ |
| आत्मानुभवीका शत्रु-मित्र विचार (२५,२६) ... | ३३ |
| परमात्मपदकी प्राप्तिका उपाय (२७) | ३५ |
| परमात्मपदकी भावनाका फल (२८) | ३६ |
| भय और अभयके स्थान (२९) | ३७ |
| आत्माकी प्राप्तिकाउपाय(३०,३१,३२) | ३८ |
| आत्मज्ञानके विना तपश्चरण व्यर्थ—मुक्ति नहीं हो सकती (३३ | ४१ |
| आत्मज्ञानीको तपश्चरणसे खेद नहीं होता (३४) ... | ४३ |

| विषय | पृष्ठ |
|---|---|
| खेद करनेवाला आत्मज्ञानी नहीं—निश्चल मन प्राणी ही आत्मदर्शी होता है ३५) | ४३ |
| आत्मतत्त्व और आत्मभ्रांतिका स्वरूप और उसमें त्याग-ग्रहण (३६) | ४४ |
| मनके विक्षिप्त तथा अविक्षिप्त होनेका कारण (३७) ... | ४५ |
| चित्तके विक्षिप्त-अविक्षिप्त होनेका वास्तविक फल (३८) ... | ४६ |
| अपमानादि तथा रागद्वेषादिको दूर करनेका उपाय (३९) | ४७ |
| राग और द्वेषके विषय तथा विपक्षका प्रदर्शन (४०) ... | ४८ |
| भ्रमात्मक प्रेमके नष्ट होनेका फल ४१(४१) | |
| तपसे बहिरात्मा क्या चाहता है और अन्तरात्मा क्या ४२) .. | ५० |
| बहिरात्मा और अन्तरात्मामें कर्मबन्धन-का कर्त्ता कौन (४३) | ५१ |
| बहिरात्मा और अन्तरात्माका विचार-भेद (४४) ... | ५२ |
| अन्तरात्माकी देहादिमें अभेदरूपकी भ्रांति क्यों होती है (४५) | ५३ |
| अन्तरात्मा उस भ्रान्तिको कैसे छोड़े (४६) ... | ५४ |
| बहिरात्मा और अन्तरात्माके त्यागग्रहण-का स्पष्ट विवेचन (४७) | ५५ |
| अन्तरात्माके अंतरंग त्याग-ग्रहणका प्रकार (४८) | ५६ |
| स्त्री-पुत्रादिके साथ वचनादि-व्यवहारमें किनको सुख प्रतीत होता है और किनको नहीं (४९) | ५७ |
| अन्तरात्माकी भोजनादिके ग्रहणमें प्रवृत्ति कैसे हो सकती है (५०) | ५८ |
| अनासक्त अन्तरात्मा आत्मज्ञानको बुद्धिमें कैसे धारण करे (५१) | ५९ |
| इंद्रियोंको रोककर आत्मानुभव करने वालेको दुख सुख कैसे होता है (५२) | ६० |
| आत्मस्वरूपकी भावना किस तरह करनी चाहिये (५३) | ६१ |
| वचन और शरीरमें भ्रान्त तथा अभ्रांत मनुष्यका व्यवहार (५४) | ६३ |
| बाह्य विषयकी अनुपकारता और अज्ञानीकी आसक्ति (५५) | ६४ |
| मिथ्यात्वके वश बहिरात्माकी कैसी दशा होती है (५६) | ६४ |
| स्वशरीर और परशरीरको कैसे अवलोकन करना चाहिये (५७) | ६५ |
| ज्ञानीजीव आत्मतत्त्वका स्वयं अनुभव कर मूढात्माओंको क्यों नहीं बताते, जिससे वे भी आत्मज्ञानी बनें (५८,५९) | ६७ |
| मूढात्माओंके आत्मबोध न होनेका कारण (६०) | ६८ |

| विषय | पृष्ठ |
|---|---|
| अन्तरात्माकी शरीरादिके अलंकृत करनेमें उदासीनता (६१) | ६९ |
| संसार कब तक रहता है और मुक्तिकी प्राप्ति कब होती है (६२) | ७० |
| अन्तरात्माका शरीरके घनादिरूप होनेपर आत्माको घनादिरूप मानना (६३,६४,६५,६६) | ७१ |
| अन्तरात्माकी मुक्ति-योग्यता (६७) | ७४ |
| शरीरादिसे भिन्न आत्माको अनुभव करनेका फल (६८) | ७५ |
| मूढ़जन किसको आत्मा मानते हैं (६६) | ७७ |
| आत्मस्वरूपके जाननेके इच्छुकोंको शरीरसे भिन्न आत्म-भावना करनेका उपदेश (७०) | ७८ |
| आत्माकी एकाग्र भावनाका फल (७१) | ७६ |
| चित्तकी स्थिरताके लिये लोकसंसर्गका त्याग (७२) | ७६ |
| क्या मनुष्योंका संसर्ग छोड़कर जंगलमें निवास करना चाहिये (७३) | ८१ |
| आत्मदर्शी और अनात्मदर्शी होनेका फल (७४) | ८२ |
| वास्तवमें आत्मा ही आत्माका गुरु है (७५) | ८३ |
| बहिरात्मा तथा अन्तरात्मा मरणके सन्निकट आने पर क्या करता है (७६,७७) | ८४ |
| व्यवहारमें अनादरवान् हो आत्मबोधको प्राप्त होता है, अन्य नहीं (७८) | ८६ |
| जो आत्माके विषयमें जागता है वही मुक्तिको प्राप्त करता है (७६) | ८७ |
| भेद-विज्ञानी अन्तरात्माको यह जगत योगकी प्रारंभ और निष्पन्न अवस्थाओंमें कैसा प्रतीत होता है (८०) | ८८ |
| आत्माकी भिन्न भावनाके बिना भर पेट उपदेश सुनने-सुनानेसे मुक्ति नहीं होती (८१) | ८६ |
| भेद-ज्ञानकी भावनामें प्रवृत्त हुए अन्तरात्माका कर्तव्य (८२) | ६० |
| अव्रतोंकी तरह व्रतोंका विकल्प भी त्याज्य है (८३) | ६१ |
| व्रतोंके विकल्पको छोड़नेका क्रम (८४) | ६२ |
| अन्तर्जल्पसे युक्त उत्प्रेक्षा-जाल दुःखका मूल कारण है, उसके नाशसे परम पदकी प्राप्ति और नाश करनेका क्रम (८५,८६) | ६४ |
| व्रतविकल्पकी तरह लिंगका विकल्प भी मुक्तिका कारण नहीं (८७) | ६५ |
| जातिका आग्रह भी मुक्तिका कारण नहीं है (८८) | ६६ |
| ब्राह्मण-आदि-जाति-विशिष्ट मानव ही दीक्षित होकर मुक्ति पा सकता है, ऐसा जिनके आगमानुबन्धी हठ है वे भी परमपदको प्राप्त नहीं हो सकते (८६) | ६६ |

| विषय | पृष्ठ |
|---|---|
| मोही जीवोंके दृष्टि-विकारका परिणाम और दर्शन-व्यापारका विपर्यास (९०,९१) | ९७ |
| संयोगकी ऐसी अवस्थामें अन्तरात्मा क्या करता है (९२) | ९९ |
| बहिरात्मा और अन्तरात्माकी कौनसी दशा भ्रमरूप और कौन भ्रमरहित होती है (९३) | १०० |
| देहात्मदृष्टिका सकलशास्त्रपरिज्ञान और जाग्रत रहना भी मुक्तिके लिये निष्फल है (९४) | १०२ |
| ज्ञातात्माके सुप्तादि अवस्थाओंमें भी स्वरूप-संवेदन क्योंकर बना रहता है (९५) | १०३ |
| चित्त कहांपर अनासक्त होता है (९६) | १०४ |
| भिन्नात्मस्वरूप ध्येयमें लीनताका फल (९७) | (१०५) |
| अभिन्नात्माकी उपासनाका फल (९८) | १०६ |
| भिन्नाऽभिन्नस्वरूप आत्मभावनाका उपसंहार (९९) | १०७ |
| आत्मतत्त्वके विषयमें चार्वाक और सांख्यमतकी मान्यताओंका निरसन (१००) | १०८ |
| मरणरूप विनाशके हो जानेपर उत्तर-कालमें आत्माका अस्तित्व कैसे बन सकता है (१०१) | ११० |
| अनादि-निधन आत्माकी मुक्तिके लिये दुर्द्धर तपश्चरण-द्वारा कष्ट उठाना व्यर्थ नहीं, आवश्यक है (१०२) | ११२ |
| शरीरसे आत्माके सर्वथा भिन्न होनेपर आत्माकी गति-स्थितिसे शरीरकी गति-स्थिति कैसे होती है (१०३) | ११३ |
| शरीर-यंत्रोंकी आत्मामें आरोपना-अनारोपना करके जड़-विवेकी जीव किस फलको प्राप्त होते हैं (१०४) | ११४ |
| ग्रन्थ का उपसंहार (१०५) | ११५ |
| अन्तिम मंगलकामना | ११६ |

# इष्टोपदेशकी विषयानुक्रमणिका


| विषय | पृष्ठ |
|---|---|
| सिद्धात्माको नमस्कार (१) | ११७ |
| स्वस्वरूपकी प्राप्ति कैसे होती है? (२) | ११९ |
| व्रतोंके अनुष्ठानसे ही स्वस्वरूपकी प्राप्ति होती है अव्रतोंसे नहीं (३) | १२० |
| व्रताचरणसे केवल सांसारिक सुखही नहीं होता किन्तु वह मोक्ष सुखका भी साधक है (४) | १२२ |
| व्रताचरणसे स्वर्गसुख होने पर वहाँ और क्या फल प्राप्त होते हैं ? (५) | १२५ |
| सांसारिक सुखकी अवास्तविकता (६) | १२७ |
| सुख-दुख वासनामात्रसे जन्य होनेके कारण उनकी प्रतीति नहीं होती (७) | १३० |
| वस्तुका वास्तविक स्वभाव ज्ञात न होनेका फल (८) | १३२ |
| उक्त बातका दृष्टांतपूर्वक समर्थन (९) | १३३ |
| अहितभावक अभिव्यक्तकों पर द्वेषभाव दूर करनेका दृष्टान्त द्वारा सुझाव (१०) | १३४ |
| इष्ट अनिष्ट पदार्थोंमें राग-द्वेष करनेका परिणाम (११) | १३६ |
| सांसारिक सुखके वास्तविक स्वरूपका परिज्ञान (निदान) (१२) | १३९ |
| संसारी जीवोंके सुख-दुखका विचार (१३) | १४१ |
| लोकमें कष्टकारक सम्पदाके त्यागका विचार (१४) | १४३ |
| धन विपत्ति-मूलक होते हुए भी धनार्थी उसे नहीं देखते (१५) | ११४ |
| धनके बिना पुण्यकी कारण प्रशस्तक्रियाओंका अनुष्ठान संभव नहीं (१६) | १४५ |
| क्या भोगोपभोगके लिये केवल धनका साधन प्रशस्त हो सकता है ? (१७) | १४८ |
| कायाके स्वरूप विचारका निर्देश (१८) | १५४ |
| धनसे धर्मका अनुष्ठान होने तथा उससे आत्म-उपकारकी सम्भावना होनेका विचार (१९) | १५६ |
| क्या ध्यानसे शरीरका उपकार होता है ? (२०) | १५९ |
| आत्माका स्वरूप (२१) | १६० |
| ग्रात्म-उपासनाका निर्देश (२२) | १६५ |
| आत्म-उपासनाका प्रयोजन (२३) | १६७ |
| आत्मध्यानमें लीन योगीको आत्मध्यानसे क्या लाभ होता है ? (२४) | १७० |

| विषय | पृष्ठ |
|---|---|
| ध्यान और ध्येयादि अवस्थामें आत्माके संयोगादि सम्बन्धका अभाव सूचन (२५) | १७४ |
| कर्मबंधके संयोग और वियोगका कारण (२६) | १७५ |
| निर्ममत्वभावनाके चिन्तवनका उपाय (२७) | १७८ |
| शरीरादिके सम्बन्धसे जीवको दुःख भोगने पड़ते हैं उनके परित्यागका निर्देश (२८) | १८० |
| शरीरादि पुद्गल द्रव्योंके सम्बन्धसे होने वाले जन्म-मरणादि दुःखोंके दूर करनेका उपाय (२९) | १८२ |
| शरीर और आत्माकी अभेदबुद्धि ही दुःखका कारण है उसके परित्यागका उपदेश (३०) | १८४ |
| पुद्गल कर्मोंका बंध जीवके साथ कैसे होता है ? (३१) | १८५ |
| उपरोक्त बातका स्पष्टीकरण (३२) | १८७ |
| स्व-परका भेदविज्ञान और ज्ञाताको उसकी फलप्राप्तिका कथन (३३) | १८८ |
| मोक्षसुखका निर्दोष रूपसे अनुभव करने वाले गुरुका स्वरूप (३४) | १८६ |

| विषय | पृष्ठ |
|---|---|
| आत्माका गुरु आत्मा ही है (३५) | १६२ |
| आत्मस्वरूपके अभ्यासका उपाय (३६) | १६४ |
| योगीकी स्व-पर-विवेक संवित्तिके जाननेका उपाय (३७) | १६५ |
| इंद्रिय-विषयोंकी विरक्ति ही आत्मस्वरूपकी साधक है (३८) | १६७ |
| स्वात्म-संवित्तिके चिन्ह (३९) | १६६ |
| स्वात्म-संवित्तिका फल (४०) | २०१ |
| आत्मध्यानका कार्य (४१) | २०३ |
| उसीका स्पष्टीकरण (४२) | २०४ |
| इस तरहका अवस्थान्तर कैसे सम्भव है ? (४३) | २०६ |
| योगीकी स्वात्मानुभवमें रति होने पर अन्य पदार्थोंमें प्रवृत्तिका अभाव (४४) | २०७ |
| पर पदार्थोंके अनुरागसे क्या क्या फल होते हैं ? (४६) | २११ |
| स्वरूपको अपनानेका फल (४७) | २१२ |
| आत्मानन्दका कार्य (४८ | २१३ |
| वस्तुतत्वके विचारका संकोच (५०) | २१६ |
| शास्त्र अध्ययनका साक्षात् और परम्परा-फल (५१) | २१८ |

# समाधितंत्र-टीकाका शुद्धि-पत्र

| पृष्ठ | पंक्ति | अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|---|---|
| २४ | ५ | प्रप्रद्या | प्रपद्या |
| ३६ | १३ | वृत्तको | वृत्तिको |
| ४२ | ४ | जाना | जानता |
| ,, | १८ | अशंका | आशंका |
| ४३ | ४ | आनदन्द | आनन्द |
| ,, | २० | आम | आत्म |
| ४४ | २, १७ | स्ततत्त्वं | स्तत्त्वं |
| ,, | २ | सतत् | तत् |
| ४६ | १३ | अभ्रात्मक | भ्रमात्मक |
| ,, | १५, १७ | विभ्रजं | विभ्रमजं |
| ८१ | ९ | गतेबीजदेऽहो | गर्तेबीजं देहेऽ |
| ८६ | २० | जग्गदि | जो जग्गदि |
| ९१ | १८ | है और | है और (व्रतैः) अहिंसादिक पांच व्रतोंके पालनेसे (पुण्यं) पुण्यका बंध होता है, और |
| ११६ | ४ | योग्यो पदान | योग्योपादान- |
| १२१ | ४, ५ | अव्रतोंसे पहले नरक-दुःख भोगना पड़ता है पश्चात् मुक्ति प्राप्त होती है । | अव्रतोंसे नरक-दुःख भोगना पड़ता है। |
| १२४ | १०-११ | नरकादि दुःखोंके साथ मोक्ष प्राप्त होगा और व्रताचरणके साथ आत्म-लाभ होगा । | नरकादिके दुःखोंको प्राप्त होगा और व्रताचरणसे स्वर्ग-सुखके साथ आत्म-लाभ होगा । |
| ,, | १८ | मुक्तर्थे | भुक्तये |
| १२७ | १६ | -थत्तश्च | वत्तश्च |

| | | | |
|---|---|---|---|
| १२८ | ६ | पत्नी | पति |
| ,, | १८ | सर्वारम्भस्तंदुला-प्रस्थमूलाः | सर्वारम्भास्तन्दुलप्रस्थमूलाः |
| १३१ | २ | प्रतिभावित | प्रतिभासित |
| ,, | ३-४ | यथा नैक- | यथाऽनेक- |
| १४३ | ३ | ऽनेक्षते | नेक्षते |
| १४४ | १८ | आयुका | आयुके |
| १५२ | ७ | आर्थिभ्य- | अर्थिभ्य- |
| ,, | ६ | पर्यग्रही, | पयग्रही- |
| १५८ | १६ | यदा त्रिकं | यदात्रिकं |
| १६१ | १८ | येदकवं | वेदकत्वं |
| १६३ | ८ | निरत्यः | निरन्ययः |
| १६८ | ११ | ज्ञापक | ज्ञायक |
| १७१ | ६ | अनन्तगुणो | असंख्यातगुणो |
| १७२ | २ | -ह्लाद- | ल्हाद- |
| १७८ | १८ | -गोचराः | गोचरः |
| १८२ | १५ | कथा | व्यथा |
| १८४ | ७ | उच्छिष्टंष्वि | उच्छिष्टेष्विव |
| १८६ | १८ | दोह्लं | दोण्हं |
| १६१ | ८ | कमलकी नलिनी (डंठल) | नलिनी (तोता पकड़ने के लिए बनाया गया काष्ठका एक यंत्र-विशेष)। |
| , | ४ | डठलने | नलिनीने |
| ,, | ११ | कमलकी उस डंठलने | नलिनीने |
| ,, | १४ | डंठलके | नलिनीके |
| १६२ | १४ | अज्ञानी करनेमें | करनेमें |
| १६७ | १६ | कर्मजन्म | कर्मजन्य |
| २०२ | १६ | धारणा सौष्ठवाध्यान- | धारणा-सौष्ठवाद्ध्यान- |

| | | | |
|---|---|---|---|
| ,, | १८ | धरणा सौष्टव आदि | धारणाके सौष्ठव (सम्यक्अनुष्ठान) से |
| २०४ | १६ | जब भेदविज्ञान बना रहता है | जब तक भेद-दृष्टि बनी रहती है |
| ,, | २० | करता हूं | कर रहा हूं |
| ,, | २१ | तब तक उसे अपने | इस प्रकारका विकल्प और |
| २०५ | ११ | स्वयमेवा- | स्वमेवा- |
| २०७ | १४ | अब | तब |
| ,, | १६ | आगच्छं- | आगच्छे |
| २१६ | १८ | तत्स्यैव | तस्यैव |

# इष्टोपदेश टीकाका शुद्धि-पत्र

| पृष्ठ | पंक्ति | अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|---|---|
| २६२ | १० | भवंति | भवति |
| ,, | ११ | नगरांतर्गतं | नगरांतगतं |
| ,, | १३ | आतश्च | आतपश्च |
| ,, | २१ | संपत्त्यपेक्षया | संपत्त्यपेक्षया |
| २४३ | ३ | कर्त्ताऽदत्ते | कर्त्ता दत्ते |
| ,, | २४ | —करतया | —कारतया |
| २६६ | २,३ | यथानैक | यथाऽनेक |
| २६७ | २४ | यञ्च | यच्च |
| २६८ | २० | समालंभ्यं | समालम्ब्य |
| २६९ | ९ | स गिहणो | मणिहणो |
| ,, | २० | बहवो | बह्वयो |
| ,, | २२ | विनाश्यत्वम् | विनाशित्वम् |
| २७० | ३१ | धनापराद्यापदां | धनापहाराद्यापदं |
| ,, | २२ | विपदा | विपदः |
| २७१ | २१ | —यत्नेन | —यत्नेन |
| २७२ | ६ | यद्येवं सुखहेतो— | यद्येवं धनार्जनस्य पापप्रायतया दुःखहेतुर्वा धनं निद्यं तर्हि धनं बिना सुखहेतो— |
| ,, | ७ | स्यादिति | धनं स्यादिति |
| ,, | २१ | सुप्रसिरूत्वात् | सुप्रसिद्धत्वात् |
| २७३ | ५ | ननु | न तु |
| ,, | ,, | बलवता | बलवत्ता |
| ,, | २० | किंविष्टि | किंविशिष्ट |
| ,, | ३७ | सतत, पायः | संततापायः |
| ,, | २५ | —संभात् | संभवात् |
| २७५ | २ | ध्यानेन | ध्यानेन |

| | | | |
|---|---|---|---|
| ,, | १४ | ऐतन | एतेन |
| २७६ | ३ | कण– | करण |
| ,, | १० | –भावनां | भावानां |
| ,, | १३ | प्रधान्ये– | प्राधान्ये |
| २७७ | ८ | महात्म्य– | माहात्म्य– |
| ,, | १२ | –मात्माना– | –मात्मना– |
| २७८ | २५ | ध्तानं | ध्यानं |
| २८० | २० | सर्वथा | सर्वथा सर्वेण |
| २८१ | २ | किं प्रमाणं | क्रियमाणं |
| ,, | ६ | परिहृयंत | परिहियन्त |
| २८२ | १६ | –भूयंस्त्वे | –भूयस्त्वे |
| २८३ | १२ | व्यक्त्वा | त्यक्त्वा |
| २८५ | ७ | तद्वै कल्पे | तद्वै कल्पे |
| ,, | १४ | दृष्टव्यम् | दृष्टव्यम् |
| २८६ | ६ | –वप्ल | वल्प- |
| ,, | १२ | –गमिको | –गमिका |
| ,, | २५ | अत्यन्त्र | अन्यत्र |
| २८७ | २ | –तप्पते | –तप्यते |
| २८८ | २० | आगच्छं | अगच्छं |

ॐ

श्रीमद्देवनन्द्यपरनामपूज्यपादस्वामिविरचित—

# समाधितंत्र

(मंगलाचरण)

सकल विभाव अभावकर, किया आत्मकल्यान।
परमानन्द-सुबोधमय, नमूं सिद्ध भगवान ॥१॥
आत्म सिद्धिके मार्गका, जिसमें सुभग विधान।
उस समाधियुत तंत्रका, करूँ सुगम व्याख्यान ॥२॥

श्रीपूज्यपाद स्वामी मोक्षके इच्छुक भव्यजीवोंको मोक्षका उपाय और मोक्षके स्वरूपको दिखलानेकी इच्छासे शास्त्रकी निर्विघ्न परिसमाप्ति आदि फलकी इच्छा करते हुए इष्टदेवता-विशेष श्रीसिद्ध परमेष्ठीको नमस्कार करते हैं।

येनात्माऽबुद्ध्यतात्मैव परत्वेनैव चापरम्।
अक्षयानन्तबोधाय तस्मै सिद्धात्मने नमः ॥१॥

अन्वयार्थ— (येन) जिसके द्वारा (आत्मा) आत्मा (आत्मा एव) आत्मा रूपसे ही (अबुद्धयत) जाना गया है (च) और (अपरं) अन्यको—कर्मजनित मनुष्यादिपर्यायरूप पुद्गलको—(परत्वेन एव) पररूपसे ही (अबुद्धयत) जाना गया है (तस्मै) उस (अक्षयानन्तबोधाय) अविनाशी अनन्तज्ञानस्वरूप (सिद्धात्मने) सिद्धात्माको (नमः) नमस्कार हो।

भावार्थ—श्रीपूज्यपादस्वामीने श्लोकके पूर्वार्द्ध में मोक्षका उपाय और उत्तरार्द्ध में मोक्षका स्वरूप बताया है तथा सिद्ध परमात्मारूप इष्टदेवताको नमस्कार किया है। यह जीव अनादिकालसे मोह-मदिराका पान कर आत्माके निज चैतन्य स्वरूपको भूल रहा है, अचेतन विनाशीक परपदार्थोंमें आत्मबुद्धि कर रहा है, तथा चिरकालीन मिथ्यात्वरूप विपरीताभिनिवेशके सम्बन्धसे उन परपदार्थोंको अपना हितकारक समझता है और वह आत्माके उपकारी ज्ञान-वैराग्यादिक पदार्थोंको, जो कर्मबन्धनके छुड़ानेमें निमित्तभूत हैं, दुःखदायी समझता है। जैसे पित्तज्वर वाले रोगीको मीठा दूध कडुवा मालूम होता है, ठीक उसी प्रकार मिथ्यादृष्टि जीवको आत्माका उपकारक मोक्षका उपाय भी विपरीत जान पड़ता है। संसारके समस्त जीव सुख चाहते हैं, और दुःखसे डरते हैं तथा उससे छूटनेका उपाय भी करते हैं; परन्तु उस उपायके विपरीत होनेसे चतुर्गतिरूप संसारके दुःखसे उन्मुक्त नहीं हो पाते हैं। वास्तवमें सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्ररूप रत्नत्रय-

की एकता ही मोक्षकी प्राप्तिका परम उपाय है । इस रत्नत्रयकी परमप्रकर्षतासे ही कर्मोंका दृढ़ बन्धन आत्मासे छूट जाता है और आत्मा अपने स्वरूपको प्राप्त कर लेता है । ग्रन्थकारने ऐसा ह। आशय प्रकट किया है ।

जब यह आत्मा सुगुरुके उपदेशसे या तत्त्वनिर्णयरूप संस्कारसे आत्माके स्वरूपको विपरीत बनाने वाले दर्शनमोहनीय-कर्मका उपशमादि कर सम्यक्त्व प्राप्त करता है, उस समय आत्मामेंसे विपरीताभिनिवेशके सम्बन्धसे होने वाली अचेतन-पर-पदार्थोंमें आत्मकल्पनारूप बुद्धि दूर हो जाती है । तभी मोक्षो-पयोगी प्रयोजनभूत जीवादि सप्ततत्त्वोंका यथार्थ श्रद्धान व परिज्ञान होता है, और परद्रव्योंसे उदासीन भावरूप चारित्र हो जाता है। इसलिये कर्मबन्धनसे छूटनेका अमोघ उपाय आत्माको आत्मरूप ही, तथा आत्मासे भिन्न कर्मजनित शरीरादि पर पदार्थोंको पर-रूपही जानना या अनुभव करना है । पदार्थोंके यथार्थ श्रद्धान, ज्ञान और आचरणसे आत्मा कर्मोंके बन्धनसे छूट जाता है, यही मोक्षकी प्राप्तिका उपाय है ।

ज्ञानावरणादिक अष्ट कर्मोंसे रहित आत्माकी आत्यंतिक—अन्तमें होने वाली—अवस्थाका नाम मोक्ष है । आत्माकी यह अवस्था अत्यन्त शुद्ध और स्वाभाविक होती है—रागादिक औपाधिक भावोंसे रहित है । अथवा यों कहिये कि जीवकी यह अवस्था नित्य निरंजन निर्विकार निराकुल एवं अबाधित सुखको

लिये हुए शुद्ध चिद्रूपमय अवस्था है, जो कि सम्यक्त्वादि अनंत गुणोंका समुदाय है। इस अवस्थाको लिये हुए श्रीसिद्ध-परमात्मा चरम शरीरसे किंचित् ऊन लोकके अग्रभागमें निवास करते हैं।

ग्रन्थकर्ता श्रीपूज्यपाद स्वामीने अविनाशी अनन्तज्ञानवाले सिद्धपरमात्माको नमस्कार किया है। इससे मालूम होता है कि ग्रन्थकर्ताको शुद्धात्माके प्राप्त करनेकी उत्कट अभिलाषा थी। जो जिस गुणकी प्राप्तिका इच्छुक होता है वह उस गुणसे युक्त पुरुष-को नमस्कार करता है। जैसे धनुर्विद्याके सीखनेका अभिलाषी धनुर्वेदीको नमस्कार करता है। वास्तवमें पूर्णता और कृतकृत्यता-की दृष्टिसे परमदेवपना सिद्धोंमें ही है। इसीसे उक्त श्लोकमें अक्षय-अनन्त-ज्ञानादि-स्वरूप सिद्ध परमात्माको सर्वप्रथम नम-स्कार किया गया है।

अब उक्त मोक्षस्वरूप और उसकी प्राप्तिके उपायका उपदेश करने वाले सकल परमात्माकी—घातिकर्म रहित जीवन्मुक्त आत्मा-की—स्तुति करते हुए आचार्य कहते हैं—

जयन्ति यस्यावदतोऽपि भारती
विभूतयस्तीर्थकृतोऽप्यनीहितुः ।
शिवाय धात्रे सुगताय विष्णवे
जिनाय तस्मै सकलात्मने नमः ॥२॥

अन्वयार्थ—( यस्य ) जिस ( अनीहितुः अपि ) इच्छासे भी भी रहित ( तीर्थकृतः ) तीर्थंकरकी (अवदतः अपि) न बोलते हुए भी—तालु-ओष्ठ-आदिके द्वारा शब्दोंका उच्चारण न करते हुए भी भारतीविभूतयः) वाणीरूपी विभूतियाँ—अथवा वाणी और छत्र त्रयादिक विभूतियां (जयन्ति) जयको प्राप्त होती हैं (तस्मै) उस (शिवाय) *शिवरूप-परम कल्याण अथवा परम सौख्यमय (धात्रे) विधाता अथवा ब्रह्मरूप—सन्मार्गके उपदेश द्वारा लोकके उद्धारक (सुगताय) सुगतरूप सद्बुद्धि एवं सद्गतिको प्राप्त (विष्णवे) विष्णुरूप—केवल ज्ञानके द्वारा समस्त चराचर पदार्थोंमें व्याप्त होने वाले ÷( जिनाय ) जिनरूप—संसारपरिभ्रमणके कारणभूत कर्मशत्रुओंको जीतने वाले × (सकलात्मने) सकलात्माको सशरीर शुद्धात्मा अर्थात् जीवन्मुक्त अरहंत परमात्माको ( नमः ) नमस्कार हो।

भावार्थ—इस श्लोकमें आचार्य महोदयने जैनधर्मके अनुसार सकल परमात्मा श्रीअरहंत भगवानका संक्षिप्त स्वरूप बतलाया है। अरहंत परमात्माका शरीर परमौदारिक है, दिव्य है, ज्ञानावरण,

---

*शिवं परमकल्याणं निर्वाणं शान्तमक्षयं।
प्राप्तं मुक्तिपदं येन स शिवः परिकीर्तितः॥ —आप्तस्वरूपः

÷विश्वं हि द्रव्यपर्यायं विश्वं त्रैलोक्यगोचरम्।
व्याप्तं ज्ञानत्विषा येन स विष्णुर्व्यापको जगत्॥३॥

×रागद्वेषादयो येन जिताः कर्म-महाभटाः।
कालचक्रविनिर्मुक्तः स जिनः परिकीर्तितः॥२१॥—आप्तस्वरूपः

दर्शनावरण, मोहनीय और अंतराय इन चार घातियाकर्मोंके विनाशसे उन्हें अनन्त चतुष्टयरूप अंतरंग विभूतियाँ प्राप्त हैं, तथा समवसरणादि बाह्य विभूतियाँ भी प्राप्त हैं, परन्तु वे उन बाह्य विभूतियोंसे अलिप्त रहते हैं। मोहनीयकर्मका अभाव हो जानेसे इच्छाएं अवशिष्ट नहीं रहतीं और इसलिए समवसरणमें बिना किसी इच्छाके तालु–ओष्ठ–आदिके व्यापारसे रहित अरहंत भगवानकी भव्य जीवोंका हित करने वाली धर्मदेशना हुआ करती है। समवसरण स्तोत्रमें भी कहा है कि—

'दुःखरहित सर्वज्ञकी वह अपूर्ववाणी हमारी रक्षा करे जो सबके लिये हित रूप है, वर्णरहित ( निरक्षरी ) है—होठोंका हलन चलन व्यापार जिसमें नहीं होता, जो किसी प्रकारकी वांछा-को लिये हुए नहीं है, न किसी दोषसे मलिन है, जिसके उच्चा-रणमें श्वासका रुकना नहीं होता और जिसे क्रोधादिविनिर्मुक्तों–साधुसन्तोंके साथ सकर्ण पशुओंने भी सुना है।'

इस श्लोककी टीकामें सकलपरमात्मा श्रीअरहंतके विशेषणों-का खुलासा किया गया है। और उसके द्वारा यह सूचित किया गया है कि घातिया कर्मरूपी शत्रुओंको जीतने वाले, रागादि अष्टादश दोषोंसे रहित, परमवीतराग, सर्वज्ञ और हितोपदेशी अरहंत ही सच्चे शिव हैं, महादेव हैं, विधाता हैं, विष्णु हैं, सुगत हैं—अन्यमतावलम्बियोंने शिवादिका जैसा स्वरूप बताया है उससे वे वास्तविक शिव या अरहंत नहीं हो सकते हैं; क्योंकि

उस स्वरूपानुसार उनके राग, द्वेष और मोहादिक दोषोंका सद्भाव पाया जाता है। ॥२॥

अब ग्रंथकार ग्रन्थके प्रतिपाद्य विषयको बतलाते हुए कहते हैं—

श्रुतेन लिंगेन यथात्मशक्ति
समाहितान्तःकरणेन सम्यक् ।
समीक्ष्य कैवल्यसुखस्पृहाणां
विविक्तमात्मानमथाभिधास्ये ॥३॥

अन्वयार्थ—(अथ) परमात्माको नमस्कार करनेके अनंतर [अहं] मैं पूज्यपाद आचार्य ( विविक्त आत्मानं ) कर्ममल रहित आत्माके शुद्धस्वरूपको (श्रुतेन) शास्त्रके द्वारा (लिंगेन) अनुमान व हेतुके द्वारा (समाहितान्तः करणेन) एकाग्र मनके द्वारा (सम्यक्-समीक्ष्य ) अच्छी तरह अनुभव करके ( कैवल्य-सुखस्पृहाणां ) कैवल्यपद-विषयक अथवा निर्मल अतीन्द्रियसुखकी इच्छा रखने वालोंके लिये (यथात्मशक्ति) अपनी शक्तिके अनुसार (अभिधास्ये) कहूंगा।

भावार्थ—यहां पर उस शुद्धात्मस्वरूपके प्रतिपादनकी प्रतिज्ञा की गई है जिसे ग्रंथकारने शास्त्रज्ञानसे, अनुमानसे और अपने चित्तकी एकाग्रतासे भले प्रकार जाना तथा अनुभव किया है। साथ ही, यह भी बतलाया है कि यह ग्रन्थ उन भव्य पुरुषों-को लक्ष्य करके लिखा जाता है जिन्हें कर्मोंके क्षयसे उत्पन्न होने वाले बाधा-रहित, निर्मल, अतीन्द्रिय सुखको प्राप्त करनेकी

इच्छा है। शास्त्रसे—समयसारादि जैनागम ग्रन्थोंसे मालूम होता है कि आत्मा एक है, नित्य है, ज्ञानदर्शन-लक्षणवाला है (ज्ञाता-द्रष्टा है) और शेष संयोग-लक्षण वाले समस्त पदार्थ मेरी आत्मासे बाह्य हैं—मैं उनका नहीं हूँ और न वे मेरे हैं। अनुमानसे जाना जाता है कि शरीर और आत्मा जुदे-जुदे हैं; क्योंकि इन दोनोंका लक्षण भी भिन्न-भिन्न है। जिनका लक्षण भिन्न-भिन्न होता है वे सब भिन्न होते हैं, जैसे जल और आग। इस तरह आगम और अनुमानके सहयोगके साथ चित्तकी एकाग्रतापूर्वक आत्माका जो साक्षात् अनुभव होता है वह तीसरी चीज है। इन तीनोंके आधारपर ही इस ग्रन्थके रचनेकी प्रतिज्ञा की गई है ॥३॥

आत्मा कितने तरहका होता है, जिससे शुद्धात्मा ऐसा विशेष कहा जाता है, और उन आत्माके भेदोंमें किसका ग्रहण और किसका त्याग करना चाहिये ? ऐसी आशंका दूर करनेके लिये आत्माके भेदोंका कथन करते हैं :—

* बहिरन्तः परश्चेति त्रिधात्मा सर्वदेहिषु ।
उपेयात्तत्र परमं मध्योपायाद् बहिस्त्यजेत् ॥४॥

अन्वयार्थ—(सर्वदेहिषु) सर्व प्राणियोंमें (बहिः) बहिरात्मा (अन्तः) अन्तरात्मा (च परः) और परमात्मा (इति) इस तरह

* "तिपयारो सो अप्पा परमंतरबाहिरो हु देहीणं ।
तत्थ परो झाइज्जइ अंतोवाएण चयहि बहिरप्पा ॥
—मोक्षप्राभृते, कुन्दकुन्दः ।

(त्रिधा) तीन प्रकारका ( आत्मा ) आत्मा ( अस्ति ) है। (तत्र) आत्माके उन तीन भेदोंमेंसे (मध्योपायात्) अन्तरात्माके उपाय-द्वारा (परमं) परमात्माको (उपेयात्) अंगीकार करे—अपनावे और ( बहिः ) बहिरात्माको ( त्यजेत् ) छोड़े ।

भावार्थ—आत्माकी तीन अवस्थाएँ होती हैं—बहिरात्मा, अन्तरात्मा और परमात्मा। उनमेंसे जब तक प्रत्येक संसारी जीवकी अचेतन पुद्गल-पिंडरूप शरीरादि विनाशीक पदार्थोंमें आत्मबुद्धि रहती है, या आत्मा जब तक मिथ्यात्व-अवस्थामें रहता है। तब तक वह 'बहिरात्मा' कहलाता है। शरीरादिमें आत्मबुद्धिका त्याग एवं मिथ्यात्वका विनाश होने पर जब आत्मा सम्यग्दृष्टि हो जाता है तब उसे 'अन्तरात्मा' कहते हैं। उसके तीन भेद हैं—उत्तम अन्तरात्मा, मध्यम अन्तरात्मा और जघन्य अन्तरात्मा। अन्तरंग-बहिरंग-परिग्रहका त्याग करने वाले, विषय-कषायोंको जीतने वाले और शुद्ध उपयोगमें लीन होने वाले तत्त्वज्ञानी योगीश्वर 'उत्तम अन्तरात्मा' कहलाते हैं, देशव्रतका पालन करने वाले गृहस्थ तथा छट्ठे गुणस्थानवर्ती मुनि 'मध्यम अन्तरात्मा' कहे जाते हैं और तत्त्वश्रद्धाके साथ व्रतोंको न रखने वाले अविरतसम्यग्दृष्टि जीव 'जघन्य अन्तरात्मा' रूपसे निर्दिष्ट हैं।

आत्मगुणोंके घातक ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोहनीय और अन्तराय नामक चार घातियाकर्मोंका नाश करके आत्माकी

अनन्त चतुष्टयरूप शक्तियोंको पूर्ण विकसित करने वाले 'पर-मात्मा' कहलाते हैं। अथवा आत्माकी परम विशुद्ध अवस्थाको 'परमात्मा' कहते हैं। यदि कोई कहे कि अभव्योंमें तो एक बहि-रात्मावस्था ही संभव है, फिर सर्व प्राणियोंमें आत्माके तीन भेद कैसे बन सकते हैं? यह कहना ठीक नहीं है; क्योंकि अभव्य जीवों में भी अन्तरात्मावस्था और परमात्मावस्था शक्तिरूपसे ज़रूर है, परन्तु उक्त दोनों अवस्थाओंके व्यक्त होनेकी उनमें योग्यता नहीं है। यदि ऐसा न माना जाय तो अभव्योंमें केवल ज्ञानावरणीय कर्मका बन्ध व्यर्थ ठहरेगा। इसलिये चाहे निकट भव्य हो, दूरान्दूर भव्य हो अथवा अभव्य हो, सबमें तीन प्रकारका आत्मा मौजूद है। सर्वज्ञमें भी भूतप्रज्ञापन नयकी अपेक्षा घृत-घटके समान बहिरात्मावस्था और अन्तरात्मावस्था सिद्ध है!

आत्माकी इन तीन अवस्थाओंमेंसे जिनकी परद्रव्यमें आत्म-बुद्धिरूप बहिरात्मावस्था हो रही है उनको प्रथमही सम्यक्त्व प्राप्त कर उस विपरीताभिनिवेशमय बहिरात्मावस्थाको छोड़ना चाहिये और मोक्षमार्गकी साधक अन्तरात्मावस्थामें स्थिर होकर आत्मा-की स्वाभाविक वीतरागमयी परमात्मावस्थाको व्यक्त करनेका उपाय करना चाहिये ॥४॥

अब बहिरात्मा, अन्तरात्मा और परमात्मामेंसे प्रत्येकका लक्षण कहते हैं—

❀ बहिरात्मा शरीरादौ जातात्मभ्रान्तिरान्तरः ।
चित्तदोषात्मविभ्रान्तिः परमात्माऽतिनिर्मलः ॥५॥

अन्वयार्थ—(शरीरादौ जातात्मभ्रान्तिः बहिरात्मा) शरीरादिकमें आत्मभ्रान्तिको धरनेवाला—उन्हें भ्रमसे आत्मा समझनेवाला—बहिरात्मा है। (चित्तदोषात्मविभ्रान्तिः आन्तरः) चित्तके, रागद्वेषादिक दोषोंके और आत्माके विषयमें अभ्रान्त रहनेवाला—उनका ठीक विवेक रखनेवाला अर्थात् चित्तको चित्तरूपसे, दोषोंको दोषरूपसे और आत्माको आत्मरूपसे अनुभव करनेवाला—अन्तरात्मा कहलाता है। (अतिनिर्मलः परमात्मा) सर्व कर्ममलसे रहित जो अत्यन्त निर्मल है वह परमात्मा है।

भावार्थ-मोक्षमार्गमें प्रयोजनभूत तत्त्वोंका जैसा स्वरूप जिनेन्द्र देवने बताया है उसको वैसा न माननेवाला बहिरात्मा अथवा मिथ्यादृष्टि कहलाता है। दर्शनमोहके उदयसे जीवमें अजीवकी कल्पना और अजीवमें जीवकी कल्पना होती है, दुःखदाई रागद्वेषादिक विभाव भावोंको सुखदाई समझ लिया जाता है, आत्माके हितकारी ज्ञान वैराग्यादि पदार्थोंको अहितकारी जानकर उनमें अरुचि अथवा द्वेषरूप प्रवृत्ति होती है और कर्मबंधके शुभाशुभ फलोंमें राग, द्वेष होनेसे उन्हें अच्छे बुरे मान लिया

---

❀ 'अक्खाणि बाहिरप्पा अंतरप्पा हु अप्पसंकप्पो।
कम्म-कलंक-विमुक्को परमप्पा भण्णए देवो ॥५॥

—मोक्षप्राभृते, कुन्दकुन्दः।

जाता है। साथही, इच्छाएं बलवती होती जाती हैं, विषयोंकी चाहरूप दावानलमें जीव रात-दिन जलता रहता है। इसीलिये आत्मशक्तिको खोदेता है और आकुलतारहित मोक्ष सुखके खोजने अथवा प्राप्त करनेका कोई प्रयत्न नहीं करता। इस प्रकार जातितत्त्व और पर्यायतत्त्वोंका यथार्थ परिज्ञान न रखनेवाला जीव मिथ्यादृष्टि बहिरात्मा है। चैतन्यलक्षणवाला जीव है, इससे विपरीत लक्षणवाला अजीव है, आत्माका स्वभाव ज्ञाता-द्रष्टा है, अमूर्तिक है और ये शरीरादिक परद्रव्य हैं, पुद्गलके पिंड हैं, विनाशीक हैं, जड़ हैं मेरे नहीं हैं और न मैं इनका हूँ, ऐसा भेदविज्ञान करनेवाला सम्यग्दृष्टि 'अन्तरात्मा' कहलाता है। अत्यन्त विशुद्ध आत्माको 'परमात्मा' कहते हैं, परमात्माके दो भेद हैं—एक सकलपरमात्मा दूसरा निष्कलपरमात्मा। जो चार घातिया कर्ममलसे रहित होकर अनन्तज्ञानादि चतुष्टयरूप अन्तरंगलक्ष्मी और समवसरणादिरूप बाह्यलक्ष्मीको प्राप्त हुए हैं उन सर्वज्ञ वीतराग परमहितोपदेशी आत्माओंको 'सकलपरमात्मा' या 'अरहन्त' कहते हैं। और जिन्होंने सम्पूर्ण कर्ममलोंका नाश कर दिया है, जो लोकके अग्रभागमें स्थित हैं, निजानन्द निर्भर-निजरसका पान किया करते हैं तथा अनन्तकाल तक आत्मोत्थ स्वाधीन निराकुल सुखका अनुभव करते हैं उन कृतकृत्योंको 'निष्कलपरमात्मा' या 'सिद्ध' कहते हैं ॥५॥

अब परमात्माके वाचक अन्य प्रसिद्ध नाम बतलाते हैं—

**निर्मलः केवलः शुद्धो विविक्तः प्रभुरव्ययः ।**
**परमेष्ठी परात्मेति परमात्मेश्वरो जिनः ॥६॥**

अन्वयार्थ—(निर्मलः) निर्मल-कर्मरूपीमलसेरहित (केवलः) केवलशरीरादिपरद्रव्यके सम्बंधसे रहित (शुद्धः) शुद्ध—द्रव्य और भावकर्मसे रहित होकर परमविशुद्धिको प्राप्त (विविक्तः) विविक्त—शरीर और कर्मादिके स्पर्शसे रहित (प्रभुः) प्रभु—इन्द्रादिकोंका स्वामी (अव्ययः) अव्यय—अपने अनन्त चतुष्टयरूप स्वभावसे च्युत न होने वाला ( परमेष्ठी ) परमपदमें स्थिर ( परात्मा ) परमात्मा—संसारी जीवोंसे उत्कृष्ट आत्मा ( ईश्वरः ) ईश्वर—अन्यजीवोंमें असम्भव ऐसी विभूतिका धारक और (जिनः) जिन—ज्ञानावरणादि सम्पूर्ण कर्म शत्रुओंको जीतनेवाला (इति परमात्मा) ये परमात्माके नाम हैं ।

भावार्थ—आत्मा अनंत गुणोंका पिण्ड है । परमात्मामें उन सब गुणोंके पूर्ण विकसित होनेसे परमात्माके उन गुणोंकी अपेक्षा अनन्त नाम हैं । इसीसे परमात्माको अजर, अमर, अक्षय, अरोग, अभय, अविकार, अज, अकलंक, अशंक, निरंजन, सर्वज्ञ, वीतराग, परमज्योति, बुद्ध, आनन्दकन्द, शास्ता, और विधाता जैसे नामोंसे भी उल्लेखित किया जाता है ॥६॥

अब यह दिखलाते हैं कि बहिरात्माके देहमें आत्मत्व बुद्धि होनेका क्या कारण है—

✻ बहिरात्मेन्द्रियद्वारैरात्मज्ञानपराङ्मुखः ।
स्फुरितःस्वात्मनो×देहमात्मत्वेनाध्यवस्यति ॥७॥

अन्वयार्थ—[यतः] चूंकि (बहिरात्मा) बहिरात्मा (इन्द्रियद्वारैः) इन्द्रियद्वारोंसे (स्फुरितः) बाह्य पदार्थोंके ग्रहण करनेमें प्रवृत्त हुआ (आत्मज्ञानपराङ्मुखः) आत्मज्ञानसे पराङ्मुख [भवति, ततः] होता है इसलिये ( आत्मनः देहं ) अपने शरीरको ( आत्मत्वेन अध्यवस्यति ) आत्मरूपसे निश्चय करता है—अपना आत्मा समझता है।

भावार्थ—मोहके उदयसे बुद्धिका विपरीत परिणमन होता है। इसी कारण बहिरात्मा इन्द्रियोंके द्वारा ग्रहणमें आने वाले बाह्य मूर्तिक पदार्थोंको ही अपने मानता है। उसे अभ्यन्तर आत्मतत्त्वका कुछभी ज्ञान या प्रतिभास नहीं होता है। जिस प्रकार धतूरेका पान करने वाले पुरुषको सब पदार्थ पीले मालूम पड़ते हैं, ठीक उसी प्रकार मोहके उदयसे उन्मत्त हुए जीवोंको अचेतन शरीरादि पर पदार्थ भी चेतन और स्वकीय जान पड़ते हैं। इसी दृष्टिविकारसे आत्माको अपने वास्तविक स्वरूपका परिज्ञान नहीं हो पाता, और इसलिये यह जीवात्मा शरीरकी

---

✻ बहिरत्थे फुरियमणो इंदियदारेण णियसरूवचओ ।
णियदेहं अप्पाणं अज्झवसदि मूढदिट्ठीओ ॥८॥
—मोक्षप्राभृते कुन्दकुन्दः ।

× "स्फुरितश्चात्मनो देह" इत्यपि पाठान्तरं ।

उत्पत्तिसे अपनी उत्पत्ति और शरीरके विनाशसे अपना विनाश समझता है ॥७॥

इसी बातको स्पष्ट करते हुए मनुष्यादिचतुर्गतिसम्बन्धी शरीरभेदसे जीवभेदकी मान्यताको बतलाते हैं—

❀ नरदेहस्थमात्मानमविद्वान् मन्यते नरम् ।
तिर्यंचं तिर्यगङ्गस्थं सुराङ्गस्थं सुरं तथा ॥८॥
नारकं नारकाङ्गस्थ न स्वयं तत्वतस्तथा ।
अनंतानंतधीशक्तिः स्वसंवेद्योऽचलस्थितिः ॥९॥

अन्वयार्थ—(अविद्वान्) मूढ बहिरात्मा (नरदेहस्थं) मनुष्य-देहमें स्थित (आत्मानं) आत्माको (नरम्) मनुष्य, (तिर्यगङ्गस्थं) तिर्यंचशरीरमें स्थित आत्माको (तिर्यञ्चं) तिर्यंच (सुराङ्गस्थं) देवशरीरमें स्थित आत्माको (सुरं) देव (तथा) और (नारकाङ्गस्थं) नारकशरीरमें स्थित आत्माको (नारकं) नारकी (मन्यते) मानता है। किन्तु (तत्वत.) वास्तवमें-शुद्ध निश्चयनयकी दृष्टिसे (स्वयं) कर्मोपाधिसे रहित खुद आत्मा (तथा न) मनुष्य, तिर्यंच, देव और नारकीयरूप नहीं है (तत्वतस्तु) निश्चय नयसे तो यह आत्मा (अनंतानंतधीशक्तिः) अनन्तानन्त ज्ञान और अनन्तानन्त-

---

❀ 'सुरं त्रिदशपर्यायै र्नृपर्यायैस्तथा नरम् ।
तिर्यंचं च तदङ्गे स्वं नारकाङ्गे च नारकम् ॥ ३२-१३ ॥
वेत्त्यविद्यापरिश्रान्तो मूढस्तन्न पुनस्तथा ।
किन्त्वमूर्तं स्वसंवेद्यं तद्रूपं परिकीर्तितम् ॥ -१४ ॥"
—ज्ञानार्णवे, शुभचंद्रः

शक्तिरूप वीर्यका धारक है। ( स्वसंवेद्यः ) स्वानुभवगम्य है—अपने द्वारा आप अनुभव किये जाने योग्य है और ( अचलस्थितिः ) अपने उक्त स्वभावसे कभी च्युत न होने वाला—उसमें सदा स्थिर रहने वाला है।

भावार्थ—यह अज्ञानी आत्मा कर्मोदयसे होने वाली नर-नारकादिपर्यायोंको ही अपनी सच्ची अवस्था मानता है। उसे ऐसा भेदविज्ञान नहीं होता कि मेरा स्वरूप इन दृश्यमान पर्यायों-से सर्वथा भिन्न है। भले ही इन पर्यायोंमें यह मनुष्य है, यह पशु है इत्यादि व्यवहार होता है, परन्तु ये सब अवस्थाएँ कर्मो-दयजन्य हैं, जड़ हैं और आत्माका वास्तविक स्वरूप इनसे भिन्न कर्मोपाधिसे रहित शुद्ध चैतन्यमय टंकोत्कीर्ण एक ज्ञाता द्रष्टा है, अभेद्य है, अनन्तानन्तशक्तिको लिये हुए है, ऐसा विवेक ज्ञान उसको नहीं होता। इसी कारण संसारके परपदार्थोंमें व मनुष्यादि पर्यायोंमें अहंबुद्धि करता है, उनको आत्मा मानता है और सांसारिक विषय सामग्रियोंके संचय करने एवं उनके उपभोग करनेमें ही लगा रहता है। साथ ही, उनके संयोग-वियोगमें हर्ष-विषाद करता रहता है। परन्तु सम्यग्दृष्टि जीव भेद-विज्ञानी होता है, वह इन पर्यायोंको कर्मोदयजन्य मानता है और आत्मा-के चैतन्यस्वरूपका निरन्तर अनुभव करता रहता है तथा पर-पदार्थोंको अपनी आत्मासे भिन्न जड़रूप ही निश्चय करता है। इसी कारण पंचेन्द्रियोंके विषयमें उसे गृद्धता नहीं होती और न

वह इष्टवियोग-अनिष्टसंयोगादिमें दुखी ही होता है इसलिये आत्महितैषियोंको चाहिये कि बहिरात्मावस्थाको अत्यन्त हेय समझकर छोड़ें और सम्यग्दृष्टि अंतरात्मा होकर समीचीन मोक्षमार्गका साधन करें ॥८-९॥

अपने शरीरमें ऐसी मान्यता रखने वाला बहिरात्मा दूसरेके शरीरमें कैसी बुद्धि रखता है, इसे आगे बतलाते हैं—

स्वदेहसदृशं दृष्ट्वा परदेहमचेतनम् । *
परात्माधिष्ठितं मूढः परत्वेनाध्यवस्यति ॥१०॥

अन्वयार्थ—( मूढः ) अज्ञानी बहिरात्मा (परात्माधिष्ठितं) अन्यकी आत्मासहित ( अचेतनं ) चेतनारहित ( परदेहं ) दूसरेके शरीरको (स्वदेहसदृशं) अपने शरीरके समान इन्द्रियव्यापार तथा वचनादि व्यवहार करता हुआ (दृष्ट्वा) देखकर (परत्वेन) परका आत्मा (अध्यवस्यति) मान लेता है।

भावार्थ—अज्ञानी बहिरात्मा जैसे अपने शरीरको अपना आत्मा समझता है उसी प्रकार स्त्री-पुत्र-मित्रादिके अचेतन

---

* 'णियदेहसरित्थं पिच्छिऊण परविग्गहं पयत्तेण ।
अच्चेयणं पि गहियं झाइज्जइ परमभाएण ॥ ९ ॥
—मोक्षप्राभृते, कुन्दकुन्दः ।

स्वशरीरमिवान्विष्य पराङ्गं च्युतचेतनम् ।
परमात्मानमज्ञानी परबुद्ध्याऽध्यवस्यति ॥ ३२-१५ ॥
—ज्ञानार्णवे, शुभचन्द्रः

शरीरको स्त्री-पुत्रमित्रादिका आत्मा समझता है और अपने शरीरके विनाशसे जैसे अपना विनाश समझता है ठीक उसी प्रकार उनके शरीरके विनाशसे उनका विनाश मानता है, अपने लिये जैसे सांसारिक वैषयिक सुखोंको हितकारी समझता है; दूसरोंके लिये भी उन्हें हितकारी मानता है; सांसारिक सम्पत्तियोंके समागममें सुखकी कल्पना करता है और उनकी अप्राप्तिमें दुःखका अनुभव, अपने स्वार्थके साधकोंपर प्रेम करता है और जिनसे अपना कुछ भी लौकिक प्रयोजन सिद्ध नहीं होता उनसे द्वेषबुद्धि रखता है। इस प्रकार बहिरात्माकी शरीरमें आत्मबुद्धि रहती है ॥१०॥

इस प्रकारकी मान्यतासे बहिरात्माकी परिणति किस रूप होती है उसे दिखाते हैं—

स्वपराध्यवसायेन देहेष्वविदितात्मनाम् ।*
वर्तते विभ्रमः पुंसां पुत्रभार्यादिगोचरः ॥११॥

अन्वयार्थ—(अविदितात्मनां पुंसां) आत्माके स्वरूपको नहीं जानने वाले पुरुषोंके (देहेषु) शरीरोंमें (स्वपराध्यवसायेन) अपनी और परकी आत्ममान्यतासे (पुत्रभार्यादिगोचरः) स्त्री-पुत्रादिविषयक (विभ्रमः वर्तते) विभ्रम होता है।

भावार्थ—यह अज्ञानी बहिरात्मा अपनी आत्माके चैतन्य-

* 'सपरज्झवसाएणं देहेसु य अविदिदत्थमप्पाणं ।
सुयदाराईविसए मणुयाणं बड्ढए मोहो ॥१०॥
—मोक्षप्राभृते, कुन्दकुन्दः ।

स्वरूपको न जानकर अपने शरीरके साथ स्त्री-पुत्र-मित्रादिकके शरीर-सम्बन्धको ही अपनी आत्माका सम्बन्ध समझता है और इसी कारण उनको अपना उपकारक मानता है, उनकी रक्षाका यत्न करता है, उनके संयोग तथा वृद्धिमें सुखी होता है, उनके वियोगमें अत्यन्त व्याकुल हो उठता है। और यदि कदाचित् उनका बर्ताव अपने प्रतिकूल देखता है तो अत्यन्त शोक भी करता है तथा भारी दुःख मानता है। वस्तुतः जिस प्रकार पक्षीगण नाना दिग्देशोंसे आकर रात्रिमें एक वृक्षपर बसेरा लेते हैं और प्रातःकाल होते ही सबके सब अपने-अपने अभीष्ट (इच्छित) स्थानोंको चले जाते हैं। उसी प्रकार ये संसारके समस्त जीव नाना गतियोंसे आकर कर्मोदयानुसार एक कुटुम्बमें जन्म लेते हैं व रहते हैं। यह मूढ़ात्मा व्यर्थ ही उनमें निजत्व-की बुद्धि धारणकर आकुलित होता है। अन्तरात्माकी ऐसी बुद्धि न होनेसे वह परद्रव्यमें आसक्त नहीं होता, और इसीसे स्त्री-पुत्रादि-विषयक विभ्रमसे बचा रहता है ॥११॥

स्त्रीपुत्रादिमें ममत्वबुद्धि-धारणरूप विभ्रमका क्या परिणाम होता है, उसे बतलाते हैं—

**अविद्यासंज्ञितस्तस्मात्संस्कारो जायते दृढः।***
**येन लोकोऽङ्गमेव स्वं पुनरप्यभिमन्यते ॥१२॥**

---

* मिच्छाणाणेसुरओ मिच्छाभावेण भाविओ संतो।
मोहोदयेण पुणरवि अगं सम्मएणए मणुओ ॥११॥
मोक्षप्राभृते, कुन्दकुन्द ।

अन्वयार्थ—(तस्मात्) उस विभ्रमसे (अविद्यासंज्ञितः) अविद्या नामका (संस्कारः) संस्कार (दृढः) दृढ़-मज़बूत (जायते) हो जाता है (येन) जिसके कारण (लोकः) अज्ञानी जीव (पुनरपि) जन्मान्तरमें भी (अंगमेव) शरीरको ही (स्वं अभिमन्यते) आत्मा मानता है।

भावार्थ—यह जीव अनादिकालीन अविद्याके कारण कर्मोदयजन्य पर्यायोंमें आत्मबुद्धि धारण करता है—कर्मके उदयसे जो भी पर्याय मिलती है, उसीको अपना आत्मा समझ लेता है, और इस तरह उसका यह अज्ञानात्मक संस्कार जन्मजन्मान्तरोंमें भी बना रहनेसे बराबर दृढ़ होता चला जाता है। जिस प्रकार पत्थरमें रस्सी आदिकी नित्यकी रगड़से उत्पन्न हुए चिन्ह बड़ी कठिनतासे दूर करनेमें आते हैं। उसी प्रकार आत्मामें उत्पन्न हुए इन अविद्याके संस्कारोंका दूर करना भी बड़ा ही कठिन हो जाता है ॥१२॥

अब बहिरात्मा और अन्तरात्माका स्पष्ट कर्तव्य-भेद बतलाते हैं —

**देहे स्वबुद्धिरात्मानं युनक्त्येतेन निश्चयात् ।**
**स्वात्मन्येवात्मधीस्तस्माद्वियोजयति देहिनं ॥१३॥**

अन्वयार्थ—(देहे स्वबुद्धिः) शरीरमें आत्मबुद्धि रखने वाला बहिरात्मा (निश्चयात्) निश्चयसे (आत्मानं) अपनी आत्मा-

को (एतेन) शरीरके साथ (युनक्ति) जोड़ता-बाँधता है। किन्तु (स्वात्मनि एव आत्मधीः) अपनी आत्मामें ही आत्मबुद्धि रखने वाला अन्तरात्मा (देहिनं) अपनी आत्माको (तस्मात्) शरीरके सम्बन्धसे (वियोजयति) पृथक् करता है।

भावार्थ—मिथ्यादृष्टि बहिरात्मा शरीरको ही आत्मा मानता है और इस प्रकारकी मान्यतासे ही आत्माके साथ नये-नये शरीरोंका सम्बन्ध होता रहता है, जिससे यह अज्ञानी-जीव अनन्तकाल तक इस गहन संसार-वनमें भटकता फिरता है और कर्मोंके तीव्रतापसे सदा पीड़ित रहता है। जब शरीरसे ममत्व छूट जाता है अर्थात् शरीरको अपने चैतन्यस्वरूपसे भिन्न पुद्‌गलका पिंड समझ लिया जाता है और आत्माके निज ज्ञानदर्शन स्वरूपमें ही आत्मबुद्धि हो जाती है तब यह जीव सम्यग्दृष्टि अन्तरात्मा होकर तपश्चरण अथवा ध्यानदिकके द्वारा अपने आत्माको शरीरादिकके बन्धनसे सर्वथा पृथक् कर लेता है और सदाके लिए मुक्त हो जाता है। अतएव बहिरात्मबुद्धिको छोड़ कर अन्तरात्मा होना चाहिए और परमात्मपदको प्राप्त करनेका प्रयत्न करना चाहिये ॥१३॥

शरीरोंमें आत्माके सम्बन्धको जोड़नेवाले बहिरात्माके निन्दनीय व्यापारको दिखाते हुए आचार्य महोदय अपना खेद प्रकट करते हैं —

देहेष्वात्मधिया जाताः पुत्रभार्यादिकल्पनाः ।
सम्पत्तिमात्मनस्ताभि र्मन्यते हा हतं जगत् ॥१४॥

अन्वयार्थ—(देहेषु) शरीरोंमें (आत्मधिया) आत्मबुद्धि होनेसे (पुत्रभार्यादिकल्पनाः) मेरा पुत्र, मेरी स्त्री इत्यादि कल्पनाएँ (जाताः) उत्पन्न होती हैं (हा) खेद है कि (जगत्) बहिरात्मस्वरूप प्राणिगण (ताभिः) उन कल्पनाओंके कारण (सम्पत्ति) स्त्री पुत्रादिकी समृद्धिको [आत्मनः] अपनी समृद्धि (मन्यते) मानता है और इस प्रकार यह जगत् (हतं) नष्ट हो रहा है ।

भावार्थ—जब तक इस जीवकी देहमें आत्मबुद्धि रहती है तब तक इसे अपने निराकुल निजानन्द रसका स्वाद नहीं आता, न अपनी अनन्तचतुष्टयरूप सम्पत्तिका भान (ज्ञान) होता है और तभी यह संसारी जीव स्त्री-पुत्र-मित्र-धन-धान्यादि सम्पत्तियोंको अपनी मानता हुआ उनके संयोग-वियोगमें हर्ष-विषाद करता है तथा फलस्वरूप अपने संसारपरिभ्रमणको बढ़ाता जाता है । इसीसे आचार्य महोदय ऐसे जीवोंकी इस विपरीत बुद्धि पर खेद प्रकट करते हुए कहते हैं कि 'हाय ! यह जगत् मारा गया !' ठगा गया, इसे अपना कुछ भी चेत नहीं रहा ॥१४॥

अब बहिरात्माके स्वरूपादिका उपसंहार करके देहमें आत्मबुद्धिको छोड़नेकी प्रेरणाके साथ अन्तरात्मा होनेका उपदेश देते हुए कहते हैं—

मूलं संसारदुःखस्य देह एवात्मधीस्ततः।
त्यक्त्वैनां प्रविशेदन्तर्बहिरव्यापृतेन्द्रियः ॥ १५ ॥

अन्वयार्थ—(देहे) इस जड शरीरमें (आत्मधीः एव) आत्मबुद्धिका होना ही (संसारदुःखस्य) संसारके दुःखोंका (मूलं) कारण है। (ततः) इसलिए (एनां) शरीरमें आत्मत्वकी मिथ्या कल्पनाको (त्यक्त्वा) छोड़कर ( बहिरव्यापृतेन्द्रियः ) बाह्य विषयोंमें इन्द्रियोंकी प्रवृत्तिको रोकता हुआ (अन्तः) अन्तरंगमें अर्थात् आत्मा हीमें (प्रविशेत्) प्रवेश करे।

भावार्थ—संसारके जितने भी दुःख और प्रपंच हैं वे सब शरीरके साथ ही होते हैं। जब तक इस जीवकी बाह्यपदार्थोंमें आत्मबुद्धि रहती है तब तब ही आत्मासे शरीर का सम्बन्ध होता रहता है और घोर दुःखोंको भोगना पड़ता है। जब इस जीवका शरीरादि परद्रव्योंसे सर्वथा ममत्वभाव छूट जाता है तब किसी भी बाह्यपदार्थमें अहंकार-ममकाररूप बुद्धि नहीं होती तथा तत्त्वार्थका यथार्थ श्रद्धान होनेसे आत्मा परम सन्तुष्ट होता है। और साधकभावकी पूर्णता होने पर स्वयमेव साध्यरूप बन जाता है। इसी कारण इस ग्रंथमें ग्रंथकारने समस्त दुःखोंकी जड़ शरीरमें आत्मबुद्धिका होना बताया है और उसके छुड़ानेकी प्रेरणाकी है। अतः संसारके समस्त दुःखोंका मूल कारण देहमें आत्मकल्पनारूप बुद्धिका परित्यागकर अन्तरात्मा होना चाहिये, जिससे घोर दुखोंसे छुटकारा मिले और सच्चे निराकुल सुखकी प्राप्ति होवे ॥१५

अपनी आत्मामें आत्मबुद्धि धारण करता हुआ अन्तरात्मा जब अलब्ध लाभसे सन्तुष्ट होता है तब अपनी पहली बाहिरात्मावस्थाका स्मरण करके विषाद करता हुआ विचारता है—

मत्तश्च्युत्वेन्द्रियद्वारैः पतितो विषयेष्वहम् ।
तान् प्रपद्याऽहमिति मां पुरा वेद न तत्वतः ॥ १६ ॥

अन्वयार्थ—(अहं) मैं (पुरा) अनादिकालसे (मत्तः) आत्मस्वरूपसे (च्युत्वा) च्युत होकर (इन्द्रियद्वारैः) इन्द्रियोंके द्वारा (विषयेषु) विषयोंमें (पतितः) पतित हुआ हूँ—अत्यासक्तिसे प्रवृत्त हुआ हूँ। [ततः] इसी कारण (तान्) उन विषयोंको (प्रपद्य) अपने उपकारक समझ कर मैंने (तत्वतः वास्तवमें (मां) आत्माको [अहं इति] मैं ही आत्मा हूँ इस रूपसे (न वेद) नहीं जाना—अर्थात् उस समय शरीरको ही आत्मा समझनेके कारण मुझे आत्माके यथार्थ स्वरूपका परिज्ञान नहीं हुआ।

भावार्थ—जब तक इस जीवको अपने चैतन्य स्वरूपका यथार्थ परिज्ञान नहीं होता तभी तक इसे बाह्य इन्द्रियोंके विषय सुन्दर और सुखदाई मालूम पड़ते हैं। जब चैतन्य और जड़का भेदविज्ञान हो जाता है और अपने निराकुल चिदानन्दमयी सुधारसका स्वाद आने लगता है तब ये बाह्य इन्द्रियोंके विषय बड़े ही असुंदर और काले विषधरके समान मालूम पड़ते हैं। कहाभी है—

"जायन्ते विरसा रसा विघटते गोष्ठी कथा कौतुकं,
शीर्यन्ते विषयास्तथा विरमति प्रीतिः शरीरेऽपिच ।

जोषं वागपि धारयंत्य विरतानंदात्मनः स्वात्मन-
श्चिंतायामपि यातुमिच्छतिमनो दोषैः समं पंचताम्।"

अर्थात्—आत्माका अनुभव होने पर रस विरस हो जाता है, गोष्ठी कथा और कौतुकादि सब नष्ट हो जाते हैं, विषयोंसे सम्बन्ध छूट जाता है, शरीरसे भी ममत्व नहीं रहता, वाणी भी मौन धारण कर लेती है और आत्मा सदा अपने शांत रसमें लीन हो जाता है तथा मनके दोषोंके साथ साथ चिंता भी दूर हो जाती है।

इसी कारण यह जीव जिन भोगोंको पहले मिथ्यात्व दशामें सुखका कारण समझकर भोगा करता था उन्हींके लिए सम्यग्दृष्टि अन्तरात्मा होने पर पश्चात्ताप करने लगता है। यह सब भेदविज्ञानकी महिमा है ॥ १६ ॥

अब आचार्य आत्माको जाननेका उपाय प्रकट करते हुए कहते हैं—

एवं त्यक्त्वा बहिर्वाचं त्यजेदन्तरशेषतः।
एष योगः समासेन प्रदीपः परमात्मनः ॥१७॥

अन्वयार्थ—(एवं) आगे कहेजाने वाली रीतिके अनुसार (बहिर्वाचं) बाह्यार्थवाचक वचन प्रवृत्तिको (त्यक्त्वा) त्याग कर (अन्तः) अन्तरंग वचनप्रवृत्तिको भी (अशेषतः) पूर्णतया (त्यजेत्) छोड़ देना चाहिये। (एषः) यह बाह्याभ्यन्तररूपसे जल्पत्यागलक्षणवाला (योगः) योग—स्वरूपमें चित्तनिरोध-

लक्षणात्मक समाधि ही (समासेन) संक्षेपसे (परमात्मनः) परमात्माके स्वरूपका (प्रदीपः) प्रकाशक है।

भावार्थ –स्त्री-पुत्र-धन-धान्यादि-विषयक बाह्य वचनव्यापारको और मैं सुखी हूँ, दुखी हूँ, शिष्य हूँ इत्यादि अन्तरंगजल्पको हटाकर चित्तकी एकाग्रताका जो सम्पादन करना है वही योग अथवा समाधि है और वही परमात्मस्वरूपका प्रकाशक है। जिस समय आत्मा इन बाह्य और आभ्यन्तर मिथ्या विकल्पोंका परित्याग कर देता है, उसी समय वह इन्द्रियोंकी प्रवृत्तिसे हटकर निज स्वरूपमें लीन हो जाता है और शुद्ध आत्मस्वरूपका साक्षात्कार कर लेता है।

वास्तवमें यह समाधि ही जन्म-जरा-मरणरूप आतापको मिटानेवाली परम औषधि है और परमात्मपदकी प्राप्तिका अमोघ उपाय है। ऐसी समाधिका निरन्तर अभ्यास करना चाहिए।१७।

अब अन्तरंग और बहिरंग वचनकी प्रवृत्तिके छोड़नेका उपाय बताते हैं—

*यन्मया दृश्यते रूपं तन्न जानाति सर्वथा।
जानन्न दृश्यते रूपं तत केनः ब्रवीम्यहम् ॥ १८ ॥

अन्वयार्थ—(मया) इन्द्रियोंके द्वारा मुझे (यत्) जो (रूप)

---

*"जं मया दिस्सदे रूवं तं ण जाणादि सव्वहा।
जाणगं दिस्सदे णं तं तम्हा जंपेमि केणहं ॥ २९ ॥"
—मोक्षप्राभृते, कुन्दकुन्दः।

शरीरादिकरूपी पदार्थ (दृश्यते) दिखाई दे रहा है (तत्) वह अचेतन होनेसे (सर्वथा) बिल्कुल भी (न जानाति) नहीं जानता और (जानत् रूपं) जो पदार्थोंको जानने वाला चैतन्यरूप है वह (न-दृश्यते) मुझे इन्द्रियोंके द्वारा दिखाई नहीं देता (ततः अहं) इस लिये मैं (केन) किसके साथ (ब्रवीमि) बात करूं।

भावार्थ—जो अपनेको दिखाई पड़े और अपने अभिप्रायको समझे उसीके साथ बात-चीत करना या बोलना उचित है। इसी आशयको लेकर अन्तरात्मा द्रव्यार्थिकनयको प्रधानकर अपने मनको समझाता है कि—जो जाननेवाला चैतन्य द्रव्य है वह तो मुझे दिखाई नहीं देता और जो इन्द्रियोंके द्वारा रूपी शरीरादिक जड पदार्थ दिखाई दे रहे हैं वे चेतनारहित होनेसे कुछ भी नहीं जानते हैं, तब मैं किससे बात करूं? किसीसे भी वार्तालाप करना नहीं बनता। इसलिए मुझे अब चुप चाप [ मौनयुक्त ] रहना ही मुनासिब है। ग्रन्थकार श्री पूज्यपाद स्वामीने विभाव-भाव रूप झंझटोंसे छूटने और वचनादिको वशमें करनेका यह अच्छा सरल एवं उत्तम उपाय बतलाया है ॥१८॥

इस प्रकार बाह्य विकल्पोंके त्यागका प्रकार बतलाकर अब आभ्यन्तर विकल्पोंके छुड़ानेका यत्न करते हुए आचार्य कहते हैं—

यत्परैः प्रतिपाद्योऽहं यत्परान् प्रतिपादये।
उन्मत्तचेष्टितं तन्मे यदहं निर्विकल्पकः ॥१९॥

अन्वयार्थ—(अहं) मैं (परैः) उपाध्याय आदिकोंसे (यत्-प्रतिपाद्यः) जो कुछ प्रतिपादित किया जाता हूँ तथा (परान्) शिष्यादिकोंको (यत् प्रतिपादये) जो कुछ प्रतिपादन करता हूँ [तत्] वह सब (मे) मेरी (उन्मत्तचेष्टितं) पागलों जैसी चेष्टा है (यदहं) क्योंकि मैं (निर्विकल्पकः) वास्तवमें इन सभी वचनविकल्पोंसे अग्राह्य हूँ।

भावार्थ—सम्यग्दृष्टि अन्तरात्माके लिये उचित है कि वह अपने निज स्वरूपका अनुभव करे। मैं राजा हूँ, रङ्क हूँ, दीन हूँ, धनी हूँ, गुरु हूँ, शिष्य हूँ इत्यादि अनेक विकल्प हैं जिनसे आत्माका वास्तविक स्वरूप प्रकट नहीं हो सकता। अतएव ऐसे विकल्पोंका परित्याग करना चाहिये और यह समझना चाहिए कि आत्माका स्वरूप निर्विकल्पक चैतन्य ज्योतिर्मय है ॥१९॥

उसी निर्विकल्पक स्वरूपका निरूपण करते हुए कहते हैं—

यदग्राह्यं न गृह्णाति गृहीतं नापिमुञ्चति ।
जानाति सर्वथा सर्वं तत्स्वसंवेद्यमस्म्यहम् ॥२०॥

अन्वयार्थ—(यत्) जो शुद्धात्मा (अग्राह्यं) ग्रहण न करने योग्यको (न गृह्णाति) ग्रहण नहीं करता है और (गृहीतं अपि) ग्रहण किये गये अनन्तज्ञानादि गुणोंको (न मुञ्चति) नहीं छोड़ता है तथा (सर्वं) सम्पूर्ण पदार्थोंको (सर्वथा) सर्व प्रकारसे (जानाति) जानता है (तत्) वही (स्वसंवेद्यं) अपने द्वारा ही अनुभवमें आने योग्य चैतन्यद्रव्य (अहं अस्मि) मैं हूँ।

भावार्थ- जबतक आत्मामें अनन्त दर्शन, अनन्तज्ञान, अनन्त-सुख और अनन्तवीर्य अथवा क्षायिक सम्यक्त्वादि गुणोंका विकास नहीं होता तबतक ही आत्मा विभाव-भावोंसे मलिन होकर अग्राह्यका ग्राहक होता है अथवा कर्मोंका कर्ता और भोक्ता कहलाता है; किन्तु जब समस्त विभाव-भावोंका अभावकर आत्मा सम्पूर्ण पदार्थोंका ज्ञाता-द्रष्टा हुआ आत्मद्रव्यमें स्थिर हो जाता है तब वह अपने गृहीत स्वरूपसे च्युत नहीं होता और तभी उसे परमब्रह्म या परमात्मा कहते हैं। जीवकी यह स्थिति ही उसकी वास्तविक स्थिति है ॥२०॥

'इस प्रकारके आत्मज्ञानके पूर्व मेरी कैसी चेष्टा थी', अन्त-रात्माके इस विचारका उल्लेख करते हैं—

**उत्पन्नपुरुषभ्रान्तेः स्थाणौ यद्वद्विचेष्टितम् ।**
**तद्वन्मे चेष्टितं पूर्वं देहादिष्वात्मविभ्रमात् ॥२१॥**

अन्वयार्थ—(स्थाणौ) स्थाणुमें (उत्पन्नपुरुषभ्रान्तेः) उत्पन्न हो गई है पुरुषपनेकी भ्रान्ति जिसको ऐसे मनुष्यकी ( यद्वत् ) जिस प्रकार (विचेष्टितम् ) विकृत अथवा विपरीत चेष्टा होती है ( तद्वत् ) उसी प्रकारकी ( देहादिषु ) शरीरादिक परपदार्थोंमें ( आत्मविभ्रात् ) आत्माका भ्रम होनेसे ( पूर्वं ) आत्मज्ञानसे पहले ( मे ) मेरी (चेष्टितम् ) चेष्टा थी।

भावार्थ—अन्तरात्मा विचारता है कि जैसे कोई पुरुष भ्रमसे

वृक्षके ठूंठको पुरुष समझकर उसके अपने उपकार-अपकारादिकी कल्पना करके सुखी-दुखी होता है उसी तरह मैं भी आत्मज्ञानसे पूर्वकी मिथ्यात्व अवस्थामें भ्रमसे शरीरादिकको आत्मा समझकर उससे अपने उपकार अपकारादिकी कल्पना करके सुखी-दुखी हुआ हूँ ॥२१॥

अब आत्मज्ञान हो जानेसे मेरी किस प्रकारकी चेष्टा हो गई है उसे बतलाते हैं—

यथाऽसौ चेष्टते स्थाणौ निवृत्ते पुरुषाग्रहे।
तथा चेष्टोऽस्मि देहादौ विनिवृत्तात्मविभ्रमः ॥२२॥

अन्वयार्थ—(असौ) जिसको वृक्षके ठूंठमें पुरुषका भ्रम हो गया था वह मनुष्य ( स्थाणौ ) ठूंठमें ( पुरुषाग्रहे निवृत्ते ) यह पुरुष है ऐसे मिथ्याभिनिवेशके नष्ट हो जाने पर ( यथा ) जिस प्रकार उससे अपने उपकारादिकी कल्पनाको त्यागनेकी (चेष्टते) चेष्टा करता है उसी प्रकार (देहादौ) शरीरादिकमें (विनिवृत्तात्मविभ्रमः) आत्मपनेके भ्रमसे रहित हुआ मैं भी (तथा चेष्टः अस्मि) देहादिकमें अपने उपकारादिकी बुद्धिको छोड़नेमें प्रवृत्त हुआ हूँ।

भावार्थ— जब वृक्षके ठूंठको वृक्षका ठूंठ जान लिया जाता है तब उससे होने वाला पुरुष-विषयक भ्रम भी दूर हो जाता है और फिर उस कल्पित पुरुषसे अपने उपकार-अपकारकी कोई कल्पना भी अवशिष्ट नहीं रहती। इसी दृष्टिसे सम्यग्दृष्टि अंत-

रात्मा विचार करता है कि पूर्व मिथ्यात्व-दशामें जब मैं मोहोदयसे शरीरको ही आत्मा समझता था तब मैं इन्द्रियोंका दास था, उनकी साता परिणतिमें सुख और असाता परिणतिमें ही दुःख मानता था, किन्तु अब विवेक-ज्योतिका विकास हुआ—आत्मा चैतन्यस्वरूप है, बाकी सब पदार्थ अचेतन हैं-जड़ हैं, आत्मासे भिन्न हैं, इस प्रकारके जड़ और चैतन्यके भेद-विज्ञानसे मुझे तत्त्वार्थश्रद्धानरूप सम्यग्दर्शनकी प्राप्ति हुई और शरीरादिकके विषयमें होने वाला आत्म-विषयक मेरा भ्रम दूर हो गया है। इसीसे शरीरके संस्कारादि विषयमें मेरी अब उपेक्षा होगई है—मैं समझने लगा हूँ कि शरीरादिकके बनने अथवा बिड़नेसे मेरी आत्माका कुछभी बनता अथवा बिगड़ता नहीं है और इसीसे शरीरादिकी अनावश्यक चिंताको छोड़ कर अब मैं सविशेषरूपसे आत्म-चिन्तनमें प्रवृत्त हुआ हूँ ॥२२॥

अब आत्मामें स्त्री आदि लिङ्गोंके तथा एकत्वादि संख्याके भ्रमको दूर करनेके लिये और इन विकल्पोंसे रहित आत्माका असाधारणस्वरूप दिखलानेके लिये कहते हैं—

**येनात्मनाऽनुभूयेऽहमात्मनैवात्मनात्मनि ।**
**सोऽहं न तन्न सा नासौ नैको न द्वौ न वा बहुः ॥२३॥**

अन्वयार्थ—( येन ) जिस ( आत्मना ) चैतन्यस्वरूपसे (अहम् ) मैं ( आत्मनि ) अपनी आत्मामें ही ( आत्मना ) अपने स्वसंवेदनज्ञानके द्वारा ( आत्मनैव ) अपनी आत्माको आप ही

(अनुभूये) अनुभव करता हूँ (सः) वही शुद्धात्मस्वरूप ( अहं ) मैं (न तत् ) न तो नपुंसक हूँ ( न सा ) न स्त्री हूँ ( न असौ ) न पुरुष हूँ ( न एको ) न एक हूँ ( न द्वौ ) न दो हूँ ( वा ) और ( न बहुः ) न बहुत हूँ ।

भावार्थ—अन्तरात्मा विचार करता है कि जीवमें स्त्री-पुरुष आदिका व्यवहार केवल शरीरको लेकर होता है; इसी प्रकार एक दो और बहुवचनका व्यवहार भी शरीराश्रित है अथवा गुण गुणीकी भेदकल्पनाके कारण होता है; जब शरीर मेरा रूप ही नहीं है और मेरा शुद्धस्वरूप निर्विकल्प है तब मुझमें लिंग-भेद और वचनभेद कैसे बन सकता है ? ये स्त्रीत्वादिधर्म तो कर्मजनित अवस्थाएँ हैं, मेरा निजरूप नहीं हैं--मेरा शुद्धचैतन्य-स्वरूप इन सबसे परे है ॥२३॥

यदि कोई पूछे कि जिस आत्मस्वरूपसे तुम अपनेको अनुभव करते हो वह कैसा है, उसे बतलाते हैं—

**यदभावे सुषुप्तोऽहं यद्भावे व्युत्थितः पुनः ।**
**अतीन्द्रियमनिर्देश्यं तत्स्वसंवेद्यमस्म्यहम् ॥२४॥**

अन्वयार्थ--( यत् अभावे ) जिस शुद्धात्मस्वरूपके प्राप्त न होनेसे (अहं) मैं ( सुषुप्तः ) अब तक गाढ़निद्रामें पड़ा रहा हूँ—मुझे पदार्थोंका यथार्थ परिज्ञान न हो सका--( पुनः ) और (यत् भावे ) जिस शुद्धात्मस्वरूपकी उपलब्धि होने पर मैं (व्युत्थितः) जागरित हुआ हूँ—यथावत् वस्तुस्वरूपको जानने लगा हूँ (तत् )

वह शुद्धात्मस्वरूप ( अतीन्द्रियं ) इन्द्रियोंके द्वारा ग्राह्य नहीं है (अनिर्देश्यं) वचनोंके भी अगोचर है--कहा नहीं जाता। वह तो (स्वसंवेद्यं) अपने द्वारा आपहीअनुभव करने योग्य है। उसी रूप (अहं अस्मि) मैं हूँ।

भावार्थ—जब तक इस जीवको शुद्ध चैतन्यरूप अपने निज-स्वरूपकी प्राप्ति नहीं होती तब तक ही यह जीव मोहरूपी गाढ़-निद्रामें पड़ा हुआ सोता रहता है; किन्तु जब अज्ञानभावरूप निद्राका विनाश हो जाता है और शुद्धस्वरूपकी प्राप्ति हो जाती है उसी समयसे यह जागरित कहलाता है। संसारके रागी जीव व्यवहारमें जागते हैं किन्तु अपने आत्मस्वरूपमें सोते हैं; परन्तु आत्मज्ञानी संयमी पुरुष व्यवहारमें सोते हैं और आत्मस्वरूपमें सदा सावधान एवं जाग्रत रहते हैं* ॥२४॥

आत्मस्वरूपका अनुभव करने वालेकी आत्मामें रागादि दोषोंका अभाव हो जानेसे शत्रु-मित्रकी कल्पना ही नहीं होती,ऐसा दिखाते हैं—

---

* जो सुत्तो ववहारे सो जोई जग्गए सकज्जम्मि।
जो जग्गदि ववहारे सो सुत्तो अप्पणो कज्जे॥
—मोक्षप्राभृते, कुन्दकुन्दः

या निशा सर्वभूतानां तस्यां जागर्ति संयमी।
यस्यां जाग्रति भूतानि सा निशा पश्यतो मुनेः॥
—गीता २-६६

क्षीयन्तेऽत्रैव रागाद्यास्तत्त्वतो मां प्रपश्यतः ।
बोधात्मानं ततः कश्चिन्न मे शत्रुर्न च प्रियः ॥२५॥

अन्वयार्थ—[यतः] क्योंकि ( बोधात्मानं ) शुद्ध ज्ञानस्वरूप (मां) मुझ आत्माका ( तत्त्वतः प्रपश्यतः ) वास्तवमें अनुभव करने वालेके (अत्र एव) इस जन्ममें ही ( रागाद्यः ) राग, द्वेष, क्रोध, मान, मायादिक दोष (क्षीयन्ते) नष्ट हो जाते हैं (ततः) इस लिये (मे) मेरा (न कश्चित् ) न कोई (शत्रुः) शत्रु है ( न च ) और न कोई (प्रियः) मित्र है ।

भावार्थ—जब तक यह जीव अपने निजानन्दमयी स्वाभाविक निराकुलतारूप सुधामृतका पान नहीं करता तब तक ही वह बाह्य पदार्थोंको भ्रमसे इष्ट-अनिष्ट मानकर उनके संयोग-वियोगके लिये सदा चिन्तित रहता है और जो उस संयोग-वियोगमें साधक होते हैं उन्हें अपना शत्रु-मित्र मान लेता है, किन्तु जब आत्मा प्रबुद्ध होकर यथार्थ वस्तुस्थितिका अनुभव करने लगता है तब उसकी रागद्वेषादिरूप विभावपरिणति मिट जाती है और इसलिये बाह्य सामग्रीके साधक-बाधक कारणोंमें उसके शत्रु-मित्रताका भाव नहीं रहता । वह तो उस समय अपने ज्ञानानन्दस्वरूपमें मग्न रहना ही सर्वोपरि समझता है ॥२५॥

यदि कोई कहे कि भले ही तुम किसी दूसरेके शत्रु या मित्र न हो परन्तु तुम्हारा तो कोई अन्य शत्रु वा मित्र अवश्य होगा, इस शंकाका समाधान करते हुए कहते हैं—

**मामपश्यन्नयं लोको न मे शत्रुर्न च प्रियः ।**
**मां प्रपश्यन्नयं लोको न मे शत्रुर्न च प्रियः ॥२६॥**

अन्वयार्थ—( मां ) मेरे आत्मस्वरूपको ( अपश्यन् ) नहीं देखता हुआ (अयं लोकः) यह अज्ञ प्राणिवृन्द ( न मे शत्रुः) न मेरा शत्रु है (न च प्रियः) और न मित्र है तथा (मां) मेरे आत्म स्वरूपको ( प्रपश्यन् ) देखता हुआ ( अयं लोकः ) यह प्रबुद्ध प्राणिगण ( न मे शत्रुः ) न मेरा शत्रु है ( न च प्रियः ) और न मित्र है ।

भावार्थ—आत्मज्ञानी विचारता है कि शत्रु-मित्रकी कल्पना परिचित व्यक्तिमें ही होती है—अपरिचित व्यक्तिमें नहीं। ये संसारके बेचारे अज्ञप्राणी जो मुझे देखते जानते ही नहीं—मेरा आत्मस्वरूप जिनके चर्मचक्षुओंके अगोचर हैं—वे मेरे विषयमें शत्रु-मित्रकी कल्पना कैसे कर सकते हैं ? और जो मेरे स्वरूपको जानते हैं—मेरे शुद्धात्मस्वरूपका साक्षात् अनुभव करते हैं—उनके रागद्वेषका अभाव हो जानेसे शत्रु-मित्रताके भावकी उत्पत्ति नहीं बनती, फिर वे मेरे शत्रु वा मित्र कैसे बन सकते हैं ? इस तरह अज्ञ और विज्ञ दोनों ही प्रकारके जीव मेरे शत्रु या मित्र नहीं हैं ॥२६॥

बहिरात्मपनेका त्याग होने पर अन्तरात्माके परमात्मपदकी प्राप्तिका उपाय बतलाते हुए कहते हैं—

त्यक्त्वैवं बहिरात्मानमन्तरात्मव्यवस्थितः ।
भावयेत्परमात्मानं सर्वसंकल्पवर्जितम् ॥२७॥

अन्वयार्थ—(एवं) इस प्रकार (बहिरात्मानं) बहिरात्मपनेको (त्यक्त्वा) छोड़कर (अंतरात्मव्यवस्थितः) अंतरात्मामें स्थित होते हुए (सर्वसंकल्पवर्जितं) सर्वसंकल्प-विकल्पोंसे रहित (परमात्मानं) परमात्माको (भावयेत्) ध्याना चाहिए।

भावार्थ—बहिरात्मावस्थाको अत्यंत हेय ( त्यागने योग्य ) समझकर छोड़ देना चाहिये और आत्मस्वरूपका ज्ञायक अन्तरात्मा होकर जगतके द्वंद फंद चिंता आदिसे मुक्त हुआ आत्मोत्थ स्वाधीन सुखकी प्राप्तिके लिये परमात्माके चिंतन आराधन पूर्वक तद्रूप बननेकी भावना करनी चाहिये ॥२७॥

अब परमात्मपदकी भावनाका फल दिखाते हुए कहते हैं—

सोऽहमित्यात्तसंस्कारस्तस्मिन् भावनया पुनः ।
तत्रैव दृढसंस्काराल्लभते ह्यात्मनि* स्थितिम् ॥२८॥

अन्वयार्थ—(तस्मिन्) उस परमात्मपदमें ( भावनया ) भावना करते रहनेसे (सः अहं) 'वह अनन्तज्ञानस्वरूप परमात्मा मैं हूँ' (इति) इस प्रकारके (आत्तसंस्कारः) संस्कारको प्राप्त हुआ ज्ञानी पुरुष (पुनः) फिर फिर उस परमात्मपदमें आत्मस्वरूपकी भावना करता हुआ (तत्रैव) उसी परमात्मस्वरूपमें (दृढसंस्कारात्)

*ह्यात्मनः इति पाठान्तरं 'ग' प्रतौ

संस्कारकी दृढ़ताके होजानेसे (हि) निश्चयसे ( आत्मनि ) अपने शुद्ध चैतन्यस्वरूपमें (स्थितिं लभते) स्थिरताको प्राप्त होता है।

भावार्थ—जब 'सोऽहम्' की दृढ़ भावना द्वारा परमात्मपदके साथ जीवात्माकी एकत्व बुद्धि हो जाती है तभी इस जीवको अपनी अनन्तचतुष्टयरूप निधिका परिज्ञान हो जाता है और वह अपनेको वीतरागी परमआनन्दस्वरूप मानने लगता है। उस समय काल्पनिक क्षणिक सांसारिक सुखके कारण बाह्यपदार्थोंमें उसका ममत्व छूट जाता है, राग द्वेषकी मंदता हो जाती है और अभेदबुद्धिसे परमात्मस्वरूपका चिंतवन करते करते आत्मा अपने आत्मस्वरूपमें स्थिर हो जाता है। इसीको आत्मलाभ कहते हैं, जिसके फलस्वरूप आत्मा अनन्तकाल तक निराकुल अनुपम स्वाधीनसुखका भोक्ता होता है। अतः 'सोऽहम्' की यह भावना बड़ी ही उपयोगी है, उसके द्वारा अपने आत्मामें परमात्मपदके संस्कार डालने चाहियें ॥२८॥

यदि कोई आशंका करे कि परमात्माकी भावना करना तो बड़ा कठिन कार्य है. उसमें तो कष्ट परम्पराके सद्भावके कारण भय बना रहता है, फिर जीवोंकी प्रवृत्ति उसमें कैसे हो सकती है, ऐसी आशंकाका निराकरण करते हुए कहते हैं—

**मूढ़ात्मा यत्र विश्वस्तस्ततो नान्यद्भयास्पदम्।**
**यतो भीतस्ततो नान्यदभयस्थानमात्मनः ॥ २९ ॥**

अन्वयार्थ—( मूढात्मा ) अज्ञानी बहिरात्मा ( यत्र ) जिन

शरीर-पुत्रमित्रादि बाह्यपदार्थों में ( विश्वस्तः ) 'ये मेरे हैं, मैं इनका हूँ' ऐसा विश्वास करता है (ततः ) उन शरीर-स्त्री-पुत्रादि बाह्यपदार्थोंसे (अन्यत् ) और कोई ( भयास्पदं न ) भयका स्थान नहीं है और (यतः) जिस परमात्मस्वरूपके अनुभवसे ( भीतः ) डरा रहता है ( ततः अन्यत् ) उसके सिवाय कोई दूसरा (आत्मनः) आत्माके लिये ( अभयस्थानं न ) निर्भयताका स्थान नहीं है।

भावार्थ—जैसे सर्पसे डसा हुआ मनुष्य कड़वा नीम भी रुचिसे चबाता है उसी प्रकार विषय-कषायोंमें संलग्न हुए जीवको दुःखदाई शरीरादिक बाह्यपदार्थ भी मनोहर एवं सुखदाई मालूम होते हैं और पित्तज्वर वाले रोगीको जिस प्रकार मधुर दुग्ध कड़वा मालूम होता है उसी प्रकार बहिरात्मा अज्ञानी जीवको सुखदाई परमात्मस्वरूपकी भावना भी कष्टप्रद मालूम पड़ती है और इसी विपरीत बुद्धिके कारण यह जीव अनादि कालसे दुखी होरहा है। वास्तवमें इस जीवके लिए परमात्मस्वरूपके अनुभवके समान और कोई भी सुखदाई पदार्थ संसारमें नहीं है और न शरीरके समान दुखदाई कोई दूसरा पदार्थ ही है ॥ २६ ॥

अब उस आत्माकी प्राप्ति किस उपायसे होती है उसे बतलाते हैं—

सर्वेन्द्रियाणि संयम्य स्तिमितेनान्तरात्मना ।
यत्क्षणं पश्यतो भाति तत्तत्त्वं परमात्मनः ॥ ३० ॥

अन्वयार्थ—( सर्वेन्द्रियाणि ) सम्पूर्ण पांचों इन्द्रियोंको (संयम्य) अपने विषयोंमें यथेष्ट प्रवृत्ति करनेसे रोककर (स्तिमितेन) स्थिर हुए ( अन्तरात्मना ) अन्तःकरणके द्वारा (क्षणं पश्यतः) क्षणमात्रके लिए अनुभव करने वाले जीवके (यत्) जो चिदानन्दस्वरूप (भाति) प्रतिभासित होता है । (तत्) वही (परमात्मनः) परमात्माका (तत्त्वं) स्वरूप है ।

भावार्थ—परमात्माका अनुभव प्राप्त करनेके लिए स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु और कर्ण इन पांचों इन्द्रियोंको अपने-अपने विषयोंमें यथेष्ट प्रवृत्तिकरनेसे रोककर मनको स्थिर करना चाहिये। अर्थात् उसे अन्तर्जल्पादिरूप संकल्प-विकल्पसे मुक्त करना चाहिये। ऐसा होनेपर जो अन्तरंगावलोकन किया जावेगा उसीसे शुद्ध चैतन्यमय परमात्मत्वरूपका अनुभव हो सकेगा। इन्द्रियों द्वारा ज्ञेयपदार्थोंमें भ्रमती हुई चित्तवृत्तको रोके बिना कुछ भी नहीं बनता। अतः आत्मानुभवके लिए उसे रोकनेका सबसे पहले प्रयत्न होना चाहिये ॥ ३० ॥

अब यह बतलाते हैं कि परमात्मत्वरूपकी प्राप्ति किसकी आराधना करने पर होगी—

**यः परात्मा स एवाऽहं योऽहं स परमस्ततः ।**
**अहमेव मयोपास्यो नान्यः*कश्चिदितिस्थितिः॥३१॥**

* 'नाह्नः' इति पाठान्तर 'ग' प्रतौ ।

अन्वयार्थ—(यः) जो (परात्मा) परमात्मा है (स एव) वह ही (अहं) मैं हूँ तथा (यः) जो स्वानुभवगम्य (अहं) मैं हूँ (सः) वही (परमः) परमात्मा है (ततः) इसलिये—जब कि परमात्मा और आत्मामें अभेद है (अहं एव) मैं ही (मया) मेरे द्वारा (उपास्यः) उपासना किये जानेके योग्य हूँ (कश्चित् अन्यः न) दूसरा कोई मेरा उपास्य नहीं, (इति स्थितिः) इस प्रकार ही आराध्य-आराधक-भावकी व्यवस्था है।

भावार्थ—जब यह अन्तरात्मा अपनेको सिद्ध समान शुद्ध, बुद्ध, ज्ञाता, द्रष्टा अनुभव करता हुआ अभेद—भावनाके बलपर शुद्ध आत्मस्वरूपमें तन्मय हो जाता है तभी वह कर्मबन्धनको नष्ट करके परमात्मा बन जाता है। अतएव सांसारिक दुःखोंसे छूटने अथवा दृढ़-बंधनसे मुक्त होनेके लिए अपना शुद्धात्मस्वरूप ही उपासना किये जानेके योग्य है ॥ ३१ ॥

आगे इसी बातको और भी स्पष्ट करते हुए कहते हैं—

**प्रच्याव्य विषयेभ्योऽहं मां मयैव मयि स्थितम् ।**
**बोधात्मानं प्रपन्नोऽस्मि परमानन्दनिर्वृतम् ॥ ३२ ॥**

अन्वयार्थ—(अहं) मैं (मयि स्थितम्) अपनेहीमें स्थित ज्ञानस्वरूप (परमानन्दनिर्वृतम्) परम आनन्दसे परिपूर्ण (मां) अपनी आत्माको (विषयेभ्यः) पंचेन्द्रियोंके विषयोंसे (प्रच्याव्य) छुड़ाकर (मया एव) अपने ही द्वारा (प्रपन्नोऽस्मि) आत्मस्वरूपको प्राप्त हुआ हूँ।

भावार्थ—जिस परमात्मपदके प्राप्त करनेकी अभिलाषा है वह शक्तिरूपसे इस आत्मामें ही मौजूद है; किन्तु उसकी व्यक्ति अथवा प्राप्ति इन्द्रिय-विषयोंसे विरक्त होकर ज्ञान और वैराग्यका सुदृढ़ अभ्यास करनेसे होती है। इसलिए हमें चाहिए कि हम जीवन्मुक्त परमात्माके दिव्य उपदेशका मनन करके उनके नक्शे-क़दम पर चलें और उन जैसी वीतराग-ध्यानमयी शांत-मुद्रा बनकर चैतन्य जिनप्रतिमा बननेकी कोशिश करें तथा उनकी सौम्याकृतिरूप प्रतिबिम्बका चित्र अपने हृदय-पटल पर अंकित करें। इस तरह आत्मस्वरूपके साधक कारणोंको उपयोगमें लाकर स्वयं ही परमात्मपद प्राप्त करें और निजानन्द-रसका पान करते हुए अनन्तकाल तक अनन्त सुखमें मग्न रहें ॥३२॥

इस प्रकार जो शरीरसे आत्माको भिन्न नहीं जानता है उसके प्रति कहते हैं :—

**यो न वेत्ति परं देहादेवमात्मानमव्ययम् ।**
**लभते स न निर्वाणं तप्त्वाऽपि परमं तपः ॥३३॥**

अन्वयार्थ—(एवं) उक्त प्रकारसे (यः) जो (अव्ययं) अविनाशी (आत्मानं) आत्माको (देहात्) शरीरसे (परं न वेत्ति) भिन्न नहीं जानता है (सः) वह (परमं तपः तप्त्वापि) घोर तपश्चरण करके भी (निर्वाणं) मोक्षको (न लभते) प्राप्त नहीं करता है।

भावार्थ-संसारमें दुःखका मूल कारण आत्मज्ञानका अभाव

है। जब तक यह अज्ञान बना रहता है तब तक दुःखोंसे छुटकारा नहीं मिलता। इसी कारण जो पुरुष आत्माके वास्तविक स्वरूप-को नहीं पहचानता—विनश्वर पुद्‌गल पिण्डमय शरीरको ही आत्मा जाना है—वह कितना ही घोर तपश्चरण क्यों न करे मुक्तिको नहीं पा सकता है; क्योंकि मुक्तिके लिए जिससे मुक्त होना है और जिसको मुक्त होना है दोनोंका भेदज्ञान आवश्यक है। जब मूलमें ही भूल हो तब तपश्चरण क्या सहायता पहुँचा सकता है। ऐसे ही लोगोंकी मुक्ति-उपासना बहुधा अन्य बाह्य पदार्थों की तरह सांसारिक विषय सुखका ही साधन बन जाती है और इसलिए घोरातिघोर तपश्चरणद्वारा शरीरको अनेक प्रकारसे कष्ट देते और सुखाते हुए भी वे कर्मबन्धनसे छूट नहीं पाते, प्रत्युत अपने उस बाल तपश्चरणके कारण संसारमें ही परिभ्रमण करते रहते हैं। अतः आत्मज्ञानपूर्वक तपश्चरण करना ही सार्थक और सिद्धिका कारण है। किसी कविने ठीक कहा—

"चेतन चित परिचय बिना जप तप सबै निरत्थ।
कण बिन तुष जिम फटकतैं, कछु न आवे हत्थ ॥३३॥

यदि कोई अशंका करे कि मुक्तिके लिए घोर तपश्चरण करने वालोंके महादुःखोंकी उत्पत्ति होती है और उस दुःखोत्पत्ति-से चित्तमें बराबर खेद बना रहता है तब उनको मुक्तिकी प्राप्ति कैसे हो सकती है ? उसके उत्तरमें कहते हैं —

आत्मदेहान्तरज्ञानजनिताल्हादनिर्वृतः ।
तपसा दुष्कृतं घोरं भुञ्जानोऽपि न खिद्यते ॥३४॥

अन्वयार्थ-( आत्मदेहांतरज्ञानजनिताल्हादनिर्वृतः ) आत्मा और शरीरके भेद-विज्ञानसे उत्पन्न हुए आनदन्दसे जो आनन्दित है वह (तपसा) तपके द्वारा—द्वादश प्रकारके तपद्वारा उदयमें लाये हुए (घोरं दुष्कृतं) भयानक दुष्कर्मोंके फलको (भुञ्जानः अपि) भोगता हुआ भी (न खिद्यते) खेदको प्राप्त नहीं होता है।

भावार्थ—जिस समय इस जीवके अनुभवमें शरीर और आत्मा भिन्न भिन्न दिखाई देने लगते हैं, उस समय शारीरिक विषयसुखोंके लिये पर-पदार्थकी सारी चिन्तायें मिट जाती हैं, उसके फलस्वरूप आत्मा परमानन्दमें लीन हो जाता है—उसे दुखका अनुभव ही नहीं होता। क्योंकि संसारमें इष्टवियोग, अनिष्टसंयोग, रोग और भूक-प्यासादिजन्य जितने भी दुःख हैं वे सब शरीरके आश्रित हैं—शरीरको आत्मा माननेसे उन सब दुखोंमें भाग लेना पड़ता है। जब भेद विज्ञानके द्वारा शरीरसे ममत्व छूट कर आत्मा स्वरूपमें स्थिर हुआ आनन्दमग्न होजाता है तब वह तपश्चरणके कष्टोंको महसूस नहीं करता और न तपश्चरणके अवसर पर आए हुए उपसर्गादिकोंसे खेदखिन्न ही होता है। उसका आनन्द अबाधित रहता है ॥३४॥

जिन्हें तपश्चरण करते हुए खेद होता है उन्हें आमस्वरूप-की उपलब्धि नहीं हुई ऐसा दर्शाते हुए कहते हैं—

रागद्वेषादि कल्लोलैरलोलं यन्मनो जलम् ।
स पश्यत्यात्मनस्तत्त्वं स तत् तत्त्वं* नेतरो जनः॥३५॥

अन्वयार्थ--( यन्मनोजलम् ) जिसका मनरूपी जल (राग-द्वेषादिकल्लोलैः) राग-द्वेष-काम क्रोध-मान-माया-लोभादि तरंगोंसे (अलोलं) चंचल नहीं होता (सः) वही पुरुष (आत्मनः तत्त्वम् ) आत्माके यथार्थ स्वरूपको (पश्यति) देखता है— अनुभव करता है—(तत् तत्त्वम्) उस आत्मतत्वको (इतरो जनः) दूसरा राग द्वेपादि कल्लोलोंसे आकुलितचित्त मनुष्य (न पश्यति) नहीं देख सकता है।

भावार्थ—जिस प्रकार तरंगित जलमें जलस्थित वस्तुका ठीक प्रतिभास नहीं होता—वह दिखाई नहीं देती, उसी प्रकार राग-द्वेषादि-कल्लोलोंसे आकुलित हुए सविकल्प मनद्वारा आत्माका दर्शन नहीं होता। आत्मदर्शनके लिए मनको निर्विकल्प बनाना होगा। वास्तवमें निर्विकल्प मन ही आत्मतत्त्व है—सविकल्प मन नहीं॥३५॥

आगे इसी आत्मतत्त्वके वाच्यको स्पष्ट करते हुए कहते हैं-

अविक्षिप्तं मनस्तत्त्वं विक्षिप्तं भ्रान्तिरात्मनः ।
धारयेत्तदविक्षिप्तं विक्षिप्तं नाश्रयेत्ततः ॥३६॥

---

*तत्तत्वं, इति पाठान्तर 'क' पुस्तके ।

अन्वयार्थ—( अविक्षिप्तं ) रागादिपरिणतिसे रहित तथा शरीर और आत्माको एक माननेरूप मिथ्या अभिप्रायसे रहित जो स्वरूपमें स्थिर है (मनः) वही मन है (आत्मनः तत्त्वं) आत्माका वास्तविक रूप है और (विक्षिप्तं) रागादिरूप परिणत हुआ एवं शरीर तथा आत्माके भेदज्ञानसे शून्यमन है वह (आत्मनः भ्रान्तिः) आत्माका विभ्रम है—आत्माका निजरूप नहीं है (ततः इसलिये) तत् (अविक्षिप्तं) (उस रागद्वेषादिसे रहित मनको ( धारयेत् ) धारण करना चाहिये और (विक्षिप्तं) रागद्वेषादिसे क्षुब्ध हुए मनको न आश्रयेत् आश्रय नहीं देना चाहिये।

भावार्थ—जिस समय ज्ञानस्वरुप शुद्ध मन, रागादिक विभावभावोंसे रहित होकर शरीरादिक बाह्य पदार्थोंसे आत्माको भिन्न चैतन्यमय एक टंकोत्कीर्ण ज्ञायक स्वभावरूप अनुभव करने लगता है तथा उसमें तन्मय हो जाता है, उस समय उस अविक्षिप्त एवं निर्विकल्प मनको 'आत्मतत्त्व' समझना चाहिये। परन्तु जब उसमें विकल्प उठने लगते हैं तब उसे आत्मतत्त्व न कहकर 'आत्मभ्रान्ति' कहना चाहिये। अतः आत्मलाभके इच्छुकोंको चाहिये कि वे अपने मनको डांवाडोल न रखकर स्वरूपमें स्थिर करनेका दृढ़ प्रयत्न करें, क्योंकि मनकी अस्थिरता ही रागादिपरिणतिका कारण है ॥३६॥

किस कारणसे मन विक्षिप्त होता है और किस कारणसे अविक्षिप्त, आगे इसी बातको बतलाते हैं—

**अविद्याभ्याससंस्कारैरवशं क्षिप्यते मनः ।**
**तदेव ज्ञानसंस्कारैः स्वतस्तत्त्वेऽवतिष्ठते ॥३७॥**

अन्वयार्थ—(अविद्याभ्याससंस्कारैः) शरीरादिकको शुचि, स्थिर और आत्मीय मानने रूप जो अविद्या अज्ञान है उसके पुनः पुनः प्रवृत्तिरूप अभ्याससे उत्पन्न हुए संस्कारों द्वारा (मनः) मन (अवशं) स्वाधीन न रह कर (क्षिप्यते) विक्षिप्त हो जाता है—रागी द्वेषी बन जाता है और (तदेव) वही मन (ज्ञानसंस्कारैः) आत्म-देहके भेद विज्ञानरूप संस्कारों-द्वारा (स्वतः) स्वयं ही ( तत्त्वे ) आत्मस्वरूपमें (अवतिष्ठते) स्थिर हो जाता है ।

भावार्थ मनके विक्षिप्त होनेका वास्तविक कारण अज्ञान है और उसके अविक्षिप्त रहनेका कारण है ज्ञानाभ्यास । अतः परद्रव्यमें आत्मबुद्धि आदिरूप अज्ञानके संस्कारोंको हटाना चाहिये और स्व-पर-भेदविज्ञानके अभ्यासरूप ज्ञानके संस्कारोंको बढ़ाना चाहिये जिससे स्वरूपकी उपलब्धि एवं आत्मस्वरूपमें स्थिति हो सके । ३७॥

चित्तके विक्षिप्त और अविक्षिप्त होने पर फल विशेषको दर्शाते हुए कहते हैं—

**अपमानादयस्तस्य विक्षेपो यस्य चेतसः ।**
**नापमानादयस्तस्य न क्षेपो तस्य चेतसः ॥३८॥**

अन्वयार्थ—(यस्य चेतसः) जिसके चित्तका ( विक्षेपः )

रागादिरूप परिणमन होता है (तस्य) उसीके ( अपमानादयः ) अपमानादिक होते हैं। (यस्य चेतसः) जिसके चित्तका (क्षेपः न) राग-द्वेषादिरूप परिणमन नहीं होता (तस्य) उसके (अपमानादयः न) अपमान-तिरस्कारादि नहीं होते हैं।

भावार्थ—जब तक चित्तमें रागद्वेषादिक विभावरूप कुत्सित संस्कारोंका सम्बन्ध रहता है तभी तक मन साधारणसे भी बाह्य निमित्तोंको पाकर क्षुभित हो जाता है और अमुक पुरुषने मेरा मान भंग किया, अमुकने मेरा तिरस्कार किया, मुझे नीचा दिखाया इत्यादि कल्पनाएँ करके दुःखित होता है। परन्तु जब विक्षेपका मूलकारण राग-द्वेष-मोह-भाव दूर हो जाता है तब वह अपने अपमानादिकको महसूस नहीं करता और न उस प्रकारकी कल्पनाएं ही उसे सताती हैं ॥३८॥

अब अपमानादिकके दूर करनेका उपाय बतलाते हैं—

यदा मोहात्प्रजायेते रागद्वेषौ तपस्विनः।
तदैव भावयेत्स्वस्थमात्मानं शाम्यतः क्षणात् ॥३९॥

अन्वयार्थ—(यदा) जिस समय (तपस्विनः) किसी तपस्वी अन्तरात्माके (मोहात्) मोहनीय कर्मके उदयसे (रागद्वेषौ) राग और द्वेष (प्रजायेते) उत्पन्न हो जावें (तदा एव) उसी समय वह तपस्वी (स्वस्थं आत्मानं) अपने शुद्ध आत्मस्वरूपकी (भावयेत्) भावना करे। इससे वे रागद्वेषादिक (क्षणात्) क्षणभरमें (शाम्यतः) शांत हो जाते हैं।

भावार्थ—इन राग, द्वेष, काम, क्रोध, मान, माया और लोभादिरूप कुभावोंकी उत्पत्तिका मूल कारण अज्ञान है। शरीर और आत्माका भेद-विज्ञान न होनेसे ही ये मनोविकार चित्त-की निश्चल वृत्तिको चलायमान कर देते हैं। कुभावोंके विनाश-का एक मात्र उपाय आत्मस्वरूपका चिंतन करना है। जैसे ग्रीष्मकालीन सूर्यकी प्रचण्ड किरणोंके तापसे संतप्त हुए मानव के लिए शीतल जलका पान, स्नान, चन्दनादिकका लेप और वृक्षकी सघन छायाका आश्रय उसके उस तापको दूर करनेमें समर्थ होता है, उसी प्रकार मोहरूपी सूर्यकी प्रचण्ड कषायरूपी किरणोंसे संतप्त हुए अन्तरात्माके लिये अपने शुद्ध स्वरूपका चिंतन ही उस तापसे छुड़ानेका एक मात्र उपाय है ॥३९॥

अब उन राग और द्वेषके विषय तथा विपक्षको दिखाते हुए कहते हैं—

**यत्र काये मुनेः प्रेम ततः प्रच्याव्य देहिनम्।**
**बुद्धया तदुत्तमे काये योजयेत्प्रेम नश्यति ॥४०॥**

अन्वयार्थ–(यत्र काये) जिस शरीरमें (मुनेः) मुनिका—अन्तरात्माका (प्रेम) प्रेम-स्नेह है (ततः) उससे (बुद्धया) भेद विज्ञानके आधार पर (देहिनम्) आत्माको (प्रच्याव्य) पृथक् करके (तदुत्तमे काये) उस उत्तम चिदानन्दमयकायमें—आत्म-स्वरूप में (योजयेत्) लगावे। ऐसा करनेसे (प्रेम नश्यति) बाह्य शरीर और इन्द्रियविषयोंमें होने वाला प्रेम नष्ट हो जाता है।

भावार्थ—जब तक इस जीवको अपने निजानन्दमय निराकुल शांत उपवनमें क्रीड़ा करनेका अवसर नहीं मिलता, तब तक ही यह जीव अस्थि, मांस और मल-मूत्रसे भरे हुए अपावन घृणित स्त्री आदिके शरीरमें और अन्य पाँच इन्द्रियोंके विषयों-में आसक्त रहता है; किन्तु जब दर्शनमोहादिके उपशम, क्षय, क्षमोपशमसे इसके चित्तमें विवेकज्ञान जागृत हो जाता है तब स्व-पर स्वरूपका ज्ञायक होकर अपने ही प्रशान्त एवं निजानन्दमय सुधा रसका पान करने लगता है और बाह्य इन्द्रियोंके पराधीन विषयोंको हेय समझकर उदासीन हो जाता है अथवा उनका सर्वथा त्यागकर निर्ग्रंथ साधु बन जाता है और घोर तपश्चरणा-दिके द्वारा आत्माकी वास्तविक शुद्धि करके सच्चे स्वाधीन एवं अविनाशी आत्मपदको प्राप्त कर लेता है ॥४०॥

उस अनात्मक प्रेमके नष्ट होनेपर क्या होता है उसे बतलाते हैं –

**आत्मविभ्रजं दुःखमात्मज्ञानात्प्रशाम्यति ।**
**नायतास्तत्र निर्वान्ति कृत्वापि परमं तपः ॥४१॥**

अन्वयार्थ –( आत्मविभ्रजं) शरीरादिकमें आत्मबुद्धिरूप विभ्रमसे उत्पन्न होने वाला (दुःखं) दुख-कष्ट (आत्मज्ञानात्) शरीरादिसे भिन्नरूप आत्मस्वरूपके अनुभव करनेसे (प्रशाम्यति) शांत हो जाता है। अतएव जो पुरुष ( तत्र ) भेदविज्ञानके द्वारा आत्मस्वरूपकी प्राप्ति करनेमें ( अयताः ) प्रयत्न नहीं करते वे

( परमं ) उत्कृष्ट एवं दुर्द्धर (तपं) तपको (कृत्वापि) करके भी (न निर्यान्ति) निर्वाणको प्राप्त करनेमें समर्थ नहीं होते हैं।

भावार्थ–कर्मबन्धनसे छूटनेके लिए आत्मज्ञानपूर्वक किया हुआ इच्छानिरोधरूप तपश्चरण ही कार्यकारी है। आत्मज्ञानसे शून्य केवल शरीरको कष्ट देने वाले तपश्चरण तपश्चरण नहीं हैं—संसारपरिभ्रमणके ही कारण हैं। उनसे आत्मा कभी भी कर्मों के बन्धनसे छूट नहीं सकता और न स्वरूपमें ही स्थिर हो सकता है। उसकी कष्ट-परम्परा बढ़ती ही चली जाती है ॥ ४१ ॥

तपको करके बहिरात्मा क्या चाहता है और अन्तरात्मा क्या चाहता है, इसे दिखाते हैं—

शुभं शरीरं दिव्यांश्च विषयानभिवांच्छति ।
उत्पन्नात्ममतिर्देहे तत्त्वज्ञानी ततश्च्युतिम् ॥४२॥

अन्वयार्थ—(देहे उत्पन्नात्ममतिः) शरीरमें जिसको आत्मत्वबुद्धि उत्पन्न हो गई है ऐसा बहिरात्मा तप करके (शुभं शरीरं-च) सुन्दर शरीर और ( दिव्यान् विषयान् ) उत्तमोत्तम अथवा स्वर्गके विषय भोगोंको ( अभिवांच्छति ) चाहता है और (तत्त्व-ज्ञानी ) ज्ञानी अन्तरात्मा (ततः) शरीर और तत्सम्बन्धी विषयों-से (च्युतिम् ) छूटना चाहता है।

भावार्थ--अज्ञानी बहिरात्मा स्वर्गादिककी प्राप्तिको ही परम-पदकी प्राप्ति समझता है और इसीलिए स्वर्गादिकके मिलने

की लालसासे पंचाग्नि आदि शरीरको क्लेश देने वाले तप करता है। प्रत्युत इसके, आत्मज्ञानी अन्तरात्माकी ऐसी धारणा नहीं होती, वह सांसारिक विषय-भोगोंमें अपना स्वार्थ नहीं देखता– उन्हें दुःखदाई और कष्टकर जानता है—और इसलिये इन देह-भोगोंसे ममत्व छोड़कर दुर्धर तपश्चरण करता हुआ शरीरादिक-से आत्माको भिन्न करनेका परम यत्न करता है—तपश्चरणके द्वारा इन्द्रिय और कषायों पर विजय पाकर अपने ध्येयकी सिद्धि कर लेता है ॥४२॥

अब यह बतलाते हैं कि बहिरात्मा और अन्तरात्मामें कर्म-बन्धनका कर्ता कौन है ? —

**परत्राहम्मतिः स्वस्माच्च्युतो बध्नात्यसंशयम्।**
**स्वस्मिन्नहम्मतिश्च्युत्वा परस्मान्मुच्यते बुधः ॥४३॥**

अन्वयार्थ--(परत्राहम्मतिः) शरीरादिक परपदार्थोंमें जिस-की आत्मबुद्धि हो रही है ऐसा बहिरात्मा (स्वस्मात्) अपने आत्मस्वरूपसे (च्युतः) भ्रष्ट हुआ (असंशयम्) निःसन्देह (बध्नाति) अपनेको कर्म बन्धनसे बद्ध करता है और (स्वस्मिन्न-हंमतिः) अपने आत्माके स्वरूपमें ही आत्मबुद्धि रखने वाला (बुधः) अन्तरात्मा (परस्मात्) शरीरादिक परके सम्बन्धसे (च्युत्वा) च्युत होकर (मुच्यते) कर्म बन्धनसे छूट जाता है।

भावार्थ–बंधका कारण वास्तवमें रागादिकमात्र है और वह तभी बनता है जब आत्मा अपने स्वरूपका ठीक अनुभव नहीं करता—

उसे भूल कर शरीरादिक पर-पदार्थोंमें आत्म-बुद्धि धारण करता है। अन्तरात्मा चूंकि अपने आत्मस्वरूपका ज्ञाता होता है, इससे वह अपने आत्मासे भिन्न दूसरे पदार्थोंमें आत्मबुद्धि धारण नहीं करता—फलतः उसकी पर-पदार्थोंमें कोई आसक्ति नहीं होती। इसीसे वह कर्मोंके बंधनसे नहीं बंधता, किन्तु उससे छूट जाता है ॥ ४३ ॥

बहिरात्माको जिस पदार्थमें आत्मबुद्धि हो गई है उसे वह कैसा मानता है और अन्तरात्माकी जिसमें आत्मबुद्धि उत्पन्न हो गई है उसे वह कैसा अनुभव करता है, आगे इसी आशंकाका निरसन करते हुए कहते हैं—

**दृश्यमानमिदं मूढस्त्रिलिङ्गमवबुध्यते ।**
**इदमित्यवबुद्धस्तु निष्पन्नं शब्दवर्जितम् ॥४४॥**

अन्वयार्थ—(मूढः) अज्ञानी बहिरात्मा (इदं दृश्यमानं) इस दिखाई देने वाले शरीरको (त्रिलिंगं अवबुध्यते) स्त्री-पुरुष-नपुं-सकके भेदसे यह आत्मतत्त्व त्रिलिङ्ग रूप है ऐसा मानता है; किन्तु (अवबुद्धः) आत्मज्ञानी अन्तरात्मा (इदं) यह आत्मतत्त्व है—त्रिलिङ्गरूप आत्मतत्त्व नहीं है और वह (निष्पन्नं) अनादि संसिद्ध है तथा (शब्दवर्जितम्) नामादिक विकल्पोंसे रहित है (इति) ऐसा समझता है।

भावार्थ—अज्ञानी जीवको शरीरसे भिन्न आत्माकी प्रतीति

नहीं होती, इस लिए वह स्त्री-पुरुष नपुंसकरूप त्रिलिङ्गात्मक शरीरको ही आत्मा मानता है। सम्यग्दृष्टि वस्तुस्वरूपका ज्ञाता है और उसे शरीरसे भिन्न चैतन्यस्वरूप आत्मतत्त्वकी प्रतीत होती है, इसलिये वह अपने आत्माको तद्रूप ही अनुभव करता—त्रिलिङ्गरूप नहीं—और उसे अनादिसिद्ध तथा-निर्विकल्प समझता है ॥ ४४ ॥

यदि कोई कहे कि जब अन्तरात्मा इस तरहसे आत्माका अनुभव करता है तो फिर मैं पुरुष हूँ, मैं गोरा हूँ इत्यादि अभेद-रूपकी भ्रान्ति उसे कैसे हो जाती है, इसका उत्तर देते हुए कहते हैं—

जानन्नप्यात्मनस्तत्त्वं विविक्तं भावयन्नपि।
पूर्वविभ्रमसंस्काराद् भ्रांतिं भूयोऽपि गच्छति ॥४५॥

अन्वयार्थ-अन्तरात्मा (आत्मनः तत्त्वं) अपने आत्माके शुद्ध चैतन्य स्वरूपको (जानन् अपि) जानता हुआ भी (विविक्तं भावयन् अपि) और शरीरादिक अन्य पर-पदार्थोंसे भिन्न अनुभव करता हुआ भी (पूर्वविभ्रमसंस्कारात्) पहली बहिरात्मावस्थामें होने वाली भ्रान्तिके संस्कारवश (भूयोऽपि) पुनरपि (भ्रांतिं गच्छति) भ्रान्तिको प्राप्त होजाता है।

भावार्थ—यद्यपि अन्तरात्मा अपने आत्माके यथार्थ स्वरूप-को जानता है और उसे शरीरादिक पर-द्रव्योंसे भिन्न अनुभव

भी करता है। फिर भी बहिरत्मावस्थाके चिरकालीन संस्कारोंके जागृत हो उठनेके कारण कभी कभी बाह्य पदार्थोंमें उसे एकत्वका भ्रम हो जाता है। इसीसे अन्तरात्मा सम्यग्दृष्टिके ज्ञान-चेतनाके साथ कदाचित् कर्म-चेतना व कर्मफल-चेतना का भी सद्भाव माना गया है॥४५॥

पुनः भ्रांतिको प्राप्त हुआ अन्तरात्मा उस भ्रांतिको फिर कैसे छोड़ें ? इसे बतलाते हैं—

**अचेतनमिदं दृश्यमदृश्यं चेतनं ततः।**
**क्व रुष्यामि क्व तुष्यामि मध्यस्थोऽहं भवाम्यतः ॥४६॥**

अन्वयार्थ—अन्तरात्मा तब अपनी विचार परिणतिको इस रूप करे कि— इदं दृश्यं) यह जो दृष्टिगोचर होने वाला पदार्थ समूह है वह सब सब (अचेतनं चेतनारहित–जड़ है और जो (चेतनं) चैतन्यरूप आत्म समूह है वह (अदृश्यं) इन्द्रियोंके द्वारा दिखाई नहीं पड़ता (ततः) इसलिए (क्व रुष्यामि) मैं किस पर तो क्रोध करूँ और (क्व तुष्यामि) किस पर सन्तोष व्यक्त करूँ ? (अतः अहं मध्यस्थः भवामि) ऐसी हालतमें मैं तो अब राग द्वेषके परित्यागरूप मध्यस्थभावको धारण करता हूँ।

भावार्थ—अन्तरात्माको अपने अनाद्यविद्यारूप भ्रान्त संस्कारों पर विजय प्राप्त करनेके लिए सदा ही यह विचार करते रहना चाहिए कि जिन पदार्थोंको मैं इन्द्रियोंके द्वारा देख

रहा हूँ वे सब तो जड़ हैं-चेतना रहित हैं उनपर रोष-तोष करना व्यर्थ है—वे उसे कुछ समझ ही नहीं सकते—और जो चैतन्य पदार्थ हैं वे मुझे दिखाई नहीं पड़ते वे मेरे रोष-तोषका विषय ही नहीं हो सकते। अतः मुझे किसीसे राग-द्वेष न रख कर मध्यस्थ भावका ही अवलम्बन लेना चाहिये ॥४६॥

अब बहिरात्मा और अन्तरात्माके त्याग ग्रहण विषयको स्पष्ट करते हुए कहते हैं—

त्यागादाने बहिर्मूढः करोत्यध्यात्ममात्मवित्।
नान्तर्बहिरुपादानं न त्यागो निष्ठितात्मनः ॥४७॥

अन्वयार्थ (मूढः) मूर्ख बहिरात्मा (बहिः) बाह्य पदार्थोंका (त्यागादाने करोति) त्याग और ग्रहण करता है अर्थात् द्वेषके उदयसे जिनको अनिष्ट समझता है उनको छोड़ देता है और रागके उदयसे जिन्हें इष्ट समझता है उन्हें ग्रहण कर लेता है, तथा (आत्मवित्) आत्माके स्वरूपका ज्ञाता अन्तरात्मा (अध्यात्मं त्यागादाने करोति) अन्तरंग राग-द्वेषका त्याग करता है और अपने सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान सम्यक्चारित्ररूप निजभावोंका ग्रहण करता है। परन्तु (निष्ठितात्मनः) शुद्धस्वरूपमें स्थित जो कृतकृत्य परमात्मा है उसके (अन्तः बहिः) अन्तरंग और बहिरंग किसी भी पदार्थका (न त्यागः) न तो त्याग होता है और (न उपादानं) न ग्रहण होता है।

भावार्थ—बहिरात्मा जीव मोहोदयसे जिन बाह्य पदार्थोंमें इष्ट-अनिष्टकी कल्पना करता है उन्हींमें त्याग और ग्रहणकी क्रिया किया करता है। अन्तरात्मा वस्तुस्थितिका जानने वाला होकर वैसा नहीं करता—वह बाह्य पदार्थोंसे अपनी चित्तवृत्तिको हटा-कर अन्तरंगमें ही त्याग-ग्रहणकी प्रवृत्ति किया करता है—रागादि कषाय भावोंको छोड़ता है और अपने शुद्ध चैतन्यरूपको अपनाता है। परन्तु परमात्माके कृतकृत्य हो जानेके कारण, बाह्य हो या अंतरंग किसी भी विषयमें त्याग और ग्रहणकी प्रवृत्ति नहीं होती। वे तो अपने शुद्धस्वरूपमें सदा स्थिर रहते हैं ॥४७॥

अन्तरात्मा अन्तरंगका त्याग और ग्रहण किस प्रकार करे, उसे बतलाते हैं—

**युञ्जीत मनसाऽऽत्मानं वाक्कायाभ्यां वियोजयेत्।**
**मनसा व्यवहारं तु त्यजेद्वाक्काययोजितम् ॥४८॥**

अन्वयार्थ—( आत्मानं ) आत्माको ( मनसा ) मनके साथ ( युञ्जीत ) संयोजित करे—चित्त और आत्माका अभेदरूपसे अध्यवसाय करे (वाक्कायाभ्यां) वचन और कायसे (वियोजयेत्) अलग करे—उन्हें आत्मा न समझे ( तु ) और ( वाक्काय-योजितम् ) वचन-कायसे किये हुए ( व्यवहारं ) व्यवहारको (मनसा) मनसे (त्यजेत्) छोड़ देवे—उसमें चित्तको न लगावे।

भावार्थ—अन्तरंग रागादिकका त्याग और आत्मगुणोंका

ग्रहण करनेके लिये अन्तरात्माको चाहिये, कि वह आत्माको मानसज्ञानके साथ तन्मय करे और वचन तथा कायके सर्वकार्योंको छोड़कर आत्मचिन्तनमें तल्लीन हो जावे। यदि प्रयोजनवश वचन और कायकी क्रिया करनी भी पड़े तो उसे उदासीनभावके साथ अरुचि-पूर्वक कड़वी दवाई पीनेवाले रोगीकी तरह अनासक्तिसे करे ॥४८॥

यदि कोई कहे कि पुत्र स्त्री आदिके साथ वचनव्यवहार और शरीरव्यवहार करते हुए तो सुख प्रतीत होता है, फिर उस व्यवहारका त्याग करना कैसे युक्ति युक्त कहा जा सकता है? उसका समाधान करते हुए कहते हैं—

**जगद्देहात्मदृष्टीनां विश्वास्यं रम्यमेव च।**
**स्वात्मन्येवात्मदृष्टीनां क्व विश्वासः क्व वा रतिः ॥४९॥**

अन्वयार्थ—(देहात्मदृष्टीनां) शरीरमें आत्मदृष्टि रखने वाले मिथ्यादृष्टि बहिरात्माओंको (जगत्) यह स्त्री-पुत्र मित्रादिका समूहरूप संसार (विश्वास्यं) विश्वासके योग्य (च) और (रम्यं एव) रमणीय ही मालूम पड़ता है। परन्तु (स्वात्मनि एव आत्मदृष्टीनां) अपने आत्मामें ही आत्मदृष्टि रखने वाले सम्यग्दृष्टि अन्तरात्माओंको (क्व विश्वासः) इन स्त्रीपुत्रादि परपदार्थोंमें कहां विश्वास हो सकता है (वा) और (क्व रतिः) कहां आसक्ति हो सकती है? कहीं भी नहीं।

भावार्थ—जब तक अपने परमानन्दमय चैतन्य स्वरूपका बोध न होकर इन संसारी जीवोंकी देहमें आत्मबुद्धि बनी रहती है तब तक इन्हें यह स्त्री-पुत्रादिका समूह अपनेको आत्मस्वरूपसे वंचित रखने वाला ठग समूह प्रतीत नहीं होता, किन्तु विश्वसनीय, रमणीय और उपकारी जान पड़ता है। परन्तु जिन्हें आत्माका परिज्ञान होकर अपने आत्मामें ही आत्मबुद्धि उत्पन्न हो जाती है उनकी दशा इनसे विपरीत होती है—वे इन स्त्री-पुत्रादिको 'आत्मरूपके चोर चपल अति दुर्गति-पन्थ सहाई' समझने लगते हैं,—किसीको भी अपना आत्मसमर्पण नहीं करते और न किसीमें आसक्त ही होते हैं ॥४६॥

यदि ऐसा है तो फिर अन्तरात्माकी भोजनादिके ग्रहणमें प्रवृत्ति कैसे हो सकती है ? इसे स्पष्ट करते हुए कहते हैं—

**आत्मज्ञानात्परं कार्यं न बुद्धौ धारयेच्चिरम्।**
**कुर्यादर्थवशात्किंचिद्वाक्कायाभ्यामतत्परः ॥५०॥**

अन्वयार्थ—अन्तरात्माको चाहिये कि वह (आत्मज्ञानात्परं) आत्मज्ञानसे भिन्न दूसरे (कार्यं) कार्यको ( चिरं ) अधिक समय तक (बुद्धौ) अपनी बुद्धिमें (न धारयेत् ) धारण नहीं करे। यदि ( अर्थवशात् ) स्व-परके उपकारादिरूप प्रयोजनके वश ( वाक्कायाभ्यां ) वचन और कायसे ( किंचित् कुर्यात् ) कुछ करना ही पड़े तो उसे (अतत्परः) अनासक्त होकर (कुर्यात् ) करे।

भावार्थ—आत्महितके इच्छुक अन्तरात्मा पुरुषोंको चाहिये कि वे अपने उपयोगको इधर उधर न भ्रमाकर अपना अधिक समय आत्मचिन्तनमें ही लगावें। यदि स्वपरके उपकारादिवश उन्हें वचन और कायसे कोई कार्य करना ही पड़े तो उसे अनासक्ति पूर्वक करें—उसमें अपने चित्तको अधिक न लगावें। ऐसा करनेसे वे अपने आत्मस्वरूपसे च्युत नहीं हो सकेंगे और न उनकी शान्ति ही भंग हो सकेगी ॥५०॥

अनासक्त हुआ अन्तरात्मा आत्मज्ञानको ही बुद्धिमें धारण करे—शरीरादिकको नहीं, यह कैसे हो सकता है ? उसे बतलाते हैं—

**यत्पश्यामीन्द्रियैस्तन्मे नास्ति यन्नियतेन्द्रियः।**
**अन्तः पश्यामि सानन्दं तदस्तु ज्योतिरुत्तमम् ॥५१॥**

अन्वयार्थ—अन्तरात्माको विचारना चाहिये कि (यत्) जो कुछ शरीरादि बाह्य पदार्थ (इन्द्रियैः) इन्द्रियोंके द्वारा (पश्यामि) मैं देखता हूँ। (तत्) वह (मे) मेरा स्वरूप (नास्ति) नहीं है, किन्तु (नियतेन्द्रियः) इन्द्रियोंको बाह्य विषयोंसे रोककर स्वाधीन करता हुआ (यत्) जिस (उत्तमं) उत्कृष्ट अतीन्द्रिय (सानन्दं ज्योतिः) आनन्दमय ज्ञान प्रकाशको (अन्तः) अंतरंगमें (पश्यामि) देखता हूँ—अनुभव करता हूँ (तत् मे) वही मेरा वास्तविक स्वरूप (अस्तु) होना चाहिये।

भावार्थ जब अन्तरात्मा भेदज्ञानकी दृष्टिसे इन्द्रियगोचर

बाह्य शरीरादि पदार्थोंको अपना रूप नहीं मानता किन्तु उस परमानन्दमय अतीन्द्रिय ज्ञानप्रकाशको ही अपना स्वरूप समझने लगता है जिसे वह इन्द्रिय व्यापारको रोककर अन्तरंगमें अवलोकन करता है,तब उसका मन सहज ही में शरीरादि बाह्य पदार्थोंसे हट जाता है—वह उनकी आराधना नहीं करता किंतु अपने उक्त स्वरूपका ही आराधन किया करता है—उसीको अधिकांशमें अपनी बुद्धिका विषय बनाये रखता है ॥५१॥

यदि आनन्दमय ज्ञान ही आत्माका स्वरूप है तो इन्द्रियोंको रोककर आत्मानुभव करने वालेको दुःख कैसे होता है, यह बतलाते हैं—

**सुखमारब्धयोगस्य बहिर्दुःखमथात्मनि ।**
**बहिरेवासुखं सौख्यमध्यात्मं भावितात्मनः ॥५२॥**

अन्वयार्थ—( आरब्धयोगस्य ) जिसने आत्मभावनाका अभ्यास करना अभी शुरू किया है उस मनुष्यको—अपने पुराने संस्कारोंकी वजहसे ( बहिः ) बाह्य विषयोंमें ( सुखं ) सुख मालूम होता है (अथ) प्रत्युत इसके (आत्मनि) आत्मस्वरूपकी भावनामें (दुःखं) दुखप्रतीत होता है। किन्तु (भावितात्मनः) यथावत् आत्मस्वरूपको जानकर उसकी भावनाके अच्छे अभ्यासीको (बहिः एव ) बाह्य विषयोंमें ही ( असुखं ) दुःख जान पड़ता है और (अध्यात्मं) अपने आत्माके स्वरूपचिंतनमें ही (सौख्यम् ) सुखका अनुभव होता है।

भावार्थ—वास्तवमें आत्मानुभवन तो सुखका ही कारण है और इन्द्रिय-विषयानुभवन दुःखका; परन्तु जिन्हें अपने आत्माका यथेष्ट ज्ञान नहीं हुआ, जो अपने वास्तविक सुखस्वरूपको पहचानते ही नहीं और जिन्होंने आत्मभावनाका अभ्यास अभी प्रारंभ ही किया है उन्हें अपने इन्द्रिय-विषयोंका निरोधकर आत्मानुभवन करनेमें कुछ कष्ट जरूर होता है और पूर्व संस्कारोंके वश विषय-सुख रुचता भी है, जो बहुत कुछ स्वाभाविक ही है। आत्माकी भावना करते-करते जब किसीका अभ्यास परिपक्व हो जाता है और यह सुदृढ़ निश्चय हो जाता है कि सुख मेरे आत्माका ही स्वरूप है—वह आत्मासे बाहर दूसरे पदार्थोंमें कहीं भी नहीं है, तब उसकी हालत पलट जाती है—वह अपने आत्मस्वरूपके चिन्तनमें ही परमसुखका अनुभव करने लगता है और उसे बाह्य इन्द्रिय-विषय दुःखकारी तथा आत्मविस्मृतिके कारण जान पड़ते हैं, और इसलिए वह उनसे अलग अथवा अलिप्त रहना चाहता है ॥५२॥

अब वह आत्मस्वरूपकी भावना किस तरह करनी चाहिये उसे बतलाते हैं—

**तद्ब्रूयात्तत्परान्पृच्छेत्तदिच्छेत्तत्परो भवेत् ।**
**येनाऽविद्यामयं रूपं त्यक्त्वा विद्यामयं व्रजेत् ॥५३॥**

अन्वयार्थ—(तत् ब्रूयात्) उस आत्मस्वरूपका कथन करे-उसे दूसरोंको बतलावे (तत् परान् पृच्छेत्) उस आत्मस्वरूपको

दूसरे आत्मानुभवी पुरुषोंसे–विशेष ज्ञानियोंसे–पूछे (तत् इच्छेत्) उस आत्मस्वरूपकी इच्छा करे—उसकी प्राप्तिको अपना इष्ट बनाये और (तत्परः भवेत्) उस आत्मस्वरूपकी भावनामें सावधान हुआ आदर बढ़ावे (येन) जिससे (अविद्यामयं रूपं) यह अज्ञानमय बहिरात्मरूप (त्यक्त्वा) छूटकर (विद्यामयं व्रजेत्) ज्ञानमय परमात्मस्वरूपकी प्राप्ति होवे।

भावार्थ—किसीका इकलौता प्रियपुत्र यदि खोजावे अथवा बिना कहे घरसे निकल जावे तो वह मनुष्य जिस प्रकार उसकी ढूँढ खोज करता है, दूसरों पर उसके खोजानेकी बात प्रकट करता है, जानकारोंसे पूछता है कि कहीं उन्होंने उसे देखा है क्या? उसे पाजानेकी तीव्र इच्छा रखता है और बड़ी उत्सुकताके साथ उसकी बाट देखता रहता है—एक मिनटके लिये भी उसका पुत्र उसके चित्तसे नहीं उतरता। उसी प्रकार आत्मस्वरूपके जिज्ञासुओं तथा उसकी प्राप्तिके इच्छुक पुरुषोंको चाहिये कि वे बराबर आत्मस्वरूपकी खोजके लिये दूसरोंसे आत्मस्वरूपकी ही बात किया करें, विशेष ज्ञानियोंसे आत्माकी विशेषताओंको पूछा करें, आत्मस्वरूपकी प्राप्तिकी निरन्तर भावना भाएं और एक-मात्र उसीमें अपनी लौ लगाये रक्खें। ऐसा होने पर उनकी अज्ञान-दशा दूर हो जायगी—बहिरात्मावस्था मिट जायगी और वे परमात्मपदको प्राप्त करनेमें समर्थ हो सकेंगे ॥५३॥

यदि कोई कहे कि वाणी और शरीरसे भिन्न तो आत्माका

कोई अलग अस्तित्व है नहीं, तब आत्माकी चर्चा करे—भावना करे इत्यादि कहना युक्त नहीं, ऐसी आशंका करने वालोंके प्रति आचार्य कहते हैं—

**शरीरे वाचि चात्मानं सन्धत्ते वाक्शरीरयोः।**
**भ्रान्तोऽभ्रान्तः पुनस्तत्त्वं पृथगेषांनिबुध्यते ॥५४॥**

अन्वयार्थ—(वाक् शरीरयोः भ्रान्तः) वचन और शरीरमें जिसकी भ्रान्ति हो रही है—जो उनके वास्तविक स्वरूपको नहीं समझता ऐसा बहिरात्मा (वाचि शरीरे च) वचन और शरीरमें—(आत्मानं सन्धत्ते) आत्माका आरोपण करता है अर्थात् वचनको तथा शरीरको आत्मा मानता है (पुनः) किन्तु (अभ्रान्तः) वचन और शरीरमें आत्माको भ्रांति न रखने वाला ज्ञानी पुरुष (एषां तत्त्वं) इन शरीर और वचनके स्वरूपको (पृथक्) आत्मासे भिन्न (निबुध्यते) जानता है।

भावार्थ—वास्तवमें शरीर और वचन पुद्गलकी रचना हैं, मूर्तिक हैं, जड हैं, आत्मस्वरूपसे विलक्षण हैं। इनमें आत्मबुद्धि रखना अज्ञान है। किन्तु बहिरात्मा चिर-मिथ्यात्वरूप कुसंस्कारोंके वश होकर इन्हें आत्मा समझता है, जोकि उसका भ्रम है। अन्तरात्माको जड और चैतन्यके स्वरूपका यथार्थ बोध होता है, इसीसे शरीरादिकमें उसकी आत्मपनेकी भ्रांति नहीं होती—वह शरीरको शरीर वचनको वचन और आत्माको आत्मा समझता है, एकको दूसरेके साथ मिलाता नहीं ॥५४॥

इस प्रकार आत्मस्वरूपको न समझने वाला बहिरात्मा जिन बाह्य विषयोंमें आसक्तचित्त होता है उनमें से कोई भी उसका उपकारक नहीं है, ऐसा कहते हैं—

न तदस्तीन्द्रियार्थेषु यत्क्षेमङ्करमात्मनः ।
तथापि रमते बालस्तत्रैवाज्ञानभावनात् ॥५५॥

अन्वयार्थ—(इन्द्रियार्थेषु) पांचों इन्द्रियोंके विषयमें (तत्) ऐसा कोई पदार्थ (न अस्ति) नहीं है (यत्) जो (आत्मनः) आत्मा-का (क्षेमंकरं) भला करने वाला हो। (तथापि) तो भी (बालः) यह अज्ञानी बहिरात्मा (अज्ञानभावनात्) चिरकालीन मिथ्यात्वके संस्कारवश (तत्रैव) उन्हीं इन्द्रियोंके विषयोंमें (रमते) आसक्त रहता है।

भावार्थ—तत्त्वदृष्टिसे यदि विचार किया जाय तो ये पांचों ही इन्द्रियोंके विषय क्षणभंगुर हैं, पराधीन हैं, विषम हैं बंधके कारण हैं, दुःखस्वरूप हैं और बाधासहित हैं—कोई भी इनमें आत्माके लिये सुखकर नहीं, फिर भी यह अज्ञानी जीव उन्हींसे प्रीति करता है, उन्हीं की सम्प्राप्तिमें लगा रहता है और रात दिन उन्हींका राग आलापता है। यह सब अज्ञानभावको उत्पन्न करने वाले मिथ्यात्व-संस्कारका ही माहात्म्य है ॥५५॥

उस अनादिकालीन मिथ्यात्वके संस्कारवश बहिरात्माओंकी दशा किस प्रकारकी होती है, उसे बतलाते हैं—

चिरं सुषुप्तास्तमसि मूढात्मानः कुयोनिषु ।
अनात्मीयात्मभूतेषु ममाहमिति जाग्रति ॥५६॥

अन्वयार्थ—(मूढात्मानः) ये मूर्ख अज्ञानी जीव (तमसि) मिथ्यात्वरूपी अन्धकारके उदयवश (चिरं) अनादिकालसे (कुयोनिषु) नित्यनिगोदादिक कुयोनियोंमें (सुषुप्ताः) सो रहे हैं—अतीव जडताको प्राप्त हो रहे हैं। यदि कदाचित् संज्ञी प्राणियोंमें उत्पन्न होकर कुछ जागते भी हैं तो (अनात्मीयात्मभूतेषु मम अहम्) अनात्मीयभूत स्त्री-पुत्रादिकमें 'ये मेरे हैं' और अनात्मभूत शरीरादिकोंमें 'मैं ही इन रूप हूँ' (इति जाग्रति) ऐसा अध्यवसाय करने लगते हैं।

भावार्थ—नित्यनिगोदादिक निंद्य पर्यायोंमें यह जीव ज्ञानकी अत्यन्त हीनता-वश चिरकाल तक दुःख भोगता है। कदाचित् संज्ञी पंचेन्द्रिय-पर्याय प्राप्त कर कुछ थोड़ा सा ज्ञान प्राप्त करता भी है तो अनादिकालीन मिथ्यात्वके संस्कारवश जो आत्मीय नहीं ऐसे स्त्री पुत्रादिकको ये मेरे हैं ऐसे आत्मीय मानकर और जो आत्मभूत नहीं ऐसे शरीरादिको 'यह मैं ही हूँ' ऐसे आत्मभूत मानकर अहंकार ममकारके चक्करमें फँस जाता है और उसके फलस्वरूप राग-द्वेषको बढ़ाता हुआ संसार-परिभ्रमण कर महादुःखित होता है।५६॥

अतः बहिरात्म-भावका परित्याग कर अपने तथा परके शरीरको इस रूपमें अवलोकन करे, ऐसा बतलाते हैं—

पश्येन्निरंतरं देहमात्मनोऽनात्मचेतसा ।
अपरात्मधियाऽन्येषामात्मतत्त्वे† व्यवस्थितः ॥५७॥

अन्वयार्थ—अन्तरात्माको चाहिये कि (आत्मतत्त्वे) अपने आत्मस्वरूपमें (व्यवस्थितः) स्थित होकर (आत्मनः देहं) अपने शरीरको (अनात्मचेतसा) 'यह शरीर मेरा आत्मा नहीं' ऐसी अनात्मबुद्धिसे (निरन्तरं पश्येत्) सदा देखे-अनुभव करे और (अन्येषां) दूसरे प्राणियोंके शरीरको (अपरात्मधिया) 'यह शरीर परका आत्मा नहीं' ऐसी अनात्मबुद्धिसे (पश्येत्) सदा अवलोकन करे।

भावार्थ—अन्तरात्माको चाहिए कि पदार्थके स्वरूपको जैसाका तैसा जाने, अन्यमें अन्यका आरोपण न करे। अनादिकालसे आत्माकी शरीरके साथ एकत्वबुद्धि हो रही है, उसका मोह दूर होना कठिन जानकर आचार्यमहोदय बार बार अनेक युक्तियोंसे उसी बातको समझाकर बतलाते हैं—उनका अभिप्राय यही है कि सयुक्त होने पर भी विवक्षा-भेदसे, पुद्गलको पुद्गल और आत्माको आत्मा समझना चाहिये तथा कर्मकृत औपाधिक भावोंको कर्मकृत ही मानना चाहिये। आत्माका किसी शरीररूप विभाव पर्यायमें स्थिर होना उसकी कर्मोपाधि-जनित अवस्था है—स्वभाव नहीं। शरीरको आत्मा मानना ग्रहको ग्रहवासी अथवा वस्त्रको वस्त्रधारी माननेके समान भ्रम है ॥५७॥

†'आत्मतत्त्वव्यवस्थितः' इति पाठान्तरं 'ग' प्रतौ ।

इस प्रकार आत्मतत्त्वका स्वयं अनुभव करके ज्ञातात्म-पुरुष (स्वानुभवमग्न अन्तरात्मा) मूढात्माओं (जडबुद्धियोंको) आत्म-तत्त्व क्यों नहीं बतलाते, जिससे वे भी आत्मस्वरूपके ज्ञायक बनें ऐसी आशंका करनेवालोंके प्रति आचार्य कहते हैं—

**अज्ञापितं न जानन्ति यथा मां ज्ञापितं तथा ।**
**मूढात्मानस्ततस्तेषां वृथा मे ज्ञापनश्रमः ॥५८॥**

अन्वयार्थ— स्वात्मानुभवमग्न अन्तरात्मा विचारता है कि ( यथा ) जैसे ( मूढात्मानः ) ये मूर्ख अज्ञानी जीव (अज्ञापितं) बिना बताए हुए ( मां ) मेरे आत्मस्वरूपको ( न जानन्ति ) नहीं जानते हैं ( तथा ) वैसे ही (ज्ञापितं) बतलाये जाने पर भी नहीं जानते हैं। (ततः) इसलिये (तेषां) उन मूढ पुरुषोंको ( मे ज्ञापन-श्रमः) मेरा बतलानेका परिश्रम (वृथा) व्यर्थ है, निष्फल है।

भावार्थ— जो ज्ञानी जीव अन्तर्मुखी होते हैं वे बाह्य विषयोंमें अपने चित्तको अधिक नहीं भ्रमाते—उन्हें तो अपने आत्माके चिन्तन और मननमें लगे रहना ही अधिक रुचिकर होता है। मूढ़ात्माओंके साथ आत्म-विषयमें मगज-पच्ची करना उन्हें नहीं भाता। वे इस प्रकार जड़ात्माओंके साथ टक्कर मारनेके अपने परिश्रमको व्यर्थ समझते हैं और समझते हैं कि इस तरह मूढ़ात्माओंके साथ उलझे रहकर कितने ही ज्ञानीजन अपने आत्महित साधनसे वंचित रह जाते हैं। आत्महित साधन सर्वोपरि मुख्य है, उसे इधर-उधरके चक्करमें पड़कर भुलाना नहीं चाहिये ॥५८॥

और भी वह अन्तरात्मा विचारता है—

**यद् बोधयितुमिच्छामि तन्नाहं यदहं पुनः ।**
**ग्राह्यं तदपि नान्यस्य तत्किमन्यस्य बोधये ॥५६॥**

अन्वयार्थ (यत्) जिस विकल्पाधिरूढ आत्मस्वरूपको अथवा देहादिकको (बोधयितुं) समझाने-बुझानेकी (इच्छामि) मैं इच्छा करता हूँ—चेष्टा करता हूँ (तत्) वह (अहं) मैं नहीं हूँ—आत्माका वास्तविक स्वरूप नहीं हूँ। (पुनः) और (यत्) जो ज्ञानानन्दमय स्वयं अनुभव करने योग्य आत्मस्वरूप (अहं) मैं हूँ (तदपि) वह भी (अन्यस्य) दूसरे जीवोंके (ग्राह्यं न) उपदेश द्वारा ग्रहण करने योग्य नहीं है—वह तो स्वसंवेदनके द्वारा अनुभव किया जाता है (तत्) इसलिए (अन्यस्य) दूसरे जीवोंको (किं बोधये) मैं क्या समझाऊं ?

भावार्थ—तत्त्वज्ञानी अन्तरात्मा अपने उपदेशकी व्यर्थताको सोचता हुआ पुनः विचारता है कि—जिस आत्मस्वरूपको शब्दों द्वारा मैं दूसरोंको बतलाना चाहता हूँ वह तो सविकल्प है—आत्माका शुद्ध स्वरूप नहीं है; और जो आत्माका वास्तविक शुद्ध स्वरूप है वह शब्दों द्वारा बतलाया नहीं जा सकता-स्वसंवेदनके द्वारा ही अनुभव एवं ग्रहण किये जानेके योग्य है; तब दूसरोंको मेरे उपदेश देनेसे क्या नतीजा ? ॥५६॥

आत्मतत्त्वके जैसे-तैसे समझाये जानेपर भी बहिरात्माका अनुराग होना संभव नहीं; क्योंकि मोहके उदयसे बाह्य पदार्थोंमें

ही उसका अनुराग होता है, इसी विचारको आगे प्रस्तुत करते हैं—

बहिस्तुष्यति मूढात्मा पिहितज्योतिरन्तरे ।
तुष्यत्यन्तः प्रबुद्धात्मा बहिर्व्यावृत्तकौतुकः ॥६०॥

अन्वयार्थ—(अन्तरे पिहितज्योतिः) अन्तरङ्गमें जिसकी ज्ञानज्योति मोहसे आच्छादित हो रही है—जिसे स्वरूपका विवेक नहीं ऐसा (मूढात्मा) बहिरात्मा (बहिः) बाह्य शरीरादि परपदार्थोंमें ही (तुष्यति) संतुष्ट रहता है—आनन्द मानता है; किंतु (प्रबुद्धात्मा) मिथ्यात्वके उदयाभावसे प्रबोधको प्राप्त होगया है आत्मा जिसका ऐसा स्वरूपविवेकी अन्तरात्मा (बहिर्व्यावृत्तकौतुकः) बाह्यशरीरादि पदार्थोंमें अनुरागरहित हुआ (अन्तः) अपने अन्तरंग आत्मस्वरूपमें ही (तुष्यति) संतोष धारण करता है—मग्न रहता है ।

भावार्थ—मूढात्मा और प्रबुद्धात्माकी प्रवृत्तिमें बड़ा अन्तर होता है । मूढात्मा मोहोदयके वश महा अविवेकी हुआ समझाने पर भी नहीं समझता और बाह्य विषयोंमें ही संतोष मानता हुआ फंसा रहता है । प्रत्युत इसके, प्रबुद्धात्माको अपने आत्मस्वरूपमें लीन रहनेमें ही आनन्द आता है और इसीसे वह बाह्य विषयोंसे अपने इन्द्रिय-व्यापारको हटाकर प्रायः उदासीन रहता है ॥६०॥

किस कारण अन्तरात्मा शरीरादिको वस्त्राभूषणादिसे अलंकृत और मंडित करनेमें उदासीन होता है, उसे बतलाते हैं—

न जानन्ति शरीराणि सुख-दुःखान्यबुद्धयः ।
निग्रहानुग्रहधियं तथाप्यत्रैव कुर्वते ॥६१॥

अन्वयार्थ—अन्तरात्मा विचारता है—(शरीराणि) ये शरीर (सुख-दुःखानि न जानन्ति) जड़ होनेसे सुखों तथा दुःखोंको नहीं जानते हैं (तथापि) तो भी [ये] जो जीव (अत्रैव इन शरीरोंमें ही (निग्रहानुग्रहधियं) उपवासादिद्वारा दंडरूप निग्रहकी और अलंकारादि द्वारा अलंकृत करने रूप अनुग्रहकी बुद्धि (कुर्वते) धारण करते हैं [ते] वे जीव (अबुद्धयः) मूढ़बुद्धि हैं—बहिरात्मा हैं।

भावार्थ—अन्तरात्मा विचारता है कि जब ये शरीर जड़ है—इन्हें सुख-दुःखका कोई अनुभव नहीं होता और न ये किसीके निग्रह या अनुग्रहको ही कुछ समझते हैं तब इनमें निग्रहानुग्रहकी बुद्धि धारण करना मूढ़ता नहीं तो और क्या है ? उसका यह विचार ही उसे शरीरोंको वस्त्राभूषणादिसे अलंकृत और मंडित करनेमें उदासीन बनाये रखता है—वह उनकी अनावश्यक चिन्ताको अपने हृदयमें स्थान ही नहीं देता ॥६१॥

शरीरादिकमें जबतक आत्मबुद्धिसे प्रवृत्ति रहती है तभी तक संसार है और जब वह प्रवृत्ति मिट जाती है तब मुक्तिकी प्राप्ति हो जाती है, ऐसा दर्शाते हुए कहते हैं—

स्वबुद्धया यावद्गृह्णीयात् कायवाक्चेतसां त्रयम् ।

संसारस्तावदेतेषां भेदाभ्यासे तु निर्वृतिः ॥६२॥

अन्वयार्थ—( यावत् ) जबतक ( कायवाक्चेतसां त्रयम् ) शरीर, वचन और मन इन तीनोंको (स्वबुद्ध्या) आत्मबुद्धिसे (गृह्णीयात् ) ग्रहण किया जाता है ( तावत् ) तबतक (संसारः) संसार है (तु) और जब (एतेषां) इन मन,वचन, कायका (भेदाभ्यासे) आत्मासे भिन्न होनेरूप अभ्यास किया जाता है तब ( निर्वृत्तिः ) मुक्तिकी प्राप्ति होती है ।

भावार्थ—जबतक इस जीवकी मन-वचन-कायमें आत्मबुद्धि बनी रहती है–इन्हें आत्माके ही अंग अथवा अंश समझा जाता है—तबतक यह जीव संसारमें ही परिभ्रमण करता रहता है । किन्तु जब उसकी यह भ्रमबुद्धि मिट जाती है और वह शरीर तथा वचनादिको आत्मासे भिन्न अनुभव करता हुआ अपने उस अभ्यासमें दृढ़ हो जाता है तभी वह संसार बंधनसे छूटकर मुक्तिको प्राप्त होता है ॥६२॥

शरीरादिक आत्मासे भिन्न हैं—उनमें जीव नहीं—ऐसा भेद-ज्ञानका अभ्यास दृढ़ होजाने पर अन्तरात्मा शरीरकी दृढतादिक बनने पर आत्माकी दृढतादिक नहीं मानता, इस बातको आगेके चार श्लोकोंमें बतलाते हैं ।

घने वस्त्रे यथाऽऽत्मानं न घनं मन्यते तथा ।
घने स्वदेहेप्यात्मानं न घनं मन्यते बुधः ॥६३॥

अन्वयार्थ —( यथा ) जिस प्रकार ( वस्त्रेघने ) गाढ़ा वस्त्र पहन लेनेपर (बुधः) बुद्धिमान् पुरुष (आत्मानं) अपनेको-अपने शरीरको ( घनं ) गाढ़ा अथवा पुष्ट ( न मन्यते ) नहीं मानता है ( तथा ) उसी प्रकार ( स्वदेहेऽपि घने ) अपने शरीरके भी गाढ़ा अथवा पुष्ट होनेपर ( बुधः ) अन्तरात्मा ( आत्मानं ) अपने जीवात्माको ( घनं न मन्यते ) पुष्ट नहीं मानता है ।।६३।।

*जीर्णे वस्त्रे यथाऽऽत्मानं न जीर्णं मन्यते तथा ।
जीर्णे स्वदेहेऽप्यात्मानं न जीर्णं मन्यते बुधः ॥६४॥

अन्वयार्थ—( यथा ) जिस प्रकार ( वस्त्रे जीर्णे ) पहने हुए वस्त्रके जीर्ण-बोदा-होनेपर ( बुधः ) बुद्धिमान पुरुष (आत्मानं) अपनेको-अपने शरीरको (जीर्णं न मन्यते) जीर्ण नहीं मानता है (तथा) उसी प्रकार (स्वदेहे अपि जीर्णे) अपने शरीरके भी जीर्ण होजानेपर ( बुधः ) अन्तरात्मा ( आत्मानं ) अपने जीवात्माको (जीर्णं न मन्यते) जीर्ण नहीं मानता है ।।६४।।

*नष्टे वस्त्रे यथाऽऽत्मानं न नष्टं मन्यते तथा ।

---

*'जिण्णि वत्थिं जेम बुहु देहु ण मण्णइ जिण्णु ।
देहि जिण्णि णाणि तहँ अप्पु ण मण्णइ जिण्णु ॥ २-१७९ ॥
—परमात्मप्रकाशे, योगीन्द्रदेवः

*वत्थु पणट्ठइ जेम बुहु देहु ण मण्णइ णट्ठु ।
णट्ठे देहे णाणि तहँ अप्पु ण मण्णइ णट्ठु ॥ २-१८० ॥
—परमात्मप्रकाशे, योगीन्द्रदेवः

**नष्टे स्वदेहेऽप्यात्मानं न नष्टं मन्यते बुधः ॥६५॥**

अन्वयार्थ—(यथा) जिस तरह (वस्त्रे नष्टे) कपड़ेके नष्ट होजानेपर (बुधः) बुद्धिमान पुरुष (आत्मानं) अपने शरीरको (नष्टं न मन्यते) नष्ट हुआ नहीं मानता है (तथा) उसी तरह (बुधः) अन्तरात्मा (स्वदेहे अपि नष्टे) अपने शरीरके नष्ट होजानेपर (आत्मानं) अपने जीवात्माको (नष्टं न मन्यते) नष्ट हुआ नहीं मानता है ॥ ६५ ॥

*** रक्ते वस्त्रे यथाऽऽत्मानं न रक्तं मन्यते तथा ।**
**रक्ते स्वदेहेऽप्यात्मानं न रक्तं मन्यते बुधः ॥६६॥**

अन्वयार्थ—(यथा) जिस प्रकार (वस्त्रे रक्ते) पहना हुआ वस्त्र लाल होनेपर (बुधः) बुद्धिमान पुरुष (आत्मानं) अपने शरीरको (रक्तं न मन्यते) लाल नहीं मानता है (तथा) उसी तरह (स्वदेहे अपि रक्ते) अपने शरीरके भी लाल होनेपर (बुधः) अन्तरात्मा (आत्मानं) अपने जीवात्माको (रक्तं न मन्यते) लाल नहीं मानता है ॥ ६६ ॥

भावार्थ—शरीरके साथ वस्त्रकी जैसी स्थिति है वैसो ही आत्माके साथ शरीरकी है। पहनेजानेवाले वस्त्रके सुदृढ़-पुष्ट, जीर्ण-शीर्ण, नष्ट-भ्रष्ट अथवा लाल आदि किसी रंगका होनेके

---

*रत्तें वत्थें जेम बुहु देहु ण मण्णइ रत्तु ।
देहे रत्ति णाणि तहँ अप्पु ण मण्णइ रत्तु ॥ २-७८ ॥
—परमात्मप्रकाशे, योगीन्द्रदेवः

कारण जिस प्रकार कोई भी समझदार मनुष्य अपने शरीरको सुदृढ-पुष्ट, जीर्ण-शीर्ण, नष्ट-भ्रष्ट अथवा लाल आदि रंगका नहीं मानता है, उसी प्रकार शरीरके सुदृढ-पुष्ट, जीर्ण-शीर्ण, नष्ट-भ्रष्ट या लाल आदि रंगका होनेपर कोई भी ज्ञानी मनुष्य अपने आत्माको सुदृढ़-पुष्ट, जीर्ण-शीर्ण, नष्ट-भ्रष्ट या लाल आदि रंगका नहीं मानता है। विवेकी अन्तरात्माकी प्रवृत्ति शरीरके साथ वस्त्र-जैसी होती है, इसीसे एक वस्त्रको उतारकर दूसरा वस्त्र पहननेवालेकी तरह उसे मृत्युके समय कोई विषाद या रंज भी नहीं होता ॥६३-६४-६५-६६॥

इस प्रकार शरीरादिकसे भिन्न आत्माकी भावना करनेवाले अन्तरात्माको जब ये शरीरादिक काष्ठ-पाषाणादिके खण्ड-समान प्रतिभासित होने लगते हैं—उनमें चेतनाका अंश भी उसकी प्रतीतिका विषय नहीं रहता—तब उसको मुक्तिकी योग्यता प्राप्त होती है। इसी बातको आगे दिखलाते हैं—

**यस्य सस्पन्दमाभाति निःस्पन्देन समं जगत्।**
**अप्रज्ञमक्रियाभोगं स शमं याति नेतरः ॥६७॥**

अन्वयार्थ—(यस्य) जिस ज्ञानी जीवको (सस्पन्दं जगत्) अनेक क्रियाएँ-चेष्टाएँ करता हुआ शरीरादिरूप यह जगत (निस्पन्देन समं) निश्चेष्ट काष्ठ-पाषाणादिके समान (अप्रज्ञं) चेतनारहित जड और (अक्रियाभोगं) क्रिया तथा सुखादि-

अनुभवरूप भोगसे रहित (आभात) मालूम होने लगता है (सः) वह पुरुष ( अक्रियाभोगं शमं याति ) परमवीतरागतामय उस शान्ति-सुखका अनुभव करता है जिसमें मन-वचन-कायका व्यापार नहीं और न इन्द्रिय-द्वारोंसे विषयका भोग ही किया जाता है (इतरः न) उससे विलक्षण दूसरा बहिरात्मा जीव उस शान्ति-सुखको प्राप्त नहीं कर सकता है ।

भावार्थ—जिस समय अन्तरात्मा आत्मस्वरूपका चिन्तन करते-करते अपनेमें ऐसा स्थिर हो जाता है कि उसे यह क्रियात्मक संसार भी लकड़ी पत्थर आदिकी तरह स्थिर तथा चेष्टा-रहित-सा जान पड़ता है—उसकी क्रियाओंका उसपर कोई असर नहीं होता—तभी वह वीतरागभावको प्राप्त होता हुआ शान्ति-सुखका अनुभव करता है । दूसरा बहिरात्मा जीव उस शान्ति सुखका अधिकारी नहीं है ॥६७॥

अब बहिरात्मा भी इसी प्रकार शरीरादिसे भिन्न आत्माको क्या जानता नहीं ? इसीको बतलाते हैं—

**शरीरकंचुकेनात्मा संवृतज्ञानविग्रहः ।**
**नात्मानं बुध्यते तस्माद्भ्रमत्यतिचिरं भवे ॥६८॥**

अन्वयार्थ—( शरीरकंचुकेन ) कार्माणशरीररूपी कांचलीसे ( संवृतज्ञानविग्रहः आत्मा ) ढका हुआ है ज्ञानरूपी शरीर जिसका ऐसा बहिरात्मा (आत्मानं) आत्माके यथार्थ स्वरूपको (न बुध्यते)

नहीं जानता है (तस्मात्) उसी अज्ञानके कारण (अतिचिरं) बहुत काल तक (भवे) संसारमें (भ्रमति) भ्रमण करता है।

भावार्थ—इस श्लोक में 'कंचुक' शब्द उस आवरणका द्योतक है जो शरीरका यथार्थ बोध नहीं होने देता; सर्पके शरीर ऊपरकी कांचली जिस प्रकार सर्पके रंगरूपादिका ठीक बोध नहीं होने देता उसी प्रकार आत्माका ज्ञानशरीर जब दर्शनमोहनीयके उदयादिरूप कार्माण वर्गणाओंसे आच्छादित हो जाता है तब आत्माके वास्तविक रूपका बोध नहीं होने पाता और इस अज्ञानताके कारण रागादिकका जन्म होकर चिरकाल तक संसारमें परिभ्रमण करना पड़ता है।

यहाँपर इतना और भी जान लेना चाहिये कि कांचलीका दृष्टान्त एक स्थूल दृष्टान्त है। काँचली जिस प्रकार सर्पशरीरके ऊपरी भाग पर रहती है उस प्रकारका सम्बन्ध कार्माण-शरीरका आत्माके साथ नहीं है। संसारी आत्मा और कार्माण-शरीरका ऐसा सम्बन्ध है जैसे पानीमें नमक मिल जाता है अथवा कत्था और चूना मिला देनेसे जैसे उनकी लालपरिणति हो जाती है। कर्मपरमाणुओंका आत्मप्रदेशोंके साथ एक क्षेत्रावगाहरूप सम्बन्ध होता है, इसी कारण दोनोंके गुण विकृत रहते हैं तथा दर्शनमोहनीय कर्मके उदयसे बहिरात्मा जीव आत्मस्वरूपको समझाये जाने पर भी नहीं समझता है—आत्माके वास्तविक चिदानंदस्वरूपका अनुभव उसे नहीं होता। इसी मिथ्यात्व एवं अज्ञानभावके कारण

यह जीव अनादिकालसे संसारचक्रमें भ्रमण करता आरहा है और उस वक्त तक बराबर भ्रमण करता रहेगा जबतक उसका यह अज्ञानभाव नहीं मिटेगा ॥६८॥

यदि बहिरात्मा जीव आत्माके यथार्थ स्वरूपको नहीं पहिचानते हैं, तो फिर वे किसको आत्मा जानते हैं ? इसी बातको आगे बतलाते हैं—

प्रविशद्गलतां व्यूहे देहेऽणूनां समाकृतौ ।
स्थितिभ्रान्त्या प्रपद्यन्ते तमात्मानमबुद्धयः ॥६९॥

अन्वयार्थ—(अबुद्धयः) अज्ञानी बहिरात्मा जीव (प्रविशद्-गलतां अणूनां व्यूहे देहे) ऐसे परमाणुओंके समूहरूप शरीरमें जो प्रवेश करते रहते हैं और बाहर निकलते रहते हैं ( समाकृतौ ) शरीरकी आकृतिके समानरूपमें बने रहने पर ( स्थितिभ्रांत्या ) कालांतर-स्थायित्व तथा एकक्षेत्रमें स्थिति होनेके कारण शरीर और आत्माको एक समझनेके रूप जो भ्रांति होती है उससे (तम्) उस शरीरको ही (आत्मानं) आत्मा (प्रपद्यते) समझ लेते हैं ।

भावार्थ—यद्यपि शरीर ऐसे पुद्गल परमाणुओंका बना हुआ है जो सदा स्थिर नहीं रहते—समय-समयपर अगणित परमाणु शरीरसे बाहर निकल जाते हैं और नये-नये परमाणु शरीरके भीतर प्रवेश करते हैं, फिर भी चूँकि आत्मा और शरीरका एक क्षेत्रावगाह सम्बंध है और परमाणुओंके इस निकलजाने

तथा प्रवेश पानेपर शरीरकी बाह्य आकृतिमें कोई विशेष भेद नहीं पड़ता—वह प्रायः ज्योंकी त्यों ही बनी रहती है—इससे मूढ़ात्माओंको यह भ्रम हो जाता है कि यह शरीर ही मैं हूँ—मेरा आत्मा है। उसी भ्रमके कारण मूढ़ बहिरात्मा प्राणी शरीरको ही अपना रूप (आत्मस्वरूप) समझने लगते हैं। अभ्यन्तर आत्मतत्त्व तक उनकी दृष्टि ही नहीं पहुँचती ॥६९॥

ऐसी हालतमें आत्माका यथार्थ स्वरूप जाननेकी इच्छा रखने वालोंको चाहिये कि वह शरीरसे भिन्न आत्माकी भावना करें, ऐसा दर्शाते हैं—

* गौरः स्थूलः कृशो वाऽहमित्यङ्गेनाविशेषयन् ।
आत्मानं धारयेन्नित्यं केवलज्ञप्तिविग्रहम् ॥७०॥

अन्वयार्थ—(अहं) मैं (गौरः) गोरा हूँ (स्थूलः) मोटा हूँ (वा कृशः) अथवा दुबला हूँ (इति) इस प्रकार (अंगेन) शरीरके साथ (आत्मानं) अपनेको (अविशेषयन्) एकरूप न करते हुए (नित्यं) सदा ही (आत्मानं) अपने आत्माको (केवलज्ञप्तिविग्रहम्) केवलज्ञानस्वरूप अथवा रूपादिरहित उपयोगशरीरी (धारयेत्) अपने चित्तमें धारण करे ॥७०॥

भावार्थ—गोरापन, कालापन, मोटापन, दुबलापन आदि

---

*हउँ गोरउ हउँ सामलउ हउँ जि विभिण्णउ वण्णु ।
हउँ तणु-अगउ थूलु हउँ एहउँ मुढउ मण्णु ॥८०॥
—परमात्म प्रकाशे, योगीन्द्रदेवः

अवस्थाएँ पुद्गलकी हैं—पुद्गलसे भिन्न इनका अस्तित्व नहीं है। आत्मा इन शरीरके धर्मोंसे भिन्न एक ज्ञायकस्वरूप है। अतः आत्मपरिज्ञानके इच्छुकोंको चाहिये कि वे अपने आत्माको इन पुद्गलपर्यायोंके साथ एकमेक (अभेदरूप) न करें, बल्कि इन्हें अपना रूप न मानते हुए अपनेको रूपादिरहित केवलज्ञानस्वरूप समझें। इसीका नाम भेदविज्ञान है ॥७०॥

जो इस प्रकार आत्माकी एकाग्रचित्तसे भावना करता है उसीको मुक्तिकी प्राप्ति होती है अन्यको नहीं, ऐसा दिखाते हैं—

**मुक्तिरेकान्तिकी तस्य चित्ते यस्याचला धृतिः।**
**तस्य नैकान्तिकी मुक्तिर्यस्य नास्त्यचला धृतिः ॥७१॥**

अन्वयार्थ—(यस्य) जिस पुरुषके (चित्ते) चित्तमें (अचला) आत्मस्वरूपकी निश्चल (धृतिः) धारणा है (तस्य) उसकी (एकान्तिकी मुक्तिः) नियमसे मुक्ति होती है। (यस्य) जिस पुरुषकी (अचलाधृतिः नास्ति) आत्मस्वरूपमें निश्चल धारणा नहीं है (तस्य) उसकी (एकान्तिकी मुक्तिः न) अवश्यम्भाविनी मुक्ति नहीं होती है ॥७१॥

भावार्थ—जब यह जीव आत्मस्वरूपमें डाँवाडोल न रहकर स्थिर हो जाता है तभी मुक्तिको प्राप्त कर सकता है। आत्मस्वरूपमें स्थिरताके बिना मुक्तिकी प्राप्ति होना असंभव है ॥७१॥

चित्तकी निश्चलता तभी हो सकेगी जब लोक-संसर्गका

परित्याग कर आत्मस्वरूपका संवेदन एवं अनुभव किया जावेगा — अन्यथा नहीं हो सकेगी; इसी बातको आगे प्रकट करते हैं—

**जनेभ्यो वाक् ततः स्पन्दो मनसश्चित्तविभ्रमाः !**
**भवन्ति तस्मात्संसर्गं जनैर्योगी ततस्त्यजेत् ॥७२॥**

अन्वयार्थ—(जनेभ्यो) लोगोंके संसर्गसे (वाक्) वचनकी प्रवृत्ति होती है (ततः) वचनकी प्रवृत्तिसे (मनसः स्पन्दः) मनकी व्यग्रता होती है—चित्त चलायमान होता है (तस्मात्) चित्तकी चंचलतासे (चित्तविभ्रमाः भवन्ति) चित्तमें नाना प्रकारके विकल्प उठने लगते हैं—मन क्षुभित हो जाता है (ततः) इसलिये (योगी) योगमें संलग्न होनेवाले अन्तरात्मा साधुको चाहिये कि वह (जनैः संसर्गं त्यजेत्) लौकिक जनोंके संसर्गका परित्याग करे-खासकर ऐसे स्थानपर योगाभ्यास करने न बैठे जहांपर कुछ लौकिकजन जमा हों अथवा उनका आवागमन बना रहता हो।

भावार्थ—आत्मस्वरूपमें स्थिरताके इच्छुक मुमुक्षु पुरुषोंको चाहिये कि वे लौकिक जनोंके संसर्गसे अपनेको प्रायः अलग रखें, क्योंकि लौकिकजन जहाँ जमा होते हैं वहाँ वे परस्परमें कुछ न-कुछ बातचीत किया करते हैं, बोलते हैं और शोर तक मचाते हैं। उनकी इस वचनप्रवृत्तिके श्रवणसे चित्त चलायमान होता है और उसमें नाना प्रकारके संकल्प-विकल्प उठने लगते हैं, जो आत्मस्वरूपकी स्थिरतामें बाधक होते हैं—आत्माको अपना अन्तिम ध्येय सिद्ध करने नहीं देते ॥७२॥

तब क्या मनुष्योंका संसर्ग छोड़कर जंगलमें निवास करना चाहिये ? इस शंकाका निराकरण करते हुए कहते हैं—

**ग्रामोऽरण्यमिति द्वेधा निवासोऽनात्मदर्शिनाम् ।**
**दृष्टात्मनां निवासस्तु विविक्तात्मैव निश्चलः ॥७३॥**

अन्वयार्थ—(अनात्मदर्शिनां) जिन्हें आत्माकी उपलब्धि-उसका दर्शन अथवा अनुभव नहीं हुआ ऐसे लोगोंके लिये (ग्रामः अरण्यम् ) यह गाँव है, यह जंगल है (इति द्वेधा निवासः) इस प्रकार दो तरहके निवासकी कल्पना होती है (तु) किन्तु (दृष्टात्मनां) जिन्हें आत्मस्वरूपका अनुभव हो गया है ऐसे ज्ञानी पुरुषोंके लिये (विविक्तः) रागादि रहित विशुद्ध एवं (निश्चलः) चित्तकी व्याकुलता रहित स्वरूपमें स्थिर (आत्मा एव) आत्माही (निवासः) रहनेका स्थान है ।

भावार्थ—जो लोग आत्मानुभवसे शून्य होते हैं उन्हींका निवास-स्थान गाँव तथा जंगलमें होता है—कोई गांवको अपनाता है तो दूसरा जंगलसे प्रेम रखता है । गांव और जंगल दोनों ही बाह्य एवं परवस्तुएं हैं । मात्र जंगलका निवास किसीको आत्मदर्शी नहीं बना देता । प्रत्युत इसके, जो आत्मदर्शी होते हैं उनका निवासस्थान वास्तवमें वह शुद्धात्मा होता है जो वीत-रागताके कारण चित्तकी व्याकुलताको अपने पास फटकने नहीं देता और इसलिये उन्हें न तो ग्रामवाससे प्रेम होता है और न

वनके निवाससे ही-वे दोनोंको ही अपने आत्मस्वरूपसे बहिर्भूत समझते हैं और इसलिए किसीमें भी आसक्तिका रखना अथवा उसे अपना ( आत्माका ) निवासस्थान मानना उन्हें इष्ट नहीं होता। वे तो शुद्धात्मस्वरूपको हो अपनी विहारभूमि बनाते हैं और उसीमें सदा रमे रहते हैं। ग्रामका निवास उन्हें आत्मदर्शी-से अनात्मदर्शी नहीं बना सकता ॥७३॥

अनात्मदर्शी और आत्मदर्शी होनेका फल क्या है, उसे दिखाते हैं—

देहान्तरगतेबीजं देऽहेस्मिन्नात्मभावना।
बीजं विदेहनिष्पत्तेरात्मन्येवात्मभावना ॥७४॥

अन्वयार्थ--(अस्मिन् देहे) कर्मोदयवश ग्रहण किये हुए इस शरीरमें (आत्मभावना) आत्माकी जो भावना है—शरीरको ही *आत्मा मानना है—वही (देहान्तरगतेः) अन्य शरीर ग्रहणरूप* भवान्तरप्राप्तिका (बीजं) कारण है और (आत्मनि एव) अपनी आत्मामें ही (आत्मभावना) आत्मकी जो भावना है—आत्माको ही आत्मा मानना है—वह (विदेहनिष्पत्तेः) शरीरके सर्वथा त्याग-रूप मुक्तिका (बीजं) कारण है।

भावार्थ--जो जीव कर्मोदयजन्य इस जड़ शरीरको ही आत्मा समझता है और इसीसे देह-भोगोंमें आसक्त रहता है, वह चिरकाल तक नये-नये शरीर धारण करता हुआ संसारपरिभ्रमण

करता है और इस तरह अनन्त कष्टोंको भोगता है। प्रत्युत इसके, आत्माके निजस्वरूपमें ही जिसकी आत्मत्वकी भावना है वह जीव शीघ्र ही कर्मबन्धनसे छूटकर मुक्तिको प्राप्त हो जाता है और सदाके लिए अपने निराबाध सुखस्वरूपमें मग्न रहता है ॥ ७४ ॥

यदि ऐसा है, तब मुक्तिको प्राप्त करानेके लिए हेतुभूत कोई दूसरा गुरु तो होगा ? ऐसी आशंका करने वालेके प्रति कहते हैं—

**नयत्यात्मानमात्मैव जन्म निर्वाणमेव च* ।**
**गुरुरात्मात्मनस्तस्मान्नान्योऽस्ति परमार्थतः॥७५॥**

अन्वयार्थ—(आत्मा एव) आत्मा ही (आत्मानं) आत्माको (जन्म नयति) देहादिकमें दृढ़ात्मभावनाके कारण जन्म-मरणरूप संसारमें भ्रमण कराता है (च) और (निर्वाणमेव नयति) आत्मामें ही आत्मबुद्धिके प्रकर्षवश मोक्ष प्राप्त कराता है (तस्मात्) इसलिये (परमार्थतः) निश्चयसे (आत्मनः गुरुः) आत्माका गुरु (आत्मा एव) आत्मा ही है (अन्यः न अस्ति) दूसरा कोई गुरु नहीं है।

भावार्थ—हितोपदेशक सद्गुरुओंका हितकर उपदेश सुनकर भी जब तक यह जीव अपने आत्माको नहीं पहचानता और

---

* 'वा' इति पाठान्तरं 'ग' पुस्तके।

अंतरंग रागादिक शत्रुओं एवं कषाय-परिणति पर विजय प्राप्त कर स्वयं अपने उद्धारका यत्न नहीं करता तब तक बराबर संसाररूपी कीचड़में ही फँसा रहता है और जन्ममरणादिके असह्य कष्टोंको भोगता रहता है। परन्तु जब इस जीवकी भव-स्थिति सन्निकट आती है, दर्शनमोहका उपशम-क्षयोपशम होता है, उस समय सद्गुरुओंके उपदेशके बिना भी यह जीव अपने आत्मस्वरूपको पहचान लेता है और रागद्वेषादिरूप कषायभाव एवं विभावपरिणतिको त्याग करके स्वयं कर्मबन्धनसे छूट जाता है। इसलिये परमार्थिकदृष्टिसे तो खुद आत्मा ही अपना गुरु है-दूसरा नहीं ॥ ७५ ॥

शरीरमें आत्मबुद्धि रखनेवाला बहिरात्मा मरणके संनिकट आनेपर क्या करता है, उसे बतलाते हैं—

दृढात्मबुद्धिर्देहादावुत्पश्यन्नाशमात्मनः ।
मित्रादिभिर्वियोगं च बिभेति मरणाद्भृशम् ॥७६॥

अन्वयार्थ—(देहादौ दृढात्मबुद्धिः) शरीरादिकमें जिसकी आत्मबुद्धि दृढ हो रही है ऐसा बहिरात्मा (आत्मनः नाशम्) शरीरके छूटनेरूप अपने मरण (च) और (मित्रादिभिः वियोगं) मित्रादि-सम्बन्धियोंके वियोगको (उत्पश्यन्) देखता हुआ (मरणात्) मरनेसे (भृशम्) अत्यन्त (बिभेति) डरता है।

भावार्थ—फटे-पुराने कपड़ेको उतार कर नवीन वस्त्र पहनने

में जिस प्रकार कोई दुःख नहीं होता, उसी प्रकार एक शरीरको छोड़कर दूसरा नया शरीर धारण करनेमें कोई कष्ट न होना चाहिये। परन्तु यह अज्ञानी जीव मोहके तीव्रउदयवश जब शरीरको ही आत्मा समझ लेता है और शरीर सम्बन्धी स्त्री-पुत्र-मित्रादि परपदार्थों को आत्मीय मान लेता है तब मरणके समुपस्थित होनेपर उसे अपना (अपने आत्माका) नाश और आत्मीय जनोंका वियोग दीख पड़ता है और इसलिए वह मरनेसे बहुत ही डरता है ॥ ७६ ॥

जिसकी आत्मस्वरूपमें ही आत्मबुद्धि है ऐसा अन्तरात्मा मरणके समुपस्थित होनेपर क्या करता है उसे बतलाते हैं—

**आत्मन्येवात्मधीरन्यां शरीरगतिमात्मनः ।**
**मन्यते निर्भयं त्यक्त्वा वस्त्रं वस्त्रांतरग्रहम् ॥७७॥**

अन्वयार्थ—( आत्मनिः एव आत्मधीः ) आत्मस्वरूपमें ही जिसकी दृढ़ आत्मबुद्धि है ऐसा अन्तरात्मा (शरीरगतिं) शरीरके विनाशको अथवा बाल-युवा आदिरूप उसकी परिणतिको (आत्मनः अन्यां) अपने आत्मासे भिन्न ( मन्यते ) मानता है— शरीरके उत्पाद विनाशमें अपने आत्माका उत्पाद-विनाश नहीं मानता— और इस तरह मरणके अवसरपर ( वस्त्रं त्यक्त्वा वस्त्रान्तरग्रहम् इव ) एक वस्त्रको छोड़कर दूसरा वस्त्र ग्रहण करने की तरह ( निर्भयं मन्यते ) निर्भय रहता है ॥७७॥

भावार्थ—अन्तरात्मा स्व-परके भेदका यथार्थ ज्ञाता होता है, अतएव पुद्गलके विविध परिणामोंसे खेद खिन्न नहीं होता। शरीरादि पुद्गलमय द्रव्योंको वह अपने नहीं समझता। इसीलिये शरीररूपी झोंपड़ीका विनाश समुपस्थित होनेपर भी उसे आकुलता नहीं सताती। वह तो निर्भय हुआ अपने आत्मस्वरूपमें मग्न रहता है और शरीरके त्याग ग्रहणको वस्त्रके त्याग ग्रहणके समान समझता है ॥ ७७ ॥

इस प्रकार वही आत्मबोधको प्राप्त होता है जो व्यवहारमें अनादरवान् है—अनासक्त है—और जो व्यवहारमें आदरवान् है—आसक्त है—वह आत्मबोधको प्राप्त नहीं होता।

***व्यवहारे सुषुप्तो यः स जागर्त्यात्मगोचरे ।**
**जागर्ति व्यवहारेऽस्मिन् सुषुप्तश्चात्मगोचरे ॥७८॥**

अन्वयार्थ—(यः) जो कोई (व्यवहारे) प्रवृत्ति-निवृत्यादि-रूप लोकव्यवहारमें (सुषुप्तः) सोता है—अनासक्त एवं अप्रयत्नशील रहता है ( सः ) वह ( आत्मगोचरे ) आत्माके विषयमें ( जागर्ति ) जागता है—आत्मानुभवमें तत्पर रहता है (च) और जो ( अस्मिन् व्यवहारे ) इस लोकव्यवहारमें ( जागर्ति ) जागता है—उसकी साधनामें तत्पर रहता है वह (आत्मगोचरे) आत्मा-

*जो सुत्तो ववहारे सो जोई जग्गए सकज्जम्मि ।
जो जग्गदि ववहारे सो सुत्तो अप्पणे कज्जे ॥ ३१ ॥
—मोक्षप्राभृते, कुन्दकुन्दः ।

के विषयमें (सुषुप्तः) सोता है--आत्मानुभवका कोई प्रयत्न नहीं करता है।

भावार्थ—जिस प्रकार एक म्यानमें दो तलवारें नहीं रह सकतीं उसी प्रकार आत्मामें एक साथ दो विरुद्ध परिणतियां भी नहीं रह सकतीं, आत्मासक्ति और लोकव्यवहारासक्ति ये दो विरुद्ध परिणतियां हैं। जो आत्मानुभवनमें आसक्त हुआ आत्मा-के आराधनमें तत्पर होता है वह लौकिक व्यवहारोंसे प्रायः उदासीन रहता है—उनमें अपने आत्माको नहीं फँसाता। और जो लोकव्यवहारोंमें अपने आत्माको फँसाए रखता है—उन्हींमें सदा दत्तावधान रहता है—वह आत्माके विषयमें बिल्कुल बेखबर रहता है--उसे अपने शुद्धस्वरूपका कोई अनुभव नहीं हो पाता ॥ ७८ ॥

जो अपने आत्मस्वरूपके विषयमें जागता है—उसकी ठीक सावधानी रखता है--वह मुक्तिको प्राप्त करता है, ऐसा कहते हैं—

**आत्मानमन्तरे दृष्ट्वा दृष्ट्वा देहादिकं बहिः।**
**तयोरन्तरविज्ञानादाभ्यासादच्युतो भवेत् ॥७९॥**

अन्वयार्थ--( अन्तरे ) अन्तरंगमें ( आत्मानम् ) आत्माके वास्तविक स्वरूपको ( दृष्ट्वा ) देखकर और ( बहिः ) बाह्यमें (देहादिकं) शरीरादिक परभावोंको ( दृष्ट्वा ) देखकर ( तयाः )

आत्मा और शरीरादिक दोनोंके ( अन्तरविज्ञानात् ) भेदविज्ञानसे तथा ( अभ्यासात् ) अभ्यासद्वारा उस भेदविज्ञानमें दृढता प्राप्त करनेसे (अच्युतो भवेत् ) यह जीव मुक्त होजाता है।

भावार्थ—जब इस जीवको आत्मस्वरूपका दर्शन होजाता है और यह शरीरादिकको अपने आत्मासे भिन्न परपदार्थ समझने लगता है तब इसकी परिणति पलट जाती है— बाह्य विषयोंसे हट-कर अन्तर्मुखी हो जाती है—और तब यह अपने उपयोगको इधर उधर इन्द्रिय विषयोंमें न भ्रमाकर आत्माराधनकी ओर एकाग्र करता है, आत्मसाधनके अपने अभ्यासको बढ़ाता है और उस अभ्यासमें दृढता सम्पादन करके अपने सम्यग्दर्शनादि गुणोंका पूर्ण विकास कर लेता है। फिर उसका आत्मस्वरूपसे पतन नहीं होता—वह उसमें बराबर स्थिर रहता है। इसीका नाम अच्युत होना अथवा अच्युत (मोक्ष) पदकी प्राप्ति है ॥७९॥

शरीर और आत्माका जिसे भेदविज्ञान होगया है ऐसे अन्तरात्माको यह जगत योगाभ्यासकी प्रारम्भावस्थामें कैसा दिखाई देता है और योगाभ्यासकी निष्पन्नावस्थामें कैसा प्रतीत होता है उसे बतलाते हैं—

**पूर्वं दृष्टात्मतत्त्वस्य विभात्युन्मत्तवज्जगत् ।**
**स्वभ्यस्तात्मधियः पश्चात् काष्ठपाषाणरूपवत् ॥८०॥**

अन्वयार्थ—(दृष्टात्मतत्त्वस्य) जिसे आत्मदर्शन होगया है ऐसे योगी जीवको ( पूर्वं ) योगाभ्यासकी प्राथमिक अवस्थामें

( जगत् ) यह अज्ञ प्राणिसमूह ( उन्मत्तवत् ) उन्मत्त-सरीखा (विभाति) मालूम होता है किन्तु (पश्चात् ) बादको जब योगकी निष्पन्नावस्था हो जाती है तब (स्वभ्यस्तात्मधियः) आत्मस्वरूपके अभ्यासमें परिपक्वबुद्धि हुए अन्तरात्माको ( काष्ठपाषाणरूपवत् ) यह जगत् काठ और पत्थरके समान चेष्टारहित मालूम होने होने लगता है ।

भावार्थ--अपने शरीरसे भिन्नरूप जब आत्माका अनुभव होता है तब योगकी प्रारम्भिक दशा होती है, उस समय योगी अन्तरात्माको यह जगत् स्वरूपचिन्तनसे विकल होनेके कारण शुभाऽशुभ चेष्टाओंसे युक्त और नाना प्रकारके बाह्य विकल्पोंसे घिरा हुआ उन्मत्त-जैसा मालूम पड़ता है । बादको योगमें निष्णात होनेपर जब अत्मानुभवका अभ्यास खूब दृढ हो जाता है—बाह्यविषयोंमें उसकी परिणति नहीं जाती—तब, परम उदासीन भावका अवलम्बन न लेते हुए भी, जगद्विषयक चिन्ताका अभाव होजानेके कारण उसे यह जगत-काष्ठ-पाषाण-जैसा निश्चेष्ट जान पड़ता है। यह सब भेदविज्ञान और अभ्यास-अनभ्यासका माहात्म्य है ॥८०॥

यदि कोई शंका करे कि 'स्वभ्यस्तात्मधियः' यह पद जो पूर्वश्लोकमें दिया है वह व्यर्थ है--आत्मतत्त्वके अभ्यासमें परिपक्व होनेकी कोई ज़रूरत नहीं—क्योंकि शरीर और आत्माके स्वरूपके जाननेवालोंसे आत्मा शरीरसे भिन्न है ऐसा सुननेसे

अथवा स्वयं दूसरोंको उस स्वरूपका प्रतिपादन करनेसे मुक्ति हो जायगी, इस शंकाके उसके उत्तरमें कहते हैं--

**शृण्वन्नप्यन्यतः कामं वदन्नपि कलेवरात्।**
**नात्मानं भावयेद्भिन्नं यावत्तावन्न मोक्षभाक् ॥८१॥**

अन्वयार्थ—आत्माका स्वरूप ( अन्यतः ) उपाध्याय आदि गुरुओंके मुखसे (कामं) खूब इच्छानुसार ( शृण्वन्नपि ) सुननेपर तथा (कलेवरात्) अपने मुखसे (वदन्नपि) दूसरोंको बतलाते हुए भी (यावत्) जबतक (आत्मानं) आत्मस्वरूपकी (भिन्नं) शरीरादि परपदार्थोंसे भिन्न (न भावयेत्) भावना नहीं की जाती। (तावत्) तबतक ( मोक्षभाक् न ) यह जीव मोक्षका अधिकारी नहीं हो सकता॥ ८१ ॥

भावार्थ—जीव और पुद्गलके स्वरूपको सुनकर तोतेकी तरहसे रट लेने और दूसरोंको सुना देने मात्रसे मुक्तिकी प्राप्ति नहीं हो सकती। मुक्तिकी प्राप्तिके लिए आत्माको शरीरादिसे भिन्न अनुभव करनेकी खास जरूरत है। जबतक भावनाके बलपर यह अभ्यास दृढ़ नहीं होता तबतक कुछ भी आत्मकल्याण नहीं बन सकता ॥८१॥

भेदविज्ञानकी भावनामें प्रवृत्त हुए अन्तरात्माको क्या करना चाहिये, उसे बतलाते हैं—

**तथैव भावयेद्देहाद्व्यावृत्यात्मानमात्मनि।**
**यथा न पुनरात्मानं देहे स्वप्नेऽपि योजयेत् ॥८२॥**

अन्वयार्थ—अन्तरात्माको चाहिए कि वह (देहात्) शरीरसे (आत्मानं) आत्माको (व्यावृत्य) भिन्न अनुभव करके (आत्मनि) आत्मामें ही (तथैव) उस प्रकारसे भावयेत्) भावना करे (यथा पुनः) जिस प्रकारसे फिर (स्वप्नेऽपि) स्वप्नमें भी (देहे) शरीरकी उपलब्धि होनेपर उसमें ( आत्मानं ) आत्माको ( न योजयेत् ) योजित न करे। अर्थात् शरीरको आत्मा न समझ बैठे।

भावार्थ—मोहकी प्रबलता-जन्य चिरकालका अज्ञान संस्कार जब हृदयसे निकल जाता है तब स्वप्नमें भी इस जड़ शरीरमें आत्माकी बुद्धि नहीं होती। अतः उक्त संस्कारको दूर करनेके लिये भेदविज्ञानकी निरंतर भावना करनी चाहिये ॥८२॥

जिस प्रकार परम उदासीन अवस्थामें स्व परका विकल्प त्यागने योग्य होता है उसी प्रकार व्रतोंके पालनेका विकल्प भी त्याज्य है। क्योंकि—

अपुण्यमव्रतैः पुण्यं व्रतैर्मोक्षस्तयोर्व्ययः।
अव्रतानीव मोक्षार्थी व्रतान्यपि ततस्त्यजेत् ॥८३॥

अन्वयार्थ—(अव्रतैः) हिंसा, झूठ, चोरी, कुशील और परिग्रहरूप पांच अव्रतोंके अनुष्ठानसे (अपुण्यम्) पापका बंध होता है और (तयोः) पुण्य और पाप दोनों कर्मोंका (व्ययः) जो विनाश है वही (मोक्षः) मोक्ष है (ततः) इसलिये (मोक्षार्थी) मोक्षके इच्छुक

भव्य पुरुषको चाहिये कि (अव्रतानि इव) अव्रतोंकी तरह (व्रतानि अपि) व्रतोंकोभी (त्यजेत्) छोड़ देवे ।

भावार्थ—मोक्षार्थी पुरुषको मोक्षप्राप्तिके मार्गमें जिस प्रकार पंच अव्रत विघ्नस्वरूप हैं उसी प्रकार पाँच व्रत भी बाधक हैं; क्योंकि लोहेकी बेड़ी जिस प्रकार बन्धकारक है उसी प्रकार सोने की बेड़ी भी बंधकारक है । दोनों प्रकारकी बेड़ियोंका अभाव होने पर जिस प्रकार लोकव्यवहारमें मुक्ति (आज़ादी) समझी जाती है उसी प्रकार परमार्थमें भी व्रत और अव्रत दोनोंके अभावसे मुक्ति मानी गई है । अतः मुमुक्षुको अव्रतोंकी तरह व्रतोंको भी छोड़ देना चाहिये ॥८३॥

अब उनके छोड़नेका क्रम बतलाते हैं—

अव्रतानि परित्यज्य व्रतेषु परिनिष्ठितः ।
त्यजेत्तान्यपि संप्राप्य परमं पदमात्मनः ॥८४ ॥

अन्वयार्थ—( अव्रतानि ) हिंसादिक पंच अव्रतोंको (परित्यज्य ) छोड़ करके (व्रतेषु) अहिंसादिक व्रतोंमें (परिनिष्ठितः) निष्ठावान् रहे अर्थात् उनका दृढताके साथ पालन करे, बादको (आत्मनः) आत्माके (परमं पदं) रागद्वेषादिरहित परम वीतराग-पदको (प्राप्य) प्राप्त करके (तान अपि) उन व्रतोंको भी (त्यजेत् ) छोड़ देवे ॥ ८४ ॥

भावार्थ—प्रथम तो हिंसादिक पंच पापरूप अशुभ प्रवृत्ति-को छोड़कर अहिंसादिक व्रतोंके अनुष्ठानरूप शुभ प्रवृत्ति करनी

चाहिये। साथ ही; अपना लक्ष शुद्धोपयोगकी ओर ही रखना चाहिये। जब आत्माके परमपदरूप शुद्धोपयोगकी—परमवीतरागतामय क्षीणकषायनामक गुणस्थानकी—सम्प्राप्ति हो जावे तब उन व्रतोंको भी छोड़ देना चाहिये। लेकिन जब तक वीतरागदशा न हो जावे तबतक व्रतोंका अवलम्बन रखना चाहिये, जिससे अशुभकी ओर प्रवृत्ति न हो सके ॥८४॥

किस प्रकार अव्रतों और व्रतोंके विकल्पको छोड़नेपर परमपदकी प्राप्ति होगी, उसे बतलाते हैं—

**यदन्तर्जल्पसंपृक्तमुत्प्रेक्षाजालमात्मनः ।**
**मूलं दुःखस्य तन्नाशे शिष्टमिष्टं परं पदम् ॥ ८५॥**

अन्वयार्थ—(अन्तर्जल्पसंपृक्तं) अंतरंगमें वचन व्यापारको लिये हुए (यत् उत्प्रेक्षाजालं) जो अनेक प्रकारकी कल्पनाओंका जाल है वही (आत्मनः) आत्माके (दुःखस्य) दुःखका (मूलं) मूल कारण है (तन्नाशे) उस विविध संकल्प विकल्परूप कल्पनाजालके विनाश होनेपर (इष्टं) अपने प्रिय हितकारी (परमं पदं शिष्टं) परमपदकी प्राप्ति कही गई है।

भावार्थ—यह जीव अपने चिदानन्दमय परम अतीन्द्रिय अविनाशी निर्विकल्प स्वरूपको भूलकर जब तक बाह्यविषयोंको अपनाता हुआ दुःखोंके मूलकारण अन्तर्जल्परूपी अनेक संकल्प-विकल्पोंके जालमें फँसा रहता है—मन-ही-मन कुछ गुन गुनाता अथवा हवासे बातें करता है—तब तक इसको परमपदकी प्राप्ति

नहीं हो सकती और न कोई सुख ही मिल सकता है। सुखमय परमपदकी प्राप्ति उसीको होती है जो अन्तर्जल्परूपी उत्प्रेक्षाजाल-का सर्वथा त्याग करके अपने ही चैतन्य चमत्काररूप विज्ञानघन आत्मामें लीन होजाता है ॥ ८५ ॥

उस उत्प्रेक्षाजालका नाश करनेके लिये उद्यमी मनुष्य किस क्रमसे उसका नाश करे, उसे बतलाते हैं—

**अव्रती व्रतमादाय व्रती ज्ञानपरायणः ।**
**परात्मज्ञानसम्पन्नः स्वयमेव परो भवेत् ॥८६॥**

अन्वयार्थ--(अव्रती) हिंसादिक पंच अव्रतों-पापोंमें अनुरक्त हुआ मानव (व्रतं आदाय) व्रतोंको ग्रहण करके, अव्रतावस्थामें होने वाले विकल्पोंका नाश करे, तथा (व्रती) अहिंसादिक व्रतोंका धारक (ज्ञानपरायणः) ज्ञानभावनामें लीन होकर, व्रतावस्थामें होने वाले विकल्पोंका नाश करे और फिर अरहंत-अवस्थामें (परात्मज्ञानसम्पन्नः) केवलज्ञानसे युक्त होकर (स्वयमेव) स्वयं ही-बिना किसीके उपदेशके (परः भवेत्) परमात्मा होवे-सिद्ध-स्वरूपको प्राप्त करे।

भावार्थ--विकल्पजालको जीतकर सिद्धि प्राप्त करनेका क्रम अव्रतीसे व्रती होना, व्रतीसे ज्ञानभावनामें लीन होना, ज्ञानभावना-में लीन होकर केवलज्ञानको प्राप्त करना और केवलज्ञानसे संपन्न होकर सिद्धपदको प्राप्त करना है ॥ ८६ ॥

जिस प्रकार व्रतोंका विकल्प मोक्षका कारण नहीं उसी प्रकार लिंगका विकल्प भी मोक्षका कारण नहीं हो सकता, ऐसा प्रतिपादन करते हैं—

लिङ्गं देहाश्रितं दृष्टं देहएवात्मनो भवः।
न मुच्यन्ते भवात्तस्मात्ते ये लिङ्गकृताग्रहाः ॥८७॥

अन्वयार्थ—(लिङ्ग) जटा धारण करना अथवा नग्न रहना आदि वेष (देहाश्रितं दृष्टं) शरीरके आश्रित देखा जाता है (देह एव) और शरीर ही (आत्मनः) आत्माका (भवः) संसार है (तस्मात्) इसलिये (ये लिङ्गकृताग्रहाः) जिनको लिङ्गका ही आग्रह है-बाह्य वेष धारण करनेसे मुक्तिकी प्राप्ति होती है ऐसी हठ है (ते) वे पुरुष (भवात्) संसारसे (न मुच्यन्ते) नहीं छूटते हैं ॥८७॥

भावार्थ—जो जीव केवल लिंग अथवा बाह्य वेषको ही मोक्ष-का कारण मानते हैं वे देहात्मदृष्टि हैं और इस लिये मुक्तिको प्राप्त नहीं हो सकते। क्योंकि लिंगका आधार देह है और देह ही इस आत्माका संसार है-देहके अभावमें संसार रहता नहीं। जो लिंगके आग्रही हैं-लिंगको ही मुक्तिका कारण समझते हैं-संसारको अपनाये हुए हैं, और जो संसारके आग्रही होते हैं-उसीकी हठ पकड़े रहते हैं—वे संसारसे नहीं छूट सकते ॥८७॥

जो ऐसा कहते हैं कि 'वर्णोंका ब्राह्मण गुरु है, इसलिए

वही परमपदके योग्य है' वे भी मुक्तिके योग्य नहीं हैं, ऐसा बतलाते हैं—

जातिर्देहाश्रिता दृष्टा देहएवात्मनो भवः।
न मुच्यन्ते भवात्तस्मात्ते ये जातिकृताग्रहाः ॥८८॥

अन्वयार्थ—(जातिः) ब्राह्मण आदि जाति (देहाश्रिता दृष्टा) शरीरके आश्रित देखी गई है (देह एव) और शरीर ही (आत्मनः भवः) आत्माका संसार है (तस्मात्) इसलिये (ये) जो जीव (जातिकृताग्रहाः) मुक्तिकी प्राप्ति के लिये जातिका हठ पकड़े हुए हैं (तेऽपि) वे भी (भवात्) संसारसे (न मुच्यन्ते) नहीं छूट सकते हैं।

भावार्थ—लिंगकी तरह जाति भी देहाश्रित है और इस लिए जातिका दुराग्रह रखने वाले भी मुक्तिको प्राप्त नहीं हो सकते। उनका जाति-विषयक आग्रह भी संसारका ही आग्रह है और इसलिए वे संसारसे कैसे छूट सकते हैं? —नहीं छूट सकते ॥ ८८ ॥

तब तो ब्राह्मण आदि जातिविशिष्ट मानव ही साधुवेष धारणकर मुक्ति प्राप्त कर सकता है, ऐसा कहने वालोंके प्रति कहते हैं—

जातिलिंगविकल्पेन येषां च समयाग्रहः।
तेऽपि न प्राप्नुवन्त्येव परमं पदमात्मनः ॥८६॥

अन्वयार्थ—( येषां ) जिन जीवोंका ( जातिलिंगविकल्पेन ) जाति और वेषके विकल्पसे मुक्ति होती है ऐसा ( समयाग्रहः ) आगम-सम्बन्धी आग्रह है—ब्राह्मण आदि जातिमें उत्पन्न होकर अमुक वेष धारण करनेसे ही मुक्ति होती है ऐसा आगमानुबन्धि हठ है (ते अपि) वे पुरुष भी (आत्मनः) आत्माके (परमं पदं) परमपदको (न प्राप्नुवन्त्येव) प्राप्त नहीं कर सकते हैं—संसारसे मुक्त नहीं हो सकते हैं।

भावार्थ—जिनका ऐसा आग्रह है कि अमुक जातिवाला अमुक वेष धारण करे तभी मुक्तिकी प्राप्ति होती है ऐसा आगममें कहा है, वे भी मुक्तिको प्राप्त नहीं हो सकते; क्योंकि जाति और लिंग दोनों ही जब देहाश्रित हैं और देह ही आत्माका संसार है तब संसारका आग्रह रखने वाले उससे कैसे छूट सकते हैं ? ॥ ८९ ॥

उस परमपदकी प्राप्तिके लिये ब्राह्मणादिजातिविशिष्ट शरीरमें निर्ममत्वको सिद्ध करनेके लिये भोगोंको छोड़ देनेपर भी अज्ञानी जीव मोहके वश होकर शरीरमें ही अनुराग करने लग जाते हैं, ऐसा कहते हैं—

**यत्त्यागाय निवर्तन्ते भोगेभ्यो यदवाप्तये ।**
**प्रीतिं तत्रैव कुर्वन्ति द्वेषमन्यत्र मोहिनः ॥९०॥**

अन्वयार्थ—[ यत्त्यागाय ] जिस शरीरके त्यागके लिये—उससे ममत्व दूर करनेके लिये—और (यदवाप्तये) जिस परम-

वीतराग पदको प्राप्त करनेके लिये [भोगेभ्यः] इन्द्रियोंके भोगोंसे (निवर्तन्ते) निवृत्त होते हैं अर्थात् उनका त्याग करते हैं (तत्रैव) उसी शरीर और इन्द्रियोंके विषयोंमें ( मोहिनः ) मोही जीव (प्रीतिं कुर्वन्ति) प्रीति करते हैं और (अन्यत्र) वीतरागता आदिके साधनोंमें ( द्वेषं कुर्वन्ति ) द्वेष करते हैं ॥ ६० ॥

भावार्थ—मोहकी बड़ी ही विचित्र लीला है । जिस शरीरसे ममत्व हटानेके लिये भोगोंसे निवृत्ति धारणकी जाती है—संयम ग्रहण किया जाता है—उसीसे मोही जीव पुनः प्रीति करने लगता है और जिस वीतरागभावकी प्राप्तिके लिये भोगोंसे निवृत्ति धारण की जाती है—संयमका आश्रय लिया जाता है—उसीसे मोही जीव द्वेष करने लगता है । ऐसी हालतमें मोहपर विजय प्राप्त करनेके लिये बड़ी ही सावधानीकी जरूरत है और वह तभी बन सकती है जब साधककी दृष्टि शुद्ध हो । दृष्टिमें विकार आते ही सारा खेल बिगड़ जाता है—अपकारीको उपकारी और उपकारीको अपकारी समझ लिया जाता है ॥६०॥

मोही जीवोंके शरीरमें दर्शनव्यापारका विपर्यास किस प्रकार होता है, उसे दिखलाते हैं—

अनन्तरज्ञः संधत्ते दृष्टिं पंगोर्यथाऽन्धके ।
संयोगात् दृष्टिमङ्गेऽपि संधत्ते तद्वदात्मनः ॥६१॥

अन्वयार्थ—( अनन्तरज्ञः ) भेदज्ञान न रखने वाला पुरुष ( यथा ) जिस प्रकार ( संयोगात् ) संयोगके कारण भ्रममें पड़-

कर—संयुक्त हुए लंगडे और अंधेकी क्रियाओंको ठीक न समझ-कर (पङ्गोर्दृष्टिं) लंगड़ेकी दृष्टिको (अन्धके) अन्धे पुरुषमें (संयत्ते) आरोपित करता है—यह समझता है कि अन्धा स्वयं देखकर चल रहा है—(तद्वत्) उसी प्रकार (आत्मनः दृष्टिं) आत्माकी दृष्टिको (अङ्गेऽपि) शरीरमें भी (सन्धत्ते) आरोपित करता है—यह समझने लगता है कि यह शरीर ही देखता जानता है।

भावार्थ—एक लँगड़ा अन्धेके कँधेपर चढ़ा जारहा है और ठीक मार्गसे चलनेके लिये उस अन्धेको इशारा करता जाता है, मार्ग चलनेमें दृष्टि लँगड़ेकी और पद टाँगे अन्धे की काम करती हैं। इस भेदको ठीक न जानने वाला कोई पुरुष यदि यह समझले कि यह अन्धा ही कैसी सावधानीसे देखकर चल रहा है तो वह जिस प्रकार उसका भ्रम होगा उसी प्रकार शरीरारूढ आत्माकी दर्शनादिक क्रियाओंको न समझकर उन्हें शरीरकी मानना भी भ्रम है और इसका कारण आत्मा और शरीर दोनों-का एक क्षेत्रावगाहरूप सम्बन्ध है। आत्मा और शरीरके भेदको ठीक न समझने वाला बहिरात्मा ही ऐसे भ्रमका शिकार होता है ॥ ६१ ॥

संयोगकी ऐसी अवस्थामें अन्तरात्मा क्या करता है, उसे बतलाते हैं—

दृष्टभेदो यथा दृष्टिं पङ्गोरन्धे न योजयेत्।
तथा न योजयेद्देहे दृष्टात्मा दृष्टिमात्मनः ॥६२॥

अन्वयार्थ—( दृष्टभेदः ) जो लँगडे और अन्धेके भेदका तथा उनकी क्रियाओंको ठीक समझता है वह (यथा) जिस प्रकार (पंगोर्दृष्टिं) लँगडेकी दृष्टिको अन्धे पुरुषमें ( न योजयेत् ) नहीं जोड़ता—अन्धेको मार्ग देखकर चलने वाला नहीं मानता—(तथा) उसी प्रकार (दृष्टात्मा) आत्माको शरीरादि परपदार्थोंसे भिन्न अनुभव करने वाला अन्तरात्मा (आत्मनः दृष्टिं) आत्माकी दृष्टि-को—उसके ज्ञानदर्शन-स्वभावको (देहे) शरीरमें ( न योजयेत् ) नहीं जोड़ता है—शरीरको ज्ञाता-दृष्टा नहीं मानता है।

भावार्थ—जिस पुरुषको अन्धे और लँगड़ेका भेद ठीक मालूम होता है ऐसा समझदार मनुष्य जिस प्रकार दोनोंके संयुक्त होनेपर भ्रममें नहीं पड़ता—अन्धेको दृष्टिहीन और लंगड़ेको दृष्टिवान् समझता है-उसीप्रकार भेदविज्ञानी पुरुष आत्मा और शरीरके सँयोगवश भ्रममें नहीं पड़ता—शरीरको चेतनारहित जड और आत्माको ज्ञानदर्शनस्वरूप ही समझता है, कदाचित् भी शरीरमें आत्माकी कल्पना नहीं करता ॥ ९२ ॥

बहिरात्मा और अन्तरात्माको कौनसा अवस्था भ्रमरूप और कौनसी भ्रमरहित मालूम होती है उसे बतलाते हैं—

सुप्तोन्मत्ताद्यवस्थैव विभ्रमोऽनात्मदर्शिनाम् ।
विभ्रमोऽक्षीणदोषस्य सर्वावस्थाऽऽत्मदर्शिनः ॥९३॥

अन्वयार्थ—( अनात्मदर्शिनाम् ) आत्मस्वरूपका वास्तविक परिज्ञान जिन्हें नहीं है ऐसे बहिरात्माओंका ( सुप्तोन्मत्तादि

अवस्था एव ) केवल सोने व उन्मत्त होनेकी अवस्था ही (विभ्रमः) भ्रमरूप मालूम होती है। किन्तु (आत्मदर्शिनः) आत्मानुभवी अन्तरात्माको (अक्षीणदोषस्य) मोहाक्रान्त बहिरात्माकी ( सर्वावस्थाः ) सर्व ही अवस्थाएँ-सुप्त और उन्मत्तादि अवस्थाओंकी तरह जाग्रत, प्रबुद्ध और अनुन्मत्तादि अवस्थाएँ भी—(विभ्रमः) भ्रमरूप मालूम होती हैं।

द्वितीय अर्थ--टीकाकारने 'ऽनात्मदर्शिनां' पदको 'न आत्मदर्शिनां' ऐसा मानकर और 'सर्वावस्थात्मदर्शिनां' को एक पद रखकर तथा 'एव' का अर्थ 'भी' लगाकर जो दूसरा अर्थ किया है वह इस प्रकार है—

आत्मदर्शी पुरुषोंकी सुप्त व उन्मत्त अवस्थाएँ भी भ्रमरूप नहीं होतीं; क्योंकि दृढ़तर अभ्यासके कारण उनका चित्त आत्मरससे भीगा रहता है—स्वरूपसे उनकी च्युति नहीं होती—इन्द्रियोंकी शिथिलता या रोगादिके वश उन्हें कदाचित् मूर्छा भी आजाती है तो भी उनका आत्मानुभवरूप संस्कार नहीं छूटता—वह बराबर बना ही रहता है। किन्तु अक्षीणदोष बहिरात्माके, जो बाल युवादि सभी अवस्थारूप आत्माको अनुभव करता है, वह सब विभ्रम होता है।

भावार्थ—जिनको आत्मस्वरूपका ज्ञान नहीं है उनको केवल सुप्त व उन्मत्त जैसी अवस्थाएँ ही भ्रमस्वरूप मालूम होती हैं किन्तु आत्मदर्शियोंको मोहके वशीभूत हुए रागी पुरुषोंकी सभी

अवस्थाएँ भ्रमरूप जान पड़ती हैं—भले ही वे जाग्रत, प्रबुद्ध तथा अनुन्मत्त-जैसी अवस्थाएँ ही क्यों न हों। वास्तवमें बहिरात्मा और अन्तरात्माकी अवस्थामें बड़ा भेद है—अन्तरात्मा आत्मस्वरूपमें सदा जाग्रत रहता है, जबकि बहिरात्माकी इससे विपरीत दशा होती है। ९३

यदि कोई कहे कि बाल वृद्धादि सर्व अवस्थारूप आत्माको मानने वाला सम्पूर्ण शास्त्रोंका ज्ञान प्राप्त करलेनेसे निद्रारहित हुआ मुक्तिको प्राप्त हो जाएगा, तो उसके प्रति आचार्य कहते हैं-

विदिताशेषशास्त्रोऽपि न जाग्रदपि मुच्यते।
देहात्मदृष्टिर्ज्ञातात्मा सुप्तोन्मत्तोऽपि मुच्यते ॥९४॥

अन्वयार्थ—(देहात्मदृष्टिः शरीरमें आत्मबुद्धि रखने वाला बहिरात्मा ( विदिताशेषशास्त्रः अपि ) सम्पूर्ण शास्त्रोंका जानने वाला होनेपर भी तथा (जाग्रत् अपि) जागता हुआ भी (न मुच्यते) कर्मबन्धनसे नहीं छूटता है। किन्तु (ज्ञातात्मा) जिसने आत्माके स्वरूपको देहसे भिन्न अनुभव कर लिया है ऐसा विवेकी अन्तरात्मा (सुप्तोन्मत्तः अपि) सोता और उन्मत्त हुआ भी (मुच्यते) कर्मबन्धनसे मुक्त होता है—विशिष्टरूपसे कर्मोंकी निर्जरा करता है।

भावार्थ—अनेक शास्त्रोंके जानने तथा जाग्रत रहनेपर भी भेदविज्ञान एवं देहसे आत्माको भिन्न करनेकी रुचिके बिना मुक्तिकी प्राप्ति नहीं हो सकती। देहात्मदृष्टिका शास्त्रज्ञान तोतेकी राम-राम रटनके समान भाववासनाके बिना आत्महितका साधक

नहीं हो सकता। प्रत्युत इसके, भेद-विज्ञानी होनेपर सुप्त और उन्मत्त-जैसी अवस्थाएँ भी आत्माका कोई विशेष अहित नहीं कर सकतीं; क्योंकि दृढतर अभ्यासके वश उन अवस्थाओंमें भी आत्मस्वरूप संवेदनसे च्युति न होनेके कारण विशिष्टरूपसे कर्मनिर्जरा होती रहती है, और यह कर्मनिजराही बन्धनका पर्यवसान एवं मुक्तिका निशान है। अतएव भेदविज्ञानको प्राप्त करके उसमें अपने अभ्यासको दृढ़ करना सर्वोपरि मुख्य और उपादेय है ॥६४॥

सुप्तादि अवस्थाओंमें भी स्वरूप संवेदन क्योंकर बना रहता है, इस बातको स्पष्ट करते हैं—

**यत्रैवाहितधीः पुंसः श्रद्धा तत्रैव जायते।**
**यत्रैव जायते श्रद्धा चित्तं तत्रैव लीयते ॥६५॥**

अन्वयार्थ—(यत्र एव) जिस किसी विषयमें (पुंसः) पुरुषको (आहितधीः) दत्तावधानरूप बुद्धि होती है (तत्रैव) उसी विषयमें उनको (श्रद्धा जायते) श्रद्धा उत्पन्न होजाती है और (यत्र एव) जिस विषयमें (श्रद्धा जायते) श्रद्धा उत्पन्न होजाती है (तत्रैव) उस विषयमें ही (चित्तं लीयते) उसका मन लीन हो जाता है—तन्मय बन जाता है।

भावार्थ—जिस विषयमें किसी मनुष्यकी बुद्धि संलग्न होती है—खूब सावधान रहती है—उसीमें आसक्ति बढ़ कर उसकी श्रद्धा उत्पन्न हो जाती है, और जहाँ श्रद्धा उत्पन्न हो जाती है

वहीं चित्त लीन रहता है। चित्तकी यह लीनताही सुप्त और उन्मत्त-जैसी अवस्थाओंमें मनुष्यको उस विषयकी ओरसे हटने नहीं देती—सोतेमें भी वह उसीके स्वप्न देखता है और पागल होकर भी उसीकी बातें किया करता है ॥९५॥

अब चित्त कहांपर अनासक्त होता है, उसे बतलाते हैं—

**यत्रानाहितधीः पुंसः श्रद्धा तस्मान्निवर्तते ।**
**यस्मान्निवर्तते श्रद्धा कुतश्चित्तस्य तल्लयः ॥९६॥**

अन्वयार्थ—(यत्र) जिस विषयमें पुंसः) पुरुषकी (अनाहितधीः) बुद्धि दत्तावधानरूप नहीं होती (तस्मात्) उससे (श्रद्धा) रुचि (निवर्तते) हट जाती है—दूर हो जाती है (यस्मात्) जिससे (श्रद्धा) रुचि (निवर्तते) हट जाती है (चित्तस्य) चित्तकी (तल्लयः कुतः) उस विषयमें लीनता कैसे हो सकती है? अर्थात् नहीं होती।

भावार्थ—जिस विषयमें किसी मनुष्यकी बुद्धि संलग्न नहीं होती—भले प्रकार सावधान नहीं रहती—उसमेंसे अनासक्ति बढ़कर श्रद्धा उठजाती है, और जहाँसे श्रद्धा उठजाती है वहाँ चित्तकी लीनता नहीं हो सकती। अतः किसी विषयमें आसक्ति न होनेका रहस्य बुद्धिको उस विषयकी ओर अधिक न लगाना ही है—बुद्धिका जितना कम व्यापार उस तरफ किया जायगा और उसे अहितकारी समझकर जितना कम योग दिया जायगा उतनीही उस विषयसे अनासक्ति होती जायगी। और फिर सुप्त

तथा उन्मत्त अवस्था हो जाने पर भी उस ओर चित्तकी वृत्ति नहीं जायगी ॥६६॥

जिस विषयमें चित्त लीन होना चाहिये वह ध्येय दो प्रकार का है—एक भिन्न, दूसरा अभिन्न। भिन्नात्मा ध्येयमें लीनताका फल क्या होगा, उसे बतलाते हैं—

**भिन्नात्मानमुपास्यात्मा परो भवति तादृशः।**
**वर्तिदीपं यथोपास्य भिन्ना भवति तादृशी ॥९७॥**

अन्वयार्थ—(आत्मा) यह आत्मा (भिन्नात्मानं) अपनेसे भिन्न अर्हन्त सिद्धरूप परमात्माकी (उपास्य) उपासना-आराधना करके (तादृशः) उन्हींके समान (परः भवति) परमात्मा हो जाता है (यथा) जैसे ( भिन्ना वर्तिः ) दीपकसे भिन्न अस्तित्व रखनेवाली बत्ती भी (दीपं उपास्य) दीपककी आराधना करके—उसका सामीप्य प्राप्त करके (तादृशी) दीपक स्वरूप (भवति) होजाती है।

भावार्थ—जिसमें चित्तको लगाना चाहिये ऐसा आत्मध्येय दो प्रकारका है—एक तो स्वयं अपना आत्मा, जिसे अभिन्न ध्येय कहते हैं; और दूसरा वह भिन्न आत्मा जिसमें आत्मगुणोंका पूर्ण विकास होगया हो, जैसे अर्हन्त-सिद्धका आत्मा, और जिसे भिन्नध्येय समझना चाहिये। ऐसे भिन्न ध्येयकी उपासनासे भी आत्मा परमात्मा बनजाता है। इसको समझानेके लिए बत्ती और दीपकका दृष्टान्त बड़ा ही सुन्दर दिया गया है। बत्ती अपना अस्तित्व और व्यक्तित्व भिन्न रखते हुए भी जब दीपककी उपा-

सनामें तन्मय होती है—दीपकका सामीप्य प्राप्त करती है—तो जल उठती है और दीपकस्वरूप बनजाती है। यही भिन्नात्मध्येयरूप अर्हन्त-सिद्धकी उपासनाका फल है ॥ ६७ ॥

अब अभिन्नात्माकी उपासनाका फल बतलाते हैं—

उपास्यात्मानमेवात्मा जायते परमोऽथवा।
मथित्वाऽऽत्मानमात्मैव जायतेऽग्निर्यथा तरु ॥९८॥

अन्वयार्थ—(अथवा) अथवा (आत्मा) यह आत्मा (आत्मानम्) अपने चित्स्वरूपको ही (उपास्य) चिदानन्दमय रूपसे आराधन करके (परमः) परमात्मा (जायते) होजाता है (यथा) जैसे (तरुः) बांसका वृक्ष (आत्मान) अपनेको (आत्मैव) अपनेसे ही (मथित्वा) रगडकर (अग्निः) अग्निरूप (जायते) होजाता है।

भावर्थ—जिस प्रकार बांसका वृक्ष बांसके साथ रगड़ खाकर अग्निरूप होजाता है उसी प्रकार यह आत्मा भी आत्माके आत्मीय गुणोंकी आराधना करके परमात्मा बन जाता है। बांसके वृक्षमें जिस प्रकार अग्नि शक्तिरूपसे विद्यमान होती है और अपने ही बांसरूपके साथ घर्षणका निमित्त पाकर प्रकट होती है उसी प्रकार आत्मामें भी पूर्णज्ञानादि गुण शक्तिरूपसे विद्यमान होते हैं और वे आत्माका आत्माके साथ संघर्ष होनेपर प्रकट होजाते हैं। अर्थात् जब आत्मा आत्मीय गुणोंकी प्राप्तिके लिये अपने अन्य बाह्याभ्यंतर संकल्प-विकल्परूप व्यापारोंसे उपयोगको हटाकर

स्वरूप-चिंतनमें एकाग्र कर देता है तो उसके वे गुण प्रकट हो-जाते हैं—उस संघर्षसे ध्यानरूपी अग्नि प्रकट होकर कर्मरूपी ईंधनको जला देती है। और तभी यह आत्मा परमात्मा बन जाता है ॥९८॥

अब उक्त अर्थका उपसंहार करके फल दिखाते हुए कहते हैं—

इतीदं भावयेन्नित्यमवाचांगोचरं पदम्।
स्वतएव तदाप्नोति यतो नावर्तते पुनः ॥९९॥

अन्वयार्थ—( इति ) उक्त प्रकारसे ( इदं ) भेद-अभेदरूप आत्मस्वरूपकी (नित्यं) निरन्तर (भावयेत्) भावना करनी चाहिए। ऐसा करनेसे (तत्) उस (अवाचांगोचरं पदं) अनिर्वचनीय परमात्म पदको (स्वत एव) स्वयं ही यह जीव (आप्नोति) प्राप्त होता है (यतः) जिस पदसे (पुनः) फिर (न आवर्तते) लौटना नहीं होता है—पुनर्जन्म लेकर संसारमें भ्रमण करना नहीं पड़ता है।

भावार्थ—आत्मस्वरूपकी प्राप्तिके लिए आत्मस्वरूपके पूर्ण विकाशको प्राप्त हुए अर्हन्त और सिद्ध परमात्माका हमें निरंतर ध्यान करना चाहिये—तद्रूप होनेकी भावनामें रत रहना चाहिये—अथवा अपने आत्माको आत्मस्वरूपमें स्थिर करने का दृढ़ अभ्यास करना चाहिये। ऐसा होने पर ही उस

वचन-अगोचर अतीन्द्रिय परमात्मपदकी प्राप्ति हो सकेगी, जिसे प्राप्त करके फिर इस जीवको दूसरा जन्म लेकर संसारमें भटकना नहीं पड़ता—वह सदाके लिए अपने ज्ञानानन्दमें मग्न रहता है और सब प्रकारके दुःखोंसे छूट जाता है ॥६६॥

वह आत्मा पृथ्वी जल अग्नि वायु इन चार तत्त्वरूप जो शरीर है उससे भिन्न किसी दूसरे तत्त्वरूप सिद्ध नहीं होता है, ऐसा चार्वाक मत वाले मानते हैं, तथा आत्माके सदा स्वरूपकी उपलब्धि संवेदना बनी रहनेसे वह सदा ही मुक्त है, ऐसा सांख्यलोगोंका मत है, इन दोनोंको लक्ष करके उनके प्रति आचार्य कहते हैं—

**अयत्नसाध्यं निर्वाणं चित्तत्त्वं भूतजं यदि ।**
**अन्यथा योगतस्तस्मान्न दुःखं योगिनां क्वचित् ।१००।**

अन्वयार्थ—( चित्तत्त्वम् ) चेतना लक्षणवाला यह जीव तत्त्व (यदि भूतजं) यदि भूतज है—चार्वाकमतके अनुसार पृथ्वी, जल, अग्नि और वायुरूप भूतचतुष्टयसे उत्पन्न हुआ है अथवा अथवा सांख्यमतके अनुसार सहज शुद्धात्मस्वरूपसे उत्पन्न है—उस शुद्धात्मस्वरूपके संवेदना द्वारा लब्धात्मरूप है, तो (निर्वाणं) मोक्ष (अयत्नसाध्यं) यत्नसे सिद्ध होनेवाला नहीं रहेगा अर्थात् चार्वाकमतकी अपेक्षा, जो कि शरीरके छूट जानेपर आत्मामें किसी विशिष्टावस्थाकी प्राप्तिका अभाव बतलाता है, मरणरूप शरीरका विनाश होनेसे आत्माका अभाव होजायगा और यही अभाव

बिना यत्नका निर्वाण होगा, जो इष्ट नहीं हो सकता। और सांख्यमतकी अपेक्षा स्वभावसे ही सदा शुद्धात्मस्वरूपका लाभ मान लेनेसे मोक्षके लिये ध्यानादिक कोई उपाय करनेकी भी आवश्यकता नहीं रहेगी, और इस तरह निरुपाय मुक्तिकी प्रसिद्धि होनेसे बिना यत्नके ही निर्वाण होना ठहरेगा जो उसमतके अनुयायियोंको भी इष्ट नहीं है। (अन्यथा) यदि चैतन्य आत्मा भूतचतुष्टयजन्य तथा सदाशुद्धात्मस्वरूपका अनुभवकरने वाला नित्यमुक्त नहीं है। तो फिर (योगतः) योगसे स्वरूप संवेदनात्मक चित्तवृत्तिके निरोधका दृढ़ अभ्यास करनेसे ही निर्वाणकी प्राप्ति होगी (तस्मात्) चूँकि वस्तुतत्त्वकी ऐसी स्थिति है इसलिये (योगिनां) निर्वाणके लिये प्रयत्नशील योगियोंको (क्वचित्) किसीभी अवस्थामें–दुर्द्धरानुष्ठानके करने तथा छेदन–भेदनादिरूप उपसर्गके उपस्थित होनेपर–(दुःखं न) कोई दुःख नहीं होता है।

भावार्थ—आत्मतत्त्व यद्यपि चेतनामय नित्य पदार्थ है परंतु अनादिकर्मपुद्गलोंके सम्बन्धसे विभावपरिणतिरूप परिणम रहा है और अपने स्वरूपमें स्थिर नहीं है। ध्यानादि सत्प्रयत्न द्वारा उस परिणतिका दूरहोना ही स्वरूपमें स्थिर होना है और उसीका नाम निर्वाण है। चार्वाककी कल्पनानुसार यह जीवात्मा भूतचतुष्टयजन्य नहीं है। भूतचतुष्टयजन्य अनित्य शरीरको आत्मा मानना भ्रम तथा मिथ्या है और ऐसा माननेसे शरीरका नाश होनेपर आत्माका स्वतः अभाव हो जाना ही

निर्वाण ठहरेगा, जो किसी तरह भी इष्ट नहीं हो सकता। ऐसा कौन बुद्धिमान है जो स्वयं ही अपने नाशका प्रयत्न करे ? इसी तरह सांख्यमतकी कल्पनाके अनुसार आत्मा सदा ही शुद्ध-बुद्ध तथा स्वरूपोपलब्धिको लिये हुए नित्यमुक्तस्वरूप भी नहीं है। ऐसा माननेपर निर्वाणके लिये ध्यानादिके अनुष्ठानका कोई प्रयोजन तथा विधान नहीं बन सकेगा। सांख्यमतमें निर्वाणके लिये ध्यानादिका विधान है और इसलिए सदा शुद्धात्मस्वरूपकी उपलब्धिरूप मुक्तिकी वह कल्पना निःसार जान पड़ती है। जब ये दोनों कल्पनाएँ ठीक नहीं हैं तब जैनमतकी उक्त मान्यता-को मानना ही ठीक होगा, और उसके अनुसार योगासाधनद्वारा स्वरूपसंवेदनात्मक चित्तवृत्तिके निरोधका दृढ़ अभ्यास करके सकल विभावपरिणतिको हटाते हुए शुद्धात्मस्वरूपमें स्थितिरूप निर्वाणका होना बन सकेगा। इस आत्मसिद्धिके सदुद्देश्यको लेकर जो योगिजन योगाभ्यासमें प्रवृत्त होते हैं वे स्वेच्छासे अनेक दुर्द्धर तपश्चरणोंका अनुष्ठान करते हुए खेदखिन्न नहीं होते और न दूसरोंके किये हुए अथवा स्वयं बन आए हुए उपसर्गोंपर दुःख ही मानते हैं—ऐसी घटनाओंके घटनेपर वे बराबर अपने साम्य-भावको स्थिर रखते हैं ॥ १०० ॥

यदि कोई कहे कि मरणस्वरूप विनाशके समुपस्थित होनेपर उत्तर-कालमें आत्माका सदा अस्तित्व कैसे बन सकता है ? ऐसा कहने वालोंके प्रति आचार्य कहते हैं—

**स्वप्ने दृष्टे विनष्टेऽपि न नाशोऽस्ति यथात्मनः।**
**तथा जागरदृष्टेऽपि विपर्यासाविशेषतः ॥१०१ ॥**

अन्वयार्थ—(स्वप्ने) स्वप्नकी अवस्थामें (दृष्टे विनष्टे अपि) प्रत्यक्ष देखे जाने वाले शरीरादिके विनाश होनेपर भी (यथा) जिस प्रकार (आत्मनः) आत्माका (नाशः न अस्ति) नाश नहीं होता है (तथा) उसी प्रकार (जागरदृष्टे अपि) जाग्रत अवस्थामें भी दृष्ट शरीरादिकका विनाश होनेपर आत्माका नाश नहीं होता है। (विपर्यासाविशेषतः) क्योंकि दोनों ही अवस्थाओंमें जो विपरीत प्रतिभास होता है उसमें परस्पर कोई भेद नहीं है।

भावार्थ—आत्मा वास्तवमें सत् पदर्थ है और सत्का कभो नाश नहीं होता—पर्यायें जरूर पलटा करती हैं। स्वप्नमें शरीरका नाश होनेपर जिसप्रकार आत्माके नाशका भ्रम होजाता है किन्तु आत्माका नाश नहीं होता उसीप्रकार जाग्रत अवस्थामें भी शरीरपर्यायके विनाशसे जो आत्माका विनाश समझ लिया जाता है वह भ्रम ही है—दोनों ही अवस्थाओंमें होने वाले भ्रम समान हैं—एकको भ्रम मानना और दूसरे को भ्रम माननेसे इनकार करना ठीक नहीं हैं। वस्तुतः झोंपड़ी के जलने पर जैसे तद्गत आकाश नहीं जलता वैसे ही शरीरके नष्ट होनेपर आत्मा भी नष्ट नहीं होता है। आत्मा एक अखंड और अविनाशी पदार्थ है उसके खण्ड तथा विनाशकी कल्पना करना ही नितान्त मिथ्या है॥ १०१॥

जब इसप्रकार आत्मा अनादिनिधन प्रसिद्ध है तो उसकी मुक्तिके लिये दुर्द्धर तपश्चरणादिके द्वारा कष्ट उठाना व्यर्थ है; क्योंकि मात्र ज्ञानभावनासे ही मुक्तिकी सिद्धि होती है, ऐसी आशंका करने वालोंके प्रति आचार्य कहते हैं—

***अदुःखभावितं ज्ञानं क्षीयते दुःखसन्निधौ ।**
**तस्माद्यथाबलं दुःखैरात्मानं भावयेन्मुनिः ॥१०२॥**

अन्वयार्थ—(अदुःखभावितं ज्ञानं) जो भेदविज्ञान दुःखोंकी भावनासे रहित है—उपार्जनके लिये कुछ कष्ट उठाये बिना ही सहज सुकुमार उपाय-द्वारा बन आता है—वह (दुःखसन्निधौ) परिषह-उपसर्गादिक दुःखोंके उपस्थित होनेपर (क्षीयते) नष्ट हो जाता है। (तस्मात्) इसलिए (मुनिः) अन्तरात्मा योगीको (यथाबलं) अपनी शक्तिके अनुसार (दुःखैः) दुःखोंके साथ (आत्मानं भावयेत्) आत्माकी शरीरादिसे भिन्न भावना करनी चाहिये।

भावार्थ—जबतक योगी कायक्लेशादि तपश्चरणोंका अभ्यास करके कष्टसहिष्णु नहीं होता तबतक उसका ज्ञानाभ्यास—शरीर से भिन्न आत्माका अनुभवन—भी स्थिर रहनेवाला नहीं होता। वह दुःखोंके आजानेपर विचलित होजाता है और सारा भेद-

---

* सुहेण भाविदं णाणं दुहे जादे विणस्सदि ।
तम्हा जहाबलं जोई अप्पा दुक्खेहिं भावए ॥ ६२ ॥
—मोक्षप्राभृते, कुन्दकुन्दः

विज्ञान भूल जाता है। इस लिये ज्ञानभावनाके साथ कष्ट-सहनका अभ्यास होना चाहिये, जिससे उपार्जन किया हुआ ज्ञान नष्ट न होने पावे ॥ १०२ ॥

यदि आत्मा शरीरसे सर्वथा भिन्न है तो फिर आत्माके ठहरनेपर शरीर कैसे ठहरता है ? ऐसा पूछनेवालेके प्रति कहते हैं—

प्रयत्नादात्मनो वायुरिच्छाद्वेषप्रवर्तितात् ।
वायोः शरीरयन्त्राणि वर्तन्ते स्वेषु कर्मसु ॥१०३॥

अन्वयार्थ—(आत्मनः) आत्माके (इच्छाद्वेषप्रवर्तितात् प्रयत्नात्) राग और द्वेषकी प्रवृत्तिसे होनेवाले प्रयत्नसे (वायुः) वायु उत्पन्न होती है—वायुका संचार होता है (वायोः) वायुके संचारसे (शरीरयंत्राणि) शरीररूपी यंत्र (स्वेषु कर्मसु) अपने अपने कार्य करनेमें (वर्तन्ते) प्रवृत्त होते हैं।

भावार्थ—पूर्वबद्ध कर्मोंके उदयसे आत्मामें राग-द्वेष उत्पन्न होते हैं, रागद्वेषकी उत्पत्तिसे मन-वचन-कायकी क्रियारूप जो प्रयत्न उत्पन्न होता है उससे आत्माके प्रदेश चंचल होते हैं, आत्मप्रदेशोंकी चंचलतासे शरीरके भीतरकी वायु चलती है और उस वायुके चलनेसे शरीररूपी यंत्र अपना अपना कार्य करनेमें प्रवृत्त होते हैं। यदि कोई कहे कि शरीरोंकी यंत्रोंके साथ क्या कोई समान-धर्मता है जिसके कारण उन्हें यंत्र कहा जाता है तो इसके उत्तरमें इतना ही जान लेना चाहिये कि काष्ठादिके बनाये

हुए हाथी घोड़े आदिरूप कलदार खिलोने जिस प्रकार दूसरोंकी प्रेरणाको पाकर हिलने-चलने लगजाते हैं—अर्थात् अपनेसे किये जाने योग्य नाना प्रकारकी क्रियाओंमें प्रवृत्त होते हैं, उसी प्रकार शरीरके अंग-उपांग भी वायुकी प्रेरणासे अपने योग्य कर्मोंके करनेमें प्रवृत्त होते हैं। दोनों ही इस विषयमें समान हैं॥ १०३॥

उन शरीर-यंत्रोंकी आत्मामें आरोपना-अनारोपना करके जड़-विवेकी जीव क्या करते हैं, उसे बतलाते हैं—

**तान्यात्मनि समारोप्य साक्षाण्यास्तेऽसुखं जडः।**
**त्यक्त्वाऽरोपं पुनर्विद्वान् प्राप्नोति परमं पदम्॥१०४॥**

अन्वयार्थ—(जड़) मूर्ख बहिरात्मा (साक्षाणि) इन्द्रियोंसहित (तानि) उन औदारिकादि शरीरयन्त्रोंको (आत्मनि समारोप्य) आत्मामें आरोपण करके—मैं गोरा हूँ, मैं सुलोचन हूँ इत्यादि रूपसे उनके आत्मत्वकी कल्पना करके—(असुखं आस्ते) दुःख भोगता रहता है (पुनः) किन्तु (विद्वान्) ज्ञानी अन्तरात्मा (आरोपं त्यक्त्वा) शरीरादिकमें आत्माकी कल्पनाको छोड़कर (परमं पदं) परमपदरूप मोक्षको (प्राप्नोति) प्राप्त कर लेता है।

भावार्थ—मूढ बहिरात्मा कर्मप्रेरित शरीर और इंद्रियोंकी क्रियाओंको अपने आत्माकी ही क्रियायें समझता है और इस तरह भ्रममें पड़कर विषय-कषायोंके जालमें फँसता हुआ अपनेको दुखी बनाता है। प्रत्युत इसके, विवेकी अंतरात्मा ऐसा न करके शरीर और इन्द्रियोंकी क्रियाओंको आत्मासे भिन्न अनुभव

करता है और इस तरह विषय-कषायोंके जालमें न फँसकर कर्म-बन्धनसे छूटता हुआ परमात्मपदको प्राप्त करके सदाके लिये परमानन्दमय हो जाता है ॥ १०४ ॥

आत्मा उस आरोपको कैसे छोड़ता है उसे बतलाते हैं — अथवा श्री पूज्यपाद आचार्य अपने ग्रंथका उपसंहार करके फल प्रदर्शित करते हुए कहते हैं—

मुक्त्वा परत्र परबुद्धिमहंधियं च,
संसारदुःखजननीं जननाद्विमुक्तः ।
ज्योतिर्मयं सुखमुपैति परात्मनिष्ठ-
स्तन्मार्गमेतदधिगम्य समाधितंत्रम् ॥१०५॥

अन्वयार्थ—(तन्मार्ग) उस परमपदकी प्राप्तिका उपाय बतलाने वाले ( एतत् समाधितंत्रम् ) इस समाधितन्त्रको—परमात्मस्वरूप संवेदनकी एकाग्रताको लिए हुए जो समाधि उसके प्रतिपादक इस 'समाधितन्त्र' नामक शास्त्रको (अधिगम्य) भले प्रकार अनुभव करके (परात्मनिष्ठः) परमात्माकी भावनामें स्थिरचित्त हुआ अन्तरात्मा (संसारदुःखजननीं) चतुर्गतिरूप संसारके दुःखोंको उत्पन्न करनेवाली (परत्र) शरीरादि परपदार्थोंमें (अहं धियं परबुद्धिं च) जो स्वात्मबुद्धि तथा परात्मबुद्धि है उसको (मुक्त्वा) छोड़कर ( जननाद्विमुक्तः ) संसारसे मुक्त होता हुआ ( ज्योतिर्मयं सुखं ) ज्ञानात्मक सुखको ( उपैति) प्राप्त करलेता है ।

भावार्थ—इस पद्यमें, ग्रंथके विषयका उपसंहार करते हुए, श्री पूज्यपाद आचार्यने उस बुद्धिको संसारके समस्त दुःखोंकी जननी बतलाया है जो शरीरादि परपदार्थोंमें स्वात्मा-परात्माका आरोप किए हुए है—अर्थात् अपने शरीरादिको अपना आत्मा और परके शरीरादिको परका आत्मा समझती है। ऐसी दुःखमूलक बुद्धिका परित्याग कर जो जीवात्मा परमात्मामें निष्ठावान होता है—परमात्माके स्वरूपको अपना स्वरूप समझकर उसके आराधनमें तत्पर एवं सावधान होता है—वह संसारके बन्धनोंसे छूटता हुआ केवलज्ञानमय परम सुखको प्राप्त होता है। साथ ही, यह भी बतलाया है कि यह 'समाधितंत्र' ग्रंथ उक्त परमसुख अथवा परमपदकी प्राप्तिका मार्ग है—उपाय प्रदर्शित करने वाला है। इसको भले प्रकार अध्ययन तथा अनुभव करके जीवनमें उतारनेसे वह प्राप्ति सुखसाध्य होजाती है और इस तरह इस ग्रंथकी भारी उपयोगिताको प्रदर्शित किया है ॥१०५॥

## अन्तिम मङ्गल-कामना

जिनके भक्ति-प्रसादसे, पूर्ण हुआ व्याख्यान।
सबके उरमंदिर बसो, पूज्यपाद भगवान ॥१॥
पढ़ें सुनें सब ग्रन्थ यह, सेवें अतिहित मान।
आत्म-समुन्नति-बीज जो, करो जगत कल्यान ॥२॥

श्रीमद्देवनन्द्यपरनाम पूज्यपादस्वामी विरचित

# इष्टोपदेश

( मङ्गलाचरण )

परमब्रह्म परमात्मा, पूर्ण-ज्ञान-धन-लीन ।
वंदों परमानन्दमय, कर्म विभाव-विहीन ॥१॥
पूज्यपाद मुनिराजको, नमन करूँ मनलाय ।
स्वात्म-सम्पदाके निमित, टीका करूँ बनाय ॥२॥

ग्रन्थके आदिमें ग्रंथकर्ता पहले यह विचारकर, कि जो जिसके गुणोंकी प्राप्तिका इच्छुक है वह उन गुणोंसे युक्त पुरुष विशेषको नमस्कार करता है, चूंकि इस इष्टोपदेश नामक ग्रंथके कर्ता आचार्य पूज्यपाद परमात्मगुण प्राप्तिके इच्छुक हैं अतः सिद्ध परमात्माको नमस्कार करते हैं :—

यस्य स्वयं स्वभावाप्तिरभावे कृत्स्नकर्मणः ।
तस्मै संज्ञानरूपाय नमोऽस्तु परमात्मने ॥१॥

अर्थ—समस्त कर्मोंके अभावसे—ज्ञानावरणादि अष्टकर्मोंका मूलतः सर्वथा क्षय हो जानेसे—जिसे स्व स्वरूपकी प्राप्ति हो गई है—जिसे स्वयं शुद्ध चैतन्यस्वरूप स्वात्माकी उपलब्धि हो गई है— उस सम्यग्ज्ञान स्वरूप परमात्माके लिये—कर्मोंके विनाश

और रागादि विकारोंके सर्वथा अभावसे सूक्ष्मत्वादि अशेष पदार्थोंको युगपत् साक्षात्कार करने वाला सम्पूर्ण बोध ( केवल ज्ञान ) जिसे प्राप्त हो गया है उस परम निरंजन परमात्माके लिये नमस्कार हो—वह सदा जयवंत रहे।

भावार्थ—आत्माके शुद्ध चैतन्यरूप निश्चल परिणामको यहां स्वभाव बतलाया गया है। इस स्वभावकी प्राप्ति कर्मोंके सर्वथा अभावसे होती है। तपश्चरणादि सुयोग्य साधनोंके अनुष्ठानसे ज्ञानावरणादि द्रव्यकर्म और रागद्वेषादिभावकर्मोंका जब सर्वथा क्षय हो जाता है तब आत्मा अपने सम्यग्ज्ञान स्वरूप उस चिदानन्द विज्ञानघन टङ्कोत्कीर्ण ज्ञायकरूप स्व-स्वभावको प्राप्तकर लेता है जो अनादिकालसे विस्मृत हो रहा था। चूंकि ग्रन्थकर्ता आचार्य पूज्यपाद उसी स्वरूपकी प्राप्तिके अभिलाषी हैं। अतः उन्होंने उसे ही नमस्कार किया है; क्योंकि जो पुरुष जिस गुणकी प्राप्तिका अभिलाषी होता है वह उन गुण विशिष्ट पुरुष विशेषको नमस्कार करता है। जिस तरह अश्व विद्या और धनुर्विद्या आदि कलाओंके जिज्ञासु ( जाननेके इच्छुक ) पुरुष तत् तत् कलाविज्ञ पुरुषोंका अभिवादन करता है—उनमें आदर-सत्कारका भाव प्रकट करता है उसी तरह शुद्धात्माके अभिलाषी मुमुक्षुजनभी कर्मावरणसे रहित शुद्ध, बुद्ध, निरंजन, सम्यग्ज्ञान-रूप सिद्ध परमात्माके लिये नमस्कार करते हैं ॥१॥

स्वस्वरूपकी स्वयं प्राप्ति—सम्यक्त्वादि अष्टगुणोंकी अभि-

व्यक्तिरूप चिदानन्दस्वरूपकी उपलब्धि—बिना किसी दृष्टान्तके कैसे हो सकती है ? इस शंकाका समाधान करते हुए आचार्य कहते हैं :—

**योग्योपदानयोगेन दृषदः स्वर्णता मता* ।**
**द्रव्यादिस्वादिसंपत्तावात्मनोऽप्यात्मता मता ॥२॥**

अर्थ—जिस तरह सुवर्णरूप पाषाणमें कारण, योग्य उपादानरूप कारणके सम्बन्धसे पाषाण (पत्थर) सुवर्ण हो जाता है, उसी तरह द्रव्यादि चतुष्टयरूप-सुद्रव्य, सुक्षेत्र, सुकाल; और स्वभावरूप—सुयोग्य सम्पूर्ण सामग्रीके विद्यमान होनेपर निर्मल चैतन्य स्वरूप आत्माकी उपलब्धि हो जाती है ।

भावार्थ—जिस प्रकार खानसे निकलने वाले सुवर्णपाषाणमें सुवर्णरूप परिणमनमें कारणभूत सुयोग्य उपादानके सम्बन्धसे और बाह्यमें सुवर्णकारके द्वारा ताडन, तापन घर्षणादि प्रयोगोंके द्वारा जिस तरह पाषाणसे सुवर्ण अलग हो जाता है—उसमें अब पत्थरका व्यवहार न होकर सुवर्णपनेका व्यवहार होने लगता है । ठीक उसी तरह अनादिकालसे कर्ममलसे कलंकित संसारी आत्मा भी द्रव्य, क्षेत्र कालादि सुयोग्य साधनोंकी उपलब्धिसे अनशनादि बाह्य आभ्यन्तर तप, दशलक्षणधर्म, अनि-

---

*अइसोहण जोएणं सुद्धं हेम हवेइ जह तहय ।
कालाईलद्धीए अप्पा परमप्पओ हवदि ॥२४॥
—मोक्षपाहुडे कुन्दकुन्दः

त्यादि द्वादश भावना, परिषह जय और चारित्र आदिके सम्यक् अनुष्ठान द्वारा आत्मध्यान रूप निश्चल अग्निके प्रयोगसे कर्मरूपी ईंधनके भस्म होने पर आत्मा भी स्वात्सिद्धिको—स्वात्मोपलब्धि-को—प्राप्त कर लेता है—आत्मा परमात्मा हो जाता है।

अहिंसादि व्रतोंके सम्यक् अनुष्ठानसे स्वरूपकी प्राप्ति होती है यह सुनिश्चित सिद्धान्त है। यदि सुद्रव्यादि चतुष्टय रूप सामग्रीसे ही स्व-स्वरूपकी उपलब्धि हो जायगी, तब अहिंसादि-व्रतोंका अनुष्ठान व्यर्थ हो जायगा इस शंकाका समाधान करते हुए आचार्य महोदय कहते हैं कि स्व-स्वरूपकी प्राप्तिमें व्रतादिक निरर्थक नहीं है उनके यथावत् पालनसे अशुभ-कर्मोंका निरोध होता है, पुरातन कर्मों की निर्जरा होती है। और शुभोपयोगरूप परिणति होनेसे पुण्यकर्मका संचय होता है जिससे स्वर्गादि इष्ट सुखकी प्राप्ति अनायास हो जाती है। अतः द्रव्यादि चतुष्टय रूप सम्पत्तिके रहते हुए भी व्रतोंका पालन निरर्थक नहीं है, इसी बातको और भी स्पष्ट करते हुए कहते हैं—

वरं व्रतैः पदं दैवं नाव्रतैर्बत नारकं[१]।
छायातपस्थयोर्भेदः प्रतिपालयतोर्महान् ॥३॥

अर्थ—जिस प्रकार छायामें बैठकर अपने दूसरे साथी की

---

१वर वयतवेहिं सग्गो या दुक्खंहोउ णिरइ इयरेहिं।
छायातवट्ठियाणं पडिवालं ताण गुरुभेयं ॥२५॥
—मोक्षपाहुडे कुन्दकुन्दः

राह देखने वाले पुरुषको छाया शांति प्रदान करती है और धूपमें बैठकर अपने साथीकी राह देखने वालेको कष्ट प्राप्त होता है। उसी प्रकार व्रतोंके अनुष्ठानसे स्वर्गादि सुखोंके साथ मोक्ष प्राप्त होता है और अव्रतोंसे पहले नरक दुःख भोगना पड़ता है पश्चात् मुक्ति प्राप्त होती है। अतएव व्रतोंका आचरण करना ही श्रेष्ठ है अव्रती रहना ठीक नहीं।

भावार्थ—ऊपर यह शंका की गई थी कि जब द्रव्यादि चतुष्टयरूप सामग्रीसे ही स्व-स्वरूपकी उपलब्धि हो जायगी तब व्रतादिकका अनुष्ठान व्यर्थ ठहरेगा। ग्रंथकार महोदयने उस शंका समाधान करते हुए बतलाया है कि व्रतोंका अनुष्ठान एवं आचरण व्यर्थ नहीं होता; क्योंकि अव्रती रहनेसे अनेक प्रकारके पापोंका उपार्जन होता रहता है और हिताहितके विवेकसे शून्य होता हुआ मिथ्यात्वादि कार्योंमें प्रवृत्ति करने लगता है जिससे अशुभ कर्मोंका बन्ध होता रहता है और उसके विपाकसे फिर नरकादि दुर्गतियोंमें घोर कष्ट उठाना पड़ते हैं। किन्तु अहिंसादि व्रतोंके अनुष्ठानसे नरकादि दुर्गतियोंके वे घोर कष्ट नहीं भोगने पड़ते। क्योंकि वह हित अहितके विवेकसे सदा जागरूक रहता है, पापसे भयभीत रहता है और स्वरूपकी प्राप्तिकी ओर सावधान रहता है और उनके विपाक स्वरूप स्वर्गादिसुखोंके साथ वह मुक्तिका भी पात्र हो जाता है।

जिस तरह छाया और आतपमें महान् अन्तर है–भेद है–-

छायामें बैठकर राह देखने वालेको शान्ति और आतपवालेको दुःखका अनुभव होता है। उसी तरह व्रताचरणसे स्वर्गादि सुख और अव्रताचरणसे—हिंसादिपापरूपप्रवृत्तिसे—केवल दुःख ही भोगना पड़ता है। अतः अव्रती रहनेकी अपेक्षा व्रती होना अच्छा है, क्योंकि व्रतोंसे पापकर्मोंका निरोध होता है, पुण्यकर्मका संचय होता है और सत्तामें स्थित पूर्वबद्ध कर्मकी निर्जरा होती है।

अब शिष्य पुनः प्रश्न करता है कि हे भगवन्! मोक्षसुख तो दूरवर्ती है—दीर्घकालमें प्राप्त होगा—किन्तु व्रताचरणसे सांसारिक सुख जल्दी सिद्ध हो सकता है और उसके सिद्ध होने पर उसकी आत्मामें भक्ति, विशुद्धभाव और अन्तरंग अनुराग नहीं होगा, जो मोक्षसुखका साधक है; क्योंकि मोक्षसुखकी साधक सुद्रव्यादि सम्पत्ति अभी दूरवर्ती है और मध्यमें मिलनेवाला स्वर्गादिकका सुख व्रतानुष्ठानसे सहजही प्राप्त होजाता है। अतः आत्मभक्ति, आत्मानुराग और आत्मध्यानादिककी फिर कोई आवश्यकता नहीं है। इस शंकाका समाधान करते हुए आचाय कहते हैं कि व्रतादिकका आचरण निरर्थक नहीं है और न आत्म-भक्ति, आत्मानुराग ही अनुपयोगी है। इसी बातको और भी स्पष्ट करते हुए कहते हैं:—

यत्र भावः शिवं दत्ते द्यौः कियद्दूरवर्तिनी*।
यो नयत्याशु गव्यूतिं क्रोशार्द्धे किं स सीदति ॥४॥

*जो जाइ जोयणसय दियहेणेक्केण लेइ गुरुभारं।

अर्थ—जो मनुष्य किसी भारको स्वेच्छासे शीघ्र दो कोश ले जाता है वह उस भारको आधा कोश ले जानेमें कभी खिन्न अथवा खेदित नहीं होता—वह आधे कोशको कुछ भी न समझ कर उस भारको शीघ्र ले जाता है। उसी तरह जिस भावमें मोक्ष सुख प्राप्त कराने या देनेकी सामर्थ्य है उससे स्वर्गसुखकी प्राप्ति कुछ भी दूरवर्ती नहीं है अर्थात् वह सहज ही प्राप्त हो जाता है।

भावार्थ—जो मनुष्य बलशाली एवं साहसी होता है वह सुगम और दुर्गम दोनों प्रकारके कार्योंको सहज ही सम्पन्न कर सकता है। वह सुगम कार्योंकी अपेक्षा कठिन कार्योंके सम्पन्न करनेमें अपनी असमर्थताका कभी अनुभव नहीं करता और न वह कभी खेद ही मानता है। वह तो उसे प्रेम और उत्साहके साथ उस भारको उठा लेता है। उसी तरह आत्माके जिस शुद्धोपयोगरूप आत्मपरिणाममें चिरसंचितकर्म-कालिमाको दग्धकरस्वसिद्धिको—स्वात्मोपलब्धिको—प्राप्त करादेनेकी सामर्थ्य, है उससे स्वर्गादि सुखका प्राप्ति सहजही हो जाती है। अथवा किसान जिस तरह धान उत्पन्न करनेके लिए बीज बोता है; किन्तु धानके साथ उसे भूसा अनायास ही मिलजाता है। उसी तरह जिसके तपश्चरण-रूप आत्मसाधनामें इतना बल अथवा सामर्थ्य है कि उससे

---

सो किं कोसद्धं पिहु ण सक्कए जाहु भुवणयले ॥२१॥

—मोक्षपाहुडे कुन्दकुन्दः

चिरसंचित कर्म-कालिमा भी क्षणमात्रमें दूर होजाती है तब उससे इन्द्रियजन्य सुखका मिलना क्या दुर्लभ हो सकता है—नहीं हो सकता।

आत्म-सुखकी प्राप्तिमें सुद्रव्य सुक्षेत्रादि योग्यसामग्री भी प्रबल कारण है उससे मोक्षरूप महान् कार्यके साथ साधारण स्वर्गादिकका सुख भी प्राप्त हो जाता है, किन्तु अल्पशक्ति वाले व्रताचरणसे स्वर्ग सुख ही मिल सकता है मोक्ष सुख नहीं, अतः ज्ञानीके आत्मभक्ति आदि प्रशस्त कार्यों में कभी प्रमाद नहीं होता और न वह कभी अव्रतादिमें प्रवृत्ति ही करता है; क्योंकि अव्रतों-से नरकादि दुःखोंके साथ मोक्षप्राप्त होगा और व्रताचरणके साथ आत्म-लाभ होगा। अतएव वह तो व्रताचरणके साथ सुद्रव्यादि सामग्रीकी प्राप्तिका भी प्रयत्न करता है। आत्मभक्ति अथवा आत्मध्यानसे स्वर्गसुख व मोक्षसुख दोनोंकी प्राप्ति होती है ऐसा तत्त्वानुशासनमें कहा है—

"गुरुपदेश मासाद्य ध्यायमानः समाहितैः।
अनंतशक्तिरात्मायं मुक्ति भुक्तिं च यच्छति" ॥१९६॥
"ध्यातोऽर्हत्सिद्धरूपेण चरमांगस्य मुक्तये।
तद्ध्यानोपात्तपुण्यस्य स एवान्यस्य भुक्तये" ॥१९७॥

जो योगी गुरुके उपदेशानुसार आत्मध्यान करते हैं उन्हें अनन्तशक्तिवाला यह आत्मा मोक्षसुख अथवा स्वर्गसुख प्रदान करता है। चरम शरीरी मनुष्य जिस समय इस आत्माका अर्ह-

न्त अथवा सिद्ध रूपसे ध्यान करता है उस समय उसे मोक्षसुख मिलता है। किन्तु चरम शरीरीको छोड़कर जो मनुष्य अर्हन्त सिद्ध रूपसे आत्माका ध्यान एवं चिन्तन करता है उस समय उसे स्वर्गसुख मिलता है।' इससे स्पष्ट है कि जब व्रतानुष्ठानके साथ उग्र तपश्चर्या और आत्मध्यानादिसे सर्वथा आत्म-विशुद्धि हो जाती है तब आत्मा परमात्मा हो जाता है। और जब आत्मविशुद्धिके साथ उस आत्मध्यानादिसे ऐसे पुण्य कर्मका संचय होता है जिससे चक्रवर्त्यादिकी विभूति अथवा स्वर्ग सुख-का लाभ होता है। यद्यपि व्रताचरणसे साक्षात् स्वर्गादि सुखकी प्राप्ति होती है, मोक्षकी नहीं, तो भी व्रतोंके अनुष्ठान विना स्वरूपकी प्राप्ति नहीं होती। अतएव व्रतोंका आचरण कभी निरर्थक नहीं हो सकता और न आत्मध्यानादि ही अनुपयोगी हैं।

व्रताचरण और आत्मभक्तिसे जब स्वर्गसुखकी सिद्धि हो गई तब वहां जाने पर क्या-क्या फल प्राप्त होते हैं ? इस शंका-का समाधान करते हुए आचार्य कहते हैं:—

**हृषीकजमनातंकं दीर्घकालोपलालितम् ।**
**नाके नाकौकसां सौख्यं नाके नाकौकसामिव ॥५॥**

अर्थ—देवगण स्वर्गमें इन्द्रियजन्य और आतंक रहित शत्रु आदिके द्वारा होने वाले दुखसे रहित—बहुत दीर्घकालतक तेतीससागर पर्यंत—भोगनेमें आनेवाले अनन्योपम सुखका—देवोंके सुखके समान उसका—आस्वादन करते हैं।

भावार्थ—सुख आत्माका गुण है उसका विकास कर्मोंके सर्वथा अभावसे होता है। जब तक आत्मा सांसारिक झंझटों और कर्मबन्धजनित परतन्त्रताका अनुभव करता रहता है तब तक उस अनाकुल आत्मोत्थ अव्याबाध सुखका उसे अनुभव नहीं हो पाता है। परन्तु वेदनीयकर्म इस आत्मिक सुखका प्रबल विरोधी है इसके क्षयोपशमसे जो कुछ भी साता परिणति होती है ससारीजीव उसे ही अज्ञानसे वास्तविक सुख समझ लेते हैं। व्रतादि अनुष्ठानसे मन्दकषायवश जो पुण्यका संचय होता है उससे स्वर्गादिजन्य सातापरिणतिरूप इन्द्रियजनित सुख दीर्घकाल तक भोगनेमें आता है, परन्तु अनाकुल लक्षणरूप वास्तविक सुख इससे विलक्षण है, उसमें इन्द्रियोंकी आवश्यकता नहीं रहती, और न कालकी सीमा ही है, वह पराश्रित (पराधीन) भी नहीं है, न क्षण-भंगुर है, और न कर्मबन्धनका कारण ही है, और न किसी दुःख-के साथ उसका संमिश्रण (मेल) ही है, इसी कारण स्वर्गादिके सुखोंको हेय और वास्तविक आत्मोत्थ सुखको उपादेय बतलाया है। और इसी कारण ग्रन्थकर्ता आचार्यने देवोंके सुखको देवोंके सुखके समान ही बतलाया है जिससे यह स्पष्ट है कि वास्तविक सुखकी उपमा इस इन्द्रियजनित सुखके साथ घटित नहीं होती; क्योंकि इन्द्रिय जनित सुख नश्वर है और दुःखके साथ संमिश्रित है—मिला हुआ है ॥५॥

इस प्रकार सांसारिक और आत्म-सुखका स्वरूप निर्दिष्ट

करने परभी यदि कदाचित् कोई भ्रम वश दोनों सुखोंमें कोई भेद न करता हुआ हठसे सांसारिक सुखको ही वास्तविक सुख समझे ऐसे शिष्यको भ्रान्ति-प्रबोधनार्थ आचार्य कहते हैं :—

वासनामात्रमेवैतत्सुखं दुःखं च देहिनां।
तथाह्यु द्वेजयंत्येते भोगा रोगा इवापदि ॥६॥

अर्थ—संसारी जीवोंका इन्द्रिय जनित सुख वासना मात्रसे उत्पन्न होनेके कारण दुःख रूपही है; क्योंकि आपत्ति कालमें रोग जिस तरह चित्तमें उद्वेग ( घबराहट ) उत्पन्न कर देते हैं उसी तरह भोग भी उद्वेग करने वाले हैं।

भावार्थ—यह पदार्थ मेरा उपकारी है अतएव इष्ट है और यह पदार्थ अनुपकारी होनेसे अनिष्ट है इस प्रकारके विभ्रमसे जो कोई आत्माका संस्कार है उसे वासना कहते हैं। संसारी जीव इसी वासनाके कारण भोगोंसे उत्पन्न होने वाले बाधित, विषम और पराश्रित इन्द्रिय जनित सुखमें भ्रमसे वास्तविक सुख-की कल्पना कर लेते हैं। जिस प्रकार आपद्कालमें ज्वरादिक रोग चित्तको उद्वेगित ( दुःखित ) कर देते हैं, उसी तरह इन भोगोंसे भी चित्तमें उद्वेग ( घबराहट ) उत्पन्न हो जाती है कहा भी है :—

मुचांगं ग्लपयस्यलं क्षिप कुतोऽप्यक्षाश्च विद्मात्यदो।
दूरे धेहि न हृष्य एष किमभूरन्या न वेत्सि क्षणम्।

स्थेयं चेद्धि निरुद्धि गामिति तवोद्योगे द्विषः स्त्रीक्षिपं—
त्याश्लेषक्रमुकांगरागललितालापैर्विधित्सु रतिम् ॥"

भोग उद्वेग जनक हैं, इस विषयके स्पष्टी करणार्थ टीकाकार द्वारा उद्धृत एक पद्य ऊपर दिया गया है उसका भाव यह है कि—'पति पत्नी परस्पर अपने सुखमें रत थे कि इतनेमें अकस्मात् अर्थ संकटादिकी कोई ऐसी भारी घटना घटी, जिससे पति चिन्तित होकर रति-सुखसे कुछ उदास हो रहा था, तब पत्नी आलिंगनकी इच्छासे अङ्गोंको इधर उधर हिलाती हुई राग वश अनेक ललित वचनोंसे रति करना चाहती है। तब पत्नी उससे कहता है कि तू अङ्गोंको छोड़; क्योंकि तू आतापकारिणी है। तू हट जा, इससे मेरी छाती उत्पीड़ित होती है। दूर चली जा, इससे मुझे हर्ष नहीं होता, तब पत्नी ताना मारती हुई कहती है कि क्या अन्यसे प्रीति करली है। तब फिर पति कहता है कि तू समय को नहीं देखती है। यदि धैर्य है तो अपने उद्योगसे इन्द्रियोंको वशमें रख, इस तरह कहता हुआ वह पत्नीको दूर फेंक देता है। मनके व्यथित होनेपर भोग भी उद्वेग उत्पन्नकर देते हैं। और भी कहा है—

"रम्यं हर्म्यं चन्दनं चंद्रपादा वेणुर्वीणा यौवनस्था युवत्यः।
नैते रम्याक्षुत्पिपासार्दितानां सर्वारम्भस्तंदुलाप्रस्थमूलाः॥"

जो मनुष्य भूखा-प्याससे पीड़ित है— दुखी है—उन्हें सुन्दर महल, चन्दन, चन्द्रमाकी किरणें, वेणु, वीनबाजा और युवती-स्त्रियां रमणीय मालूम नहीं होते; क्योंकि जीवोंके सभी आरंभ

तन्दुलप्रस्थ मूल होते हैं—घरमें चावल विद्यमान हैं तो ये उपरोक्त सभी बातें सुन्दर प्रतीत होती हैं अन्यथा नहीं। और भी कहा है—

आतपे धृतिमता सह वध्वा यामिनीविरहिणा विहगेन ।
संहिरे न किरणाहिमरश्मेर्दुःखिते मनसि सर्व्वमसह्यम् ॥

'जो पक्षी धूपमें अपनी प्यारी प्रियाके साथ उड़ता फिरता था परन्तु उसे धूपका कष्ट मालूम नहीं होता था, रात्रिको जब उस पक्षीका अपनी प्राणप्यारीके साथ वियोग होगया तब उसे चन्द्रमाकी शीतल किरणें भी अच्छी नहीं लगतीं, क्योंकि मनके दुःखित होने पर सभी चीजें असह्य होजाती हैं।' चूंकि इन्द्रियजन्य सुखवासनामात्र अथवा कल्पनासे जायमान है अतः उसमें वास्तविक सुखकी कल्पना करना व्यर्थ है। इसके सिवाय, जो वस्तु अभी थोड़े समय पहिले सुखकर प्रतीत होती थी वही अब कुछ समय बाद दुखकर प्रतीत होने लगती है जो सांसारिक भोगोपभोग अथवा सांसारिक सुख सुखरूपसा बन रहा था वही कुछ समय बाद आकुलता (दुःख) में परिणत होजाता है। किन्तु वास्तविक निराकुल सुख कभी भी आकुलतारूप परिणत नहीं होता, वह अनन्तकालतक अपने उसी स्वरूपमें स्थिर रहता है, क्योंकि उसमें से जरा, मरण, इष्टवियोग, अनिष्ट संयोग, श्वास और ज्वरादि रोगोंका सर्वथा विनाश होगया है, वह कर्मोके सर्वथा क्षयसे उत्पन्न हुआ है आत्मोत्थ और अव्याबाध है।

उसमें परके संमिश्रणका (पराधीनताका) अभाव है, वह अपने ही आश्रित है।

यदि सुख और दुःख वासनामात्रसे उत्पन्न होते हैं तो फिर उनकी प्रतीति क्यों नहीं होती ? इस शंकाका समाधान करते हुए ग्रंथकार कहते हैं:—

मोहेन संवृतं ज्ञानं स्वभावं लभते न हि ।
मत्तःपुमान्पदार्थानां यथा मदनकोद्रवैः॥७॥

अर्थ—जिस तरह मादक कोदों खानेसे उन्मत्त (पागल) हुआ पुरुष पदार्थोंका यथार्थ स्वरूप नहीं जानता उसी प्रकार मोहनीय कर्मके द्वारा आच्छादित ज्ञान भी पदार्थोंके वास्तविक स्वरूपको नहीं जान सकता।

भावार्थ—मादक पदार्थोंका पान करनेसे जिसतरह मनुष्यका हेय और उपादेय-विषयक विवेक नष्ट हो जाता है—उसे पदार्थका यथार्थ परिज्ञान नहीं रहता, वह उन्मत्ततावश कभी स्त्रीको मां और मांको स्त्री भी कहने लगता है, ठीक उसी तरह मोहनीय कर्मके उदयसे जीव भी अपने चिदानन्द स्वरूपको भूलजाता है और उसे हेयोपादेयका भी यथार्थ विवेक नहीं रहता—अपनेसे सर्वथाभिन्न धनादि सम्पदामें और स्त्री पुत्र मित्रादिके शरीरमें भी आत्मतत्त्वकी कल्पना करने लगता है—उन्हें अपने मानने लगता है, और अत्यन्त दुःखकर सांसारिक भोगोंको भी सुखकर

मानने लगता है, इस तरह मोहादिके उदयसे उसे आत्मा भी अनेक प्रकारका प्रतिभाषित होने लगता है। कहा भी है:—

मलविद्धमणेर्व्यक्तिर्यथा नैकप्रकारतः ।
कर्मविद्धात्मविज्ञप्तिस्तथा नैकप्रकारतः ॥

जिस तरह मलके सम्बन्धसे मणिके अनेक रूप दीखने लगते हैं। उसी तरह कर्मोंके सम्बन्धसे आत्मा भी अनेक प्रकार का दीखने लगता है किन्तु जब मणिका वह मल दूर हो जाता है तब उसका वह निर्मल स्वरूप स्पष्ट अनुभवमें आने लगता है। उसी तरह जब इस आत्मासे समस्त कर्मोंका सम्बन्ध छूट जाता है—वह अपने चिदानन्द स्वरूपको पा लेता है—तब वह एक अखण्ड चैतन्यस्वरूप ही अनुभवमें आता है। अस्तु,

यहां पर यह प्रश्न उपस्थित होता है कि आत्मा तो अमूर्त है और कर्म मूर्तिक तथा जड़ हैं। तब अमूर्तिक आत्माका मूर्तिक कर्मों से बन्ध कैसे होता है ? इस प्रश्नका उत्तर आचार्य-ने उक्त पद्यके 'यथा मदनकोद्रवैः' वाक्य द्वारा दिया है जिसमें बतलाया गया है कि—जिस तरह मादक कोदों खानेसे पुरुष उन्मत्त हो जाता है—उसका अतीन्द्रिय ज्ञान भी मूर्छित हो जाता है। अथवा शराब मूर्तिक है पर वह बातलको नशा नहीं करती, किन्तु उसके पान करने वाले पुरुषको वह पागल बना देती है। उस समय उसे हेयोपादेयका कुछ भी विवेक नहीं रहता—उसका ज्ञान मूर्छित हो जाता है। ठीक इसी प्रकार

मोह, अज्ञान और असंयमादि विभावभावोंसे आत्मा अपने स्वरूपसे च्युत हो जाता है, और विकारी होनेसे कर्मोंसे बंध जाता है। वास्तवमें आत्मा अनादिकालसे खानसे निकलने वाले स्वर्ण पाषाणके समान किट्टमा कालिमादिरूप अन्तरंग-बाह्य मलोंसे मलिन है—कर्मबन्धके कारण मूर्तिक जैसा बन रहा है इसीसे वह मूर्त कर्मोंसे बन्धको प्राप्त होता रहता है; किन्तु जब आत्मा शुद्ध सुवर्णके समान उभयमलोंसे मुक्त हो जाता है फिर वह कभी भी कर्मोंसे नहीं बंधता।

मोहोदयसे यह आत्मा अपने स्वरूपसे च्युत हो जाता है, विवेकके विनाशसे उसे पदार्थका ठीक परिज्ञान नहीं होता, वह बहिरात्मदशामें रह कर परपदार्थों में आत्म कल्पना करने लगता है। स्त्री पुत्र मित्रादिके शरीरोंको भी उनकी आत्मा मानने लगता है। इस तरह जीवकी यह दशा तब तक बनी रहती है जब तक कि वह अन्तरात्मा आत्मज्ञानी नहीं बन जाता। और बाहिरात्मपनेका छोड़ कर परमात्मपदका साधन नहीं करता, जब वह आत्म साधना करने लग जाता है तब शीघ्र ही स्वपदको प्राप्त कर लेता है।

वस्तुका वास्तविक स्वभाव न जान सकनेके कारण क्या फल होता है? इसी भावको व्यक्त करते हुए आचार्य कहते हैं:—

वपुर्गृहं धनं दाराः पुत्रा मित्राणि शत्रवः।
सर्वथान्यस्वभावानि मूढः स्वानि प्रपद्यते ॥८॥

अर्थ—वस्तुके वास्तविक स्वभावसे अनभिज्ञ वह मूढ प्राणी अपने चैतन्यस्वरूपसे सर्वथा भिन्नस्वभावरूप शरीर, घर, धन, स्त्री, पुत्र, मित्र, और शत्रु आदि पदार्थोंको अपने मानने लगता है—इन्हें आत्मीय समझने लगता है।

भावार्थ—मोहोदयसे यह जीव अपने स्वरूपको भूल जाता है—उसे भले बुरेका कुछ भी परिज्ञान नहीं रहता—मैं कौन हूँ ? मेरा क्या स्वरूप है ? और संसारके इन धनादि दूसरे पदार्थोंसे मेरा क्या सम्बन्ध है ? क्या ये सभी पदार्थ मेरी आत्मासे भिन्न हैं—मेरे नहीं हैं। फिर मैं इन्हें अपने क्यों मान रहा हूँ। पर मोहसे मूढ प्राणीका ध्यान इस ओर नहीं जाता और न वह कभी इन विकल्पोंकी ओर ध्यान ही देता है वह तो परमें आत्मकल्पना करनेमें ही अपनेको सुखी अनुभव करता है।

इसी बातको ग्रन्थकार दृष्टान्त द्वारा उसे और भी स्पष्ट करते हुए कहते हैं:—

दिग्देशेभ्यः खगा एत्य संवसंति नगे नगे।
स्व स्वकार्यवशाद्यांति देशे दिक्षु प्रगे प्रगे ॥९॥

अर्थ—जिस तरह पक्षीगण पूर्वादि दिशाओं और अंग, बंग, कलिंग आदि देशोंसे आकर वृक्षों पर निवास करते हैं। और प्रातःकाल होते ही अपने अपने कार्य सम्पादनके लिये इच्छानुसार देशों और दिशाओंमें चले जाते हैं॥

भावार्थ—पक्षी गण जिस तरह रात हो जाने पर नाना-देशों और पूर्वादि दिशाओंसे आकर वृक्ष पर बसेरा लेते हैं और प्रातःकाल होते ही अपने अपने कर्म करनेके लिये इच्छानुसार यत्र तत्र चले जाते हैं, उसी प्रकार यह संसारी जीव अपने अपने कर्मानुसार नरक तिर्यंचादि गतियोंमें आकर जन्म लेते हैं और पूर्वोपार्जित शुभाशुभ कर्मोंका फल भोगते रहते हैं, और आयुकर्मके समाप्त होते ही इस पर्यायको छोड़ कर दूसरी पर्यायोंमें चले जाते हैं। अथवा जिस तरह अनेक देशों और दिशाओंसे आए हुए यात्री गण एक ही धर्मशाला तथा सरायमें बसते हैं और प्रातःकाल होते ही सब अपने अपने अभीष्ट स्थानोंको चले जाते हैं। उसी तरह पूर्वोपार्जित कर्मोदयसे यह जीव विभिन्न गतियोंसे आ आकर एक कुटुम्ब रूपी सरायमें इकट्ठे होते हैं और स्वकीय शुभाशुभकर्मोंका फल भोगते रहते हैं और फिर कर्मोदयवश अन्य गतियोंमें चले जाते हैं। अतएव वस्तु स्वरूपको जान कर परपदार्थोंमें आत्मत्व बुद्धिका परित्याग करना ही श्रेयस्कर है।

अहित भावको व्यक्त करने वालों पर जो द्वेष भाव होता है उसे दूर करनेके लिये दृष्टान्त द्वारा समझाते हुए कहते हैं:—

विराधकः कथं हंत्रे जनाय परिकुप्यति।
त्र्यंगुलं पातयन्पद्भ्यां स्वयं दंडेन पात्यते ॥१०॥

अर्थ—जिस तरह कचड़ा या मिट्टी आदि काटने वाला पुरुष त्रांगुरा को—कचडा और मिट्टी काटनेके लिये प्रयुक्त किए जाने वाले फावड़े को—मिट्टी आदि काटनेके लिए नीचे गिराता है और स्वयं भी उसके साथ नीचे गिर जाता है—उसे नम्र होना पड़ता है—उसी प्रकार जो मनुष्य विराधक है—दूसरेका अपकार करता है, मारता है—वह स्वयं भी दूसरे से—अपकार किये गए मनुष्यके द्वारा—मारा जाता है तब वह उस पर क्रोध क्यों करता है ?

भावार्थ—त्रांगुरा—फावड़ेके समान एक अस्त्र—का प्रयोग करने वाले मनुष्यको जिस तरह मिट्टी या कचड़ा काटनेके लिये उसके साथ स्वयं भी नीचे जाना या झुकना पड़ता है; क्योंकि उसका काष्ठदण्ड छोटा होता है, उसी प्रकार दूसरेका अपकार करने वाले मनुष्यको बदलेमें स्वयं ही उस दूसरे मनुष्यके द्वारा जिसका अपकार किया गया था, अपकार किया जाता है कहा भी है :—

'सुखं वा यदि वा दुःखं येन यच्च कृतं भुवि ।
अवाप्नोति स तत्तस्मादेष मार्गः सुनिश्चितः' ॥

यह बात सुनिश्चित है कि जो मनुष्य दूसरेको सुख या दुख पहुंचाता है, उसे भी दूसरेके द्वारा सुख और दुख भोगना पड़ता है अतः अपकार करने वाले मनुष्यका बदलेमें अपकार करने वाले पुरुष पर क्रोध करना व्यर्थ है, दूसरे यदि कोई

अपना अपकार करता है या उसमें निमित्त रूपसे प्रेरक होता है, तब यह सोचनेकी आवश्यकता है कि यह पुरुष जो मेरा अपकार करता है अथवा उसमें सहायक हो रहा है सो यह मेरे प्रत्युपकार का बदला दे रहा है फिर मुझे इसके प्रति रुष्ट होना उचित नहीं, किन्तु अपने किए हुए कर्मका फल समझ कर उसे समतासे सहनेका प्रयत्न करना चाहिए। अथवा अपकार करने वालेके प्रति ऐसा व्यवहार करना चाहिए जिससे वह अपने अपकारका बदला लेना ही छोड़ दे और मध्यस्थभाव अपना ले।

अब शिष्य पुनः पूछता है कि हे भगवन्! दारादि इष्टपदार्थोंमें राग और शत्रु आदि अनिष्ट पदार्थोंमें द्वेष करने वाला मनुष्य अपना क्या अहित करता है अथवा उसे क्या फल प्राप्त होता है इसी बातको स्पष्ट करते हुए ग्रन्थकार कहते हैं:-

**रागद्वेषद्वयीदीर्घनेत्राकर्षणकर्मणा।**
**अज्ञानात्सुचिरं जीवः संसाराब्धौ भ्रमत्यसौ ॥११॥**

अर्थ—यह लोकोक्ति है कि—जिस तरह मंदराचलको दीर्घनेत्राकर्षणके कारण बहुत काल तक समुद्रमें घूमना पड़ा था, उसी प्रकार यह जीव भी अज्ञानसे—देहादिकमें होने वाले आत्मविभ्रमसे—राग तथा द्वेष रूपी दीर्घ डोरीके कारण जिसके द्वारा दूध मथ कर मक्खन निकाला जाता है, उस आक

र्पण क्रियासे—चिरकाल तक द्रव्य, क्षेत्र, काल, भव और भावरूप पंच परावर्तन संसारसमुद्रमें भ्रमण करता है ॥

विशेषार्थ—अन्य सम्प्रदायमें यह कथा प्रसिद्ध है कि जब मंदराचल को विशालनेत्र धारण करनेकी इच्छा हुई तब नारायणने नेतरीसे समुद्रका मन्थन किया, जिससे मंदराचलको बहुत काल तक संसारमें घूमना पड़ा था। उसी प्रकार देहादिक परपदार्थोंमें होने वाले अज्ञानके कारण जो जीव राग-द्वेष में संलग्न रहते हैं, इष्ट अथवा प्रिय पदार्थोंमें प्रेम, अनिष्ट एवं अप्रिय पदार्थोंमें द्वेष रखते हैं वे चिरकाल तक संसारमें जन्म मरणादिके अनेक कष्ट उठाते रहते हैं। क्योंकि राग और द्वेष दोनों ही सहयोगी हैं इनमें परस्पर अविनाभाव सम्बन्ध भी पाया जाता है, द्वेषके विना राग नहीं रहता और रागके विना अकेला द्वेष भी नहीं रहता, कहा भी है:—

यत्र रागः पदं धत्ते द्वेषस्तत्रैव निश्चयः।
उभावेतौ समालम्ब्य विक्रमत्यधिकं मनः॥

यह सुनिश्चित है कि जहां पर राग होता वहाँ द्वेष नियमसे रहता है। और जहां ए दोनों होते हैं वहाँ मन अत्यधिक विकारी हो जाता है—क्षोभको प्राप्त हो जाता है—अतएव जो मनुष्य यह दावा करते हैं कि हम दूसरों पर प्रेम ही करते हैं, द्वेष नहीं करते। यह उनकी भ्रामक कल्पना है; क्योंकि यदि आत्मामें प्रेम है किसी पर राग विद्यमान है तो

कहना होगा कि उसका किसी पदार्थ विशेष में द्वेष भी होगा। लोकमें जितने भी दोष हैं वे सब राग-द्वेष मूलक हैं। यदि आत्मामें राग-द्वेषकी सत्ता मौजूद है तो वहाँ दोषोंकी सत्ता विद्यमान ही है। कहा भी है—

आत्मनि सति परसंज्ञा स्व-पर-विभागात्परिग्रहद्वेषौ ?
अनयोः संप्रतिबद्धाः सर्वे दोषाश्च जायंते ॥

'क्योंकि जहाँ आत्मामें अपनेपनकी कल्पना है वहाँ पर संज्ञा रहती ही है। यह मेरा है और यह दूसरेका है इस तरह का स्व और परका विभाग है तो वहाँ पर नियमसे राग द्वेष है और जहाँ पर दोनों रहते हैं। वहाँ पर अन्य दोष अनायास ही आ जाते हैं, क्योंकि अन्य दोषोंकी उत्पत्तिका मूल कारण राग-द्वेष है, सभी दोप राग और द्वेषसे परिपूर्ण हैं। जीवकी यह राग-द्वेष परम्परा ही संसार परिभ्रमणका कारण है इसीसे आचार्य कुन्दकुन्दने संसार-भ्रमणके कारण राग-द्वेष ही बतलाए हैं। जैसा कि पंचास्तिकायके निम्न पद्योंसे प्रकट है:—

"जो खलु संसारत्थो जीवो तत्तो दु होदि परिणामो।
परिणामादो कम्मं कम्मादो हवदि गदि सुगदी॥
गदिमधिगमस्स देहो देहादो इन्दियाणि जायंते।
ते हिं दु विसय गहणं तत्तो रागो व दोसो वा॥
जायदि जीवस्सेकं भावो संसार-चक्क-वालम्मि।
इदि जिणवरेहिं भणियं अणाइणिहणो सणिहणो वा॥'

जो जीव संसार परिभ्रमण करता है उसके राग द्वेषादि परिणामोंकी उत्पत्ति होती रहती है। और उनके द्वारा शुभ अशुभ कर्मोंका आस्रव होता रहता है, अशुभ कर्मास्रवसे कुगति तथा शुभ कर्मास्रवसे सुगति मिलती है। गतियोंमें जानेके लिये शरीरकी प्राप्ति होती है, शरीरकी प्राप्तिसे इंद्रियों-की प्राप्ति होती है और उनसे इंद्रियोंके स्पर्शादि विषयोंका ग्रहण होता है और विषय ग्रहणसे उनमें अच्छे-बुरेपनकी कल्पना जाग्रत होती है अर्थात् राग-द्वेष होने लगते हैं, और राग-द्वेष होनेसे संसारमें भ्रमण करना पड़ता है। इसी तरह यह जीव अनादिकालसे सदा संसारमें रुलता और दुःख उठाता रहता है। कभी इसे आत्माके वास्तविक सुखकी प्राप्ति नहीं होती। अतएव राग-द्वेष सर्वथा हेय ही हैं।

अब शिष्य पुनः प्रश्न करता है कि हे भगवन्! यह जीव मोक्षमें तो सुखी रहता ही है किन्तु यदि संसारमें भी सुखी रहने लगे तो इसमें क्या दोष है? ऐसी स्थितिमें संसारको दुष्ट और त्याज्य नहीं कहना चाहिए। क्योंकि संसारके सभी जीव सुख चाहते हैं सो जब संसारमें भी सुख मिले तब फिर संत पुरुष उस संसार-छेदनका प्रयत्न क्यों करते हैं? इस शंका-के समाधानार्थ आचार्य कहते हैं:—

विपद्भवपदावर्त्ते पदिके वातिवाह्यते।
यावत्तावद्भवंत्यन्याः प्रचुरा विपदः पुरः ॥१२॥

अर्थ—संसाररूपी पगसे चलने वाले यंत्रमें उस घटी-यंत्र दण्डके समान जब तक एक विपत्ति दूर होती हैं तब तक अन्य बहुतसी विपत्तियाँ आगे आकर उपस्थित हो जाती हैं—उन विपत्तियोंका कभी अन्त नहीं हो पाता।

भावार्थ—कुएँसे पैर चला कर जिसके द्वारा जल निकाला जाता है उस यंत्रका नाम पदार्वत है उस यंत्रके एक दण्डके घड़ों के रिक्त होते ही दूसरे घड़े सामने आ जाते हैं। ठीक उसी प्रकार यह संसार भी एक तरहका घटी यंत्र ही है इसमें जब तक एक विपत्ति दूर नहीं हो पाती, तब तक दूसरी अनेक नई आपत्तियाँ उपस्थित हो जाती हैं इस तरह इस संसारमें कभी साता कभी असाता बनी रहती है, एक भी समय यह जीव उससे मुक्त नहीं हो पाता। चाह-दाहकी भीषण ज्वालाएँ उत्पन्न होती रहती हैं और यह विकल हुआ उन्हींमें लिप्त रहता है इस तरह संसारमें सदा दुःख शोक आदि उपाधियां बराबर होती रहती हैं और यह जीव कभी भी वास्तविक आनन्द-का आस्वाद नहीं कर पाता, पर यह मूर्ख जीव कर्मोदय वश, पर परिणतिके संयोगमें सुखकी कल्पना करने लगता है। यदि संसार परिभ्रमण करते हुए भी वास्तविक सुख मिलता होता तो तीर्थंकर और चक्रवर्त्यादिक महा पुरुष उस सांसारिक वैभवको कभी नहीं छोड़ते और न उस वैभवको असार एवं दु:खका कारण समझ कर उसका परित्याग ही करते, जिसे छोड़ कर वे

दिगम्बर साधु बन जाते हैं और घोर तपश्चर्या द्वारा आत्मसाधना करते हैं। इससे स्पष्ट है कि संसारके भोगादिक कभी सुखके कारण नहीं हो सकते॥१२॥

संसारमें सभी जीव दुःखी नहीं होते, अनेक सम्पत्ति शाली भी दिखाई पड़ते हैं। अतएव सम्पत्तिशालियोंको तो सुखी मानना ही चाहिए। इसी शंकाके निरासार्थ आचार्य कहते हैं:—

दुरर्ज्येनासुरक्षेण नश्वरेण धनादिना।
स्वस्थं मन्यो जनः कोऽपि ज्वरवानिव सर्पिषा॥१३॥

अर्थ—जिस तरह ज्वरसे पीड़ित मनुष्य ज्वरकी दाहको मिटानेके लिए घीका पान कर अपनेको स्वस्थ मानता है परन्तु वास्तवमें वह नीरोग अथवा स्वस्थ नहीं है और न घीके पानसे वह स्वस्थ हो ही सकता है किन्तु उल्टा दुःखी ही होता है उसी तरह अज्ञानी मनुष्य धन आदि इष्ट वस्तुओंके समागमसे अपनेको सुखी मानता है, पर वह वास्तवमें सुखी नहीं कहा जा सकता; क्योंकि धनके उपार्जनमें अत्यन्त कष्ट होता है और उससे अधिक कष्ट उसके संरक्षणमें होता है--धन होजाने पर भी उसकी बड़ी कठिनतासे रक्षा हो पाती है, धन नश्वर है—देखते देखते नष्ट हो जाता है—लाखों करोड़ोंकी सम्पत्ति क्षणमात्रमें भस्म हो जाती है।

भावार्थ—धनादिक वस्तुएँ सुख दुःखकी जनक नहीं हैं केवल उनकी तृष्णा ही दुःखकी जनक है और उसकी आंशिक

पूर्ति सुखकी उत्पादिका कही जाती है, पर वास्तवमें धनादिक पदार्थ पर हैं वे सुख दुःखके जनक नहीं हो सकते उनमें हमारी आत्म-कल्पना ही सुख दुःखकी उत्पादिका है। कहा भी है:—

अर्थस्योपार्जने दुःखमर्जितस्य च रक्षणे।
आये दुःखं व्यये दुःखं धिगर्थं दुःखभाजनम्॥

धनके उपार्जन करनेमें दुख होता है—धनलिप्सामें अनेक अयोग्य कार्यभी करने पड़ते हैं। और धन होजाने पर चार आदिसे उसकी रक्षा करनेमें औरभी अधिक कष्ट हो जाता है। जब धनागम होता है—अर्थात् कदाचित् जब इच्छानुसार धनकी प्राप्ति होजाती है तब तृष्णा औरभी अधिक प्रबल होउठती है और वह उससे दशगुणेकी प्राप्तिकी चाहमें लग जाता है और यदि संचित धन विवाहादि कार्यों में खर्च होगया तो फिर उसकी रात दिन चिन्ता लगी रहती है कि वह धन कब और कैसे प्राप्त हो? इस तरह धनकी आयमें और व्यय (विनाश) दोनों अवस्थाओंमें दुःखही रहता है ऐसे उस धनके लिये धिक्कार है जो दुःखका कारण है। ऐसी हालतमें धन सुखका कारण कैसेहो सकता है?

फिरभी शिष्य पूछता है कि हे भगवन्! जब कि सम्पदा लोकमें महाकष्टकी उत्पादक है तो फिर लोग उसका परित्याग क्यों नहीं करते? रात दिन उसके चक्करमें क्यों यत्र तत्र घूमते

फिरते हैं। इस शंकाका दृष्टान्तपूर्वक समाधान करते हुए आचार्य कहते हैं:—

विपत्तिमात्मनो मूढः परेषामिव ऽनेक्षते* ।
दह्यमानमृगाकीर्णं वनांतरतरुस्थवत् ॥१४॥

अर्थ—जिस तरह हिरण आदि अनेक जन्तुओंसे भरे हुए वनमें आग लगजाने पर वृक्षके ऊपर बैठे हुए उस मनुष्यके समान यह अज्ञानी जीव दूसरोंकी विपत्तिकी तरह अपनी विपत्तिको नहीं देखता है।

भावार्थ—हिरण, सिंघ और व्याघ्रादि अनेक जीवोंसे भरे हुए जंगलमें आग लगजाने पर उससे बचनेके लिए यदि कोई मनुष्य किसी ऊँचे वृक्षकी शाख पर बैठकर यह समझता है कि मैं ऊँचे वृक्ष पर बैठा हुआ हूँ अतएव यह अग्नि मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकती; परन्तु उस अज्ञानी जीवको यह पता नहीं होता कि जिस प्रकार इस जंगलके जीव मेरे देखते हुए जल रहे हैं उसी उसी प्रकार थोड़ी देरमें मैं भी भस्म हो जाऊँगा। ठीक इसी प्रकार यह अज्ञ प्राणी धनादिकसे अन्य मनुष्य पर आई हुई विपत्तिका तो स्मरण करता है, परन्तु अपने लिये धनादिके समुपार्जन करनेमें थोड़ा भी विश्राम नहीं लेता और न उस संचित-

---

* परस्येव न जानाति विपत्तिं स्वस्य मूढधीः ।
वने सत्त्व समाकीर्णे दह्यमाने तरुस्थवत् ॥
—ज्ञानार्णवे शुभचन्द्रः

धनसे होनेवाली महान् विपत्तिका स्मरण ही करता है। अस्तु, धनादिके कारण यदि किसी मनुष्य पर कोई विपत्ति आई हुई देखे तो उसे धनकी आशा सर्वथा छोड़ देनी चाहिये ऐसा करनेसे वह उस आनेवाली विपत्तिसे अपनी रक्षा करनेमें तत्पर हो जाता है परन्तु यह उस धनाशाको नहीं छोड़ता, यही उसका अज्ञान है और उसे दुःखका जनक है। वह तो मद्यके नशेमें उन्मत्त हुए मनुष्यके समान अपने स्वरूपको भूलकर अपने हितका ध्यान नहीं रखता। उसी प्रकार धनी भी दूसरोंकी सम्पत्ति, घर आदि विनष्ट होते हुए देखकर भी कभी यह विचार नहीं करता कि यह कालाग्नि इस तरह मुझे भी नहीं छोड़ेगी। अतः मुझे अपना आत्महित करना ही श्रेयस्कर है ॥ १४ ॥

फिर भी शिष्य प्रश्न करता है कि हे भगवन् ! धनसे अनेक विपत्ति होने पर भी धनीलोग उन्हें क्यों नहीं देखते ? इस शंका-का समाधान करते हुए आचार्य कहते हैं कि हे वत्स ! लोभके कारण धनी लोग सामने आई हुई विपत्तिको नहीं देखते हैं:—

आयुर्वृद्धिक्षयोत्कर्षहेतुं कालस्य निर्गमं ।
वांछतां धानिनामिष्टं जीवितात्सुतरां धनं ॥१५॥

अर्थ—कालका वीतना, आयुका क्षय और धनकी वृद्धिका कारण है—ज्यों ज्यों काल व्यतीत होता जाता है त्यों त्यों जीवोंकी आयु कम होती जाती है और समुचित व्यापारादि साधनोंसे धनकी अभिवृद्धि भी होती चली जाती है। तो भी

धनी लोग कालकानाश होना अथवा व्यतीत होना अच्छा समझते हैं, क्योंकि धनियोंको धन अपने जीवनसे भी अधिक प्यारा है।

भावार्थ—अनादिकालसे इस आत्मा पर लोभकषायका तीव्र-संस्कार जमा हुआ है। उसके कारण यह आत्मा धनको अपने जीवन-से भी अधिक प्रिय समझता है। यद्यपि कालका बीतना, और आयु-का क्षय धनवृद्धिमें कारण है, फिरभी धनी लोग आयुकी कुछ भी पर्वाह नहीं करते, किन्तु धनवृद्धिकी लिप्सासे कालके बीतनेको श्रेयस्कर समझते हैं। यही कारण है कि धनी लोग धनादिसे समुत्पन्न विपत्तियोंका कोई विचार नहीं करते, यह सब लोभका ही प्रभाव है। यही कारण है कि धनीलोग धनाश्रित विपत्ति-योंका ध्यान नहीं करते, यदि ध्यान होता भी है तो उसकी अभि-वृद्धि और संरक्षणका ही होता है, आगत विपदाका नहीं, यही लोभोदय जन्य अविवेकका माहात्म्य है ॥१५॥

अब शिष्य पुनः प्रश्न करता है कि धनके विना पुण्य-वृद्धिकी कारणभूत पात्रदान और देवपूजादि प्रशस्त क्रियाओंका अनुष्ठान करना संभव नहीं है, जबकि धन पुण्यबन्धका कारण है तब उसे निंद्य नहीं कहा जा सकता, इस कारण उसे प्रशस्त मानना ही चाहिए और जिस तिस प्रकारसे धनोपार्जन कर पात्र-दानादि शुभ कर्मोंमें लगा कर पुण्य पैदा करना चाहिए। इस शंकाका समाधान करते हुए आचार्य कहते हैंः—

त्यागाय श्रेयसे वित्तमवित्तः संचिनोति यः ।
स्वशरीरं स पंकेन स्नास्यामीति विलंपति ॥१६॥

अर्थ—जो निर्धन मनुष्य पात्रदान, देवपूजा आदि प्रशस्त कार्योंके लिए अपूर्व पुण्यप्राप्ति और पापविनाशकी आशासे सेवा, कृषि और वाणिज्यादि कार्यों द्वारा धन उपार्जन करता है वह मनुष्य अपने निर्मल शरीरमें 'नहा लूंगा' इस आशासे कीचड़ लपेटता है।

भावार्थ—संसारके अधिकांश भोले प्राणियोंकी यह धारणा रहती है कि धन प्राप्तिके लिये यदि नीचसे नीच कार्यभी करना पड़े तो भी करके धन संचय कर लेना चाहिए, धन प्राप्तिसे जो पापास्रव होगा उसके बदलेमें उस धनको पात्रदान, देवपूजा, गुरुभक्ति, सेवा और परोपकार आदि सत्कार्योंमें लगाकर पुण्य प्राप्त कर लिया जावेगा। परन्तु यह धारणा ठीक नहीं है, क्योंकि जिस तरह किसी मनुष्यका शरीर निर्मल है फिर भी वह यह समझकर 'नहा लूंगा' इस आशयसे अपने शरीरमें कीचड़ लपेट लेता है। तो उसका यह कार्य ठीक नहीं कहा जा सकता। उसी तरह पापकरके धन संचय करनेवाला मनुष्य यह समझकर कि मैं अपने धनको दानादि अच्छे कार्योंमें खर्च कर दूँगा, कुत्सित मार्गोंसे धनादिका अर्जन करता है वह संसारमें अज्ञानी माना जाता है। क्योंकि इस प्रकारके कार्योंसे उस मनुष्यकी इष्टसिद्धि नहीं हो सकती। दूसरे यदि भाग्यवश कदाचित् धन मिल भी

जाता है तो वह पाप कार्योंमें ही लग जाता है अच्छे कार्योंमें उसके लगनेकी बहुत ही कम संभावना है। वास्तवमें धनका उपार्जन शुद्ध भावोंसे नहीं हो सकता, जैसाकि कहा भी है:—

शुद्धैर्धनैर्विवर्धन्ते सतामपि न संपदः।
नहि स्वच्छाम्बुभिः पूर्णाः कदाचिदपि सिंधवः ॥१॥

जिस तरह स्वच्छ एवं निर्मल जलसे नदियोंकी भरवारी नहीं होती—गंदले और मलिन जलसे ही वे परिपूर्ण होती हैं—उसी तरह सज्जनोंकी सम्पदा शुद्धमार्गसे कमाए हुए धनसे नहीं बढ़ती। धन संचयमें निंदितमार्गका आश्रय लेना ही पड़ता है फिर भी विवेकीजनोंका कर्तव्य है कि वे जहां तक बने विशुद्ध नीतिमार्गसे ही धनोपार्जन करें। और लोकमें जो निंदितमार्ग हैं उनसे धन कमाकर अच्छे कार्योंमें लगानेकी भावनाका परित्याग करें, क्योंकि यह भावना हितकारी नहीं है।

ज्ञानी तो ऐसा विचार करता है कि जब धनार्थी धनकी अप्राप्तिमें दुखी हैं और धनी अतृप्तिवश दुखी है। केवल अकिंचन मुनि ही सुखी हैं१ क्योंकि उनके धनाशा नहीं है। ऐसी स्थितिमें धनकी प्राप्ति कैसे उपादेय हो सकती है। जब तू निर्धन है तो धनसंग्रहकी आकांक्षा मत कर, क्योंकि जिस धनको तू उपादेय

---

१अर्थिनो धनमप्राप्य धनिनोप्यवितृप्तितः।
कष्ट सर्वेऽपि सीदन्ति परमेको मुनिः सुखी ॥६५
आत्मानुशासने गुणभद्रः

और पुण्योत्पादक समझकर प्राप्त करनेकी इच्छा करता है, उसी धनको राजा महाराजा सेठ साहूकार अतृप्तिकारक, मोहवर्धक और पाप बन्धक जानकर त्याग कर देते हैं। और संसारके इन पदार्थोंको छोड़कर उस वीतराग साधुवृत्तिको धारण करते हैं जो आत्मस्वातन्त्र्यकी प्राप्तिका प्रधान कारण है। अतः यदि तुझे भी आत्मसुख प्राप्तिकी इच्छा है तो तू भी अपनी विवेकबुद्धिके कारण परपदार्थोंमें इष्ट अनिष्ट बुद्धिका परित्याग कर, अपने स्वरूपको पहचाननेका यत्न कर ॥१६॥

केवल पुण्यकर्म उपार्जन करनेके कारण ही यदि धनको प्रशस्त माना जाय, ऐसा जो तूने कहा था वह ऊपर बताये हुए मार्गसे प्रशस्त नहीं हो सकता। तब केवल भोगोपभोगके लिए धनका साधन कैसे प्रशस्त हो सकता है? इस शंकाका समाधान करते हुए आचार्य कहते हैं:—

**आरंभे तापकान्प्राप्तावतृप्तिप्रतिपादकान् ।**
**अंते सुदुस्त्यजान् कामान् कामं कः सेवते सुधीः ॥१७॥**

अर्थ—भोग आरम्भमें—उत्पत्तिके समय—अनेक संताप देते हैं—शरीर इन्द्रिय और मनको क्लेशके कारण हैं—और अनादि भोग्यद्रव्यके सम्पादन करनेमें भी कृष्यादि कारणोंसे अत्यन्त दुःख होता है। और जब वे प्राप्त हो जाते हैं तब उनके भोगनेसे तृप्ति नहीं होती—पुनः पुनः भोगनेकी इच्छा बनी रहती है, और चित्तमें व्यग्रता तथा घबड़ाहट होती रहती है। इसलिये

अतृप्तिवश अनन्तकालमें भी भोगोंको छोड़नेका साहस नहीं होता। ऐसे अहितकर भोगोंको कौन विद्वान सेवन करेगा—कोई भी बुद्धिवान नहीं करेगा।

भावार्थ—आदि मध्य और अन्त इन तीनों अवस्थाओंमेंसे किसी एक अवस्थामें भी भोगोंसे सुख मिले तब भोगोंको अच्छा भी माना जाय; किन्तु उनमें तो सुखका लेश भी नहीं है; क्योंकि कृषि सेवा आदि अनेक कष्टकर कार्योंसे अनादि भोग्य पदार्थोंका सम्पादन होता है इसलिए उनके प्रारंभमें ही शरीर इन्द्रिय और मनको अत्यन्त कष्ट होता है। यदि कदाचित् भोग प्राप्तिसे सुखकी कल्पना की जाय तो भी वृथा ही है, क्योंकि अभिलषित भोगोंके प्राप्त होने पर भी तृष्णा नागन अपनी चपलतासे जगतको अशान्त बनाये रहती है। ज्यों ज्यों भोग भोगे जाते हैं त्यों त्यों तृष्णा बलवती होती जाती है और उन्हें बराबर भोगते रहने पर भी कभी तृप्ति नहीं होती, तथा अतृप्तिमें खेद एवं व्यग्रता होती है। किसी कविने ठीक कहा है:—

अपि संकल्पिताः कामाः संभवन्ति यथा यथा।
तथा तथा मनुष्याणां तृष्णा विश्वं विसर्पति॥

ज्यों ज्यों अभिलषित भोग प्राप्त होते जाते हैं और उनमें सुखकी कल्पना की जाती है त्यों त्यों तृष्णा भी बढ़ती जाती है और उनसे सदा अतृप्ति ही बनी रहती है। कदाचित् यह कहा-जाय कि भोगोंके यथेष्ट भोग लेने पर मनुष्यकी तृष्णा शान्त हो

जायगी, और तृष्णा-शान्तिसे सन्तोष हो जायगा सो यह भी संभव नहीं हैं, क्योंकि अन्त समयमें अशक्ति होने पर भी भोग नहीं छोड़े जा सकते। भले ही वे हमें स्वयं छोड़ दें। पर भोगोंकी वृद्धिमें तृष्णा भी उतनी ही बढ़ती जाती है, फिर उनसे तृप्ति या सन्तोष नहीं होता। कहा भी है:

दहनस्तृणकाष्ठसंचयैरपि तृप्येदुदधिनदीशतैः।
न तु कामसुखैः पुमानहो बलवत्ता खलु कापि कर्मणः॥

अग्निमें कितना तृण और काष्ठ क्यों न डाला जाय लेकिन तृप्ति नहीं होती, शायद वह तृप्त हो जाय, सैकड़ों नदियोंसे भी समुद्रकी तृप्ति नहीं होती, यदि कदाचित् उसकी भी तृप्ति हो जाय, परन्तु भोगोंसे मनुष्य कभी तृप्त नहीं हो सकता। कर्म बड़ा ही बलवान है। और भी कहा है:—

तदात्त्व सुखसंज्ञेषु भावेष्वज्ञोऽनु रज्यते।
हितमेवानुरुध्यंते प्रपरीक्ष्य परीक्षकाः॥

अतएव जो मनुष्य मूढ हैं--हित अहितके विवेकस शून्य हैं—वे भोग भोगते समय उन्हें सुखकारी समझ भोगोंमें अनुराग करते हैं--किन्तु जो मनुष्य परीक्षा प्रधानी हैं -हेयोपादेयके विवेकसे जिनका चित्त निर्मल है, वे इन दुःखदायी, क्षणिक विनाशी भोगोंकी ओर न झुककर हितकर मार्गका ही अनुसरण करते हैं।

यदि यह कहा जाय कि विद्वान लोग भी विषय भोगते देखे

जाते हैं उनकी भी विषयोंसे विरक्ति अथवा उदासीनता नहीं देखी जाती, और पुराणादि ग्रन्थोंमें भी उनके भोग भोगनेकी कथा सुनी जाती है। ऐसी स्थितिमें कौन विद्वान इनका उपभोग करेगा ? यह आपका उपदेश संगत नहीं जान पड़ता। और यह कहना भी ठीक नहीं है कि विद्वान लोग भोग नहीं भोगते, इस शंकाका समाधान यह है कि यद्यपि भेदविज्ञानी पुरुष चारित्रमोहनीयकर्मके उदयसे भोगोंके छोड़नेमें सर्वथा असमर्थ हैं--वे उन्हें छोड़ नहीं सकते। पर उनका उनसे आन्तरिक राग नहीं होता, वे चारित्रमोहका मंद उदय होते ही उनका परित्याग कर देते हैं; क्योंकि श्रद्धामें उन्हें वे अप्रिय और अहितकर ही समझते हैं। परन्तु जिस तरह अज्ञानी भोगोंको हितकारी समझकर आसक्तिसे उनका सेवन करता है वैसा विवेकी जीव नहीं करते। वे तो उन्हें हेय ही समझते हैं। जिस तरह षट्रस व्यजंनमय सुस्वादु भोजन सम्यग्दृष्टि और मिथ्यादृष्टि करते हैं। पर उन दोनोंके स्वादोंमें और दृष्टिमें बड़ा ही अन्तर है। कदाचित् यदि दालमें नमक अधिक हो जाता है तो मिथ्यादृष्टि दालको खारी बतलाता है, जबकि सदृष्टि दालको खारा न बतलाकर खारापन नमकका बतलाता है इसीका नाम विवेक है।

दूसरे यदि ज्ञानी जीव सांसारिक भोग्य सामग्रीमें ही सुख मानते तो फिर उसका परित्याग ही क्यों करते। संसारमें अनेक प्राणी ऐसे हुए हैं जिन्होंने इस विभूतिको बिना भोगे ही जीर्ण

तृणके समान छोड़ दी और आप स्वयं आत्मसाधनामें तत्पर हुए। उदाहरणके लिए वासुपूज्य, मल्लिनाथ, नेमिनाथ, पार्श्वनाथ और महावीर इन पांच तीर्थंकरोंको ही ले लीजिए, उन्होंने भोगोंको विना भोगे ही उन्हें कुमारअवस्थामें, छोड़कर और आत्म-साधना कर जगतका महान् उपकार किया है। आचार्य गुणभद्रने आत्मानुशासनमें कहा है—

आर्थिभ्यस्तृणवद् विचिन्त्य विषयान् कश्चिच्छ्रियं दत्तवान्,
पापां तामवितर्पिणीं विगणयन्नादात् परस्त्यक्तवान्।
प्रागेवाकुशलां विमृश्य सुभगोऽप्यन्यो न पर्य्यग्रहीत्,
देते ते विदितोत्तरोत्तरवराः सर्वोत्तमस्त्यागिनः ॥१२॥

इस पद्यमें बतलाया है कि किसी मनुष्यने तो विषयभोगोंको तृणके समान समझकर अपनी लक्ष्मी अर्थिजनोंको दे दी, और अन्य किसीने उस धनादि सम्पत्तिको पापरूप तथा अन्यको न देने योग्य समझकर किसीको नहीं दी, किन्तु स्वयं ही उसका परित्याग कर दिया। अन्य किसी महापुरुषने उस विभूतिको पहले ही अकुशल (दुःखरूप) समझकर ग्रहण ही नहीं की। इन तीनों त्यागियोंमेंसे एक एक अपने अपने दूसरे त्यागीसे उत्तम है। पर वह सर्वोत्तम त्यागी है जिसने वैभवका ग्रहण ही नहीं किया। वज्रदन्तचक्रवर्तीके पुत्रोंने पिताके विरागी होने पर स्वयं भी उसी मार्गका अनुसरण किया; किन्तु दूसरोंके द्वारा भोगी हुई उस उच्छिष्ट सम्पदाका भोगना उचित नहीं समझा और पिताके

साथही दीक्षित होगए। भोग भोगनेवालोंमें भी ऐसे महापुरुष हुए हैं जिन्हें कर्मोदयकी वरजोरीसे भोग तो भोगना पड़े; परन्तु अन्तरंगसे उनमें अत्यन्त उदासीनता रही, और राज्यकार्य करते हुए भी भाव विशुद्धिमें कोई अन्तर नहीं आने दिया, यही कारण है कि भरतचक्रवर्ती दीक्षा लेते ही उस केवलज्ञान रूप विभूतिके पात्र बनें। अतः ज्ञानीके सम्बन्धमें यह कल्पना करना ठीक नहीं है कि वे भोगोंको भोगते ही हैं किन्तु उनका परित्याग नहीं करते। कहा भी है:—

इदं फलमियं क्रिया करणमेतदेष क्रमो,
व्ययोयमनुषंगजं फलमिदं दशेयं मम।
अयं सुहृदयं द्विषन् प्रयतिदेशकाला विमा—
विति प्रतिवितर्कयन् प्रयतते बुधो नेतरः॥

यह फल है, यह क्रिया है, यह करण है, यह उसका क्रम है, यह हानि है और भोगोंके सम्बन्धसे यह फल प्राप्त होता है, यह मेरी दशा है, यह मित्र है, यह शत्रु है, यह देश और काल ऐसा है। इस तरहकी विचारपूर्णबुद्धि विद्वानकी ही होती है। अज्ञानीकी नहीं। अतएव ज्ञानी हेय बुद्धिसे भोगोंको भोगता हुआ भी जिस समय उसका चारित्रमोहनीयकर्म निर्बल हो जाता है— उसकी फलदानकी सामर्थ्य क्षीण हो जाती है—तब वह विषय-भोगोंका सर्वथा परित्याग कर देता है। परन्तु अज्ञानी जीव ऐसा नहीं कर सकता; क्योंकि उसका उनके प्रति तीव्रराग है। वास्त-

वमें विषयसुख विषही है, जैसा कि किसी कवि ने कहा है:—

किमपीदं विषयमयं विषमतिविषयं पुमानयं येन ।
प्रसभमनभूय मनो भवे भवे नैव चेतयते ॥

विषयभोग-सम्बन्धी यह विष अत्यन्त विषम है-भयंकर है। जो मनुष्य इस विषका पान करता है वह इस विष द्वारा भव भवमें विषय सुखका अनुभव करता हुआ उससे समुत्पन्न दुःखोंको सहता है फिर भी वह नहीं चेतता—अज्ञानी ही बना रहता है। यह सब मोहका ही माहात्म्य है ।

अतः जो यह कहा गया था कि धन भोग उपभोगकी सामग्रीका जनक है इस कारण प्रशस्त है, यह कहना ठीक नहीं है, क्योंकि भोग उपभोग अशुभकर्मके कारण हैं और धन उनका उत्पादक है तो वह धन भी सर्वथा प्रशस्त कैसे कहा जा सकता है ? वह अशुभकर्म और संक्लेश परिणामोंका जनक होनेसे निंद्य ही है ॥१७॥

हे भद्र ! तू जिस शरीरके उपकारके लिये अनेक दुःखोंसे वस्तु प्राप्तिकी इच्छा करता है उस शरीरके स्वरूपका तो विचार कर कि वह काया कैसी है ? इसी विषयको स्पष्ट करते हुए आचार्य कहते हैं:—

भवंति प्राप्य यत्सङ्गमशुचीनि शुचीन्यपि ।
स कायः संततापायस्तदर्थं प्रार्थना वृथा ॥१८॥

जिसके सम्बन्धसे पवित्र पदार्थ भी अपवित्र हो जाते हैं

और जो सदा ही अपाय स्वरूप है—विनाशीक और सन्तापकारक है उस शरीरका पवित्र पदार्थोंसे उपकार करना व्यर्थ है ॥१८॥

विशेषार्थ—यह शरीर पुद्गलका पिण्ड है, अस्थि, पल और नसाजालसे वेष्टित हैं, चमड़ेसे ढका हुआ है, मल-मूत्रसे भरा हुआ है। इसके नव द्वारोंसे सदा मल वहता रहता है। ऊपरसे यह अच्छा प्रतीत होता है परन्तु जब इसके अन्तरस्वरूप पर दृष्टि जाती है तो यह अत्यन्त अशुचि, घृणित और दुःखका कारण जान पड़ता है। इस शरीरसे कितने ही सुगन्धित इत्र, फुलेल, भोजन वस्त्रादिक पदार्थोंका सम्बन्ध किया जाय, पर वे सब पदार्थ भी इसके संपर्कसे दुर्गन्धित और मलिन हो जाते हैं। यह शरीर सदा नहीं रहता, वह शीघ्र नष्ट हो जाता है। क्षुधादि अनेक वेदनाएँ भी निरंतर सन्ताप उत्पन्न करती रहती हैं। फिर भी यह मोही जीवोंके लिये सदा प्रिय बना हुवा है—वे उसमें अत्यन्त रागी हैं, उसकी पुष्टिसे निरन्तर सन्तुष्ट रहते हैं, और सांसारिक विषय-वासनाके जालमें फँसकर अपनेको सुखी अनुभव करते हैं। परन्तु ज्ञानी जीव इस शरीरके स्वरूपको जानकर कभी रागी नहीं होते; वे इसे कृतघ्नी दुर्गंधित और नाशवान अनुभव करते हैं, वे उत्तम पदार्थोंके द्वारा इसका उपकार करना अथवा उसे पुष्ट बनाना, जिससे वह अपनी सीमाका अतिरेक कर इन्द्रिय विषयमें प्रवृत्त हो, कभी इष्ट नहीं मानते। प्रत्युत उनकी इच्छा इसके शोषण द्वारा आत्मलाभ करनेकी होती

है। वे शरीरको कष्ट देकर ही इन्द्रिय जयी बनते हैं। और ज्ञान लोकमें विहार करते हुए स्वरूपमें मग्न रहते हैं ॥१८॥

यदि यह कहा जाय कि धनादिकसे शरीरका उपकार नहीं होता तो मत हो, किन्तु धनसे तथा अनशनादि तपश्चरणोंसे तो आत्माका उपकार होगा; क्योंकि धनसे धर्मका अनुष्ठान होता है, उससे आत्माका हित भी जरूर होगा, इस कारण धन ग्राह्य है। इस शंकाका समाधान करते हुए आचार्य कहते हैं :—

यज्जीवस्योपकाराय तद्देहस्यापकारकं।
यद्देहस्योपकाराय तज्जीवस्यापकारकं ॥१९॥

अर्थ—जो अनशनादि द्वादशतपोंका अनुष्ठान जीवके पूर्व-बद्ध पापोंका क्षय करने वाला है और आगामी पापार्जनके रोकनेमें कारण है अतएव वह जीवका उपकारक है, और वह तपादिका आचरण शरीरका अपकारक है—अहित करने वाला है। और जो धनादि परिग्रह तथा भोजन वस्त्रादिक क्षुधा तृषा और शीत उष्णादिकी बाधाओंको दूर करनेके कारण देहका उपकारक है। वह धनादि परिग्रहकी पोट पापबंध और दुःखोत्पादक होनेसे जीवका अपकारक है—दुःख देने वाला है।

विशेषार्थ—अनशन एवं अवमोदर्यादिक तपोंके अनुष्ठानसे पापोंका विनाश होता है और उनसे आत्मामें निर्भयता आती है इसलिये तप जीवका तो उपकारक है परन्तु तप आदिके अनुष्ठानसे—उपवास करने अथवा भूखसे कम खाने आदिसे तो

शरीर कृश हो जाता है, इन्द्रियोंमें दुर्बलता आ जाती है—वे कमजोर हो जाती हैं। अतएव अनशनादि तपोंके अनुष्ठानसे तो शरीरका अपकार ही हो होता है। किन्तु भोजनादि पदार्थोंके उपभोगसे शरीर पुष्ट होता है वह सबल और कांतिमान हो जाता है इस कारण भोजनादिक पदार्थ शरीरके उपकारक हैं; परन्तु वे आत्माके उपकारक नहीं है, क्योंकि भोजनादि गरिष्ठ पदार्थोंके सेवनसे प्रमादकी वृद्धि होती है और उससे कर्मोंका आस्रव होता है, आत्म-परिणति मलिन होती है। और आत्मपरिणतिकी मलिनतासे आत्मा दुर्गतियोंका पात्र बनता है। अतएव जो यह कहा गया था कि धनादिकसे कभी आत्माका उपकार नहीं हो सकता। वह प्रायः ठीक ही है; क्योंकि यदि धनादिक आत्माके उपकारी होते तो महापुरुष इनका त्यागकर अकिंचिन दिगम्बर नहीं बनते, और न दूसरोंको उस मार्गका अनुशरण करनेका उपदेश ही देते। अतः यह स्पष्ट है कि धनादि परिग्रह आत्माका उपकारक नहीं हो सकता। इसीसे उसे त्याज्य बतलाया है।

इस बातको स्पष्ट करते हुए आचार्य गुणभद्र आत्मानुशासन में कहते हैं:—

तप्तोऽहं देहसंयोगाज्जलं वानलसंगमात्।
इह देहं परित्यज्य शीतीभूताः शिवैषिणः॥

ज्ञानी जीव विचार करता है कि जिस तरह अग्निके संयोगसे जल गरम हो जाता है और वह सन्तापको उत्पन्न करता है

उसी तरह शरीर, तत्सम्बन्धी इन्द्रियाँ और उनके विषयभूत भोग्य पदार्थ भी मुझे सन्तापित करते हैं—उनके संयोगसे मेरा आत्मा उत्पीड़ित ( दुखी ) होता है। जिन मोक्षार्थी पुरुषोंने इस देहका परित्याग कर शान्त एवं निराकुल सुखको प्राप्त कर लिया है। उन महापुरुषोंने ही इन इन्द्रिय-भोगोंके त्यागका उपदेश दिया है। यद्यपि यह देहके उपकारक हैं परन्तु आत्माके अपकारी ही हैं। अतः उनका परित्याग ही श्रेयस्कर है ॥१६॥

अब शिष्य पुनः पूछता है कि हे देव ! यदि ऐसा है तो यह क्यों कहा जाता है कि 'शरीर माद्यं खलु धर्मसाधनम्' शरीर धर्मसिद्धिका प्रधान कारण है। बिना शरीरके धर्मका साधन नहीं हो सकता, इस कारण शरीरका नाश न हो इस तरहसे उसका उपकार करना ही चाहिये। यदि यह कहा जाय कि शरीरका नाश न हो इस रूपसे उपकार हो ही नहीं सकता, तो यह कहना भी ठीक नहीं है; क्योंकि ध्यानसे सब बातें सुकर हो जाती हैं। तत्त्वानुशासन में कहा भी है :—

यदा त्रिकं फलं किंचित्फलमामुत्रिकं च यत् ।
एतस्य द्विगुणस्यापि ध्यानमेवाग्रकारणम् ॥२१७॥

ध्यानसे इस लोक परलोक सम्बन्धी दोनों प्रकारके फल प्राप्त हो जाते हैं। और यह भी कहा है कि 'भ्राणस्स ण दुल्लहं किंपि' ध्यानके लिये कोई बात दुर्लभ नहीं है। सब चीजें प्राप्त हो जाती हैं। इसलिये ध्यानसे शरीरका नाश न हो ऐसा उपकार

हो सकता है। इस आशंकाका समाधान करते हुए आचार्य कहते हैं :—

इतश्चिन्तामणिर्दिव्य इतः पिण्याकखंडकं।
ध्यानेन चेदुभे लभ्ये क्वाद्रियंतां विवेकिनः ॥२०॥

अर्थ—एक ओर तो अभीष्ट पदार्थोंको प्रदान करने वाला चिन्तामणि रत्न है और दूसरी ओर खलका टुकड़ा है, ध्यानसे जब ये दोनों ही चीजें प्राप्त होती हैं ऐसी स्थितिमें विवेकीजन—लोभके विनाशमें चतुरजन—किसका आदर करें।

भावार्थ—यह ठीक है कि ध्यानसे दोनों बातें सिद्ध होती हैं। परन्तु यदि कोई मनुष्य किसीको एक हाथसे चिन्तामणि रत्न और दूसरे हाथसे खलका टुकड़ा दे और यह कहे कि इन दोनोंमें तुम्हारी जो इच्छा हो सो ले लो। तब विवेकी पुरुष खलके टुकड़ेको छोड़कर चिन्तामणि रत्नको ही लेगा। उसी तरह जो जीव विना किसी अभिलाषाके धर्म शुक्लरूप उत्तम ध्यानोंका आराधन करता है वह चिन्तामणि रत्नके समान वास्तविक स्वरूपकी प्राप्ति कर लेता है। किन्तु जो जीव आर्त-रौद्र रूप अशुभ ध्यानोंका आश्रय करता है उसे खलके टुकड़ेके समान इस लोक सम्बन्धि पराधीन इन्द्रिजन्य सुख प्राप्त होते हैं। अतः शरीरका विनाश न हो इस आशासे जो ध्यान किया जाता है वह निरर्थक है। हां, स्व-स्वरूपकी प्राप्तिके लिये ध्यानका आराधन करना श्रेयस्कर है। तत्त्वानुशासनमें भी कहा है :—

तद्ध्यानं रौद्रमार्तं वा यदैहिकफलार्थिनां ।
तस्मादेतत्परित्यज्य धर्म्यं शुक्लमुपास्यताम् ॥२०॥

अर्थात्—ध्यानसे पुरुष इस लोक सम्बन्धि फलकी अभिलाषा करते हैं वह ध्यान आर्त रौद्रके भेदसे दो प्रकारका है और जिनसे स्वात्माकी उपलब्धि होती है वह ध्यान भी धर्म्म शुक्लके भेदसे दो तरह का है। अतः विवेकीजनोंका कर्त्तव्य है कि वे ऐहिक फलकी अभिलाषाके कारणभूत उक्त दोनों दुर्ध्यानोंका परित्यागकर आत्मस्वरूपकी प्राप्तिके लिये धर्म और शुक्ल ध्यानकी उपासना करें ॥२०॥

इस तरह सम्बोधित करनेपर शिष्योंको कुछ आत्म-प्रतीति तो हुई, परन्तु वह गुरुसे पुनः पूछता है कि हे नाथ! वह आत्मा कैसा है? जिसके ध्यान करनेका आपने उपदेश दिया है। और उसका क्या स्वरूप है? आचार्य पूज्यपाद शिष्यके प्रश्नका समाधान करनेके लिये आत्माका स्वरूप बतलाते हुए कहते हैं :—

स्वसंवेदनसुव्यक्तस्तनुमात्रो निरत्ययः ।
अत्यन्तसौख्यवानात्मा लोकालोकविलोकनः ॥२१॥

अर्थ—यह आत्मा स्व-संवेदन प्रत्यक्षका विषय है, कर्मोदयसे प्राप्त अपने छोटे-बड़े शरीरके बराबर है। अविनाशी है—द्रव्यदृष्टिसे नित्य है—उसका कभी विनाश नहीं होता, अत्यन्त सुख-स्वरूप है—आत्मोत्थ अनन्त सुख स्वभाव वाला है। और लोक अलोकका साक्षात् करने वाला है।

विशेषार्थ—इस पद्यमें आचार्य महोदयने आत्मस्वरूपका विवेचन करते हुए जो विशेषण दिये हैं उनसे आत्माके सम्बन्धमें होने वाली विविध मान्यताओंका भी निरसन हो जाता है। किन्हींका कहना है कि जो वस्तु किसी न किसी प्रमाणका विषय है उसीका गुणानुवाद करना चाहिये। असिद्ध वस्तुका गुणानुवाद करना ठीक नहीं है, उनकी इस मान्यताका परिहार करनेके लिए आचार्यने 'स्वसंवेदन सुव्यक्तः' विशेषण दिया है। चूँकि आत्मा अमूर्तिक है—वह इन्द्रिय और मनका विषय नहीं है अतः आत्मा किसी प्रमाणका विषय भी नहीं है ऐसा कहा जाता है वह ठीक नहीं हैं, क्योंकि आत्मा स्वसंवेदन प्रत्यक्षका विषय है 'अहं अस्मि' मैं हूँ इस प्रकार अन्तर्मुखाकाररूपसे जो ज्ञान अथवा अनुभवन होता है उससे आत्माकी सत्ता स्वतः सिद्ध हो जाती है और जब आत्माकी सत्ता सिद्ध हो जाती है तब उसे असिद्ध कहना प्रमाण विरुद्ध ठहरता है। स्वानुभव सद्दृष्टिके होता है और वह बाह्याभ्यन्तर जल्पका परित्यागकर एक चैतन्य विज्ञानघन आत्माका साक्षात्कार करता है। उस स्वसंवेदन प्रत्यक्षका स्वरूप तत्त्वानुशासनके निम्न पद्यमें बतलाया गया है:—

वेद्यत्वं वेदकत्वं च यत्स्वस्य स्वेन योगिनः।
तत्स्वसंवेदनं प्राहु रात्मनोऽनुभवं दृशम् ॥१६१॥

योगीजनोंका अपने द्वारा ही अपनेका ज्ञेयपना और ज्ञातापना है, उसीका नाम स्व-संवेदन है—योगीजन अन्तर्बाह्य

जल्पों अथवा संकल्प-विकल्पोंका परित्याग कर आत्मस्वरूपका अपने द्वारा अपनेमें ही जो अनुभवन या वेदन करते हैं वह स्व-संवेदन है,उसीको स्वानुभव प्रत्यक्ष भी कहते हैं ।

कुछ लोगोंका यह भी सिद्धान्त है कि आत्मा आकाशकी तरह व्यापक है—जिस तरह आकाश सर्वत्र विद्यमान है उसी प्रकार आत्मा भी सर्वत्र मौजूद रहता है उसका कहीं भी अभाव नहीं कहा जा सकता । और किन्हीं लोगोंका यह भी कहना है कि आत्मा वट वृक्षके बीजकी तरह अत्यन्त छोटा है, जिस तरह वटका बीज बहुत छोटा होता है उसी प्रकार आत्मा भी बहुत छोटा पदार्थ है । उनके उक्त सिद्धान्तके परिहारार्थ आचार्यने 'तनुमात्र' विशेषण दिया है, जिससे स्पष्ट है कि आत्मा कर्मोदयसे प्राप्त अपने छोटे बड़े शरीरके प्रमाण है । आत्मा न आकाशकी तरह सर्वत्र व्यापक ही है और न वटके बीजकी तरह छोटा पदार्थ ही है किन्तु वह अपने शरीरके बराबर है । जीव कर्मोदयानुसार जब जैसा छोटा या बड़ा शरीर धारण करता है उसीके अनुसार उसके आत्म-प्रदेश भी हीनाधिक हो जाते हैं । यदि वह हाथीका शरीर धारण करता है तो उसके आत्मप्रदेश भी उस शरीरके प्रमाण विस्तृत हो जाते हैं । और यदि वह छोटी चींटी-का शरीर धारण करता है तो उसके आत्मप्रदेश उसी शरीर प्रमाण संकुचित भी हो जाते हैं ।

चार्वाक् लोगोंका यह सिद्धांत है कि जिस तरह महुआ और

कोदों आदि मादक पदार्थोंके सम्बन्धसे मादकशक्ति पैदा हो जाती है और जो मनुष्य उन्मादक पदार्थोंसे बनी हुई उस शराबको पीता है वह उन्मत्त (पागल) हो जाता है उसी तरह पृथ्वी और जल आदि पंचभूतोंके संयोगसे एक शक्ति उत्पन्न हो जाती है और वही शक्ति आत्मा है। उससे भिन्न कोई आत्मपदार्थ नहीं है। और उस शक्तिरूप आत्माकी सत्ता गर्भसे लेकर मरण पर्यन्त ही है। मरण होने पर वह शक्तिरूप आत्मा भी नष्ट हो जाता है। उसके इस सिद्धान्तका परिहार करनेके लिये आचार्यने 'निरत्यः' पदका प्रयोग किया है जिसका अर्थ यह है कि आत्मा द्रव्यरूपसे नित्य है। यद्यपि पर्यायार्थिक नयकी अपेक्षासे आत्मा प्रतिक्षण विनाशीक है परन्तु द्रव्यार्थिक नयकी अपेक्षा वह अविनाशी है—विनाशरहित है। वह द्रव्यत्वरूपसे सदा विद्यमान रहता है—आत्मत्वरूपसे उसका कभी विनाश नहीं होता। अतएव पृथ्वी जल आदि पंचभूतोंके संयोगसे उत्पन्नशक्तिरूप आत्मा नहीं बन सकता।

सांख्य और यौग लोग 'सुख' को आत्माका धर्म नहीं मानते, वह उसे जड़स्वरूप प्रकृतिका धर्म मानते हैं। इस कारण जब तक आत्माकी मुक्ति नहीं होती तब तक उसमें प्रकृतिके सम्बन्धसे सुखका भान होता रहता है। और मोक्ष हो जाने पर फिर उस सुखकी सत्ता आत्मामें नहीं रहती ऐसा उनका सिद्धांत है। उनकी इस मान्यताका निरसन करनेके लिए आचार्य महोदयने 'अत्यन्त सौख्यवान्' इस पदका प्रयोग किया है। जिससे स्पष्ट है कि

सुख गुण प्रकृति आदि जड़पदार्थोंका स्वरूप अथवा धर्म नहीं है वह आत्माका स्वरूप है। यद्यपि कर्म संबंध होनेके कारण संसार अवस्थामें आत्माके उस सुख गुणका पूर्ण विकास नहीं हो पाता; किन्तु जब आत्मा कर्मजालसे छूट जाता है—स्वात्मोपलब्धिको पा लेता है—तब उस गुणका पूर्ण विकास हो जाता है।

सांख्य लोगोंका यह भी कहना है कि-'ज्ञानशून्यं चैतन्य-मात्रमात्मा' आत्मा ज्ञानरहित चैतन्यमात्र है। और बुद्ध्यादि गुणोज्झितः पुमान्' बुद्धि सुख, दुख, इच्छा आदि नव गुणोंसे रहित पुरुष आत्मा है ऐसा यौग लोगोंका सिद्धांत है। और नैरात्मवादि बौद्धलोग आत्मा नामका कोई पदार्थ ही नहीं मानते—वह उसका सर्वथा अभाव बतलाते हैं। इन सब सिद्धान्तोंका निराकरण करनेके लिए ग्रन्थकारने 'लोकालोक विलोकनः' पदका प्रयोग किया है। जिसका स्पष्ट आशय यह है कि आत्मा लोक अलोकका ज्ञाता दृष्टा है। यह लोक जीवादि षट्द्रव्योंसे भरा हुआ है और अलोकाकाशसे व्याप्त है। आत्मा इन सबका जानने देखने वाला है। यदि आत्माको ज्ञान शून्य माना जाय तो वह लोक अलोकका ज्ञाता दृष्टा कैसे हो सकता है? अतः ज्ञानरहित केवल चैतन्यमात्र आत्मा नहीं है। और जो लोग आत्माको ज्ञानस्वरूप नहीं मानते उसे बुद्ध्यादि गुणोंसे रहित बतलाते हैं वह भी ठीक नहीं है; क्योंकि आत्माको ज्ञानस्वरूप न माननेसे वह लोकअलोकका ज्ञाता दृष्टा भी नहीं बन सकता।

ज्ञान रहित माननेसे वह जड़वत् हो जायगा । तथा नैरात्म-वादी बौद्धोंका आत्माका सर्वथा अभाव बतलाना भी ठीक नहीं है । क्योंकि आत्माके अभावमें लोक-अलोकके ज्ञाता इष्टापनेका सिद्धान्त भी नहीं बन सकता । अतः आत्माका सर्वथा अभाव बतलाना अयुक्त है । अस्तु आत्माको ज्ञाता, दृष्टा स्वदेहप्रमाण आदि विशेषणोंसे विशिष्ट मानना ही श्रेयस्कर है ।

शिष्य पुनः पूछता है कि हे भगवन् ! यदि आत्माका अस्तित्व प्रमाणसिद्ध है तो फिर उसकी उपासना कैसे करनी चाहिये । इस शंकाका समाधान करते हुए आचार्य कहते हैंः—

संयम्यकरणग्राममेकाग्रत्वेन चेतसः ।
आत्मानमात्मवान्ध्यायेदात्मनैवात्मनि स्थितम् ॥२२॥

अर्थ—आत्माको चाहिए कि वह इन्द्रियोंको विषयोंसे रोककर एकाग्रचित्तसे अपने ही द्वारा अपनेमें स्थित होकर अपने स्वरूपका ध्यान करें ।

भावार्थ—आत्माके जाननेमें अन्य किसी कारणकी आवश्य-कता नहीं होती । आत्माही शम, दम, समाधि और चित्तकी एकाग्रतासे—अपने स्वसंवेदन प्रत्यक्षसे— उसका साक्षात् अनुभव करता है । तत्त्वानुशासनमें भी कहा है :—

"स्वपरज्ञप्तिरूपत्वात् न तस्य करणांतरम् ।
ततश्चिंतां परित्यज्य स्वसंवित्त्यैव वेद्यताम् । १६२॥"

चूंकि आत्मा स्व-पर प्रकाशक है अतः उसके लिए अन्य

कारणान्तरोंकी आवश्यकता नहीं होती। जिस तरह दीपक स्व-पर-प्रकाशक है उसे अपने स्वरूपके प्रकाशनके लिये अन्य दीपककी आवश्यकता नहीं पड़ती। उसी तरह स्व-पर-प्रकाशी आत्माके लिए भी अपना भान करनेके लिए अन्य पदार्थकी आवश्यकता नहीं पड़ती। अतएव आत्मज्ञानके लिए अन्य पदार्थकी चिन्ताको छोड़कर अपने ही स्वसंवेदन प्रत्यक्षसे उसका ज्ञान अथवा अनुभव करना चाहिए। परन्तु स्वानुभवप्रत्यक्षसे आत्माका परिज्ञान उसी समय होगा जब श्रुतज्ञानके अवलम्बनसे द्रव्य और पर्याय-में से किसी एकका आश्रय करनेसे मनकी चंचलता मिटेगी, वह एकाग्र होगा। और चित्तकी एकाग्रता होनेसे इन्द्रियोंका भी दमन हो जायगा। कारण कि यदि मन अस्थिर रहेगा—उसकी एकाग्रता न होगी—तो इन्द्रियां अपने अपने विषयकी ओर द्रुत-गति से प्रवृत्त होंगी, तब मनकी विक्षिप्तता होनेसे स्वानुभवको अवसर ही प्राप्त न हो सकेगा। अतः आत्मानुभवके लिए श्रुत-ज्ञानका आश्रय लेना अत्यन्त आवश्यक है। कहा भी है:—

'गहियं तं सुयणाणा पच्छा संवेयणेण भाविज्जा।
जो णहु सुय अवलंबइ सो मुज्झइ अप्प-सब्भावं ॥१॥'

'पहले-श्रुतज्ञानके अवलम्बनसे आत्माको जानकर पीछे स्व संवेदन प्रत्यक्षसे उसका अनुभव करना चाहिए। जो पुरुष-श्रुतज्ञानका आश्रय नहीं करता वह आत्मस्वभावको भी नहीं जान सकता—आत्मस्वरूपको पहिचाननेकी उसमें क्षमता नहीं हो

'सकती।' समाधितंत्रमें और भी कहा है :—

'प्रच्याव्य विषयेभ्योऽहं मां मयैव मयि स्थितं।
बोधात्मानं प्रपन्नोऽस्मि परमानंद निर्वृतं ॥३२॥'

'पंचेन्द्रियोंके विषयोंसे विरक्त हो जाने पर परम आनन्दकी अनुपम छटासे परिपूर्ण सम्यग्ज्ञान स्वरूप मुझको मैं ही अपनेमें अपने द्वारा प्राप्त हुआ हूँ। अतएव ऊपर जो यह कहा गया था कि आत्माकी उपासना कैसे होती है? यह ऊपरके स्पष्ट विवेचनसे स्वतः सिद्ध हो जाता है। मनकी चंचलता रुककर जब वह स्थिर हो जाता है और इन इन्द्रियोंकी विषयोंमें प्रवृत्ति नहीं होती, शम, दम और समाधिसे बाह्य व्यापारसे उन्मुक्त होकर स्व-स्वरूपमें निमग्न हो जाता है। तब स्वानुभव प्रत्यक्षसे आत्माकी उपासना होती है ॥२२॥'

शिष्य पुनः पूंछता है कि हे भगवन्! आत्माकी उपासना क्या है, और उससे किस प्रकार प्रयोजनकी सिद्धि होगी? क्योंकि विद्वानोंकी प्रवृत्ति बिना किसी प्रयोजनके नहीं होती, इस शंकाका समाधान करते हुए आचार्य कहते हैं :—

**अज्ञानोपास्तिरज्ञानं ज्ञानं ज्ञानिसमाश्रयः।**
**ददाति यत्तुयस्यास्ति सुप्रसिद्धमिदं वचः ॥२३॥**

अर्थ—अज्ञानकी उपासनासे अज्ञानकी प्राप्ति होती है और ज्ञानीकी उपासना करनेसे ज्ञानकी प्राप्ति होती है; क्योंकि संसार-

में यह बात प्रसिद्ध है कि जिसके पास जो चीज होती है वह उसको देता है ॥२३॥

भावार्थ—संसारमें यह बात प्रसिद्ध है, कि जिसके पास जो वस्तु होती है वह उसको दूसरेको दे सकता है। धनीकी सेवासे धन, और विद्वानकी सेवासे विद्या प्राप्त होती है। और अज्ञान-स्वरूप देहादि परपदार्थ तथा अज्ञानी गुरुओंकी उपासनासे अज्ञानकी प्राप्ति होती है। और ज्ञानस्वरूप आत्माकी उपासनासे सम्यग्ज्ञानकी प्राप्ति होती है। अतएव जो पुरुष अपना कल्याण करना चाहते हैं उनका कर्तव्य है कि जिनमें स्व-परका विवेक जाग्रत है, तथा जो सांसारिक प्रलोभनोंसे दूर रहता है ज्ञान-ध्यान और तपमें सावधान हैं, वस्तु स्थितिके ज्ञापक हैं परपदार्थों की विषम परणतिसे जिनका राग-द्वेष नष्ट हो गया है, जो सबको समानदृष्टिसे देखते हैं। ऐसे विवेकी परम तपस्वी ज्ञानी आत्माकी उपासना, पूजा अथवा उनके अनुकूल प्रवृत्ति करनेसे ज्ञानकी प्राप्ति होती है। कहा भी है:—

'ज्ञानमेव फलं ज्ञाने ननु श्लाघ्यमनश्वरं ।
अहो मोहस्य माहात्म्यमन्यदप्यत्र मृग्यते ॥'

'ज्ञानकी उपासनासे श्लाघनीय अविनाशी सम्यग्ज्ञान रूप-फलकी प्राप्ति होती है। यद्यपि ज्ञान प्राप्तिके लिये ज्ञानीकी उपासना की जाती है परन्तु उस उपासनामें मोहकी पुट रहती है यदि उसमें मोहका अंश न रहे तो फिर उपासनामें प्रवृत्ति ही नहीं हो

सकती। ज्ञानीके आत्मगुणोंमें जो अनुराग है वही उसकी उपासना, पूजा अथवा भक्तिमें कारण है, परन्तु ऐसा मोह प्रायः समादरणीय माना गया है। यद्यपि धनादि परद्रव्यकी उपासनामें भी मोह कारण है; किन्तु वह मोह जहाँ संसारका कारण है वहाँ ज्ञानकी उपासनाका मोह मुमुक्षुके लिये कर्मबन्धनसे उन्मुक्त होने अथवा छूटनेमें कारण है। इसीलिए उसे प्रशस्त एवं उपादेय कहा गया है और धनादि परद्रव्योंकी प्राप्तिकी वाँछारूप स्नेह अप्रशस्त बतलाया है अतएव वह हेय है। यद्यपि ज्ञानी—स्व-पर-विवेकी अन्तरात्मा—निर्वांछक है—सांसारिक भोगादिकसे उदासीन है—उनमें उसका थोड़ा भी रागभाव नहीं है। फिर भी सम्यग्ज्ञान प्राप्तिकी अभिलाषारूप जो भी किंचित् रागांश विद्यमान है, उसे भी वह उपादेय नहीं मानता है। यह ठीक है कि वह चारित्रमोहवश उसका परित्याग करनेमें उस समय सर्वथा असमर्थ है, फिर भी वह अपने स्वरस साधनमें सदा जागरुक रहता है। अतः आत्महितेच्छुको चाहिए कि वह स्व-पर-विवेकी आत्माकी अवश्य उपासना करे। शुद्धात्माकी उपासनासे आत्मा अपनी स्वात्मस्थितिको—निजानन्दरूप आत्मस्वभावको—पा-लेता है जो उसका अन्तिम लक्ष्य है ॥२३॥

शिष्य पुनः पूछता है कि हे मुने! जो ज्ञानी निष्पक्ष योगी आत्मस्वरूपमें लीन है उसे आत्मध्यानसे क्या फल होता है? इस शंका समाधान करते हुए आचार्य कहते हैं :—

परिषहाद्यविज्ञानादास्रवस्य निराधिनी ।
जायते ऽध्यात्मयोगेन कर्मणामाशु निर्जरा ॥२४॥

अर्थ—अध्यात्मयोगमें लीन हो जाने पर ज्ञानियोंको परीषहादि कष्टों—मनुष्य तिर्यंच देव तथा असुरादि कृत घोर उपसर्गों—अथवा कर्मोदय जन्य विविध व्याधियों, रोगों और कष्टों—आदिका कोई स्मरण नहीं रहता;क्योंकि स्वरूपमें निमग्न अध्यात्म योगीके समस्त कर्मोंके आस्रवका निरोध करने वाली निर्जरा शीघ्र हो जाती है ॥

भावार्थ—जब तक इस मनुष्यका चित्त आत्मस्वरूपके चिंतनमें निमग्न अथवा लीन नहीं होता—वह स्त्री पुत्रादि बाह्य पदार्थोंके व्यामोहमें संलग्न रहता है—तब तक ही उसे भूख, प्यास, सर्दी-गर्मी, दुःख-शोक, तापन-ताड़नरूप उपसर्ग और परीषहादिक घोर कष्टोंका सामना करना पड़ता है अथवा उनकी स्मृति और अनुभव असहाय वेदना उत्पन्न कर देता है। भूख प्यासकी तीव्र वेदनासे वह कभी कभी अधीर हो उठता है विकल और विह्वल हो जाता है। कहा भी है 'क्षुधा समा नास्ति शरीरवेदना' भूखके बराबर अन्य कोई वेदना नहीं होती—तब उससे सदा शुभ अशुभ कर्मोंका सञ्चय होता रहता है किन्तु यह आत्मा जब बाह्य पदार्थोंकी वासना एवं तज्जनित रागसे उदासीन एवं निरागी हो जाता है और अपने चिदानन्द विज्ञानघन स्वरूपमें लीन हो जाता है उस समय उसे भूख प्यासादि परीषहों

और उपसर्गों आदिसे जन्य व्याधियोंकी वेदनाका कोई अनुभव नहीं होता। उस समय तो वह स्वरूपमें निमग्न अथवा स्थित होनेके कारण आत्मोत्थ निर्मल आनन्दकी अपूर्व सरस एवं मधुर धाराका पान करते हुए राग-द्वेषादि बाह्य विकारोंसे अत्यत दूर रहता है। उस समय वह योगी आत्मध्यानकी एकाग्रता एवं चित्तवृत्तिके निरोधसे कर्मोंकी अनंतगुणी निर्जरा एवं क्षयके साथ स्व-स्वरूपकी प्राप्ति कर लेता है। कहा भी है :—

"यस्य पुण्यं च पापं च निष्फलं गलति स्वयं।
स योगी तस्य निर्वाणं न तस्य पुनरास्रवः॥"

'जिस पवित्रात्मा अध्यात्मयोगी तपस्वीके पुण्य और पाप बिना फल दिये ही गल जाते हैं—आत्म-समाधिकी निर्मल-ज्वालामें भस्म हो जाते हैं—तब उस योगीको शीघ्र ही स्व-स्वरूपकी प्राप्ति हो जाती है— वह निरंजन परमात्मा बन जाता है और फिर उसके शुभा-शुभ कर्मोंका आस्रव नहीं होता—उसे संसारमें पुनः भ्रमण नहीं करना पड़ता।' तत्त्वानुशासनमें और भी कहा है—

"तथा ह्यचरमांगस्य ध्यानमभ्यस्यतः सदा।
निर्जरा संवरश्चास्य सकलाशुभकर्म्मणाम् ॥२२५॥"

'जो योगी चरमशरीरी नहीं हैं—तद्भव मोक्षके कारणभूत वज्रवृषभनाराच संहननसे भिन्न अन्य संहनका धारक है—ध्यानका सदा अभ्यास करता है—आत्म चिन्तनमें उपयोग लगाता है—उस योगीके सभी अशुभकर्मोंकी निर्जरा—और

संवर होता है।' समाधितन्त्रमें और भी कहा है--

"आत्मदेहान्तरज्ञानजनिताह्लादनिर्वृतः।
तपसा दुष्कृतं घोरं भुञ्जानोऽपि न खिद्यते॥"

'आत्मा और शरीरके भेद-विज्ञानसे समुत्पन्न आल्हादरूप आत्मानन्दका जिसने अनुभव कर लिया है ऐसा योगी अनेक दुःखोंको भोगता हुआ भी तपसे खिन्न नहीं होता—उपसर्ग परीषहादिके आजाने पर उनके भयसे तपका परित्याग नहीं करता; किन्तु वह तपश्चरण करनेमें और भी दृढ़ तथा सावधान हो जाता है। उस समय उसका उपयोग केवल आत्म-तत्त्व पर ही रहता है बाह्य पदार्थोंपर दृष्टि नहीं होती। वह सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र पूवक आत्मस्वरूपका चिन्तन करता है। उस समय उसकी आत्मा ध्येय और ध्यानके सिवाय अन्य सब पदार्थों के संकल्प विकल्पोंसे शून्य होती है—बाह्य पदार्थोंका उसकी आत्मासे कोई संबन्ध भी नहीं रहता। परीषहादिक कर्मोदयके विकार हैं। इनके समुपस्थित होने पर इनकी पीड़ा उसके चित्तकी दृढ़ताको आत्मानन्दसे हटानेमें समर्थ नहीं होती—परीषहादि उपसर्ग अपना फल देकर अथवा विना किसी फल दिये ही दूर हो जाते हैं। वह योगी तो आत्मस्थ ही रहता है। उस आत्मस्थ योगीके ध्यानकी निश्चलतासे जो अग्नि उत्पन्न होती है उससे घाति चतुष्टयरूप कर्म—आत्मगुणोंके आच्छादक ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोहनीय, और अन्तराय रूप चारकर्म-- भस्म हो जाते हैं और योगी आवरण

हटते ही पूर्ण ज्ञानी बन जाता है वह उस समय त्रयोदश गुण-स्थानवर्ती सयोगी जिन कहलाता है। तथा अनन्तज्ञान, अनन्त दर्शन, अनन्तसुख और अनन्तवीर्यरूप चार आत्मगुणोंसे सुशोभित होता है। और निराकुल अनुपम अनंतसुखका अनुभव करता हुआ अ इ उ ऋ लृ इन पांच ह्स्वाक्षरोंके उच्चारण करनेमें जितना समय लगता है उतने समय चतुर्दश गुणस्थानवर्ती अयोगी जिन रहकर सदाके लिये आत्मोत्थ सुखका भोक्ता हो जाता है। परमागममें कहा भी है :—

"सीलेसिं संपत्तो णिरुद्ध णिस्सेस आसवो जीवो।
कम्म-रय-विप्पमुक्को गयजोगो केवली होदि[१] ॥"

'जिस समय यह आत्मा शैलेशी हो जाता है—अठारह हजार शीलके भेदोंके स्वामीपनेको प्राप्त कर लेता है अथवा मेरूके समान निष्कंप एव निश्चल अवस्थाको पा लेता है। उस समय उसके सम्पूर्ण शुभा-शुभ-कर्मोंके आस्रवका निरोध हो जाता है, जो नूतन बंधनेवाली कर्म-रजसे रहित है और जो मन वचन कायरूप योगसे रहित होता हुआ दिव्य केवलज्ञानसे विभूषित है वह अयोगकेवली परमात्मा कहलाता है ॥२४॥'

अब ग्रंथकार ध्यान और ध्येय अवस्थामें आत्माके संयोगादि रूप सम्बन्धका अभाव बतलाते हुए कहते हैं :—

---

१. धवला १, १, २२, पंच संग्रह १-४६, गो. जी. ६४।

**कटस्य कर्त्ताहमिति सम्बंधः स्याद् द्वयोर्द्वयोः ।**
**ध्यानं ध्येयं यदात्मैव संबंधः कीदृशस्तदा ॥२५॥**

अर्थ—चटाई और चटाईका बनाने वाला यह दोनोंही आपसमें भिन्न-भिन्न हैं अतएव इन दोनोंका आपसमें संयोग आदि सम्बन्ध बन सकता है । और उस सम्बन्धके अभाव होने पर फिर वे अलग-अलग हो जाते हैं; परन्तु जब ध्यान और ध्येय स्वरूप केवल एक आत्मा ही है आत्मासे भिन्न ध्यानादि कोई पदार्थ नहीं है, तब उनका संयोगादि सम्बन्ध कैसे हो सकता है ? क्योंकि संयोगादि सम्बन्ध भिन्न भिन्न दो वस्तुओंमें होता है । ध्यान और ध्येयरूप अवस्था आत्मासे अभिन्न है उसका परद्रव्यसे कोई सम्बन्ध ही नहीं है तब उसका संयोगादि सम्बन्ध बन सकना कैसे सम्भव हो सकता है ?

भावार्थ—'ध्यायते येन तद्ध्यानं, यो ध्यायति स एव वा' इस निरुक्तिमें जिसका ध्यान किया जाता है वह पदार्थ और जो ध्यान करता है वह पदार्थ दोनों एक ही हैं । जिस समय इस आत्माका ध्यान अवस्थामें परमात्मरूप स्वकीय स्वरूपके साथ एकीकरण हो जाता है तब ध्यान और ध्येयमें अभेद या अभिन्नता रहती है उस समय चैतन्यरूप आत्मपिण्डके सिवाय अन्य किसी पर द्रव्यका अभाव होनेसे संयोगादिरूप कोई सम्बन्ध नहीं बनता । किन्तु उस अवस्थामें कर्म आदिका जो भी संयोग सम्बन्ध रहता है वह भी नष्ट हो जाता है । इसलिए जब यह

बात सुनिश्चित है कि ध्यान और ध्येय अवस्थामें अन्य कोई सयोगादिरूप सम्बन्ध नहीं बन सकता, तब उस ध्यानावस्थामें योगीको परीषहादि परद्रव्यके विकार खेद या कष्टोत्पादक नहीं हो सकते; क्योंकि पर-द्रव्योंके विकार उसी समय तक खेद जनक होते हैं जब तक उनमें आत्म कल्पना रूप रागका सद्भाव पाया जाता है। और जब खेदादिक कल्पनाका कारण राग भावका अभाव हो जाता है तब योगी अपने स्वरूपमें ही अवस्थित रहता है ॥२५॥

यहां शिष्य पूछता है कि हे भगवन्! यदि आत्मा और द्रव्यकर्मका वियोग अथवा भेद आत्मध्यानसे होता है तब कर्मका परस्पर प्रदेशानुप्रवेशलक्षणरूप बन्ध अथवा सयोग कैसे होता है? क्योंकि बंध पूर्वक ही मोक्ष होता है। अतः सर्व कर्मसे रहित अवस्था रूप मोक्ष भी बंधके वियोग अथवा अभाव पूर्वक ही होता है और मोक्षही सदा सुखका कारण होनेसे योगीजनोंके द्वारा अभिवांछनीय है। तब संयोग और भेदका क्या कारण है? इस शंकाका समाधान करते हुए आचार्य कहते हैं :—

**बध्यते मुच्यते जीवः सममो निर्ममः क्रमात्*।**
**तस्मात्सर्वप्रयत्नेन निर्ममत्वं विचिंतयेत् ॥२६॥**

अर्थ—जीव ममत्वपरिणामसे—स्त्री, पुत्र, मित्र, धन,

---

* परदव्वरओ बज्झदि विरओ मुच्चेइ विविह-कम्मेहिं।
एसो जिणउवदेसो समासदो बन्ध-मुक्खस्स ॥१३॥ मो०पा०

धान्यादि परद्रव्योंमें ये मेरे हैं और मैं इनका हूँ इस प्रकार विचार रूप ममकार परिणामसे--कर्मसे बंधता है। और ममताके अभाव-से क्रमसे बंधनसे छूटता है। अतएव विद्वानोंका कर्तव्य है कि वे जिस तरह बनें उस तरहसे केवल निर्ममत्वपनेका ही चिन्तवन करें।

भावार्थ—स्त्री, पुत्र, धन, धान्य, रुपया, पैसा, राज्य-विभूति, गाय, भैंस, मोटर, घोड़ा, गाड़ी आदि पर पदार्थ मेरे हैं और मैं इनका हूँ इस प्रकारके मोहरूप अध्यवसानभावसे मूढ इस जीवके जब परिणाम ममकार और अहंकाररूप विभाव परि-णामोंसे परिणित हो जाते हैं तब कषाय और राग-द्वेषरूप परि-णतिसे शुभा-शुभ-कर्मोंका बन्ध होने लगता है। इसी बातको स्पष्ट करते हुए आचार्य अमृतचन्द्र 'नाटकसमयसार' में कहते हैं—

"न कर्मबहुलं जगन्नचलनात्मकं कर्म वा।
न चापि करणानि वा न चिदचिद्वधोबंधकृत्।
यदैक्यमुपयोगभूः समुपयाति रागादिभिः।
स एव किल केवलं भवति बन्धहेतुर्नृणाम् ॥"

'जीवके जो शुभाशुभकर्मोंका बन्ध होता है उसमें कार्माण जातिकी वर्गणाओंसे भरा हुआ यह लोक कारण नहीं है और न चलन स्वरूप कर्म कारण है, न अनेक इन्द्रियाँ कारण हैं और न चेतन अचेतन पदार्थोंका बन्ध कारण है; परन्तु जिस समय जीवका उपयोग राग-द्वेषादिके साथ एकीभावको प्राप्त हो जाता है—

पदार्थोंमें इष्ट अनिष्ट-कल्पनारूप रागद्वेषकी सत्ता आत्मामें अपना स्थान जमालेती है और उपयोग विभाव-भावोंसे विकृत एवं तन्मय हो जाता है, उस समय राग-द्वेष परिणामरूप यह अध्यवसानभाव ही बन्धका कारण है।'

यह पदार्थ मेरा है और यह दूसरेका है, इसका मैं स्वामी हूँ और इसका स्वामी मैं नहीं हूँ जिस समय इस प्रकारके राग-द्वेष रूप परिणाम हो जाते हैं उस समय आत्मा शुभ-अशुभरूप कर्मोंसे बँधता रहता है। किन्तु जिस समय आत्माका स्त्री पुत्रादि परपदार्थों में यह पदार्थ मेरे हैं और मैं इनका स्वामी हूं यह कल्पना नहीं होती। इस तरहके निर्मम परिणामकी किरणें जब हृदयमें उद्दीपित हो जाती हैं उस समय आत्मामें शुभा-शुभ-कर्मोंका बंध नहीं होता। यही आशय समाधितन्त्रग्रन्थके निम्न पद्यमें व्यक्त किया गया है :—

'अकिंचनोऽहमित्यात्र त्रैलोक्याधिपतिर्भवेः।
योगिगम्यं तव प्रोक्तं रहस्यं परमात्मनः॥'

जिस समय आत्मामें यह भावना निश्चल एवं स्थिर हो जाती है कि मैं अकिंचन हूँ—स्त्री, पुत्र, धन, धान्यादि पदार्थ जो संसारमें दिखाई दे रहे हैं—वे मेरे नहीं हैं और न मैं उनका हूं। किंतु एक चैतन्यमात्र टंकोत्कीर्ण ज्ञायकरूप हूं। उस समय आत्मा तीन लोकका अधिपति हो जाता है; परन्तु इस प्रकार परमात्मपनेका अथवा परमपदप्राप्तिका यह रहस्य योगियोंके द्वारा

ही गम्य है; क्योंकि अकिंचनरूप निर्मलभावनाके बिना योगी उस पदको पानेमें समर्थ नहीं है। और भी कहा है—

'रागी बध्नाति कर्माणि वीतरागी विमुञ्चति।

जीवो जिनोपदेशोऽयं संक्षेपाद्बन्धमोक्षयोः' ॥

जो पुरुष रागी है—चैतन्यमात्र आत्मासे भिन्न परपदार्थोंमें आत्मत्वकी कल्पना करता हुआ उनके शुभाशुभ परिणमनमें रागी-द्वेषी होता है। वह कर्मोंसे बंधता है। परन्तु जो वीतरागी है—परको पर और निजको निज मानकर उनके अच्छे बुरे परिणमनसे रागी-द्वेषी नहीं होता और न उनमें दुःख सुखकी कल्पना ही करता है किन्तु उनमें आत्मकल्पना करना दुःखका मूल कारण समझता है और उनकी विरुद्ध परिणतिसे असन्तुष्ट नहीं होता—समभावी रहता है, वही कर्मोंसे नहीं बंधता किन्तु परमात्मा बन जाता है। यह संक्षेपमें बन्ध-मोक्षका वर्णन जिनेन्द्र भगवानके उपदेशानुसार है।

इस प्रकारके अनुपम आनन्दको प्रदान करने वाली निर्भयत्व भावनाके चिन्तवनका उपाय क्या है? इसे प्रकट करते हुए आचार्य कहते हैं—

**एकोऽहं निर्ममः शुद्धो ज्ञानी योगीन्द्रगोचरः*।**
**बाह्याः संयोगजा भावा मत्तः सर्वेऽपि सर्वथा ॥२७॥**

---

* एगो मे सस्सदो आदा णाण-दंसणलक्खणो।
सेसा मे बाहिरा भावा सव्वे संयोगलक्खणा ॥

अर्थ--में एक निर्मम (ममता रहित) हूं— यह परद्रव्य मेरा है और मैं इसका स्वामी हूँ इस मिथ्या अभिप्रायसे रहित हूँ— शुद्ध हूँ—शुद्धनयकी अपेक्षासे द्रव्य और भावकर्मसे रहित हूँ—ज्ञानी हूँ—स्व-परके भेद-विज्ञानरूप विवेक ज्योतिसे प्रकाशमान हूँ—ज्ञानी योगीन्द्रोंके ज्ञानका विषय हूं—अनन्त पर्यायोंको युगपत् विषय करने वाले पूर्णज्ञानी केवली और श्रुतकेवलीके शुद्धोपयोगरूप ज्ञानका विषय हूं। इनके सिवाय, संयोगलक्षण वाले स्त्री, पुत्र, मित्र, धन, धान्य दासी, दास शरीर और अन्य वैभवादिक बाह्य पदार्थ मेरी आत्मासे सर्वथा भिन्न हैं— वे तीन कालमें भी मेरे नहीं हो सकते।

भावार्थ—यद्यपि पर्यायार्थिकनयकी दृष्टिसे आत्मा अनेक रूप हैं; क्योंकि कर्मोदयसे जीवको अनेक पर्यायोंमें जन्म मरण करना पड़ता है। परन्तु द्रव्यार्थिकनयकी अपेक्षासे मैं अकेला हूँ, निर्मल हूँ—परपदार्थोंके स्वामित्वसे रहित हूँ—और शुद्ध द्रव्यार्थिकनयकी दृष्टिसे द्रव्य और भावकर्मरूप बंधनोंसे सर्वथा भिन्न होनेसे शुद्ध हूँ। और स्व-पर-प्रकाशकरूप ज्ञानका धारक ज्ञानी हूं। पूर्णज्ञानियों और श्रुतकेवलियोंके ज्ञानका विषय हूँ— उनके द्वारा जाना जाता हूँ। अनादिकालसे कर्मके बंधसे होने वाले शरीरादि पर पदार्थ मेरे चैतन्य स्वरूपसे सवथा भिन्न हैं, कर्मोदयके विकार हैं। और मैं शुद्ध चैतन्यका धारक ज्ञानानन्द हूँ, अखंड हूँ, कर्मादि उपाधियोंसे रहित मेरा शुद्ध स्वरूप ही

मेरे द्वारा उपादेय है। तथा संयोग लक्षण वाले वे जड़ पदार्थ जब मेरेसे भिन्न हैं—वर्णादि विकारको लिए हुए हैं, तब मेरे कैसे हो सकते हैं? उनसे मेरा कोई भी सम्बन्ध नहीं है। इस प्रकार-की विमल भावनासे ही निर्ममत्वकी प्राप्ति होती है।

शरीरादिके सम्बन्धसे जीवको क्या दुख भोगने पड़ते हैं? इस शंकाका समाधान करते हुए आचार्य कहते हैं:—

**दुःखसन्दोहभागित्वं संयोगादिह देहिनां।**
**त्यजाम्येनं ततः सर्वं मनोवाक्कायकर्मभिः ॥२८॥**

अर्थ—जीवोंको इस संसारमें शरीरादिकके संयोगसम्बन्ध-से जन्म, मरण, शारीरिक और मानसिक आदि अनेक कष्ट सहना पड़ता है। इस कारण मैं उन सभी संयोग सम्बन्धोंका मन वचन और काय रूप कर्मसे परित्याग करता हूँ—छोड़ता हूँ।

भावार्थ—आत्मा और शरीरके भेदविज्ञानसे सुखकी प्राप्ति होती है। और इनकी अभेद भावनासे—शरीरादिक पर पदार्थोंमें आत्मकल्पना करनेसे—शारीरिक, मानसिक और क्षेत्रादि जन्य अनेक कष्ट भोगना पड़ता है, क्योंकि मन वचन और कायरूप योगोंकी चंचलतासे और मनोवर्गणाके अवलम्बनसे आत्माके प्रदेश सकंप ( चंचल ) होते हैं, और उनसे राग-द्वेषादिरूप विभाव परिणामोंकी सृष्टि होनेसे आत्माका परिणमन मिथ्यात्व, अविरत, प्रमाद व कषायादि विभाव परिणाम रूप होता है

जिससे कर्म-पुद्गलोंका आत्मप्रदेशोंके साथ संश्लेष परिणात्मक बंध होता है और फिर उससे सुख दुःखादि इष्ट-अनिष्ट फलोंकी उत्पत्ति एवं अभिवृद्धि होती है इस तरह संसारकी दुःख परम्परा बढ़ती है। अतएव मन वचन कायकी क्रियासे इन्हें अपना न मानना ही श्रेयस्कर है। कहा भी है :—

"स्वबुद्धया यत्तु गृह्णीयात् काय-वाक्चेतसां त्रयं।
संसारस्तावदेतेषां तदाभ्यासेन निवृतिः॥"

जब तक इस जीवकी मन वचन कायमें आत्मबुद्धि बनी रहती है—इन्हें अपने आत्माके ही अङ्ग अथवा अंश समझा जाता है—तब तक यह जीव संसारमें परिभ्रमण करता ही रहता है किन्तु जब उसकी यह भ्रमबुद्धि दूर हो जाती है वह शरीर और वचनादिकको आत्मासे भिन्न अनुभव करने लगता है और उस अभ्यासमें परिपक्व अथवा दृढ़ हो जाता है तभी वह संसार-बंधनसे छूटकर मुक्तिको प्राप्त होता है। अतएव शरीरादिकको कभी अपना नहीं मानना चाहिये॥२८॥

आत्माका अनादिकालसे शरीरादि पुद्गलद्रव्योंसे संयोग सम्बन्ध बना हुआ है उसीके कारण जन्म-मरण और रागादिक अनेक दुःख एवं कष्ट उठाना पड़ते हैं। ये दुःख किस भावनासे दूर होंगे ? इस आशंकाका समाधान करते हुए आचार्य कहते हैं :—

**न मे मृत्युः कुतो भीतिर्न मे व्याधिः कुतो व्यथा ।**
**नाहं बालो न वृद्धोऽहं न युवैतानि पुद्गले ॥२६॥**

अर्थ—जिस जीवको अपने चिदानन्द स्वरूपका निश्चय हो जाता है उस जीवके द्रव्यप्राणोंका—पांच इन्द्रिय, मन-वचन-काय-श्वासोच्छ्वास और आयुरूप दश प्राणोंका—परित्याग होने पर भी मृत्यु नहीं होती—केवल शरीरका ही विनाश होता है जीवका नहीं; क्योंकि उसके चित्शक्ति लक्षणात्मक ज्ञान-दर्शन-रूप भाव-प्राणोंका कदाचित् भी अभाव नहीं होता, अतएव मरण भी नहीं होता—और मरण न होनेसे कृष्ण सर्पादि चीजोंसे भी उसे भय मालूम नहीं होता—वह निर्भय एवं निःशंक बना हुआ अपने स्वरूपका अनुभव करता रहता है। उसके वातादि दोषोंकी विषमतासे होने वाली कोई व्याधि भी नहीं होती—व्याधियाँ तो मूर्त शरीरमें ही होती हैं, अतएव ज्वरादि विकारसे होने वाली कोई भी व्याधि सम्यक्दृष्टि जीवके नहीं होती। जब उसके कोई व्याधि नहीं होती तब उसकी कथा अथवा वेदना कैसे हो सकती है। इसी तरह बाल वृद्ध और युवा आदि अवस्थाएँ भी पुद्गल (मूर्त शरीर) में होती हैं; आत्मामें नहीं होती, इस कारण इन सब अवस्थाओंमें होने वाले दुख भी उसके नहीं होते।

भावार्थ—जब आत्माको यह निश्चय हो जाता है कि तू चेतन है—ज्ञान-दर्शनादि गुणोंका अखण्ड पिण्ड है, तो इन

चैतन्यात्मक गुणोंका कभी विनाश नहीं होता। यह तेरी आत्म-निधि हैं। और तेरी आत्मासे भिन्न जितने भी मूर्त पदार्थ देखनेमें आते हैं वे तेरे नहीं हैं और न तू उनका कभी हुआ है, और न हो सकता है। वे चेतना रहित जड़ पदार्थ हैं। तेरा उनके साथ कर्मोदयके वशसे केवल संयोगमात्र सम्बन्ध हुआ है। जिस तरह सरायमें डेरा डालने पर उसमें स्थित अनेक देशोंसे आये हुए मनुष्यों आदिके साथ कुछ समयके लिए तेरा संयोग (मेल) हो जाता है। और प्रातः काल होते ही सब अपने अपने अभिमत देशोंको चले जाते हैं। हे भव्य! तेरा आत्मा अजर अमर है उसका कभी विनाश नहीं होता और न उसमें वातादिकी विकृतिसे कोई व्याधि ही होती है। जन्म, मरण, युवा, रोग-शोक आदि समस्त पर्यायें पुद्गलमें होती हैं। जब आत्मामें कोई वेदना ही नहीं होती और न मरण होता है; तब उसमें सुख दुःखकी वेदना कैसे संभव हो सकती है? क्योंकि—'प्राणोच्छेदमुदाहरंति मरणम्' के अनुसार प्राणोंके उच्छेद या विनाशका नाम मरण है। सो निश्चयसे आत्माके प्राण ज्ञानादिक हैं, वे सदा अभिनाशी है उनका कभी विनाश न होनेसे मरण भी नहीं होता, तब कृष्णादि सर्पोंसे या अन्य भयानक हिंसक जंतुओंसे भी आत्मामें कोई भय उपस्थित नहीं होता। वह सदा अपनेको निःशंक ज्ञायकभात्र रूप अनुभव करता रहता है यही उस सदृष्टिका माहात्म्य है ॥ २६॥

शरीर और आत्मामें जबतक अभेद बुद्धि रहती है—उन्हें

एक समझा जाता है तबतक ही उनमें भय और दुःख आदिका सद्भाव रहता है और जब उन्हें अपना अहित करने वाला एवं अपनेसे भिन्न समझकर उसका परित्याग कर दिया जाता है तब वे मुझे कभी संतापादिक भी नहीं दे सकते इसी आशयका उद्बोधन कराते हुए आचार्य कहते हैं—

भुक्तोज्झिता मुहुर्मोहान्मया सर्वेऽपि पुद्गलाः।
उच्छिष्टेष्विव तेष्वद्य मम विज्ञस्य का स्पृहा ॥३०॥

अर्थः—अनादिकालसे मोहनीयकर्मके आवेशवश कर्मादि भावरूपसे ग्रहण किये हुए सभी पुद्गल मुझ संसारी जीवके द्वारा बारबार भोगे हैं और भोगकर छोड़े गये हैं। अब मैं विवेकी हूँ—शरीरादिके स्वरूपका भले प्रकार जानकार हूँ अतएव उन उच्छिष्ट ( जूंठे ) भोजन, गंध, माल्यादि पदार्थके समान अब मेरी इन पदार्थोंके भोगनेमें कोई इच्छा नहीं है।

भावार्थ—जो पुरुष अनुच्छिष्ट मोदकादि ( लड्डू ) सुस्वादु पदार्थोंका सेवन करने वाला है उस पुरुषकी जिस प्रकार उच्छिष्ट ( जूंठे ) पदार्थोंके खानेमें कभी अभिलाषा नहीं होती—वह उन उच्छिष्ट पदार्थोंको घृणाकी दृष्टिसे देखता है, उसी तरह जिस मनुष्यने शरीरादि रमणीय पदार्थोंको अनेकबार भोगकर छोड़ दिया है वह मनुष्य अपने अन्दर विवेकज्ञानके विकसित होने पर उनको उच्छिष्ट समझता है फिर उनके भोगनेमें उसकी कोई रुचि अथवा आकांक्षा नहीं होती ॥३०॥

शरीर आदि पुद्गलकर्मोंका बन्ध जीवके साथ कैसे हो जाता है ? इस शंकाका उत्तर देते हुए आचार्य कहते हैः—

**कर्म कर्महिताबन्धि जीवो जीवहितस्पृहः ।**
**स्वस्वप्रभावभूयस्त्वे स्वार्थं को वा न वांछति ॥३१॥**

अर्थ—अपने-अपने प्रभावके बलिष्ठ होनेपर कर्म तो अपने अंग स्वरूप कर्मका हित करता है और जीव-जीवका ( अपना ) हित करता है। यह ठीक भी है अपने अपने स्वार्थको कौन नहीं चाहता ?

भावार्थ—संसारमें यह बात प्रसिद्ध है कि जो बलवान होता है वह दूसरेको अपनी ओर खींच लेता है, अवसर पाकर कभी कर्म बलवान हो जाता है और कभी जीव बलवान हो जाता है। कहा भी है—

"कत्थवि वलिओ जीवो कत्थवि कम्माइं हुंति बलियाइं।
जीवस्य य कम्मस्य य पुव्वविरुद्धाइं वइराइं ॥"

कभी यह जीव बलवान हो जाता है और कभी कर्म बलवान हो जाते हैं इस तरह जीव और कर्मोंका अनादिकालसे परस्पर विरुद्धरूप-वैर है, अतएव जिस समय कर्म बलवान हो जाता है उस समय वह कर्मोंका उपकार करता है—जीवके औदयिक भावोंकी उत्पत्ति कर नये नये कर्मोंकी सृष्टि करता हुआ अपने अंगस्वरूप कर्मोंका पोषण करता है। पुरुषार्थ सिद्ध्युपायमें आचार्य अमृतचन्द्रने कहा हैं—

"जीवकृतं परिणामं निमित्तमात्रं प्रपद्य पुनरन्ये ॐ।
स्वयमेव परिणमंतेऽत्र पुद्गलाः कर्मभावेन ॥१२॥"
"परिणममानस्य चिदश्चिदात्मकैः स्वयमपि स्वकैर्भावैः।
भवति हि निमित्तमात्रं पौद्गलिकं कर्म तस्यापि ॥१३॥"

'जीव द्वारा किये गए राग द्वेषादि विभाव परिणामोंके निमित्तसे अन्य पुद्गल स्वयमेव कर्मरूप परिणत हो जाते हैं उसी प्रकार परिणामन शील जीवके स्वयं होने वाले जो राग द्वेष रूप परिणाम हैं, उनमें पुद्गलकर्म निमित्त पड़ जाते हैं। तथा जिस समय जीव बलवान हो जाता है उस समय वह भी कर्मोंके नाशके साथ अनन्त सुखस्वरूप मोक्षकी इच्छा करता है वह अपना स्वार्थ (हित) करनेमें भी नहीं चूकता। ऊपरके इस सब कथनसे यह स्पष्ट हो जाता है कि कर्माविष्ट संसारी जीव ही कर्मोंका संचय करता है और कर्म रहित विशुद्ध जीव तो अपने ज्ञानानन्दरूप सुख-स्वभावमें स्थित रहता है ॥३१॥

---

ॐ जीवपरिणामहेदुं कम्मत्तं पुग्गला परिणमंति।
पुग्गलकम्मणिमित्तं तहेव जीवो वि परिणमइ ॥८०॥
णवि कुव्वइ कम्मगुणे जीवो कम्मं तहेव जीव गुणे।
अण्णोण्णणिमित्तेण दु परिणामं जाण दोह्णंपि ॥८१॥
एएण कारणेण दु कत्ता आदा सएण भावेण।
पुग्गलकम्मकयाणं ण दु कत्ता सव्वभावाणं ॥८२॥
—समयसारे कुन्दकुन्दः

इसी बातको आचार्य महोदय और भी स्पष्ट करते हुए कहते हैं :—

**परोपकृतिमुत्सृज्य स्वोपकारपरो भव ।**
**उपकुर्वन्परस्याज्ञो दृश्यमानस्य लोकवत् ॥३२॥**

अर्थ—हे आत्मन् ! तू लोकके समान अज्ञ अथवा मूढ़ बन कर दृश्यमान (दीखने वाले) शरीरादि पर पदार्थोंका उपकार कर रहा है, यह सब तेरा अज्ञान है । अब तू परके उपकारकी इच्छा न कर अपने ही उपकारमें लीन हो ।

भावार्थ—जिस प्रकार कोई मूढ़ प्राणी अज्ञानसे शत्रुको मित्र समझकर रात दिन उसकी भलाईमें लगा रहता है, उसका हित करते हुये भी वह अपने अहित होने अथवा हानि हो जानेका कोई ध्यान नहीं रखता, प्रत्युत उसके हित साधनमें ही अपना सर्वस्व लगा देता है; परन्तु जिस समय उसे इस बातका परिज्ञान हो जाता है कि यह मित्र नहीं, किन्तु मेरा शत्रु है तभीसे वह उसका उपकार करना छोड़ देता है और फिर अपने ही हितमें सावधान हो जाता है । उसी प्रकार हे आत्मन् ! अज्ञान अवस्थामें तेरे चिदानन्द स्वभावसे सर्वथा भिन्न शरीरादि पर पदार्थोंके संयोग होनेपर तू रात दिन उनके पालन पोषणमें सदा सावधान रहा है और उन्हें अपना समझते हुए उनके संरक्षणादि कार्यों में अनेक आपदाओं ( कष्टों ) का भी ध्यान

नहीं करता। अब उन स्त्री-मित्रादि पर पदार्थों में अपनी आत्म-कल्पना छोड़ दे, कि वे तेरे नहीं हैं और न तू कभी उनका हो सकता है इस तरह विवेकज्ञानका आश्रयकर, अपना हित साधन कर, उसीसे तेरा कल्याण होगा ॥३२॥

यहाँ कोई शिष्य गुरुसे पूछता है कि हे भगवन्! स्व और परमें क्या विशेषता है? स्व तथा परका भेदज्ञान कैसे होता है? और भेदज्ञान करने वाले ज्ञाताको किस फलकी प्राप्ति होती है। इस शंकाका समाधान करते हुए आचार्य कहते हैं:—

**गुरूपदेशादभ्यासात्संवित्तेः स्व-परांतरं।**
**जानाति यः स जानाति मोक्ष-सौख्यं निरंतरम् ॥३३॥**

अर्थ— जो कोई प्राणी आरम्भ और द्विविध परिग्रह रहित तपस्वी सुगुरुके उपदेशसे और उपदेशानुसार शास्त्राभ्यासरूप भावनासे—स्वात्मानुभवसे— स्व-परके भेदको जानता है वही पुरुष सदा मोक्षसुखको जानता है।

भावार्थ—यह स्व है और यह पर है इस प्रकार भेद विज्ञान सम्यग्दर्शनादि रत्नत्रय विशिष्ट उभय परिग्रह और आरम्भ विहीन निर्ग्रन्थ दिगम्बर तपस्वी सुगुरुके उपदेश तथा शास्त्राभ्यास एवं स्व-परके लक्षणोंके परिज्ञानसे होता है, यह चैतन्य-स्वरूप मेरा है। और उससे भिन्न यह जड़पदार्थ पर हैं वे मेरे कभी नहीं हो सकते। जब तक इस तरहका भेदविज्ञान नहीं

होता, तब तक स्व-परका भेद विज्ञान भी नहीं हो सकता; क्योंकि इस प्रकारके भेदविज्ञानमें शास्त्राभ्यास प्रधान कारण है, शास्त्राभ्याससे स्व-परके लक्षणोंकी पहिचान होती है और भेदज्ञानकी प्राप्ति होती है। अतएव सुगुरूके वचनानुसार शास्त्राभ्याससे जिनकी अज्ञानदृष्टि मिट गई है और स्व-परका विवेक जाग्रत हो गया है वे पुरुष ही मोक्षस्वरूपके जाननेके अधिकारी हैं; क्योंकि बंध रहित निराकुल स्वात्मअवस्थाकी प्राप्ति सद्ध्यानसे ही होती है। तत्त्वानुशासनमें कहा भी है—

"तमेवानुभवंश्चायमैकाग्र्यं परमृच्छति ।
तथात्माधीनमानंदमेति वाचामगोचरम् ॥ १७० ॥

'उस कर्म विमुक्त आत्माके ध्यानसे परम एकाग्रताकी प्राप्ति होती है और वचन अगोचर ( वचनातीत ) जो कोई आत्माधीन आनन्द है वह भी उसे प्राप्त हो जाता है इसलिए मोक्ष प्राप्तिकी इच्छा करने वाले पुरुषको अवश्य ही स्व-परका विवेक प्राप्त करना चाहिये ॥३३॥

अब शिष्य पुनः गुरूसे पूछता है कि हे भगवान्! मोक्ष सुखका निर्दोषरूपसे अनुभव करने वाला गुरु कौन है? इस शंकाका समाधान करते हुए आचार्य कहते हैं:—

**स्वस्मिन्सदाभिलाषित्वादभीष्टज्ञापकत्वतः ।**
**स्वयं हितप्रयोक्तृत्वादात्मैव गुरुरात्मनः ॥३४॥**

अर्थ—वास्तव में आत्माका गुरू आत्मा ही है, क्योंकि वही अपनेमें 'मुझे मोक्ष सुख मिले' इस अभिलाषासे सदा मोक्ष-सुखकी अभिलाषा करता है। और अपनेमें ही 'मुझे अभीष्ट मोक्ष सुखका ज्ञान करना चाहिये' इस रूपसे मोक्ष सुखका बोध करता है और वह मोक्ष सुखही परम हितकर है इस कारण वह उसकी प्राप्तिमें अपनेको लगाता है।

भावार्थ—जो आत्माको हितकर उपदेश देता है अथवा अज्ञानभावको दूर करता है वही उसका वास्तवमें गुरू है। यद्यपि इस प्रकार आचार्य उपाध्याय आदिक भी गुरू हो सकते हैं; क्योंकि वे भी जीवोंके अज्ञानादि दोषोंको दूर करनेमें निमित्त हैं। इस कारण वे व्यवहारमें गुरू हैं परन्तु वे उस आत्माको उसरूप परिणमा नहीं सकते ? अतएव आत्माका वास्तविक गुरू तो आत्मा ही है, क्योंकि 'मुझे मोक्ष सुखकी प्राप्ति हो जाय' इस प्रकारकी प्रशस्त भावना आत्मामें ही होती है, और वही यह समझता है कि संसारमें परमार्थसे मेरा अभीष्ट पदार्थ तो मोक्ष सुख ही है। इस कारण उसकी प्राप्तिका ही प्रयत्न करना चाहिये। इसीलिये वह आत्म-निन्दा, गर्हा, प्रतिक्रमण, प्रत्याख्यान और आलोचना आदि कार्योंके द्वारा अपनेको सदा सावधान रखनेका प्रयत्न करता है और सावद्य-क्रियाओंसे उसे हटाकर सांसारिक विषय-सुखोंसे उसे परान्मुख करनेका बार बार प्रयत्न करता है। और कल्याणकारी आत्म-

सुखकी प्राप्तिमें अपनेको सदा लगाता है। इस कारण आत्माका गुरू आत्मा ही है। आत्मा यदि चाहे तो अपनेको संसारी बनाये रक्खे अथवा मोक्षसुखमें ले जावे। दूसरा कोई आत्मस्वभावका कर्ता धर्ता नहीं है। वह स्वयं ही अपने शुभ अशुभ और शुद्ध भावोंका कर्ता है जब आत्म शुभ-अशुभ-रूप बंधक भावोंका परित्याग कर शुद्धस्वरूपमें विचरण करने लगता है तब शीघ्र ही कर्म बंधण श्रृंखलाको तोड़ कर स्वयं कर्मोंसे उन्मुक्त हो जाता है। जिस तरह कमलकी नलिनी (डंठल) पर बैठा हुआ तोता उस नलिनीको पकड़ कर यह भ्रमसे समझे हुए हैं कि इस डंठलने मुझे पकड़ रक्खा है किन्तु ज्योंही उसे यह भान हो जाता है कि तुझे कमलकी उस डंठलने नहीं पकड़ा है बल्कि तू ही उसे स्वयं पकड़े हुए है, और अपने गति स्वभावको भूल रहा है। जब चाहे उसे छोड़ कर आकाशमें स्वेच्छासे उड़ सकता है। इस विवेकके जाग्रत होते ही वह डंठलके बंधनसे छूट कर उड़ जाता है। उसी तरह इस अज्ञ प्राणीने मोह अज्ञान और असंयमसे संसार-बन्धनको बढ़ाया है। उस बंध परम्पराको बढ़ानेवाला यह आत्मा ही है और आत्म साधनादि कठोर तपश्चरण द्वारा उससे स्वयं ही छूट सकता है अन्य कोई उसे बांधने या छुटाने वाला नहीं है, इस आत्म-विवेकके जाग्रत होते ही अपने पुरुषार्थ द्वारा सुदृढ़ कर्म बन्धनसे शीघ्र छूट कर अपनी अक्षय अनंतसुखरूप सम्पत्तिका स्वामी हो जाता है और अनंतकाल तक परम अतीन्द्रिय आत्मानन्दका भोक्ता हो जाता है।

अब पुनः शिष्य पूछता है कि यदि आत्माका गुरू आत्मा ही है अन्य नहीं तब शास्त्रोंमें जो यह उपदेश है कि मुमुक्षुके लिये धर्माचार्य आदिकी सेवा करनी चाहिये तब इस सिद्धान्तकी हानि हो जायगी ? इस प्रश्नका उत्तर देते हुए आचार्य कहते हैं:—

**नाज्ञो विज्ञत्वमायाति विज्ञो नाज्ञत्वमृच्छति ।**
**निमित्तमात्रमन्यस्तु गतेर्धर्मास्तिकायवत् ॥३५॥**

अर्थ—जो पुरुष अज्ञानी है—तत्त्वज्ञानकी उत्पत्तिके अयोग्य है, अभव्य है वह गुरू आदि परके निमित्तसे विशेष ज्ञानी नहीं हो सकता, जो विशेष ज्ञानी है—विवेकी है—तत्त्वज्ञान समुत्पादनकी योग्यतासे सम्पन्न है—वह अज्ञानी नहीं हो सकता। अतएव जिस तरह धर्मास्तिकाय जीव और पुद्गलोंके गमनमें उदासीन निमित्त कारण है उसी प्रकार अन्य मनुष्यके ज्ञानी अज्ञानी करनेमें गुरु आदि निमित्त कारण हैं ।

भावार्थ—पदार्थमें जो शक्ति है उसके परिणमन स्वरूप ही कार्य निष्पन्न होता है। अन्य पदार्थ तो उसके परिणमन मात्रमें सहकारी निमित्त हो जाते हैं। प्रत्येक पदार्थकी उपादान शक्ति ही कार्य रूप परिणमन करती है। जीव और पुद्गल द्रव्यमें गमन करनेकी स्वयं शक्ति है अतएव वे जिस समय गमन करते हैं उस समय धर्मद्रव्य उनके गमनमें सहकारी निमित्त हो जाता है

परन्तु यदि उनमें स्वयं गमन शक्ति न हो तो धर्मद्रव्य सरीखे सैकड़ों कारण भी उन्हें नहीं चला सकते। उसी प्रकार यदि आत्मामें तत्त्वज्ञान प्राप्त करनेकी स्वावरणक्षयोपशमरूप योग्यता नहीं है अर्थात् वह तत्त्वज्ञानके अयोग्य है, अभव्यत्वादिगुण विशिष्ट है तो सैंकड़ों धर्माचार्यों का उपदेश मिलने पर भी वह ज्ञानी नहीं हो सकता। कहा भी है:—

'स्वाभाविकं हि निष्पत्तौ क्रियागुणमपेक्षते।
न व्यापारशतेनापि शुकवत्पाठ्यते बकः॥

'किसी पदार्थकी अवस्थाके पलट देनेमें उसकी स्वाभाविक क्रिया और गुणकी आवश्यकता होती है। सैंकड़ों प्रयत्न करने पर भी बगुला, तोते के समान नहीं पढ़ाया जासकता।' उसी प्रकार जब अज्ञानीमें तत्त्वज्ञानके उत्पन्न होनेकी अयोग्यता है तब ज्ञानी उपदेशकोंके उपदेश मिलने पर भी वह ज्ञानी नहीं बनाया जासकता। किन्तु जो पुरुष ज्ञानी है—तत्त्वज्ञानकी प्राप्तिकी योग्यताको लिये हुए है उसमें तत्त्वज्ञानको योग्यताका लोप करने या रहित करनेके लिये सैकड़ों प्रयत्न क्यों न किये जांय वह अपने तत्त्वज्ञानसे शून्य नहीं हो सकता। किसी कविने ठीक कहा है:—

"वज्रे पतत्यपि भयद्रुतविश्वलोके,
मुक्ताध्वनि प्रशमिनो न चलंति योगात्।
बोध-प्रदीपहत-मोह-महांधकाराः,
सम्यग्दृशः किमुत शेषपरीषहेषु॥"

'जो योगीगण सम्यग्ज्ञानरूपी दीपकसे मोहरूपी महान् अन्धकारका विनाश करनेवाले हैं, सम्यग्दृष्टि हैं और प्रशांत-स्वभावी हैं वे योगीगण जिसके भयंकर शब्दसे पथिकोंने अपना मार्ग छोड़ दिया है और समस्त लोक भयसे कांप रहा है ऐसे वज्रके गिरने पर भी परम समाधिरूप योगसे चलायमान नहीं होते, किन्तु सुदृढ़ मेरुवत् स्थिर रहते हैं तो फिर वे अन्य दंश-मशकादि कठोर परीषहोंसे कैसे चलायमान हो सकते हैं ? अर्थात् नहीं हो सकते।'

ऊपरके इस सब कथनसे यह स्पष्ट हो जाता है कि ज्ञानी और अज्ञानी बननेकी सामर्थ्य अपने आत्मामें ही है। गुरू आदि तो बाह्यनिमित्त कारण हैं वे जबर्दस्ती किसीको ज्ञानी तथा अज्ञानी बनानेकी सामर्थ्य ही नहीं रखते · किन्तु यह बात सच है कि बिना निमित्त कारणके कार्यकी उत्पत्ति नहीं होती, और कार्य अन्तर बाह्यरूप उभय कारणोंसे सम्पन्न होता है। इसीलिये ज्ञान प्राप्तिमें निमित्तभूत गुरूओंकी सेवा शुश्रूषा करना शिष्योंका परम कर्त्तव्य है, उनके गुणोंके प्रति श्रद्धा और भक्ति रखनी आवश्यक है। और अपनी आत्माको ही अपना गुरू समझते हुए अपने पुरुषार्थ और आत्मकर्त्तव्यका सदा ध्यान रखना चाहिये।

अब शिष्य पुनः पूछता है कि हे विज्ञ! आत्मस्वरूपके अभ्यासका उपाय क्या है ? इस प्रश्नका उत्तर प्रदान करते हुये आचार्य कहते हैं:—

अभवच्चित्तविक्षेप एकान्ते तत्त्वसंस्थितिः ।
अभ्यस्येदभियोगेन योगी तत्त्वं निजात्मनः ॥३६॥

अर्थ—जिसके चित्तमें किसी प्रकारका विक्षेप—राग-द्वेषादि विकार परिणतिरूप क्षोभ—नहीं है और जिसकी बुद्धि एकान्तमें बैठकर हेय उपादेयरूप पदार्थों के विचारमें संस्थित अथवा स्थिर होती है ऐसे योगीको चाहिए कि वह आलस्य और निद्रा आदिके परित्याग पूर्वक अपने चिदानन्द स्वरूपका बार बार अभ्यास करे

भावार्थ—चित्तकी विक्षिप्तता आकुलताकी जनक है, जब तक चित्तमें किसी प्रकारका राग-द्वेषादि रूप क्षोभ बना रहेगा तब तक चित्तकी व्याकुलताके कारण आत्मस्वरूपका ध्यान नहीं हो सकता, इसलिये सबसे पहले योगीको अपना चित्त शांत अथवा मोह-क्षोभसे रहित रखना चाहिए। चित्तकी विक्षिप्तताका निरोध एकान्त वाससे हो सकता है अतएव योगीको जन समूह वाले कोलाहल जनक स्थानोंको छोड़ कर एकान्तमें ही रहनेका अभ्यास करना चाहिए। साथ ही जब तक हेय और उपादेयरूप पदार्थोंका परिज्ञान अथवा विवेक नहीं होगा तब तक आत्माके स्वरूपका अभ्यास कैसे बन सकता है ? अतएव स्व-परके विवेकको रखना भी आत्मस्वरूपके अभ्यासी योगीके लिए अत्यन्त आवश्यक है।

अब शिष्य पुनः पूछता है कि हे भगवन् ! स्व-पर विवेकरूप-संवित्ति योगीके है यह बात कैसे जानी जा सकती है ? इस शंकाका समाधान करते हुये आचार्य कहते हैं:—

यथा यथा समायाति संवित्तौ तत्त्वमुत्तमम् ।
तथा तथा न रोचन्ते विषयाः सुलभा अपि ॥३७॥

अर्थ—संवित्ति—स्व-पर पदार्थोंके भेदज्ञानसे जैसा जैसा आत्माका स्वरूप विकसित होता जाता है वैसे वैसे ही सहज प्राप्त रमणीय पंचेन्द्रिय विषय भी अरूचिकर प्रतीत होते जाते हैं—उनसे घृणा, अरूचि एवं उदासीनता होती जाती है।

भावार्थ—जब तक आत्मस्वरूपका यथार्थ भान नहीं होता, तब तक ही उसे पंचेन्द्रियोंके विषय प्रिय मालूम होते हैं और उनमें रति करता हुआ अपनेको सुखी अनुभव करता है, परन्तु जिस समय उसे अपने निजानन्द चैतन्य स्वरूपका भान हो जाता है तब उन विषय-सुखोंसे उसकी स्वयमेव विरक्तता एव अरूचि हो जाती है। और वह उनका परित्याग कर देता है। लोकमें यह प्रवाद है कि अधिक सुखके कारण मिलने पर अल्प-सुखके कारणोंमें अनादर हो जाता है। योगियोंको यह भली भांति विदित है कि विषयभोग सांसारिक पराधीन अल्प सुख (सुखाभास) के कारण हैं और आत्मस्वरूपका चिन्तन निराकुलता-रूप आत्मसुखका जनक है इसी कारण वे देह भोगोंसे विरक्त हो एकान्तवासी बन स्व-परके विवेकरूप चिन्तनमें ही उपयोगको लगाते हैं उनकी भोगोंके प्रति क्या आस्था होती है यह निम्न पद्यसे स्पष्ट है:—

'शमसुखशीलितमनसामशनमपि द्वेषमेति किमु कामाः।
स्थलमपि दहति झषाणां किमंग पुनरंगमंगाराः' ॥१॥

'जिस प्रकार शुष्क भूमि (सूखी जमीन) भी जब मछलियोंके लिए प्राण घातक है तब अग्निकी तो बात ही क्या है—अग्निकी गर्मीसे मछलियां जरूर मृत्युको प्राप्त होती हैं। उसी प्रकार जिनका चित्त समतारूपी सुखसे सम्पन्न है—परिपूर्ण है—वे जब शरीर स्थितिके कारण आहार आदिका महीनों एवं वर्षोंके लिए परित्याग कर देते हैं तब कामभोगोंको वे कैसे उपादेय मान सकते हैं? वे कामादि विकारोंको सर्वथा हेय समझते हैं इसीलिए उनकी इनमें प्रवृत्ति भी नहीं होती। योगी चूंकि आत्मस्वरूपके परिज्ञानी हैं। इस कारण इनकी विषयोंमें अरुचि होना स्वाभाविक ही है। जिस प्रकार रोगसे पीड़ित रोगी, रोगका इलाज करता हुआ उस समय भी वह उस रोगको नहीं चाहता, तब आगे रोगकी इच्छा कौन करेगा? उसी तरह सम्यग्ज्ञानी जीव चारित्रमोहनीय कर्मके उदयसे पीड़ित हुआ कर्मजन्म क्रियाको करता है; परंतु वह उस क्रियासे उदासीन रहता है—रागी नहीं होता। तब भोगोंकी उसके अभिलाषा होती हैं यह कैसे कहा जा सकता है ॥३७॥

इन्द्रिय-विषयोंकी विरक्ति ही आत्मस्वरूपकी साधक है, विषयोंसे घृणा एवं अरुचि ही योगीकी स्वात्म-संवित्तिकी गमक है, उसके अभावमें विषय अरुचि ही नहीं बन सकती। विषयोंसे

अरुचि बढ़ने पर स्वात्मानुभवमें भी वृद्धि हो जाती है और स्वात्म-संवित्तिसे स्व-परके भेदज्ञानमें वृद्धि हो जाती है इसी बातको ग्रंथकार महोदय स्पष्ट करते हुए कहते हैं:—

यथा यथा न रोचंते विषयाः सुलभा अपि ।
तथा तथा समायाति संवित्तौ तत्त्वमुत्तमम् ॥३८॥

अर्थ—जैसे-जैसे सहज प्राप्त इंद्रिय-भोगोंसे रुचि घटती जाती है। वैसे-वैसे ही स्व-पर-संविचित्तिसे विशुद्ध आत्माका स्वरूप भी उदित होता जाता है—स्वात्म-संविचित्तिका रसिक स्वरसमें मग्न हुआ बाह्य पदार्थोंसे उदासीन रहता है। उन्हें अपनेसे भिन्न अनुभव करता रहता है अत एव आत्म-संविचित्तिसे उत्तम आत्म-तत्त्वका लाभ करता है।

भावार्थ—ऊपरके ३७वें पद्यका भावार्थ लिखते हुए यह बतला आये हैं कि आत्माके विशुद्ध रूपकी उपलब्धिमें विषयोंकी अरुचि कारण है। इन्द्रिय-विषयोंकी विरक्तिसे आत्माका वह विशुद्धरूप अनुभवमें आने लगता है; क्योंकि विषय-लोलुपता और परिग्रह संचय ये दोनों ही स्वात्मानुभवमें बाधक हैं। अत-एव जब विषयोंकी चाह और परिग्रह रूप ग्रंथिसे मूर्छा (ममता) हट जाती है तब आत्मा अपने आनन्दका आस्वादी हो जाता है समयसार कलशामें भी कहा है:—

'विरम किमपरेणाकार्यकोलाहलेन,
स्वयमपि निभृतः सन् पश्य षण्मासमेकं ।
हृदयसरसि पुंसः पुद्गलाद्भिन्नधाम्नो,
ननु किमनुपलब्धिर्भाति किंचोपलब्धिः' ॥३४॥

'हे आत्मन् ! तू विना प्रयोजनके इस निकम्मे कोलाहलसे विरक्त हो और आत्मस्वरूपमें लीन होकर छह महीने पर्यन्त इस चैतन्य स्वरूप आत्माको देख। पुद्गलसे भिन्न तेज वाले आत्म-स्वरूपकी प्राप्ति क्या तेरे इस हृदय रूपी सरोवरसे नहीं होगी ? अर्थात् अवश्य होगी।'

अतः आत्मस्वरूपके जो अभिलाषी हैं उन्हें चाहिये कि वे पंचेन्द्रियके विषयोंको हेय समझकर उनके परित्याग करनेका प्रयत्न करें, और एकान्तस्थानमें बैठकर अपने उपयोगको आत्म-तत्त्वके प्रति एकाग्र करनेका प्रयत्न करें ॥३८॥

स्वात्म-संवित्तिके प्रकट होजाने पर कौन-कौन चिन्ह प्रकट होते हैं इस प्रश्नका उत्तर देते हुए आचार्य कहते हैं—

निशामयति निःशेषमिंद्रजालोपमं जगत् ।
स्पृहयत्यात्मलाभाय गत्वान्यत्रानुतप्यते ॥३९॥

अर्थ—योगीजन इस समस्त जगतको इन्द्रजालके समान देखते हैं क्योंकि उनके आत्मस्वरूपकी प्राप्तिकी प्रबल अभिलाषा उदित रहती है। यदि किसी कारणवश आत्मस्वरूपसे भिन्न

अन्य किसी पदार्थमें उनकी प्रवृत्ति हो जाती है तब उन्हें अत्यंत संताप होने लगता है।

भावार्थ—जब तक आत्माको अपने असली स्वरूपका पता नहीं चलता तब तक ही उसे बाह्य पदार्थ भले प्रतीत होते हैं पर स्व-परका भेदज्ञान होते ही उसे यह सारा जगत् इंद्रजालके खेलके समान जान पड़ता है। इंद्रिय-विषय निस्सार एवं विनश्वर प्रतीत होते हैं। दृष्टिके बदलते ही सारा संसार बदला हुआ मालूम होता है, अब दृष्टिमें दृढता, सत्यता और तत्त्वान्वेषणकी रुचि होती है। अतएव आत्मस्वरूपको छोड़कर अन्य पदार्थोंकी तरफ उसकी दृष्टि नहीं जाती—वह पहले अपनेको सुधारकर आत्ममार्गमें प्रविष्ट कर—संसारमें सुधारमार्गका आदर्श उपस्थित करना चाहता है। उसे अब सांसारिक वैभव और शारीरादि पदार्थ क्षणिक और निस्सार प्रतीत होते हैं। आचार्य अमितगितिने सुभाषित रत्नसन्दोहमें कहा है:—

'भवत्येता लक्ष्मीः कतिपयदिनान्येव सुखदा-
स्तरुण्यस्तारुण्ये विदधति मनःप्रीतिमतुलां।
तडिल्लोलाभोगा वपुरविचलं व्याधि-कलितं'॥
बुधाः संचिंत्येति प्रगुणमनसो ब्रह्मणि रताः॥३३५॥

'ज्ञानीको यह लक्ष्मी कुछ दिनों तक ही सुखद प्रतीत होती है। तरुण स्त्रियाँ यौवनमें ही अतुल प्रीतिको बढ़ाती हैं। भोग बिजलीके समान चंचल और शरीर व्याधि सहित जान पड़ता है।

संसारके पदार्थोंकी ऐसी स्थिति देखकर ज्ञानी जीव अपने आत्म-स्वभावमें ही प्रेम करते हैं ॥३९॥

अब आचार्य स्वात्मसंवित्ति ( स्वात्मानुभव ) का फल बतलाते हुए कहते हैं :—

इच्छत्येकान्तसंवासं निर्जनं जनितादरः ।
निजकार्यवशात्किंचिदुक्त्वा विस्मरति द्रुतं ॥४०॥

अर्थ—स्वात्मानुभवके जागृत होजाने पर यह आत्मा बड़े आदरसे किसी तरहसे मनुष्य संचारसे रहित एकान्त स्थानमें रहनेकी इच्छा करने लगता है और यदि कारणवश कुछ बोलना भी पड़े तो उसे शीघ्र ही भूल जाता है ।

भावार्थ—जब तक आत्माको यह ज्ञान नहीं होता कि जन्म मरण, सुख, दुःख, धन निर्धन, रोग, शोक आदि सम्बन्धी दुःख यह एक अकेला आत्मा ही उपार्जन करता और भोगता है । स्त्री, पुत्र मित्रादि सब इस पर्यायके ( जन्मके ) ही साथी हैं, कर्मके नहीं, वे मेरी आई हुई विपत्तिमें जरा भी सहायता नहीं पहुँचा सकते । यह आत्मा भूलसे ही उन्हें अपनी रक्षाका कारण समझता है और उनका साथ छोड़नेमें भय करता है और वियोग होने पर व्याकुल होने लगता है किन्तु जिस समय इस आत्मामें यह विवेक जागृत हो जाता है, मैं अकेला ही हूं और मेरा कोई सगा साथी नहीं है । मैं अकेला ही सुख दुखका कर्त्ता भोक्ता

हूँ। स्त्री पुत्रादि सब अपने-अपने मतलबके हैं। इनका मेरी आत्माके साथ केवल संयोगसम्बन्ध है, उस समय इसे स्त्री, पुत्र, मित्रादि कुटुम्बके बीच रहना दुःखदायी ज्ञान पड़ता है और तब गिरिकंदर, वन, स्मशान, मठ और मंदिर आदि जन कलहसे शून्य एकान्त निर्जन स्थानोंमें वसनेकी चेष्टा करने लगता है परन्तु भोजनादिकी पराधीनतासे कुछ समयके लिए उन एकान्त स्थानोंको छोड़कर नगर ग्रामादिमें जाना पड़ता है पर वहां आहार लेकर आते ही जब स्वात्मानन्दमें मस्त होकर स्वरूप चिन्तनमें लीन हो जाता है, तब वह सब संकल्प विकल्प भूल जाता है। और आत्मध्यानमें संलग्न हो निर्विकल्प परम समाधिकी साधनामें अपनेको लगाकर मोह ग्रंथिको भेदनेका प्रयत्न करता है। आत्मध्यानसे ही कर्म शृंखला खंडित होती है। अतः वह उसीका प्रयत्न करता है।

आत्म-ध्यानका फल तत्त्वानुशासनमें निम्न प्रकार बतलाया है:—

गुरूपदेशमासाद्य समभ्यस्यन्ननारतं।
धारणा सौष्ठवाध्यान प्रत्ययानपि पश्यति ॥८७॥

'गुरुके उपदेशानुसार सदा आत्मस्वरूपका अभ्यास करनेवाला योगी धारणा सौष्ठव आदि ध्यानके प्रत्ययोंका साक्षात् प्रत्यक्ष करने लगता है। अर्थात् जिस समय आत्म स्वरूपके चिंतनमें संलीन हो जाता है उस समय उसे संसारका कोई भी

पदार्थ अदृश्य प्रतीत नहीं होता, वह अपने आत्मानन्दमें ही मस्त रहता है ।

आत्मध्यानका कार्य बतलाते हुए आचार्य कहते हैं:—

ब्रुवन्नपि हि न ब्रूते गच्छन्नपि न गच्छति ।
स्थिरीकृतात्मतत्त्वस्तु पश्यन्नपि न पश्यति ॥४१॥

अर्थ जिस समाधिनिष्ठ योगीकी आत्मस्वरूपमें स्थिरता हो जाती है वह बोलता हुआ भी नहीं बोलता, चलता हुआ भी नहीं चलता, और देखता हुआ भी नहीं देखता है ।

भावार्थ—शुद्ध आत्मस्वरूपके चिंतनमें जिस योगीकी स्थिरता हो जाती है उस समय उसे आत्मानन्दके मधुररसके सिवाय अन्य वस्तुएँ नीरस एवं अरुचिकर प्रतीत होती हैं । अत एव उस समय यदि योगीको परके अनुरोधवश कुछ बोलना या उपदेशादि भी देना पड़ता है । तो उस कार्यमें मुख्यतया बुद्धिपूर्वक प्रवृत्ति न होनेके कारण उपदेश देता हुआ भी उपदेश न देना जैसा ही है । समाधितन्त्रमें कहा भी है: —

"आत्मध्यानात्परं कार्यं न बुद्धौ धारयेच्चिरं ।
कुर्यादर्थवशात्किंचिद्वाक्कायाभ्यामतत्परः ॥५०॥"

'आत्महितके अभिलाषी अन्तरात्मा जीवोंको चाहिए कि वे अपने उपयोगको इधर उधर न घुमाकर अपना अधिक समय आत्म-चिंतनमें ही लगावें । यदि स्व-परके उपकारादिवश उन्हें वचन और कार्यसे कोई काम करना ही पड़े तो वे

उसे अनासक्ति पूर्वक करें—उसमें अपने चित्तको अधिक न लगावें। ऐसा करनेसे वे आत्मस्वरूपसे च्युत नहीं हो सकेंगे, और उनकी आत्मिक शांतिमें कोई बाधा भी उपस्थित नहीं होगी; क्योंकि ज्ञानीजनोंकी उन पर पदार्थोंमें अनासक्ति होनेके कारण उनका स्वामित्व नहीं रहता। यद्यपि प्रयोजनवश उन्हें उन कार्योंमें प्रवृत्ति करनी भी पड़ती है तो भी वे उनमें रागी नहीं हो सकते और न आत्मस्वरूपको छोड़ कर अन्य पदार्थोंमें उन्हें आनन्द ही प्रतीत होता है।

अब उक्त बातको और भी स्पष्ट करते हुए ग्रन्थकार कहते हैं:—

किमिदं कीदृशं कस्य कस्मात्क्वेत्यविशेषयन्।
स्वदेहमपि नावैति योगी योगपरायणः ॥४२॥

अर्थ—योगानुष्ठानमें संनिरत (समरसी भावका अनुभव करने वाला) योगी अनुभवमें आने वाला तत्त्व क्या है? किस प्रकारका है। उसका कौन स्वामी है। किससे उदित है। और कहां पर उसकी स्थिति है। इस तरहके भेद भावका अनुभव करते हुए वह अपने शरीरको भी नहीं जानता।

भावार्थ—निजात्मस्वरूपका चिन्तन एवं ध्यान करने वाले योगीके जब भेदविज्ञान बना रहता है तब तक मैं जिस तत्त्वका अनुभव करता हूँ वह यह है, इस रूप है, उसका यह स्वामी है, इससे उदित हुआ है और यहां पर स्थित है तब तक उसे अपने

शरीरका परिज्ञान भी बना रहता है किन्तु जब ध्याता योगीके पदार्थ चिन्तनमें ( ध्यानअवस्थामें ) अभेदवृत्तिका अनुभव होने लगता है उस चिंतनीय पदार्थमें यह कैसा है, कौन है, उसका कौन स्वामी है। कहांसे उदित होता है और कहां रहता है इस प्रकारके अभेदात्मक उपयोगकी स्थिरता जब हो जाती है तब वह अपने निजानन्द रसका पान करता है उस समय उसके संसारके अन्य संकल्प-विकल्पोंसे शून्य एक अकिंचन एवं निरंजन आत्माका ही अनुभव रहता है उस समय योगीको उपयोगकी तन्मयताके कारण अपने शरीरका भी वेदन नहीं होता, कहा भी है:—

'तदा च परमैकाग्र्या द्बहिरर्थेषु सत्स्वपि।
अन्यन्न किंचनाभाति स्वयमेवात्मनि पश्यतः॥१७२॥'

'जिस समय योगी अपने योगमें तन्मय हो जाता है उस समय परम एकाग्रतासे वह अपने अकिंचन शुद्ध स्वरूपका ही अवलोकन करता रहता है अतएव बाह्य पदार्थों के होते हुए भी उसे अन्य कुछ भी अनुभव नहीं होता। इसी भावको आचार्य अमृतचन्द्र निम्न पद्यमें व्यक्त करते हैं:—

'स्वेच्छासमुच्छलदनल्पविकल्पजाल-
मेवं व्यतीत्य महतीं नयपक्षकक्षाम्।
अन्तर्बहिः समरसैकरसस्वभावं,
स्वं भावमेकमुपयात्यनुभूतिमात्रम्॥९१'॥

जो तत्त्ववेदी है—आत्मतत्त्वका अनुभव करने वाला है—

वह स्वेच्छासे उठने वाले बहुत विकल्पोंके जालात्मक नय पक्षरूप गहन वनका उल्लंघन कर समतारसरूप एकस्वभाववाले अनुभूति मात्र अपने आत्मस्वभावको प्राप्त होता है। जब तत्त्वज्ञानी आत्मा अपनी सर्वशक्तिको इधर उधरसे संकुचित अथवा केन्द्रित कर एक निजानन्दरूप अपने चैतन्य स्वभावमें स्थिर कर देता है उस समय हेय उपादेयरूप विकल्पजाल नहीं होते। किन्तु आत्मा अपनेमें निष्ठ हुआ समतारूप वीतरागभावका आस्वादन करता है ॥४२॥

अब शिष्य पुनः पूछता है कि हे भगवन्! इस तरहकी अवस्थान्तर कैसे संभव है? इस शंकाका समाधान करते हुए आचार्य कहते हैं:—

यो यत्र निवसन्नास्ते स तत्र कुरुते रतिं।
यो यत्र रमते तस्मादन्यत्र स न गच्छति ॥४३॥

अर्थ—जो मनुष्य जहां रहता है उसकी वहीं प्रीति हो जाती है और उसीमें रम जानेके कारण वह फिर अन्यत्र नहीं जाना चाहता।

भावार्थ—यह बात श्लोकमें प्रसिद्ध है कि जो मनुष्य जिस नगर, शहर या ग्राममें रहता है उसका प्रेम उस स्थान अथवा वहांके मकान आदिसे हो जाता है यदि वह किसी छोटेसे झोंपड़ेमें ही रहता है तो भी उसकी प्रीति उस झोंपड़े-

